Established 1865

# पायनियर

लखनऊ, नई दिल्ली और रायपुर से प्रकाशित

Follw us on:
www.dailypioneer.com
@thedailypioneer
dailypioneer
dailypioneer

RNI N0. UPHIN/2010/36547 | वर्ष-16 | अंक-53 | लखनऊ, बृहस्पतिवार, 11 दिसंबर 2025 | पृष्ठ-16, मूल्य 6 रुपये | (नगर संस्करण)

### भारत के रोशनी के त्यौहार दीपावली को यूनेस्को की सूची में मिला खास दर्जा

# सांस्कृतिक परपंरा की चमक से दुनिया भी जगमगाई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के प्रमुख उत्सव दीपावली को बुधवार को यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल किया गया। दिल्ली में लाल किले पर आयोजित यूनेस्को की एक अहम बैठक में यह फैसला लिया गया। यह पहली बार है कि भारत अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए अंतरसरकारी समिति के सत्र की मेजबानी कर रहा है।

> हर भारतीय के लिए दीपावली बेहद भावनात्मक त्योहार

इस समिति का 20वां सत्र लाल किले में आठ से 13 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है। यूनेस्को द्वारा दीपावली उत्सव को प्रतिष्ठित सूची में शामिल किए जाने की घोषणा के बाद वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे हवा में गूंज उठे। विभिन्न पारंपरिक परिधानों में सजे कलाकारों ने मुख्य मंच के सामने प्रस्तुति दी और एक बड़ी स्क्रीन पर दीपावली उत्सव के चित्र प्रदर्शित किए गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दीपावली को यूनेस्को की अमूर्त विरासत सूची में शामिल किए जाने का स्वागत करते हुए कहा कि इससे त्योहार की वैश्विक लोकप्रियता में और वृद्धि होगी। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत और दुनिया भर के लोग रोमांचित हैं। अमूर्त सांस्कृतिक विरासत (आईसीएच) के संरक्षण के लिए अंतरसरकारी समिति के 20वें सत्र के दौरान दीपावली के इस सूची में शामिल होने की घोषणा के तुरंत बाद केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने देश की ओर से एक बयान दिया। भारत ने 2024-25 के लिए 2023 में यूनेस्को को दीपावली नामांकन का दस्तावेज भेजा था। शेखावत ने अपने संबोधन में कहा, हर भारतीय के लिए दीपावली बेहद भावनात्मक त्योहार है; इसे पीढ़ियों से मनाया जा रहा है, इसे महसूस किया जाता है और आत्मसात किया जाता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दीपावली को इस सूची में शामिल करके यूनेस्को ने नवीकरण, शांति और अच्छाई की जीत के लिए शाश्वत मानवीय अभिलाषा का सम्मान किया है। शेखावत ने कहा कि कुम्हारों से लेकर कारीगरों तक लाखों हाथ इस विरासत को जीवित रखते हैं। उन्होंने कहा कि यूनेस्को का यह टैग भी एक जिम्मेदारी है और हमें सुनिश्चित करना होगा कि दीपावली हमेशा एक विरासत बनी रहे।



### पहले से ही लिस्ट में हैं भारत की 15 धरोहरें

दीपावली मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल होने वाली भारत की 16वीं सांस्कृतिक परंपरा है। भारत की 15 सांस्कृतिक परंपराएं वर्तमान में यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल हैं, जिनमें कुंभ मेला, कोलकाता की दुर्गा पूजा, गुजरात का गरबा नृत्य, योग, वैदिक मंत्रोच्चार की परंपरा और रामलीला - महाकाव्य रामायण का पारंपरिक प्रदर्शन शामिल हैं।

### दीपावली हमारी सभ्यता की आत्मा : मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को दीपावली को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल किए जाने का स्वागत करते हुए कहा कि इससे त्योहार की वैश्विक लोकप्रियता में और वृद्धि होगी। मोदी ने यूनेस्को द्वारा दीपावली को अपनी अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल किये जाने की घोषणा पर प्रतिक्रिया देते हुए एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत और दुनिया भर के लोग रोमांचित हैं। उन्होंने कहा, दीपावली हमारी संस्कृति और मूल्यों से गहराई से जुड़ी हुई है।

### मुख्यमंत्री बोले-देशवासियों के लिए गर्व की बात

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपावली को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में सम्मिलित किए जाने को गर्व का पल बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह निर्णय उस उत्सव की वैश्विक पहचान है, जो अंधकार पर प्रकाश की विजय और नए आरंभ के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। यह उपलब्धि भारत की सांस्कृतिक शक्ति व परंपरा की महत्ता को विश्वपटल पर और अधिक मजबूती प्रदान करती है।

---

### गृहमंत्री अमित शाह का राहुल गांधी पर प्रहार


# कांग्रेस की हार की वजह वोटर लिस्ट नहीं, आपका नेतृत्व है

**एजेंसी। नई दिल्ली**

गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को विपक्ष पर मतदाता सूची के एसआईआर को लेकर झूठ फैलाने और पूरी दुनिया में भारतीय लोकतंत्र की छवि धूमिल करने का आरोप लगाया तथा दावा किया कि चुनावों में कांग्रेस की हार की वजह ईवीएम एवं मतदाता सूची नहीं, बल्कि राहुल गांधी का नेतृत्व है। उन्होंने लोकसभा में, चुनाव सुधारों पर चर्चा में भाग लेते हुए यह भी कहा कि एक दिन कांग्रेस के कार्यकर्ता हार का हिसाब मांगेंगे। शाह ने कहा कि संविधान निर्वाचन आयोग को मतदाता सूची बनाने का पूर्ण अधिकार देता है तथा एसआईआर मतदाता सूची के शुद्धिकरण की प्रक्रिया है।

> निर्वाचन आयोग को मतदाता सूची बनाने का पूर्ण अधिकार देता है संविधान

उन्होंने कहा कि विदेशी नागरिकों को भारत में मतदान करने का अधिकार नहीं दिया जा सकता। शाह ने कहा, संविधान के अनुच्छेद 326 में मतदाता की पात्रता, योग्यता, और मतदाता होने की शर्तें तय की गई है। सबसे पहली शर्त है, मतदाता भारत का नागरिक होना चाहिए, विदेशी नहीं होना चाहिए। वपक्ष कह रहे हैं कि चुनाव आयोग एसआईआर क्यों कर रहा है? उसका (निर्वाचन आयोग) दायित्व है, इसलिए कर रहा है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग तटस्थता से चुनाव कराने वाली संस्था है। गृह मंत्री ने कहा कि अनर्गल आरोप लगाकर निर्वाचन आयोग की छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा, आपको ऐसा लगता है कि आप सरकार की छवि को धूमिल कर रहे हैं, लेकिन असल में आप पूरी दुनिया में भारत के लोकतंत्र की छवि धूमिल कर रहे हैं। शाह ने कहा कि यह नयी परंपरा शुरू हुई है कि चुनाव नहीं जीते तो निर्वाचन आयोग को बदनाम करो, जो लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है।



> देश का प्रधानमंत्री और राज्य का मुख्यमंत्री घुसपैठिये तय नहीं करेंगे। यह अधिकार केवल भारत के नागरिकों का है। नरेंद्र मोदी को देश की जनता ने प्रधानमंत्री बनाया है, वे विपक्ष की कृपा से पीएम नहीं बने हैं।
>
> -अमित शाह, गृह मंत्री

### वंदे मातरम पर पक्ष व विपक्ष में घमासान

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में बुधवार को विपक्ष ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने 'वंदे मातरम' पर चर्चा के दौरान कांग्रेस नेताओं को घेरने की कोशिश की जबकि कांग्रेस ने राष्ट्र गीत को देश के कोने-कोने तक फैलाया। वहीं भाजपा ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह 1937 में जिन्नावादी सोच के सामने झुक गई और पूरे गीत को राष्ट्र गीत के रूप में नहीं स्वीकार कर उसके एक हिस्से को ही अपनाया। कांग्रेस के सैयद नासिर हुसैन ने राष्ट्र गीत 'वंदे मातरम' की रचना के 150 साल पूरे होने पर उच्च सदन में हो रही चर्चा में हिस्सा लेते हुए भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इस चर्चा के दौरान कांग्रेस और कांग्रेस नेताओं को घेरने की कोशिश की गयी जो नाकाम रही। हुसैन ने कहा कि यह ऐतिहासिक सच है कि कांग्रेस पार्टी ने और उसके कार्यकर्ताओं ने अपने कार्यक्रमों के जरिए 'वंदे मातरम' को देश के कोने-कोने तक फैलाया। उन्होंने कहा कि 1937 के आसपास 'वंदे मातरम' को लेकर देश में दो प्रमुख राजनीतिक विचारधाराएं थीं। उनमें से एक मुस्लिम लीग की विचारधारा और दूसरी हिंदू महासभा की थी। उन्होंने कहा कि जब राष्ट्र गीत को लेकर बहुत सारे विवाद पैदा हो रहे थे तब कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने रवींद्रनाथ टैगोर की सलाह पर 'वंदे मातरम' के दो अंतरे को शामिल करने का निर्णय किया।

> राष्ट्र गीत 'वंदे मातरम' की रचना के 150 साल पूरे होने पर उच्च सदन में चर्चा

---

## पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी मुखर लड़ाई के लिए सुर्खियों में रहने वाले पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर खुद भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप में गिरफ्तार हो गए हैं। देवरिया के चर्चित औद्योगिक प्लाट आवंटन घोटाले में एसटीएफ की बड़ी कार्रवाई ने पूरे पुलिस और प्रशासनिक तंत्र में हलचल मचा दी है। 26 साल पुराने इस फर्जीवाड़े की परतें खुलने पर वह कथित रूप से उसी मामले में घिर गए, जिसके खिलाफ वह वर्षों से लड़ाई का दावा करते रहे हैं। वर्ष 1999 में जिला उद्योग केंद्र देवरिया के औद्योगिक प्लाट नंबर इ-2 के फर्जी आवंटन का मामला एक बार फिर सुर्खियों में आया है। इसी मामले में एसटीएफ ने तड़के 3:45 बजे पूर्व पुलिस अधीक्षक देवरिया रहे अमिताभ ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया। जांच में सामने आया कि प्लाट आवंटन के लिए कूट रचित दस्तावेज तैयार कराए गए, फर्जी पहचान का इस्तेमाल किया गया और बाद में वास्तविक नाम से प्लाट बेचकर विभागों को वर्षों तक भ्रमित रखा गया। गिरफ्तारी का नाटकीय सिलसिला मंगलवार देर रात तब शुरू हुआ जब लखनऊ से दिल्ली जा रहे अमिताभ ठाकुर को शाहजहांपुर के पास चलती ट्रेन से ही दबोच लिया गया। सोते समय हुई इस गिरफ्तारी ने अचानक अफवाहों का बाजार गर्म कर दिया और सोशल मीडिया पर किडनैपिंग तक की खबरें चलने लगीं। कुछ घंटे बाद लखनऊ पुलिस ने आधिकारिक तौर पर पुष्टि की, कि गिरफ्तारी तालकटोरा थाने में दर्ज पुराने भ्रष्टाचार के मुकदमे के आधार पर की गई है। जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता संजय शर्मा, निवासी राजाजीपुरम, ने आरोप लगाया था कि 1999 में तैनाती के दौरान अमिताभ ठाकुर ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अपनी पत्नी नूतन ठाकुर के नाम पर फर्जी पहचान ''नूतन देवी'' बनवाकर प्लाट आवंटित कराया। इसमें न सिर्फ पति का नाम अभिजात/अभिताप ठाकुर बताकर झूठी जानकारी दी गई, बल्कि बिहार के सीतामढ़ी का काल्पनिक पता भी दर्शाया गया।



> भूखंड आवंटन में जालसाजी के मामले में हुई कार्रवाई

---

# ड्रग्स के साथ स्मार्टफोन का नशा भी आज युवाओं के सामने चुनौती : योगी

**पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि आज युवाओं के सामने दो चुनौतियां सामने हैं। एक ड्रग्स का नशा और दूसरा मोबाइल या स्मार्टफोन का नशा। इन दोनों ही नशे से बचना होगा। इनसे युवा जितना बच पाएंगे, उतना ही खुद को और देश के भविष्य को भी बचा पाएंगे। नशे से बचकर ही युवा अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन कर पाएंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के प्रेक्षागृह में, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 93वें संस्थापक सप्ताह समारोह के समापन पर आयोजित मुख्य महोत्सव की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री ने युवाओं को मोबाइल फोन के नशे से दूर रहने की सलाह दी। एक शिक्षक और अभिभावक के रूप में मुख्यमंत्री ने युवाओं से कहा कि आपको सतर्क रहना होगा क्योंकि नशा माफिया तेजी के साथ युवा पीढ़ी को अपनी चपेट में लेने का कुत्सित प्रयास करता है। अकादमिक संस्थाओं को भी इसके प्रति उतना ही अलर्ट रहना पड़ेगा। सीएम योगी ने कहा कि युवाओं को इसके खिलाफ एक नई लड़ाई लड़ने के लिए अपने आप को तैयार करना पड़ेगा क्योंकि देश का दुश्मन किसी न किसी रूप में आपके बीच में घुसना चाहता है। उसको हम अवसर नहीं दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्मार्टफोन पर युवाओं का अत्यधिक समय खर्च हो रहा है, इसको कम करना होगा। उन्होंने युवाओं को समझाया, हालांकि एकाएक यह कर पाना कठिन होगा, इसलिए धीरे-धीरे कम करिए। आवश्यक हो तभी आधा या एक घंटा तक ही आप मोबाइल फोन का इस्तेमाल करिए। समय तय करिए कि मुझे जब आवश्यक बात करनी है तभी बात करूंगा, अनावश्यक नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा स्मार्टफोन का अत्यधिक उपयोग आपकी आंख की साइट को प्रभावित करेगा। मस्तिष्क को कुंद कर देगा, बुद्धि, विवेक और शारीरिक क्षमता को भी यह पूरी तरह कमजोर कर देगा। इसलिए स्मार्टफोन से जितना बच सकते हैं, बचने का प्रयास करना चाहिए।

> महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 93वें संस्थापक सप्ताह समारोह के मुख्य महोत्सव में बोले मुख्यमंत्री



समय और तकनीक के साथ चलते हुए भविष्य की चुनैतियों के लिए खुद को तैयार करने की सीख देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दुनिया आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, ड्रोन और रोबोटिक्स के एक नए युग में प्रवेश कर चुकी है। हममें से कोई व्यक्ति उससे अपने आप को अलग नहीं कर सकता। हमें करना भी नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें उस मानसिकता से भी उबरना पड़ेगा कि तकनीक आएगी तो रोजगार के अवसर कम करेगी। यह तथ्य सही नहीं है बल्कि तकनीक आएगी रोजगार के नए अवसर अपने आप ही जुड़ जाएंगे। हमें अपने आप को उसके अनुरूप शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार करना होगा। समारोह में मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में जीतता वही है जो हिम्मत नहीं हारता है और धैर्य बनाए रखता है।

---

### पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर भीषण हादसा

# पांच की मौत,चार गंभीर

**पायनियर समाचार सेवा। बाराबंकी**

सुबेहा थाना क्षेत्र के कुडवा ग्राम पंचायत के पास बुधवार को पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर भीषण सडक हादसे मे पांच लोगों की मौके दर्दनाक मौत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी दोनों गाडियों मे आग लग गई और कार सवारों के परखच्चे उड़ गये। शव दूर तक बिखर गए जिसने भी यह मंजर देखा उसकी रुह कांप गई। प्रत्यक्षदर्शी ग्राम प्रधान अनिल सिंह ने बताया कि बलिया से लखनऊ की ओर जा रही वैगनआर मे कुछ खराबी आ गई थी जो एकदम किनारे खडी थी जिसमे दो लोग अंदर बैठे थे तीन लोग बाहर खडे थे। ड्राइवर एक्सप्रेस वे से नीचे उतरकर आया और नल से पानी ले गया कार का बोनट खोलकर पानी डालने लगा तभी तेज रफ्तार ब्रेजा कार ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे दोनों गाडियों मे आग लग गई, वैगनआर के अंदर बैठे लोग जिन्दा जल गए बाहर खडे लोगों के परखच्चे उड़ गए और शव लगभग बीस मीटर तक बिखरते चले गए।ब्रेजा के अंदर बैठे चारों लोग गंभीर घायल होकर बेहोश हो गये। अनिल सिंह ने ग्रामीणों की मदद से कार दरवाजा खोलकर किसी तरह सबको बाहर निकाला ,नही तो ब्रेजा सवार भी जिन्दा जल जाते। वैगनआर कार में सवार मृतकों में गुलफ्शा उर्फ चांदनी 30 वर्षीय पत्नी जावेद निवासी रहीम नगर थाना लोहता जनपद वाराणसी व इल्मा 6 पुत्री जावेद, जियान 10 पुत्र जावेद इजमा 4 पुत्री जावेद, समरीन पुत्री 12 वर्षीय जावेद की दर्दनाक मौत हो गई जो मऊ से लखनऊ जा रहे थे। हैदरगढ़ कोतवाली पुलिस ने सभी मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं घायलों में जीशान 30 वर्ष पुत्र अब्दुलगफ्फार, निवासी घोसी थाना घोसी जनपद मऊ, दीपांशु मिश्रा 24 वर्ष पुत्र दीनदयाल मिश्रा दक्षिणपुरी साउथ दिल्ली, दीप्ति पुत्री अंजनी मिश्रा 16 वर्ष, तृप्ति मिश्रा 17 वर्ष पता उपरोक्त चंदन तिवारी पुत्र गौरी शंकर निवासी पिपरा हेमा थाना इरपुर बुदहत शामिल है। दर्दनाक घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, सीएमओ घटनास्थल पर पहुंच कर जानकारी ली।

> हादसे की दोनों गाडियां जल कर हुई खाक

> डीएम-एसपी, मुख्यमंत्री ने भी लिया घटना का संज्ञान



---

### इंडिगो संकट पर दिल्ली उच्च न्यायालय ने पूछा सवाल

# ऐसी स्थिति क्यों पैदा हुई, जिम्मेदार कौन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार से बुधवार को सवाल किया कि आखिर ऐसी स्थिति क्यों उत्पन्न हुई जिसके कारण इंडिगो की कई उड़ान रद्द करनी पड़ीं। अदालत ने इन हालात को संकट करार दिया। उच्च न्यायालय ने कहा कि फंसे हुए यात्रियों को हुई परेशानी और उत्पीड़न के अलावा, यह अर्थव्यवस्था को होने वाले नुकसान का भी सवाल है।

> 5 हजार का टिकट 30 से 35 हजार का कैसे हुआ

मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने यह सवाल भी किया कि ऐसी संकटपूर्ण स्थिति में दूसरी विमानन कंपनियां हालात का फायदा उठाकर यात्रियों से टिकटों के लिए भारी कीमत कैसे वसूल सकती हैं। अदालत ने सवाल किया, जो टिकट 5,000 रुपये में मिल रहा था, उसका मूल्य 30,000 से 35,000 रुपये तक कैसे पहुंच गया? यदि यह संकट की स्थिति थी तो दूसरी विमानन कंपनियों को इसका लाभ कैसे उठाने दिया गया? किराया 35,000 और 39,000 रुपये तक कैसे पहुंच गया? अन्य विमानन कंपनियों ने शुल्क लेना कैसे शुरू कर दिया? पीठ ने इस मामले पर डेढ़ घंटे से अधिक समय तक सुनवाई की। पीठ ने कहा कि यदि समिति द्वारा शुरू की गई जांच पूरी हो जाती है तो उसकी रिपोर्ट अगली तारीख 22 जनवरी को अदालत में सीलबंद लिफाफे में पेश की जाए। अदालत ने कहा, हम नागर विमानन मंत्रालय और डीजीसीए द्वारा उठाए गए कदमों की सराहना करते हैं, लेकिन हमें यह चिंता है कि आखिर ऐसी स्थिति कैसे उत्पन्न होने दी गई, जिसके कारण पूरे देश के हवाई अड्डों पर लाखों यात्री फंसे रहे।



### डीजीसीए ने आठ सदस्यीय निगरानी दल का किया गठन

**मुंबई।** राहुल भाटिया के नियंत्रण वाली एयरलाइन इंडिगो पर निगरानी कड़ी करते हुए विमानन सुरक्षा नियामक डीजीसीए ने चालक दल की कमी के कारण बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द होने के बाद आठ सदस्यीय निगरानी दल का गठन किया है। डीजीसीए द्वारा जारी आदेश के अनुसार, इस दल में एक उपमुख्य उड़ान संचालन निरीक्षक, वरिष्ठ उड़ान संचालन निरीक्षक और दो अन्य उड़ान संचालन निरीक्षक शामिल होंगे। इनमें से दो सदस्य रोजाना इंडिगो के मुख्य कार्यालय में तैनात रहेंगे। उन्हें एयरलाइन के पूरे बेड़े, औसत उड़ान दूरी, कुल पायलटों की संख्या, नेटवर्क विवरण, चालक दल के सेवा के घंटे, प्रशिक्षण में लगे चालक दल और अन्य संबंधित मामलों की निगरानी करनी होगी। दो सदस्य प्रतिदिन की उड़ानों, अनियोजित छुट्टियों, चालक दल की कमी के कारण प्रभावित क्षेत्रों की कुल संख्या, साथ ही प्रत्येक आधार पर प्रतिदिन स्टैंडबाय पर रहने वाले कॉकपिट और केबिन चालक दल की संख्या पर भी नजर रखेंगे।

### इंडिगो के सीईओ को फिर किया तलब

**मुंबई।** विमानन सुरक्षा नियामक डीजीसीए ने संकटग्रस्त इंडिगो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स को बृहस्पतिवार को उनके कार्यालय में उपस्थित होने और हालिया परिचालन व्यवधानों से संबंधित व्यापक एवं अद्यतन जानकारी से लैस एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। बुधवार को जारी बयान में यह जानकारी दी गई। एल्बर्स को बृहस्पतिवार को दोपहर तीन बजे डीजीसीए कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा गया है। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने कहा कि सीईओ को सभी संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। नियामक के आदेशानुसार, विमानन कंपनी को उड़ानें बहाल करने, पायलटों तथा चालक दल की भर्ती योजना, पायलट व चालक दल की अद्यतन संख्या, रद्द की गई उड़ानों की संख्या और रिफंड आदि से संबंधित जानकारी प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है।

# घबराइए मत, हर समस्या का होगा प्रभावी समाधान : मुख्यमंत्री योगी

## जनता दर्शन में सीएम योगी ने सुनीं 200 लोगों की समस्याएं || हर पीड़ित की समस्या का हो समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण

**पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर**



मंगलवार को गोरखपुर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास करने के बाद बुधवार सुबह जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने समस्या लेकर आए लोगों से आत्मीयता से संवाद करते हुए कहा, 'घबराइए मत, हर समस्या का प्रभावी समाधान कराया जाएगा।' जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण व पारदर्शी निराकरण कराएं। बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में महिलाओं की संख्या अधिक रही। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे। आत्मीयता के पुट में 'कहां से आए हैं, क्या बात है', कहते हुए एक-एक कर सबकी समस्याएं सुनीं। भरोसा दिया कि वह सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। किसी को भी परेशान होने या चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। कुछ लोगों द्वारा जमीन कब्जाने की शिकायत पर उन्होंने कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। एक महिला ने मकान जला दिए जाने की शिकायत की तो मुख्यमंत्री ने जलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। जनता दर्शन में कई लोग गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उनसे कहा कि इलाज में धन की कमी बाधक नहीं होगी, सरकार भरपूर आर्थिक मदद देगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराकर शासन में भेजें। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिए पर्याप्त राशि दी जाएगी। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान बुधवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या परंपरागत रही। गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने तथा अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा समक्ष शीश झुकाने के बाद वह मंदिर परिसर के भ्रमण पर निकले। मंदिर की गोशाला में पहुंचकर गोसेवा की। गायों और गोवंश को स्नेहिल भाव से गुड़-रोटी खिलाया। गोशाला में सीएम योगी के पहुंचने पर मोर भी उनके पास आ जाते हैं। मुख्यमंत्री ने मोर को भी दुलारा और अपने हाथों से रोटी खिलाया।

# ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में यूपी को एक और बड़ी सौगात

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

- देश की पहली वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज परियोजना के तृतीय इकाई का केंद्रीय ऊर्जा मंत्री एवं यूपी के ऊर्जा मंत्री ने किया वर्चुवली उद्घाटन

देश की पहली वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज परियोजना–1000 मेगावाट टिहरी पंप स्टोरेज प्लांट की तृतीय यूनिट का वाणिज्यिक संचालन आज केंद्रीय विद्युत तथा आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर एवं यूपी के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा की वर्चुअल उपस्थिति में विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर यूपी को ऊर्जा क्षेत्र में एक नई क्षमता प्राप्त हुई है, जो राज्य के विकास और उपभोक्ताओं को सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराने में सहायक होगी। टिहरी पीएसपी देश की प्रथम वेरिएबल स्पीड तकनीक वाली पंप स्टोरेज परियोजना है, जो ऑफ-पीक घंटों में अतिरिक्त बिजली को स्टोर करके ग्रिड को 1000 मेगावाट तक की पीकिंग पावर उपलब्ध कराएगी। परियोजना की चार इकाइयों में से प्रथम दो पहले ही सफलतापूर्वक वाणिज्यिक उत्पादन कर रही हैं, जबकि तृतीय इकाई के संचालन से परियोजना की क्षमता और अधिक मजबूत हुई है। वेरिएबल स्पीड पीएसपी तकनीक की सहायता से बिजली की मांग के अनुरूप ऊर्जा का रियल टाइम स्टोरेज एवं रिलीज संभव सकेगा। इससे राष्ट्रीय ग्रिड पर लोड मैनेजमेंट और अधिक सुदृढ़ होगा और नवीकरणीय ऊर्जा को बिना किसी रूकावट के ग्रिड से जोड़ा जा सकेगा। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर यूपी की जनता को बधाई देते हुए कहा कि यह अवसर पूरे देश के लिए गौरव का विषय है। शर्मा ने बताया कि तृतीय इकाई के उत्पादन से 25 प्रतिशत विद्युत उत्तर प्रदेश को प्राप्त होगी, जिससे राज्य की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में बड़ी मदद मिलेगी। उन्होंने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर का आभार व्यक्त करते हुए आशा जताई कि परियोजना की चौथी इकाई का उद्घाटन भी आगामी महीनों में संपन्न हो जाएगा। शर्मा ने कहा कि यदि इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार की किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता हुई तो राज्य पूर्ण रूप से तत्पर रहेगा।

## 20 जनवरी को विधानसभा घेरेंगे राज्य कर्मचारी

लखनऊ। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष जेएन तिवारी के नेतृत्व में प्रदेश के राज्य कर्मचारियो के साथ सभी निकाय, परिषद, निगम, आशा बहुएं, शिक्षा मित्र सभी एक साथ मिलकर विधानसभा का घेराव करेंगे परिवहन निगम जो प्रदेश का सबसे बड़ा सार्वजनिक उद्यम है को पिछले दो साल में समाप्त करने की योजनाओं को आया गया जबकि योगी की सरकार ने बहुत अनुदान दिया। कर्मचारियों का कहना है कि कम आय में पैसा काटा जा रहा है, एक से 1,5 करोड़ की इलेक्ट्रिक बसे ली गई वह खड़ी है क्योंकि अभी तक चार्जिंग प्वाइंट नहीं बनाए गए, 90 वर्षों की लीज पर दिया जा रहा है, डग्गामार संचालन पर रोक नहीं है, यही हाल रहा तो निगम शासन, प्रशासन सरकार एवं परिवहन निगम मुख्यालय की गलत नियत के कारण समाप्त हो जाएगा।

# माघ मेला की तैयारियां अंतिम चरण में

## सीएम योगी के नेतृत्व में एक बार फिर भव्य, सुरक्षित और सुव्यवस्थित माघ मेला संपन्न कराने की तैयारी

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**



महाकुंभ-2025 के सफल आयोजन के बाद अब राज्य सरकार माघ मेला-2026 को भी अभूतपूर्व, व्यवस्थित और सौंदर्यपूर्ण स्वरूप देने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में माघ मेले की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। अभी हाल ही में मुख्य सचिव के समक्ष प्रतीक चिन्ह का अनावरण, सेक्टरवार रंग योजना और अवसंरचनात्मक सुधारों पर विशेष चर्चा हुई थी। इस बार अनुमानित है कि प्रयागराज में 12 से 15 करोड़ श्रद्धालु संगम पर पवित्र स्नान करेंगे, जिनमें प्रतिदिन आने वाले लाखों कल्पवासी भी शामिल होंगे। पूरा मेला क्षेत्र रंग-समन्वित थीम पर आधारित होगा। हर सेक्टर एकरूपता का अनुभव कराएगा। मेले को सुसंगत और आकर्षक रूप देने के लिए सातों सेक्टर्स और सात पॉन्टून पुलों को 'सात ऊर्जा चक्रों' के अनुरूप रंगों से सजाया जाएगा। हर सेक्टर की चहारदीवारी पर 3 फुट चौड़ी सीमांकन पट्टी बनाई जाएगी, जिससे मेले का आकार दृष्टिगत रूप से स्पष्ट, व्यवस्थित और सुंदर दिखाई देगा। सभी सेक्टर्स में उत्तर प्रदेश सरकार और माघ मेला-2026 का प्रतीक चिन्ह अंकित होगा। विभिन्न घाटों पर उपलब्ध चेंजिंग रूम भी सेक्टरवार रंग योजना के अनुरूप तैयार किए जाएंगे। पहले की तुलना में दोगुनी क्षमता, रंग योजनाओं से मेल खाते हुए होंगे। अब 2 यूनिट में 2 के स्थान पर 4 लोग एक साथ सुविधा का उपयोग कर सकेंगे। इससे भीड़ प्रबंधन अधिक सुचारू और सुविधाजनक होगा तथा मेले की एकरूपता कायम रहेगी। सातों पॉन्टून पुलों को इंद्रधनुषी सात रंगों से सजाया जाएगा। पुलों पर लगे लाइट, पोलों पर एलईडी लाइटें धार्मिक चिन्हों के साथ प्रदर्शित होंगी, जो दिन और रात दोनों समय आकर्षण का केंद्र रहेंगी। हर पुल पर रंग अनुरूप झंडे लगाए जाएंगे।यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलों पर कैनोपी का निर्माण किया जाएगा।

# पॉलीटेक्निक चलो अभियान को प्रदेशव्यापी गति दे रही योगी सरकार

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

- तकनीकी शिक्षा को उद्योग-उन्मुख बनाने के लिए लखनऊ में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक

योगी सरकार द्वारा तकनीकी शिक्षा को उद्योग-उन्मुख बनाकर युवाओं को रोजगार से सीधे जोड़ने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए इस अभियान को प्रदेशस्तर पर व्यापक रूप से संचालित करने पर जोर दे रही है। इसी क्रम में लखनऊ में 'पॉलीटेक्निक चलो अभियान-2026' के सफल क्रियान्वयन के संबंध में अपर मुख्य सचिव प्राविधिक शिक्षा नरेन्द्र भूषण की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद द्वारा तैयार की गई प्रस्तुति को प्रदेश के सभी जिलों में बड़े पैमाने पर प्रसारित किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं तकनीकी शिक्षा की ओर आकर्षित हों। डिजिटल माध्यमों, विशेषकर ऑडियो-विजुअल प्रचार सामग्री के उपयोग को बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया। अपर मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पॉलीटेक्निक चलो अभियान-2026 को सफल बनाते हुए अभ्यर्थियों को इंडस्ट्री ओरिएंटेड डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के प्रति जागरूक किया जाए। बदलते औद्योगिक परिवेश और मार्केट की मांग के अनुरूप नए पाठ्यक्रम शुरू करने का निर्णय भी लिया गया, जिससे छात्रों को आधुनिक तकनीकी कौशल प्राप्त हो सके और वे कोर्स पूर्ण करते ही रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकें। बैठक में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2024 में 4,12,759 अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया था और 1,15,444 विद्यार्थियों को प्रवेश प्राप्त हुआ था, जबकि वर्ष 2025 में 4,25,993 आवेदन प्राप्त हुए और 1,34,628 छात्र-छात्राओं को प्रवेश मिला। बैठक में प्राविधिक शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी महानिदेशक प्राविधिक शिक्षा सेल्वा कुमारी जे., विशेष सचिव विनोद कुमार, निदेशक प्राविधिक शिक्षा अजीज अहमद, निदेशक शोध विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान एफ.आर. खान, सचिव प्राविधिक शिक्षा परिषद संतोष कुमार तथा संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद के संजीव कुमार सिंह उपस्थित रहे।

# हर घर नल से जल योजना का हो स्थलीय निरीक्षण: केशव

- जिस विभाग की शिकायत प्राप्त हो उसकी जांच के आदेश उसी अधिकारी को न दिए जाएं

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**



उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सभी सम्बंधित अधिकारियो को निर्देश दिये कि बदायु के प्रत्येक विकास खण्ड के 10-10 ग्राम सभाओं में हर घर नल से जल योजना का स्थलीय निरीक्षण कराया जाये, सभी कार्य निर्धारित मानको के अनुरूप व गुणवत्ता पूर्ण होने चाहिए। पाइप लाइन जमीन मे एक मीटर नीचे से जाना चाहिए, पाइप लाइन डालने मे जो सड़के खोदी गयी हो, उनका निर्माण, मरम्मत मानको के अनुरूप होना ही चाहिए, इसमे किसी भी प्रकार समझौता न किया जाये

उप मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिये कि जन समस्याओं का गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। बदायुं में पर्यटन विकास की असीम संभावनाएं, इस क्षेत्र मे आगे बढ़कर कार्य किया जाये। उन्होंने कहा कि कहा कि योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्रों को ही मिलना चाहिए, चयन व चिन्हांकन में विशेष सावधानी व निगरानी रखी जाये। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत विकसित भारत बन जाएगा तथा उत्तर प्रदेश भी विकसित उत्तर प्रदेश होगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस विभाग की शिकायत प्राप्त हो उसकी जांच के आदेश उसी अधिकारी को न दिए जाएं। उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस व थाना समाधान दिवस आदि पर प्राप्त शिकायतों का गंभीरतापूर्वक निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि चकमार्ग पर अवैध कब्जे व सरकारी जमीनों पर कब्जे की शिकायतें लखनऊ तक आती हैं, इसलिए अधिकारी शिकायतों को गंभीरतापूर्वक लें। चकमार्ग पर अवैध कब्जे की शिकायतों के लिए विशेष अभियान चलाकर इसका निस्तारण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवरो को जगमग किया जाए, यह सरकार का एक महत्वपूर्ण कार्य है। उन्होंने सीमांकन कराने के आवेदनों की जानकारी ली।

जिस पर जिलाधिकारी ने बताया कि 90 दिन से पुराना कोई मामला लंबित नहीं है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार के मामलों का निस्तारण पूरी गंभीरता से किया जाए। धान खरीद की स्थिति की जानकारी लेते हुए डिप्टी सीएम ने क्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण कराए जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में 37000 मेट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य मिला है, जो कि बरेली मंडल में जनपद को सबसे कम लक्ष्य मिला है। डीएम ने बताया कि लक्ष्य पूर्ति के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही खाद की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खाद की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि खाद के लिए किसानों को परेशानी ना हो, यह सुनिश्चित किया जाए। उप मुख्यमंत्री ने हर घर नल से जल की स्थिति की जानकारी लेते हुए जनपद के प्रत्येक ब्लॉक के 10-10 ऐसी ग्राम सभाओं का निरीक्षण कराए जाने के लिए निर्देशित किया जिसमें शतप्रति कार्य पूर्ण होकर जल की आपूर्ति की जा रही हो,ताकि वस्तु स्थिति से अवगत हुआ जा सके।

उन्होंने विद्युत आपूर्ति की स्थिति तथा ट्रांसफार्मर बदलने की स्थिति को जाना तथा विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। मौर्य ने कहा कि आवंटित व बन चुके आवासो मे सभी अनुमन्य सुविधाएं हर हाल मे सुलभ करायी जाये, अधिकारी इसका अनुश्रवण कर सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आवास योजना -ग्रामीण में विधवा महिलाओं व दिव्यांगजनों को भी लाभ दिया जाता है, इसलिए पात्रों का चयन ठीक प्रकार से किया जाए। योजनाओं का लाभ पात्रों को ही मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा आकांक्षात्मक ब्लॉक के रूप में देश के 500 ब्लॉकों के लिए 6 जोन बनाए गए हैं, जिसमें द्वितीय जोन में पंजाब व उत्तर प्रदेश के लगभग 85 ब्लॉक हैं, इनमें से डेल्टा रैंकिंग में जनपद बदायूं के अम्बियापुर ब्लॉक को द्वितीय पुरस्कार मिला है, जिसके तहत इस ब्लॉक को एक करोड़ रुपए की धनराशि विकास कार्यों के लिए अलग से दी जाएगी।

उप मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से कानून और शांति व्यवस्था की स्थिति की जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा कि फरियादी शिकायतों के निस्तारण के लिए व न्याय पाने की आस में लखनऊ आते हैं, तो इसे गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह एक महीने के बाद पुनः जनपद का दौरा करेंगे। उस दौरान ग्राम चौपाल में प्रतिभाग करेंगे, निरीक्षण करेंगे व अन्य कार्यक्रमों में भी प्रतिभाग करेंगे। इससे पहले कलेक्ट्रेट आगमन पर उपमुख्यमंत्री को गार्ड आफ ऑनर दिया गया।

# यूपी की शान बने 'खुशहाल किसान'

## चौपाल में शामिल हुए 500 से अधिक किसान

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/मुजफ्फरनगर**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में अन्नदाता किसानों के जीवन में खुशहाली लाई। किसान अब आत्महत्या नहीं करते, बल्कि खुशहाली का जीवन व्यतीत कर परिवार की तरक्की और उत्तर प्रदेश की समृद्धि में योगदान दे रहे हैं। किसानों को फसल का उचित दाम मिल रहा, उन्हें किसान सम्मान निधि, पीएम कुसुम योजना, एमएसपी के साथ ही समान रूप से हर जनपद को बिजली, सड़क, पानी की सुविधाएं मिल रही हैं। इससे खेती करने और फसल को बाजार तक पहुंचाने में आसानी हो रही है।

यहियापुर गांव में बुधवार को लगी कृषि चौपाल में उपस्थित 500 से अधिक किसानों ने यह विचार रखे। सभी ने साढ़े आठ वर्ष में सरकार के सकारात्मक कदम के कारण किसानों के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव का भी जिक्र किया। विकसित कृषि संकल्प अभियान के जरिए मुख्यमंत्री, केंद्र-राज्य सरकार के मंत्रियों समेत जनप्रतिनिधियों ने किसानों से संवाद किया। 15 दिन में प्रदेश के 14,170 गांवों में हुए कार्यक्रमों में 23 लाख से अधिक किसानों ने प्रतिभाग किया। किसान बिराम सिंह ने कहा कि मेरे सहित कई किसान इस अभियान में शामिल हुए। यहां हमने स्वायल कॉर्ड, भूमि सुधार, सिंचन क्षमता आदि से लेकर खेतीबाड़ी में सुधार को लेकर नई-नई जानकारी ली। इसके बाद विशेषज्ञों/अधिकारियों से संपर्क कर अपनी खेती में और सुधार किया।

किसान अमरीश वालिया ने कहा कि सरकार कृषि विभाग के माध्यम से तिलहन-दहलन के क्षेत्र में किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निःशुल्क मिनीकिट भी वितरित कर रही है। गेहूं, जौ, चना, मटर, मसूर, तोरिया, राई-सरसो, अलसी फसलों के लिए अनुदान पर बीज भी उपलब्ध कराए जाते हैं। इससे एक तरफ हमें आसानी से बीज भी मिलते हैं तो दूसरी तरफ खेती में इसका प्रयोग कर उत्पादकता बढ़ाने और विषमुक्त खेती की तरफ भी किसान कदम बढ़ाते हैं। किसान गंगाशरण कहते हैं कि खेती में सहायता के लिए किसानों को कृषि यंत्र की आवश्यकता पड़ती है।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

ये सार्वजनिक सूचना के लिए है कि मेरे हाई-स्कूल प्रमाणपत्र में मेरा नाम Syed Mohammed Jaun दर्ज है, जबकि अन्य सभी दस्तावेज़ों में मेरा नाम Syed Mohd Jaun है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति को संदर्भित करते हैं। भविष्य में सभी कार्यों में मेरा नाम Syed Mohd Jaun ही माना जाए और सभी दस्तावेज़ इसी नाम से मान्य होगे।

**सूचना**

I, Hajvant Kaur, Have Changed My Name to Rajwant Kaur W/O Sewa Singh Kahlon, from Now on I Should be Known and Recognized by this Name. Rajwant Kaur W/O Sewa Singh Kahlon Resident of Village Dagham Chauhra, PO Garhshanker, Distt HoshiarPur, Punjab.

**सूचना**

मैं, अनुश्री दुबे, पत्नी स्वर्गीय राजेश दुबे, उम्र लगभग 38 साल, प्लॉट नंबर 16, भारतीपुरम कॉलोनी, उत्तरधौना, तिवारीगंज, फैजाबाद रोड, लखनऊ, उत्तर प्रदेश जन्मतिथि 18.09.1987 है। मेरी शादी 07.02.2011 को लखनऊ में स्वर्गीय राजेश दुबे से हुई थी। शादी के बाद, मेरा नाम बदलकर अनुश्री दुबे कर दिया गया है। अनुश्री शर्मा और अनुश्री दुबे एक ही व्यक्ति हैं भविष्य मे मूझे सरकारी व अर्द्ध सरकारी रिकॉर्ड में इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

## अंतर्धार्मिक प्रेम में युवक की हत्या की उच्चस्तरीय जांच हो : भाकपा (माले)

**लखनऊ।** भाकपा (माले) ने मिर्जापुर शहर कोतवाली क्षेत्र के निवासी मुस्लिम युवक (अब्दुल कुरैशी, 22) की अंतर्धार्मिक प्रेम मामले में हुई हत्या की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। युवक की बोरे में बंद लाश मंगलवार (9 दिसंबर) को शहर में गंगा किनारे महर्षि स्कूल घाट से बरामद हुई। भाकपा (माले) के राज्य सचिव सुधाकर यादव ने उक्त मांग पार्टी के दो सदस्यीय जांच दल द्वारा मृतक के शोकाकुल परिवार से भेंट करने के बाद यहां जारी बयान में की। राज्य स्थायी समिति (स्टैंडिंग कमेटी) की सदस्य कॉमरेड जीरा भारती के नेतृत्व में जांच दल ने मिर्जापुर में पीड़ित परिवार के घर जाकर कल मुलाकात की थी और सिटी एसपी से मिलकर न्याय की मांग की। राज्य सचिव ने कहा कि अपना बेटा खोने वाले बेगुनाह मुस्लिम परिवार को सजा दी जा रही है। परिवार के अधिकांश सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया है। सत्ताधारी दल के दबाव में मृतक के बेगुनाह व पीड़ित परिवार को प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने जेल भेजे गए मृतक के परिवारीजनों की रिहाई और असल दोषियों को सजा देने की मांग की। कॉमरेड सुधाकर ने कहा कि उक्त घटना में मंगलवार को सिटी एसपी से मिलकर पार्टी कार्यालय लौटने के दौरान माले नेता जीरा भारती से सीओ सिटी ने रास्ते में रोक कर अभद्र व्यवहार किया। राज्य सचिव ने इसकी कड़ी निंदा की।

# यूपी बना स्टार्टअप और आईटी निवेशकों की पहली पसंद

## इंफोसिस, एडोब, आईबीएम, और टेली पर्फार्मेंस ने यूपी में किया 868 करोड़ का निवेश

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व और नीति-नियोजन का असर स्टार्टअप, आईटी और डेटा सेंटर के क्षेत्र में तेज गति से हो रहे विकास के तौर पर देखने को मिल रहा है। बीते वर्षों में उत्तर प्रदेश ने डिजिटल नवाचार के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति दर्ज की है, जिससे उत्तर प्रदेश देश के प्रमुख डिजिटल डेस्टिनेशन के रूप में उभर रहा है। इंफोसिस, एडोब, आईबीएम, और टेली पर्फार्मेंस जैसी वैश्विक आईटी कंपनियों के निवेश से न केवल प्रदेश में आर्थिक प्रगति हो रही है, बल्कि लाखों की संख्या में रोजगारों का भी सृजन हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विजन के मुताबिक उत्तर प्रदेश को स्टार्टअप, आईटी सेक्टर और डाटा प्रॉसेसिंग के हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस क्रम में स्टार्टअप के विकास के लिए प्रदेश सरकार की ओर से दिये जाने वाले वित्तीय प्रोत्साहन में रिकॉर्ड बढ़ोतरी इस बदलाव की सबसे बड़ी मिसाल है। वर्ष 2021-22 में जहां स्टार्टअप प्रोत्साहन के लिए मात्र 274 लाख रुपये की राशि स्वीकृत हुई थी, वहीं 2022-23 में यह बढ़कर 866 लाख रुपये और 2023-24 में 1,326 लाख रुपये तक पहुँच गई। जबकि वर्ष 2025 में स्टार्टअप प्रोत्साहन राशि के रूप में 2,600 लाख रुपये दिये जा चुके हैं। स्टार्टअप प्रोत्साहन में लगातार वृद्धि स्पष्ट करती है कि, सीएम योगी आदित्यनाथ का विजन प्रदेश में स्टार्टअप इकोसिस्टम को लगातार मजबूती देना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की आईटी और आईटीईएस नीति के तहत भी उत्तर प्रदेश ने निवेश और रोजगार के क्षेत्र में बड़ी छलांग लगाई है। वर्ष 2025 की शुरुआत में ही 2 एलओसी से जरिये 28.34 करोड़ रुपये का निवेश और 1,600 नए रोजगार सृजित हुए जबकि सितंबर 2025 के बाद प्राप्त 3 बड़े प्रस्तावों के माध्यम से 868 करोड़ रुपये के निवेश और लगभग 7,800 रोजगार का सृजन हुआ है। इनमें इंफोसिस, एडोब, आईबीएम, और टेली पर्फार्मेंस जैसी वैश्विक आईटी कंपनियां निवेश कर,उत्तर प्रदेश को आईटी और टेक्नालॉजी निवेश के राष्ट्रीय केंद्र के रूप में स्थापित कर रही हैं। सीएम के विजन में बनी डेटा सेंटर नीति- 2021 के माध्यम से उत्तर प्रदेश ने डिजिटल अवसंरचना के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस नीति का परिणाम है कि एनआईडीपी के 9,134 करोड़, एनटीटी ग्लोबल डाटा सेंटर के 1,687 करोड़, अडानी इंटरप्राइजेज़ के दो अलग-अलग प्रोजेक्ट्स में 2,416 करोड़ और 2,713 करोड़ और एसटी टेली मीडिया ग्लोबल डेटा सेंटर के 2,130 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। जिनको तेजगति से क्रियान्वित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में स्टार्टअप प्रोत्साहन, आईटी विस्तार और डेटा सेंटर जैसे भविष्योन्मुखी क्षेत्रों में भारी निवेश यह साबित करता है कि उत्तर प्रदेश अब 'बीमारू राज्य' की पुरानी छवि से बाहर निकलकर 'ब्रांड यूपी' के रूप में देश के अग्रणी औद्योगिक और डिजिटल राज्यों में शामिल हो चुका है।

न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट (टी0जी0)/ अपर कलेक्टर, लखनऊ
संख्या–464/रीडर–टी0जी0/2025
दिनांक: 01 दिसम्बर, 2025
वाद संख्या– डी 20251046003882
बैंक आफ महाराष्ट्र बनाम
मै0 मोदनवाल इंटरप्राइजेज आदि
अं0धारा 14, सरफेसी एक्ट
थाना मड़ियांव, लखनऊ।

**नोटिस**

1– मै0 मोदनवाल इण्टरप्राईजेज प्रो0 श्री हर्ष कुमार मोदनवाल पता 6/32 रजनी खण्ड, शारदा नगर, लखनऊ।
2– श्री हर्ष कुमार मोदनवाल पुत्र श्री संतोष कुमार मोदनवाल पता 6/32, रजनी खण्ड, शारदा नगर, लखनऊ व यूजीएफ 19 व 20, आशीर्वाद प्लाजा राम राम बैंक चौराहा, लखनऊ तथा सी–66, 60 फिट रोड, जानकीपुरम विस्तार, सरस्वती पुरम, लखनऊ उ0प्र0।

एतदद्वारा आपको नोटिस दी जाती है कि **बैंक आफ महाराष्ट्र**, के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में याचिका प्रस्तुत करते हुए यह अवगत कराया गया है कि आपके द्वारा उक्त बैंक से लिए गए ऋण का भुगतान अभी तक अदा नहीं किया गया है।

अतः आप दिनांक **17.12.2025** को समय 12:00 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा–14 के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के संबंध में दे दी जाय। यदि आप उक्त निर्धारित दिनांक व समय पर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होते हैं तो समझा जायेगा कि आपको कुछ नहीं कहना है और तदनुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जायेंगे।

(राज कुमार मित्तल)
अपर जिला मजिस्ट्रेट (टी0जी0)/अपर कलेक्टर, लखनऊ।

# मेकअप आर्टिस्ट युवती का मिला शव, हत्या की आशंका

❖ विकास नगर की घटना लिव-इन में रह रही युवती के पिता ने की निष्पक्ष जांच की मांग

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**



विकासनगर थाना क्षेत्र के सेक्टर-1 स्थित किराये के मकान में रहने वाली 24 वर्षीय मेकअप आर्टिस्ट नेहा मौर्य का शव सोमवार देर रात फांसी के फंदे से लटका मिला। घटना का खुलासा तब हुआ जब नेहा के लिव-इन पार्टनर अजीत मौर्य उन्हें ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। संदिग्ध परिस्थितियों को देखते हुए परिजनों ने पुलिस से गहन जांच की मांग की है।

मूल रूप से बहराइच के मूर्तिहा गंगापुर की रहने वाली नेहा पिछले एक वर्ष से लखनऊ में किराये पर रह रही थीं और हजरतगंज स्थित एक सैलून में मेकअप आर्टिस्ट के रूप में कार्यरत थीं। नेहा के पिता सत्यनारायण मौर्य ने बताया कि सोमवार रात करीब 11 बजे अजीत का फोन आया कि नेहा ने फांसी लगा ली है और वह उन्हें ट्रॉमा सेंटर लेकर जा रहा है। थोड़ी देर बाद उन्हें बेटी की मौत की सूचना मिल गई। परिजन लखनऊ पहुंचे तो मामला संदिग्ध लगा।

डॉक्टरों ने भी स्थिति को देखते हुए पोस्टमार्टम के लिए पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम हाउस भेजा गया। पिता ने बताया कि उन्हें बेटी के लिव-इन में रहने की जानकारी नहीं थी। अजीत डीजे का काम करता है और शादीशुदा है। उसकी पत्नी और दो बच्चे गांव में रहते हैं। उनका कहना है कि अजीत ने उन्हें बताया कि उसने मंदिर में नेहा से शादी की थी, परिजनों को इस संबंध की जानकारी नहीं थी। पिता ने आशंका जताई है कि नेहा के साथ अनहोनी हुई हो सकती है। अजीत ने पुलिस को बताया कि वह रात को नेहा को सैलून से घर लाया था और थोड़ी देर बाद सब्जी लेने बाहर गया। लौटने पर दरवाजा अंदर से बंद मिला। काफी देर तक आवाज देने पर जब दरवाजा नहीं खुला, तो उसने उसे तोड़ दिया। कमरे में नेहा दुपट्टे के सहारे पंखे से लटकी हुई मिली। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत का कारण पता चलेगा एसओ विकासनगर आलोक सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

## ओवरब्रिज के नीचे मिला अज्ञात बुजुर्ग का शव, इलाके में सनसनी

❖ पुलिस ने की स्थानीय लोगों से शव की शिनाख्त कराने की कोशिश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

पारा थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब विक्रम नगर ओवर ब्रिज के नीचे स्थित मैरिज लॉन के सामने एक अज्ञात बुजुर्ग का शव पड़ा मिला। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। इंस्पेक्टर सुरेश कुमार ने बताया कि, सुबह करीब 8 बजे लगभग 50 वर्षीय बुजुर्ग का शव बरामद हुआ। आसपास के लोगों ने बताया कि यह बुजुर्ग पिछले कई दिनों से क्षेत्र में भीख मांगते हुए देखा जा रहा था और मानसिक रूप से विक्षिप्त प्रतीत होता था। मृतक ने ब्राउन रंग की पैंट, रंगझबिरंगी शर्ट और ब्राउन जैकेट पहन रखी थी। पुलिस द्वारा स्थानीय लोगों से शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की गई, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, मुकदमा दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

मड़ियांव थाना क्षेत्र में आईआईएम रोड स्थित मनभावन ढाबा के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई।

ग्राम इकदुनिया, मजरा महिगंवा निवासी राम चन्दर ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उनका पुत्र रवि कुमार (30) 25 अक्टूबर 2025 की शाम करीब 7 बजे दुबग्गा से अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह मनभावन ढाबा के पास पहुंचा, तभी एक अज्ञात वाहन चालक ने तेज़ व लापरवाह तरीके से वाहन चलाते हुए उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर में गंभीर रूप से घायल रवि कुमार को परिजनों ने ट्रॉमा सेंटर लखनऊ में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी दर्दनाक मौत हो गई।

पिता राम चन्दर ने बताया कि पुत्र की मौत से मानसिक रूप से टूट जाने के कारण वह समय पर घटना की सूचना पुलिस को नहीं दे सके। मड़ियांव थाना प्रभारी शिवानंद मिश्रा ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। तहरीर के अनुसार मामले की आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अज्ञात वाहन चालक की तलाश कर रही है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच भी की जा रही है।

## कार्डियक अटैक से लोको पायलट की मौत

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**



आलमबाग रेलवे अस्पताल से बुधवार सुबह पुलिस को एक लोको पायलेट मृत अवस्था में लाए जाने की सूचना प्राप्त हुआ ।जिसपर अस्पताल पहुंची पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आलमबाग इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र सरोज ने बताया कि मूलरूप से जनपद आजमगढ़ दोहरीघाट के रहने वाले 38 वर्षीय दिनेश कुमार पुत्र स्व इंद्रपति मौर्य जनपद गोंडा में लोको पायलेट पद पर कार्यरत थे, गोंडा से ड्यूटी कर मंगलवार रात आलमबाग स्थित रेलवे कर्मचारियों के रेस्ट हाउस में अपने साथी के साथ रुके थे सुबह जब साथी उठा और दिनेश को जगाया तो वह नहीं उठे जिसकी जानकारी उसने अपने अन्य सहकर्मियों को दी जिसके पश्चात अचेत अवस्था में लोको पायलेट को रेलवे अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने लोको पायलेट को मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार लोको पायलेट की मौत कार्डियक अटैक से हुई है फिलहाल परिजनों को सूचना दे मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## शेविंग कराने को लेकर मारपीट

पायनियर, सरोजनीनगर। बंथरा के नारायणपुर गांव में रहने वाले सजीवन ने गांव के ही हरिओम सिंह और गौरव सिंह के खिलाफ गाली-गलौज, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सजीवन का कहना है कि वह 9 दिसंबर को सेविंग कराने नाई की दुकान पर गए थे। जहां हरिओम ने पहले सेविंग कराने को लेकर सजीवन के साथ मारपीट की। आरोप है कि जब पीड़ित की पत्नी रेनू पहुंची तो आरोपी ने उसके साथ भी गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। परेशान पीड़ित जब हरौनी पुलिस चौकी पर शिकायत करने गए तो आरोप है कि आरोपी के साथी गौरव सिंह पहुंचा और सजीवन से गाली गलौज करने के साथ जान से मारने की धमकी देने लगा।

## सांड़ के हमले से शटरिंग मिस्त्री घायल, ट्रामा में भर्ती

**पायनियर समाचार सेवा। सरोजनीनगर**

सरोजनीनगर इलाके में छुट्टा सांड के आतंक से लोग काफी परेशान और भयभीत हैं। मंगलवार को आवारा सांड़ ने एक शटरिंग मिस्त्री पर हमला कर उसे घायल कर दिया। आनन-फानन उसे लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

सरोजनीनगर के चिल्लावां गांव में रहने वाले लक्ष्मण लोधी (45) शटरिंग का काम करते हैं। मंगलवार देर शाम वह चिल्लावां बाजार से सब्जी खरीद कर अपने घर जा रहे थे। तभी घर पहुंचने से पहले ही रास्ते में दो आवारा सांड आपस में लड़ रहे थे। लक्ष्मण ने उनसे बच कर निकलने की कोशिश की तो एक साँड़ ने दौड़ाकर उनके ऊपर हमला कर दिया। सांड की सींग लगने से लक्ष्मण के पेट में काफी गहरा घाव हो गया और वह लहूलुहान होकर वहीं गिर गये।

आसपास के लोगों ने किसी तरह सांड को खदेड़ा और एंबुलेंस बुला कर लक्ष्मण को लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन हालत अधिक गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने उन्हें ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। फिलहाल ट्रामा में भर्ती लक्ष्मण का इलाज जारी है। लोगों का कहना है कि पिछले कई दिनों से छुट्टा सांड़ घूम रहे हैं।

## अलीगंज पुलिस का जागरूकता अभियान

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

अलीगंज पुलिस ने मंगलवार को पुरनिया पुल के पास महिलाओं, बालिकाओं और छोटे बच्चों में सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाया। पुलिस टीम ने मौके पर मौजूद महिलाओं को पम्पलेट वितरित कर उनके कानूनी अधिकारों, महिला सुरक्षा संबंधी प्रावधानों और साइबर क्राइम से बचाव के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अभियान के दौरान महिलाओं को बताया गया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, ऑनलाइन धोखाधड़ी या साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत पुलिस की सहायता कैसे प्राप्त करें और किन नंबरों या पोर्टलों पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

## जलभराव समस्या से अब मिलेगी राहत

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

❖ आलमबाग में नाला निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास

आलमबाग क्षेत्र में बुधवार को आयोजित एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में माननीय महापौर सुषमा खर्कवाल ने नाला निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। यह नाला बसंत टावर से आलमबाग चौराहे तक लगभग 950 मीटर की लंबाई में निर्मित किया जाएगा, जिसकी लागत लगभग ₹1.48 करोड़ निर्धारित है। लंबे समय से क्षेत्र में व्याप्त जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में यह परियोजना अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

नाले के निर्माण से स्थानीय निवासियों, दुकानदारों और दैनिक आवागमन करने वाले लोगों को वर्षा ऋतु में बड़ी राहत मिलेगी। शिलान्यास कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सम्मानित जन-प्रतिनिधि, व्यापारीगण और नागरिक उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से पार्षद सौरभ सिंह मोनू , रंजीत सिंह जी, पार्षद प्रतिनिधि गिरीश मिश्रा , वरिष्ठ भाजपा नेता मान सिंह, नानक चंद लखमानी , राकेश श्रीवास्तव , भाजपा नेता करुणेश त्रिपाठी , भाजपा वरिष्ठ नेता डॉ. पुष्पा श्रीवास्तव , आलमबाग व्यापार मंडल के अध्यक्ष विजय संमुख , संरक्षक राम कुमार वर्मा , वरिष्ठ महामंत्री मो. हसीब बबलू , तेजपाल तेजू , अजीत वर्मा , पप्पू यादव जी, मो. इदरीश बबलू एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल रहे। कार्यक्रम में जोन 5 के जोनल अधिकारी विनीत सिंह , अधिशासी अभियंता राजीव कुमार शर्मा तथा नगर निगम के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

महापौर ने उपस्थित नागरिकों को मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेशवासियों के नाम लिखी गई पाती के बारे में भी अवगत कराया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में प्रदेश में अवैध रूप से निवास कर रहे घुसपैठियों के विरुद्ध जारी कानूनी कार्रवाई की जानकारी देते हुए नागरिकों से सतर्कता बरतने का आग्रह किया है।

## अंतर्राज्यीय मादक पदार्थ तस्करों पर एएनटीएफ की बड़ी कार्रवाई

❖ 2.80 करोड़ की संपत्ति फ्रीज

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

एएनटीएफ आगरा यूनिट ने एनडीपीएस एक्ट के दो महत्वपूर्ण मामलों में हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अंतर्राज्यीय डोडा तस्करों पर बड़ा प्रहार किया है। सक्षम प्राधिकारी एसएएसपीएम (एफओपी) ए एवं एनडीपीएस, नई दिल्ली ने कुल 2 करोड़ 80 लाख मूल्य की चल-अचल संपत्तियों को फ्रीज करने के आदेश की पुष्टि करते हुए कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जानकारी के अनुसार पहले प्रकरण में हरियाणा निवासी मुसलम खान और उसके भाई असलम खान की 2.40 करोड़ की छह अवैध संपत्तियाँ फ्रीज कर दी गईं। ये संपत्तियाँ कई ट्रकों और एक बोलेरो वाहन के रूप में मिलीं, जिनकी खरीद, अवैध मादक पदार्थों की कमाई से की गई थी। मामला थाना रसूलपुर, फिरोजाबाद में दर्ज एनडीपीएस मुकदमे से जुड़ा है, जिसमें मुसलम खान बिहार से डोडा लाकर हरियाणा में सप्लाई करते समय गिरफ्तार हुआ था।

दूसरे मामले में शामली निवासी नौशाद की 40 लाख की संपत्ति और ट्रक को अवैध संपत्ति मानते हुए फ्रीज किया गया है। नौशाद राजस्थान और मध्य प्रदेश से डोडा मंगवाकर सस्ते दामों में बेचने के प्रयास में गिरफ्तार किया गया था। दोनों मामलों में एएनटीएफ द्वारा की गई प्रभावी पैरवी के बाद 9 दिसंबर को सक्षम प्राधिकारी ने फ्रीजिंग आदेशों की पुष्टि की है।

कार्रवाई में एएनटीएफ आगरा ऑपरेशनल यूनिट के पुलिस उपाधीक्षक उमेश पवार, प्र.नि. हरवेन्द्र मिश्रा, उ.नि. गौरव शर्मा व नवीन कुमार की अहम भूमिका रही है। गैंग से जुड़े अन्य सदस्यों की जांच पड़ताल की जा रही है। पूरे प्रकरण में और भी प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

## स्कूली छात्रों में मारपीट, मुकदमा दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

मानक नगर थाना क्षेत्र के आरडीएसओ कैंपस में स्थित केंद्रीय विद्यालय के एक छात्र ने अपने बाहरी दोस्तो को बुला स्कूल की छुट्टी के बाद अपने ही कक्षा में पढ़ने वाले एक किशोर छात्र की जमकर पिटाई कर दी। जिसके जानकारी होने पर चोटिल छात्र के पिता छात्र एवं उसके अज्ञात साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

मानक नगर के मेंहदी खेड़ा निवासी गौतम प्रिय ने बताया उनका किशोर पुत्र केंद्रीय विद्यालय आरडीएसओ में कक्षा 9 का छात्र है।

आरोप है कि मंगलवार दोपहर स्कूल की छुट्टी होने के बाद उनके पुत्र के कक्षा में ही पढ़ने वाला सहपाठी किशोर छात्र योजना बना अपने पांच छ बाहरी दोस्तो को बुला स्कूल गेट के बाहर उनके पुत्र की बेरहमी से पिटाई कर दी जिसकी जानकारी होने पर पिता ने मानक नगर थाने पर पहुंच आरोपित किशोर छात्र और उसके अज्ञात साथियों के खिलाफ शिकायत की है। मानक नगर थानाध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने बताया कि छात्र के पिता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

## बिजली ट्रांसफार्मर से तेल और कॉपर चोरी

**पायनियर समाचार सेवा। सरोजनीनगर**

बंथरा इलाके में बीते दिनों चोरों ने विद्युत ट्रांसफार्मर को नीचे गिरा कर उसके अंदर से कॉपर का जा, क्वायल, रॉड और तेल चोरी कर लिया। जानकारी होने के बाद अवर अभियंता ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बंथरा के भटगांव स्थित 11 केवी एलटी के अवर अभियंता विनय कुमार के मुताबिक बीती 7-8 दिसंबर की रात चोरों ने बनी विद्युत उपकेंद्र से पोषित 11 केवी अवतारनगर फीडर से जुड़े नीवां बाजार में रखे ढाई सौ केवीए के विद्युत ट्रांसफार्मर को पिलिथ से गिराकर उसका तेल निकालने के साथ ट्रांसफार्मर को खोलकर उसके अंदर लगे कॉपर का जा, क्वायल, रॉड चोरी कर लिया।

## मुख्यमंत्री के आदेश पर दर्ज हुआ दहेज उत्पीड़न का मामला

**पायनियर समाचार सेवा। सरोजनीनगर**

बिजनौर इलाके की महिला ने अपने ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट और जान से मारने की कोशिश का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री से शिकायत की।

मुख्यमंत्री के आदेश पर बिजनौर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भक्तिखेड़ा निवासी शिल्पी के मुताबिक उसकी शादी 2 मई 2023 को बिजनौर के गढ़ी मोहल्ला निवासी संतराम उर्फ संत कुमार से हुई थी। विवाह के कुछ दिन बाद ही पति, सास, ससुर, देवर और ननद दहेज की मांग को लेकर आए दिन ताने देने के साथ मारपीट करने लगे। शिल्पी का आरोप है कि 16 जून 2025 की शाम पति सहित ससुराल के कई लोग नशे की हालत में उसके मायके पहुंचे और उसके साथ मारपीट की। पति ने बाल पकड़कर जमीन पर गिराया और गले पर चाकू रखकर जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर पड़ोसियों के आने पर आरोपी भाग निकले और जाते-जाते पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दे गए।

पीड़िता का कहना है कि एक जून को भी ससुराल वालों ने उसे पीटा और उसकी एक वर्ष की बच्ची को मारकर फेंकने का प्रयास किया। आरोप है कि उसके जेवर और कपड़े भी ससुराल वालों ने रख लिए और उसे घर से भगा दिया। तब उसने अपने मायके में सूचना दी। इसके बाद मायके वाले उसे अपने घर ले आये, लेकिन इसके बाद से आरोपी शराब पीकर उसके मायके पहुंचकर लगातार धमकी देते हैं, जिससे पूरा परिवार भयभीत है। पीड़िता का आरोप है कि दहेज में 15 लाख रुपये खर्च करने के बावजूद ससुराल वाले कार और पांच लाख रुपये की मांग कर रहे हैं। शिल्पी का कहना है कि 1090 और 112 पर कई बार कॉल करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। तब पीड़िता ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से की। फिलहाल मुख्यमंत्री के आदेश पर बिजनौर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

## बच्ची हैवानियत का शिकार होने से बची

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

❖ कबाब रोल खिलाने और घुमाने के बहाने मौसा ले गया कुकरैल जंगल

गुडंबा थाना क्षेत्र में 6 वर्षीय बच्ची हैवानियत का शिकार होने से बाल-बाल बच गई। 7 दिसम्बर को रिश्ते का मौसा उसे कबाब रोल खिलाने और घुमाने के बहाने घर से ले गया और कुकरैल जंगल में ले जाकर गंदी हरकतें करने लगा। लेकिन अत्यधिक शराब पीने से आरोपी वहीं बेसुध होकर सो गया, जिससे बच्ची की जान बच गई। 8 दिसम्बर को तड़के 3.30बजे बच्ची अपने घर से करीब एक किलोमीटर दूर पर मिली।

परिजनों ने बताया कि बच्ची नकाफी हिम्मत दिखाई रात भर जंगल मे अकेली बैठी रही अगर इधर उधर भटकती तो मिलना मुश्किल हो जाता।जंगल मे कोई जानवर भी अपना शिकार बना सकता था।

इसी दौरान एक राहगीर ने मासूम को जंगल में अकेले देखकर पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बच्ची को सुरक्षित बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। घटना 7 दिसंबर की शाम की है, जब बच्ची अचानक घर से लापता हो गई। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। देर रात बच्ची के पिता ने गुडंबा थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी और इलाके में लगातार खोजबीन शुरू की।

### आरोपी के अधिक नशे में होने से बच गयी बच्ची

बच्ची 8 दिसंबर तड़के करीब 3:30 बजे कुकरैल जंगल से बरामद हुई। बच्ची ने बताया कि पड़ोस में रहने वाला रिश्ते का मौसा रमेश (32) उसे कबाब रोल खिलाने और ई-रिक्शा से घुमाने के बहाने ले गया। रास्ते में उसने शराब पी और फिर जंगल ले जाकर गंदी हरकतें शुरू कर दीं। इसी दौरान वह नशे में बेसुध होकर सो गया, जिससे बच्ची बच गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया तो उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया।

### दो साल से पड़ोस में रहता था आरोपी

आरोपी रमेश शादीशुदा है और पिछले दो साल से बच्ची के पड़ोस में रह रहा था। इस कारण उसका घर में आना-जाना था और बच्ची भी उसके पास चली जाती थी। इंस्पेक्टर गुडंबा प्रभतेश श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी को जेल भेज दिया गया है। परिजनों ने कहा कि बच्ची ने बेहद हिम्मत दिखाई–वह रातभर जंगल में एक ही जगह बैठी रही, वरना उसे ढूंढना मुश्किल हो जाता और किसी जानवर का भी खतरा हो सकता था।




# सोलर रूफटॉप इंस्टालेशन की गति बरकरार रखी जाए

## मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों के साथ शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्य सचिव एसपी गोयल ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलों की सराहना करते हुए कहा कि विगत महीनों में सोलर रूफटॉप इंस्टालेशन को जो गति मिली है, इसे आगे भी बनाए रखा जाए। इस योजना से उपभोक्ताओं को वास्तविक रूप से बहुत अधिक लाभ हो रहा है और इसमें अपार संभावनाएं हैं, इसलिए आमजन को अधिक से अधिक प्रेरित किया जाए।

मुख्य सचिव बुधवार को सभी जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं एवं



कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा कर दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने योजना में धीमी प्रगति वाले जनपदों को निर्देशित किया कि जनपद सोलर इंस्टालेशन की प्रगति की समीक्षा की जाए और इसमें अपेक्षित तेजी लाई जाए। जनप्रतिनिधियों तथा व्यापारिक संगठनों की बैठक कर योजना के लाभ बताते हुए लोगों को इंस्टालेशन के लिए प्रेरित किया जाए ताकि अन्य नागरिक भी प्रोत्साहित हों। हाईराइज बिल्डिंग्स एवं सोसाइटीज में आरडब्ल्यूए के साथ बैठक कर सामुदायिक सोलर पैनल लगवाने हेतु प्रेरित किया जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि इंस्टालेशन के बाद इंस्पेक्शन, नेट मीटरिंग तथा प्रथम बिल जेनरेशन समयबद्ध रूप से पूर्ण हो। बैंकर्स के साथ नियमित बैठक कर उपभोक्ताओं को आसानी से ऋण उपलब्ध कराया जाए। प्रति लाख कनेक्शन पर सर्वाधिक सोलर इंस्टालेशन करने वाले जनपदों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष के लंबित प्रकरणों को समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि जिलाधिकारियों के सतत प्रयासों से लंबित प्रकरणों में उल्लेखनीय कमी आई है। वर्तमान में केवल पांच जनपद बहराइच, महोबा, सिद्धार्थनगर, महाराजगंज एवं आगरा में जिला स्तरीय कमेटी के पास सौ से अधिक प्रकरण लंबित हैं। उन्होंने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि शेष सभी प्रकरणों को जिला स्तरीय कमेटी की बैठक कर शीघ्र निस्तारित कराया जाए तथा पुलिस एवं चिकित्सा विभाग स्तर पर लंबित प्रकरणों की भी शीघ्र समीक्षा कर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती की कार्यवाही बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार द्वारा जारी समय-सारिणी के अनुसार पारदर्शी तरीके से पूर्ण करायी जाए।

# पोर्टल पर सटीक, त्रुटिरहित व समय से किया जाए डेटा अंकन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

❖ राज्य स्तरीय निगरानी समिति की बैठक

मुख्य सचिव एसपी गोयल ने कहा कि पंचायत विकास सूचकांक पंचायतों के राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर समग्र विकास प्रदर्शन तथा प्रगति का सटीक आकलन करने का एक प्रभावी माध्यम है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को पोर्टल पर पूर्णतः सटीक, त्रुटिरहित एवं समयबद्ध ढंग से डेटा अंकन करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्राप्त स्कोर एवं आंकड़ों के आधार पर पंचायतों में विकास संबंधी कमियों की पहचान कर लक्षित विकास योजनाएं तैयार की जाएं तथा पंचायतों के बीच बेहतर प्रदर्शन के लिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित किया जाए। मुख्य सचिव बुधवार को राष्ट्रीय पंचायत विकास सूचकांक (पीडीआई) की राज्य स्तरीय निगरानी समिति की महत्वपूर्ण बैठक कर रहे थे। उन्होंने विषय में पंचायतों को संवेदनशील एवं जागरूक बनाने पर भी विशेष बल दिया। बैठक में अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अंतर्गत पंचायत विकास सूचकांक का मूल उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में व्याप्त असमानताओं की पहचान करना, सतत विकास लक्ष्यों की प्रगति का मूल्यांकन करना तथा ग्रामीण जीवन स्तर में गुणात्मक सुधार के लिए नीतियां बनाने में सहायता करना है। इसका मुख्य लक्ष्य गरीबी मुक्त एवं आजीविका संपन्न गांवों का निर्माण करना, स्वस्थ गांवों का विकास करना, बाल हितैषी पंचायतों की स्थापना करना, जल संपन्न पंचायतों का सृजन करना, स्वच्छ एवं हरित पंचायतों को बढ़ावा देना, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे से युक्त पंचायतों का निर्माण करना, सामाजिक न्याय एवं सुरक्षित पंचायतों को प्रोत्साहित करना तथा सुशासन और महिला हितैषी पंचायतों के माध्यम से समग्र विकास को गति प्रदान करना है।

# यूपी सीईओ ने आयोग से मांगा दो सप्ताह का समय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

❖ प्रदेश में 99.24 प्रतिशत गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण

यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित ढंग से पूर्ण करने तथा शुद्ध मतदाता सूची को बनाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग से 2 सप्ताह का समय और बढ़ाने का अनुरोध किया गया है, जिससे कि जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा मृतक, शिफ्टेड तथा अनुपस्थित मतदाताओं का पुनः सत्यापन कराया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 99.24 प्रतिशत गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण हो चुका है। डिजिटाइज्ड गणना प्रपत्रों में 18.85 प्रतिशत गणना प्रपत्र असंग्रहीत जैसे कि मृतक, स्थायी रूप से स्थानान्तरित, अनुपस्थित व दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं आदि की श्रेणी में चिन्हित किया गया है। अभी तक 80.29 प्रतिशत गणना प्रपत्र मतदाता व उसके परिवार के अन्य सदस्य के हस्ताक्षर से वापस प्राप्त हुए है। उन्होंने बताया कि 18.85 प्रतिशत लगभग 2.91 करोड़ मतदाताओं के गणना प्रपत्र असंग्रहीत श्रेणी के हैं, जिसमें सर्वाधिक 8.22 प्रतिशत लगभग 1.27 करोड़ स्थायी रुप से अपने निवास स्थान से शिफ्टेड मतदाता, 2.98 प्रतिशत लगभग 45.95 लाख मृतक मतदाता, 1.5 प्रतिशत लगभग 23.69 लाख ऐसे मतदाता जो पहले से ही किसी और स्थान पर भी मतदाता हैं। 0.62 प्रतिशत लगभग 9.58 लाख ऐसे मतदाता जिन्होंने गणना प्रपत्र लेकर अभी तक वापस नहीं किया तथा 5.49 प्रतिशत लगभग 84.73 लाख मतदाता अनुपस्थित हैं। मतदाताओं से अभी तक प्राप्त गणना प्रपत्रों का वर्ष-2003 की मतदाता सूची से मैपिंग का कार्य 76 प्रतिशत से अधिक पूर्ण हो चुका है। उन्होंने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि मैपिंग के कार्य में और तेजी लाते हुए इसे जल्द से जल्द पूरा करें। उन्होंने कहा कि ऐसे मतदाता जिनका नाम वर्ष-2025 की मतदाता सूची में न होने से उनको गणना प्रपत्र नहीं प्राप्त हुए, उनसे फार्म-6 भरवाएं जाएं। इसी प्रकार 1 जनवरी, 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे युवाओं को मतदाता बनने के लिए फार्म-6 भरवाये जाएं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक 14 जिलों एवं 132 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा 1,43,509 मतदेय स्थलों में गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण हो चुका है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से मृतक, स्थायी रूप से स्थानान्तरित, अनुपस्थित तथा दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं के सत्यापन में सहयोग करने की अपील की है।

# एआईआर फार्म भराने में जनता की मदद करें सपा कार्यकर्ता: निषाद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/गाजीपुर

जमानिया विधानसभा क्षेत्रांतर्गत बारा कलां, गहमर, नसीरपुर ग्राम पंचायत में एसआईआर के सम्बन्धमें पीडीए चौपाल कर बचे-खुचे लोगों का एसआईआर फार्म भरने की अपील की गयी।

बारा में शिवमुनि निषाद के संयोजकत्व व संतोष बिन्द की अध्यक्षता और गहमर उत्तर टोला में रामनरेश यादव के संयोजकत्व व रामबृक्ष बिन्द की व नसीरपुर में नेपाल निषाद की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। पीडीए जनचौपाल को सम्बोधित करते हुए समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चौ. लौटनराम निषाद ने कहा कि जो एसआईआर हो रहा है,वह केवल आम जनता को परेशान करने की साजिश चल रही है। उन्होंने आगे कहा कि आज का जो परिवेश है,वह जन विरोधी लोकतंत्र विरोधी है। निषाद ने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि आप सभी नेता कार्यकर्ता तन मन से लगकर एसआईआर की प्रक्रिया पूरी करने में पार्टी और आम जनता की मदद करें।

## वंचित पेंशनधारियों को चिन्हित कर दी जाएं पेंशन

लखनऊ। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पेंशन योजना के संबंध में निर्देशित करते हुए कहा कि पेंशन के जो वंचित पात्र लाभार्थी हैं उनको हर हाल में पेंशन मिलनी चाहिए। कैंप लगाकर पात्रों का चिन्हाकन किया जाए, जो प्रार्थना पत्र प्राप्त हो रहे हैं,उनका गहनता से परीक्षण किया जाए। उपमुख्यमंत्री उन्नाव के भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस उन्नाव में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए अभियान चला कर कार्य किया जाये, अधिक से अधिक महिला समूह बनाए जाएं।

# 5 मुख्य अभियंताओं को चेतावनी, दो को एडवर्स इन्ट्री व एक का निलंबन

❖ यूपीपीसीएल के अध्यक्ष ने बिजली अधिकारियों के कसें पेंच

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



विद्युत वितरण निगमों के कार्यो की समीक्षा बैठक में बुधवार यूपी पावर कारपोरेशन अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने अधिकारियों के जमकर पेंच कसे। खराब परफारमेन्स के लिये 5 मुख्य अभियंताओं कानपुर, बांदा, सीतापुर गोरखपुर तथा झांसी को चेतावनी तथा मिर्जापुर के मुख्य अभियंता को स्थानान्तरित करने के निर्देश दिए गए, खराब परफारमेंस पर ही सुशील कुमार सहायक अभियंता (कासगंज) को एडवर्स इन्ट्री तथा आसुतोष कुमार (मिर्जापुर) को निलम्बित करने के निर्देश दिये गये हैं।

अध्यक्ष ने कहा कि नेवर पेड एवं चोरी के प्रकरणों के रजिस्ट्रेशन में प्रगति बहुत धीमी है। उन्होंने अनेक एसडीओ से योजना की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहाकि बिजली बिल राहत योजना में जिन अधिकारियों के क्षेत्रों में अच्छा कार्य नहीं होगा उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाई होगी। एक-एक बकायेदार से सम्पर्क कर उन्हें योजना का लाभ बताइये और बकाया जमा कराइये। उन्होने कहा कि सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि अपने अपने क्षेत्रों में योजना के पात्र उपभोक्ताओं का पंजीकरण कराकर बकाया जमा करायें। जिला प्रशासन से सम्पर्क कर सभी विभागों का सहयोग लेकर एक-एक उपभोक्ता तक योजना को पहुँचाये। मीटर रीडर, फीडर मैनेजर, पम्पलेट, न्यूज पेपर, वाट्सएप मैसेज, कॉलर ट्यून, सोशल मीडिया और प्रिंट मीडिया आदि का उपयोग करके व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करें। इस योजना में पहली बार 100 प्रतिशत ब्याज माफी के साथ मूलधन में भी भारी छूट मिलेगी। उपभोक्ताओं को जल्दी पंजीकरण कराने एवं बकाया जमा करने पर ज्यादा छूट का लाभ मिलेगा। सभी प्रकार के बिजली चोरी मामलों में भी राहत व मुकदमें से छुटकारा मिलेगा। योजना के अन्तर्गत मूलधन में 25 प्रतिशत की छूट भी मिल रही है।

बिजली बिल राहत योजना के अन्तर्गत अब तक 3,62854 उपभोक्ताओं ने (नेवर पेड एवं लॉन्ग अनपेड) पंजीकरण कराया। जिससे 282.91 करोड़ रुपये की राजस्व धनराशि प्राप्त हुई। बिजली चोरी के प्रकरणों में योजना का लाभ लेने के लिए 4911 रजिस्ट्रेशन हुए है। अध्यक्ष ने कहाकि प्रत्येक उपभोक्ता को फोन काल करें और व्यक्तिगत रूप से भी उससे सम्पर्क करके उसे योजना का लाभ लेने के लिये सहमत करें। अध्यक्ष ने कहा हर उपभोक्ता तक मुनादी पहुंचायें। सम्पर्क करें तथा उसे बकाये की नोटिस दें तथा योजना के पाम्पलेट एवं सूचना पर्ची दें। माइक्रो प्लान बनाकर हर कार्मिक एजेन्सी (फिनटेक) को इसमें लगाकर कार्य करायें। अध्यक्ष ने कहा कि बिजली चोरी के मामलों में बतायें कि योजना के माध्यम से मुकदमा तथा एफआईआर का निस्तारण करायें, कोर्ट कचेहरी के चक्कर से बचें। योजना के लिये कार्मिकों के लिए प्रोत्साहन योजना भी लागू की गयी है। अच्छा परिणाम देने वाले कार्मिकों एवं कलेक्शन एजेन्सियों को प्रोत्साहन राशि का भी प्रविधान किया गया है। योजना की समाप्ति के उपरान्त प्राप्त प्रगति के आधार पर डिस्कॉम की समीक्षा की जायेगी।

समस्त डिस्काम में निर्धारित मानक से ऊपर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 10 अधिशासी अभियन्ताओं, 20 उपखण्ड अधिकारियों एवं 30 अवर अभियन्ताओं को प्रशस्ति-पत्र के साथ प्रोत्साहन धनराशि प्रदान की जायेगी। अध्यक्ष ने कहा कि अधिकारियों का मूल्यांकन योजना की प्रगति के आधार पर किया जायेगा। अध्यक्ष ने कहा कि ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्तता रूकनी चाहिए। लगातार इसके लिये प्रयासरत रहने की आवश्यकता है। जहां भी ट्रांसफार्मर डैमेज कम नहीं हुआ है वहॉ सख्त कार्यवाई करिये। अभी तक क्यों कार्यवाई नहीं हुई। ट्रांसफार्मर डैमेज पर सभी डिस्कॉम कार्यवाई करें।

## संक्षिप्त समाचार

### 'समता भाव मंजरी', काव्य संगोष्ठी का आयोजन

**लखनऊ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राष्ट्रीय कला मंच की लखनऊ विश्वविद्यालय की इकाई द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय के गाँधी प्रतिमा पार्क में 'समता भाव मंजरी' काव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाबा साहब भीम राव राम जी अम्बेडकर जी का सजीव चित्रांकन किया गया तथा भारतीय संस्कृति, लोक-आस्था, समरसता और काव्य परंपरा पर केंद्रित संगोष्ठी संपन्न हुई। कार्यक्रम में युवा कवियों ने अपनी स्वरचित कविताओं का पाठ करते हुए भारतीय परंपरा, सांस्कृतिक गौरव एवं सामाजिक चेतना एवं समरसता के भावों को अभिव्यक्त किया। वक्ताओं ने कहा कि 'समता भाव मंजरी' जैसे आयोजन नवपीढ़ी में साहित्यिक चेतना जगाने के साथ-साथ भारतीय संस्कृति के आदर्शों को आत्मसात करने की प्रेरणा देते हैं। राष्ट्रीय कला मंच की कार्यकर्ता एवं विश्वविद्यालय की ललित कला विभाग के विद्यार्थी शिवम, मानसी, विवेकानंद, रूद्र और संजीव ने अम्बेडकर जी का सजीव चित्रांकन किया तथा कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय कला मंच अवध प्रान्त के प्रान्त सह संयोजक आशुतोष श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम का आरम्भ संस्कृत विभाग के छात्र हर्षित द्वारा संस्कृत मंत्रोच्चरण से हुआ। कविता पाठ के क्रम में प्रखर ने अपनी कविता 'मेरे जीवन के अंधकार का, क्या कोई उपचार करोगे! क्या तुम नइया पार करोगे!' का पाठ किया। अविरल शुक्ल ने अपनी कविता 'मोहब्बत करने वालों देख लो कितनी मिसालें हैं, जिसे हम चाहते पाना वही अक्सर नहीं मिलटे!' कविता का पाठ किया। सूर्यांश ने पढ़ा 'भारत के टूटे सपनों की व्यथा सुनाने आया हूँ! सोने की चिड़िया को फिर से पँख लगाने आया हूं! रोहित ने पढ़ा 'मृत्यु देखी मौन हो गये, ख़ुद मृत्यु को लिक्खा क्या? जिसने भी मृत्यु लिक्खी है, क्या उसने महसूस किया!

### अपलोडिंग के लिए समय-विस्तार की मांग

**लखनऊ।** सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया के प्रदेशाध्यक्ष निजामुद्दीन खान ने उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड तथा उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों को पत्र प्रेषित कर वक्फ (संशोधित) अधिनियम, 2025 की धारा 3(ख) के अंतर्गत उमीद सेंट्रल पोर्टल पर वक्फ तथा वक्फ को समर्पित संपत्तियों का विवरण अपलोड करने के लिए अतिरिक्त 6 माह का समय-विस्तार प्रदान करने की मांग की है। प्रदेश अध्यक्ष ने भेजे गए पत्र में यह उल्लेख किया गया है कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में वक्फ संपत्तियों के अभिलेखों का संकलन, सत्यापन तथा तकनीकी रूप से पोर्टल पर अपलोडिंग की प्रक्रिया अपेक्षा से अधिक समय लेने वाली सिद्ध हुई है। निर्धारित समय सीमा पूर्ण होने के बावजूद अनेक वक़्फ़ संपत्तियों का विवरण अपलोड नहीं हो पाया है। वक्फ (संशोधित) अधिनियम, 2025 की धारा 3(ख) के अंतर्गत उम्मीद सेंट्रल पोर्टल पर सभी वक्फ संपतियों का पंजीकरण एवं सटीक, संपूर्ण एवं त्रुटिरहित डेटा अपलोड करना अनिवार्य है, जिसके लिए सभी अभिलेखों की शुद्धता सुनिश्चित करना आवश्यक है।

### जसप्रीत बुमराह को बनाया ब्रांड एंबेसडर

**लखनऊ।** हाइजीनिक रिसर्च इंस्टीट्यूट (एचआरआई) के भारत के अग्रणी हेयर कलर और केयर ब्रांड स्ट्रीक्स ने अपने इनोवेटिव प्रोडक्ट स्ट्रीक्स शैंपू हेयर कलर के लिए भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। यह साझेदारी एक ऊर्जावान नए कैंपेन 'मैं फास्ट, स्ट्रीक्स सुपरफास्ट' के साथ लॉन्च की जा रही है, जो आत्मविश्वास, गति और सहज स्टाइल का जश्न मनाता है। जसप्रीत बुमराह—अपनी स्पीड, उच्च प्रदर्शन और निरंतरता के लिए मशहूर स्ट्रीक्स शैंपू हेयर कलर के स्पीड और गुणवत्तापूर्ण प्रदर्शन के वादे का सटीक प्रतिनिधित्व करते हैं। उनकी अनुशासित पर्सनैलिटी और व्यापक अपील उन्हें ऐसे उत्पाद की आवाज बनाती है जो क्विक, असरदार और उच्च गुणवत्ता वाले परिणामों पर आधारित है।

### दर्शन के लिए पहुंचे श्री साईं चरण पादुका

**लखनऊ।** द गोल्डेन सेलिब्रेशन, कपूरथला चौराहे से छन्नी लाल चौराहा के मध्य में महानगर-लखनऊ को दो दिवसीय श्री साईं चरण पादुका भक्तों के दर्शन के लिए पहुंच रही हैं। कार्यक्रम आयोजक राजेश अरोड़ा ने बताया कि श्री सांई चरण पादुका भक्तों के दर्शन के लिए लखनऊ लायी जा रही है। गुरुवार 11 दिसम्बर प्रातः 10 बजे से चरण पादुका प्रतिष्ठापन व दर्शन, 12 बजे मध्यान आरती, साई कथा पूज्य गुरु श्री शुभम बहल द्वारा दोपहर 1 बजे, साई भजन मीनू सचदेवा, साई सेवक उमाशंकर जी महाराज सायं 4 बजे धूप आरती सायं 6:30 बजे, साई भजन सम्राट सक्सेना बन्धु व राधा राठौर सायं 7 बजे आयोजित किया जाएगा। प्रवक्ता अनुराग साहू ने बताया कि दूसरे दिन शुक्रवार 12 दिसम्बर प्रातः 9 बजे से पादुका यात्रा (साई मन्दिर कपूरथला से कार्यक्रम स्थल तक) प्रातः 9 बजे, चरण पादुका दर्शन प्रातः 11 बजे रात्रि 10 बजे तक, साई कथा पूज्य गुरू श्री शुभम बहल जी द्वारा दोपहर 1 बजे, साई भजन विष्णु तिवारी सायं 4 बजे, धूप आरती सायं 6:30 बजे, साई भजन पारस जैन सायं 7 बजे भजनों की प्रस्तुति देगे।

### पब्लिक ऑफर 12 को खुलेगा

**लखनऊ।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (कंपनी) अपने इनिशियल पब्लिक ऑफर (''ऑफर'') में इक्विटी शेयर्स के लिए बिड/ऑफर 12 दिसंबर 2025 को खोलेगी और 16 दिसंबर 2025 को बंद करेगी। एंकर इन्वेस्टर बिडिंग डेट 11 दिसंबर 2025 होगी।यह ऑफर कंपनी के एक प्रमोटर, यानी प्रूडेंशियल कॉर्पोरेशन होल्डिंग्स लिमिटेड द्वारा ऑफर फॉर सेल के जरिए अधिकतम 48,972,994 इक्विटी शेयर्स तक का है। ऑफर में पात्र आईसीआईसीआई बैंक शेयरहोल्डर्स के लिए अधिकतम 2,448,649 इक्विटी शेयर्स का रिजर्वेशन शामिल है (इसे ''आईसीआईसीआई बैंक शेयरहोल्डर रिजर्वेशन पोर्शन'' कहा जाएगा)। आईसीआईसीआई बैंक शेयरहोल्डर रिजर्वेशन पोर्शन को घटाने के बाद बचा ऑफर ''नेट ऑफर'' कहलाएगा।

### स्थापित किए जाएं अधिक से अधिक उद्यम

**लखनऊ।** यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र मे किसानो व उद्यमियो की आमदनी बढ़ाने तथा युवाओं के लिए रोजगार की अपार सम्भावनायें है। उन्होने खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अधिकारियो को निर्देश दिये हैं कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति के तहत दी जा रही सुविधाओं तथा प्रदत्त व प्राविधानित अनुदान आदि के बारे मे लोगो को जागरूक व प्रेरित किया जाये, ताकि अधिक से अधिक उद्यम स्थापित हो सकें। उप मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन मे खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को लगातार स्वीकृति मिल रही है और उत्तर प्रदेश निवेशकों की पसंद बन रहा है। खाद्य प्रसंस्करण से किसानो व युवाओं की आमदनी बढ़ाने के लिए सरकार के ठोस प्रयास किये जा रहे हैं। उप्र खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 से उद्यमियों को नये आयाम मिल रहे हैं।

# फाइलेरिया उन्मूलन के लिए साल में एक बार चलेगा एमडीए

❖ संक्रमण घटने की रिपोर्ट आने के बाद लिया गया फैसला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश में अब साल में एक बार ही सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान चलाया जाएगा। 51 जिलों के 782 ब्लाक से शुरू हुआ फाइलेरिया उन्मूलन अभियान अब 17 जिलों के 52 ब्लाक तक सिमट गया है। यह साबित करता है कि उत्तर प्रदेश में फाइलेरिया उन्मूलन की ओर है।

राज्य फाइलेरिया अधिकारी डॉ ए.के. चौधरी ने बताया कि इस साल फरवरी व अगस्त में हुए एमडीए राउंड के पहले किए गए प्रि-टास (ट्रांसमिशन एसेसमेंट सर्वे), टास और नाइट ब्लड सर्वे (एनबीएस) के आधार पर पाया गया कि सिर्फ 17 जिलों के 52 ब्लाक में ही एमडीए करने की जरूरत है। इसके आधार पर तय किया गया है कि इस साल से सिर्फ फरवरी में ही एमडीए अभियान चलाया जाएगा। गौरतलब है कि अभी तक साल में दो बार फरवरी व अगस्त में एमडीए अभियान चलाया जाता था। आगामी एमडीए अभियान के मद्देनजर मंगलवार को इन 17 जिलों के मास्टर ट्रेनर को वर्चुअल माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। डॉ चौधरी ने बताया कि इस बार के एमडीए में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसी के चलते यह मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। अब ये मास्टर ट्रेनर अपने-अपने जिलों में आशा, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) व अन्य संबंधित स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित करेंगे। इन 17 जिलों में से आठ जिलों में सीएचओ-पीएसपी समूह मरीजों को दवा खिलवाने व विरोध करने वाले को तैयार करने में सहयोग करेंगे। इसके अलावा डिस्ट्रिक्ट कोर ग्रुप भी बनाए जा रहे हैं ताकि साथियों को जोड़ने में मदद की जा सके और उन्हें कार्यक्रम में सक्रिय रूप से हिस्सा लेने और कवरेज बढ़ाने के लिए संगठित किया जा सके। डॉ चौधरी ने बताया कि प्रदेश से फाइलेरिया उन्मूलन के लिए रणनीतिक बदलाव किए गए हैं। प्रत्येक फाइलेरिया मरीज को जल्द से जल्द निदान एवं उपचार, प्रत्येक यूनिट पर रुग्णता प्रबंधन और विकलांगता निवारण (एमएमडीपी) क्लीनिक स्थापित करना व संबंधित अन्य विभागों के साथ समन्वय स्थापित करके एमडीए को मिशन मोड में चलाना इसमें प्रमुख हैं। उन्होंने सभी जिलास्तरीय अधिकारियों से जोर देकर कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को सामने दवा खिलाना सुनिश्चित करना है और दवा न खाने वालों का चिंहिकरण करें ताकि सब मिलकर उनको समझा सकें। उन्होंने फाइलेरिया मरीजों का विकलांगता प्रमाण पत्र बनवाने के लिए भेजने की बात भी कही। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ), पाथ, पीसीआई, सीफार व जीएचएस के प्रतिनिधियों ने मास्टर ट्रेनर के साथ विभिन्न मुद्दों पर बात की और उनके सवालों के जवाब दिए। सभी ने माइक्रो प्लानिंग करने पर फोकस किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रधान व कोटेदारों को पहले की तरह शामिल करने, आशा को अच्छे से प्रशिक्षित करने व मदरसों में कैंप लगाने की बात कही गई।

# योगा, लेजियन और नए टैबलेट्स के साथ स्मार्ट डिवाइस प्रदर्शित किए

**लखनऊ।** ग्लोबल टेक्नोलॉजी लीडर लेनोवो ने लखनऊ में अपने नए एआई-संचालित कंज़्यूमर डिवाइस पोर्टफोलियो का प्रदर्शन किया। इस शोकेस में प्रीमियम एआई पीसी, इमर्सिव टैबलेट्स और अगली पीढ़ी के गेमिंग सिस्टम प्रदर्शित किए गए। इस पहल के माध्यम से कंपनी ने उत्तर प्रदेश के उपभोक्ताओं के लिए उन्नत और एआई तकनीक को अधिक सुलभ बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ किया। इस इवेंट का मुख्य आकर्षण था योगा स्लिम 7आई ऑरा एडिशन-एक एआई पीसी जिसे लेनोवो ने इंटेल के साथ मिलकर तैयार किया है। यह डिवाइस प्रीमियम डिज़ाइन को ऑन-डिवाइस एआई तकनीक के साथ जोड़ता है, जो उपयोगकर्ता की जरूरतों के अनुसार अपने-आप प्रदर्शन को समायोजित करता है। यह प्रोफेशनल्स, क्रिएटर्स, विद्यार्थियों और मल्टीटास्कर्स के लिए सहज और स्मार्ट अनुभव प्रदान करता है और बदलती डिजिटल ज़रूरतों के अनुरूप है। इस मौके पर लेनोवो इंडिया के नॉर्थ और ईस्ट-कंज्यूमर बिज़नेस के सेल्स हेड, राघवेन्द्र अरावीती ने नए लेगियॉन जेन 10 लाइनअप के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि इसमें लेगियॉन प्रो 7आई, प्रो 5आई 7आई और 5 आई शामिल हैं, को गेमर्स और क्रिएटर्स दोनों के लिए डिज़ाइन किया गया है। इनमें इंटेल कोर अल्ट्रा 9 275 एच एक्स प्रोसेसर और एनविडिया जीफोर्स आरटीएक्स 5090 24 जीबी ग्राफिक्स तक का विकल्प उपलब्ध है।

# हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव: लोक गीत पर मंत्रमुग्ध श्रोता

## मेरे नैना सावन भादो फिर भी मेरा मन प्यासा गाने पर भाव्या तिवारी ने मनमोहक प्रस्तुति

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

स्मृति उपवन में चल रहे माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व सदस्य विधान परिषद,वरिष्ठ नेता भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश अरविंद त्रिपाठी 'गुड्डू' एवं आयोजक अरुण प्रताप सिंह ,रणवीर सिंह, गुंजन वर्मा और हेमू चौरसिया ने सांस्कृतिक संध्या का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में संस्कृति विभाग द्वारा सुरेश प्रसाद कुशवाहा भोजपुरी लोकगीत की प्रस्तुति ने समां बांधा। सर्वप्रथम देवी भजन कब ले रहिया आवे माई के रहिया.... की प्रस्तुति से



श्रोता भक्ति भाव से विभोर हुए। का करें बुढ़िया बेचारी, पतोहिया जब खिलाड़ी निकलल.... से दर्शकों को आकर्षित किया। पटना से बैठा बुला दा .... दिनभर चाहें जहां रहियो हमार पिया हो.....जया ने भोजपुरी लोकगीत सुनाकर दर्शकों का मन मोहा। ढोलक पर सुंदर कश्यप पैड पर सूरज कुमार आर्गन पर समर्पित बैंजो पर शीलू मिश्रा ने संगत दी। इस प्रस्तुति के बाद मधुलिका हांबी क्लासेस की जोरदार प्रस्तुति रही जिसमें अविका सिंह,महक सिंह, कृतिका, समृद्धि, शैली, खुशी, गौरी मिश्रा, वर्तिका आदि ने अपनी अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीता।मेरे नैना सावन भादों... गीत से भाव्या तिवारी ने मनमोहक प्रस्तुति दिया बताते चलें कि भाव्या तिवारी आंखों से देख नहीं सकती पर श्रोताओं का दिल जीत लिया।

# पर्यटकों को भ्रमण के लिए 1090 से मिलेगी इलेक्ट्रिक डबल डेकर बस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

राजधानी आने वाले पर्यटकों तथा श्रद्धालुओं को लखनऊ के प्रमुख दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराने के लिए 1090 चौराहे से इलेक्ट्रिक डबल डेकर बस संचालित की जाएगी। इस बस में प्रशिक्षित गाइड की व्यवस्था होगी, जो ऐतिहासिक एवं प्राचीन धार्मिक स्थलों के इतिहास पृष्ठ भूमि मान्यताओं एवं विरासत के बारे में जानकारी देंगें। बस के रूट एवं किराया आदि के बारे में विचार-विमर्श करके निर्णय लिया जाएगा।

पर्यटन मंत्री बुधवार को गोमती नगर स्थित पर्यटन भवन सभागार में पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के कार्यकलापों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस डबल डेकर बस का शुभारंभ भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन 25 दिसंबर को किया जाना प्रस्तावित है। सिंह ने पर्यटन एवं संस्कृति विभाग की निर्माणाधीन परियोजनाओं के अवशेष कार्यों को 31 दिसंबर तथा फरवरी, 2026 तक हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए है। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना पर शीघ्रता से कार्य करते हुए सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के लिए हिदायत दी है। इसके साथ ही विभिन्न विकास परिषदो के क्षेत्र में पर्यटन अवस्थापना सुविधाओं के विकास पर बल दिया है। उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि निर्माण कार्यों में वित्तीय अनुशासन, समयबद्धता तथा गुणवत्ता अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए।

जयवीर सिंह ने समीक्षा के दौरान यह भी निर्देश दिए कि जहां पर भी पर्यटन एवं संस्कृति की परियोजनाएं संचालित की जा रही है उस स्थल पर एक बोर्ड लगाया जाए, जिसमें परियोजना का नाम, अनुमानित लागत, पूर्ण होने की तिथि तथा अधिशासी अभियंता एवं सहायक अभियंता का मो.नं. अंकित हो। इसके साथ ही आम जनता परियोजना की पृष्ठभूमि, आस्था एवं ऐतिहासिक महत्व के बारे में जान सके। उन्होंने बोर्ड पर कार्यदायी संस्था का नाम एवं मो.न. भी दर्शाने के निर्देश दिए।

# प्रमुख सचिव श्रम- सेवायोजन ने अटल आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण



**पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी**

डॉ. एम. के. शन्मुगा सुन्दरम्, प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन, उप्र शासन के द्वारा अटल आवासीय विद्यालय, करसड़ा, वाराणसी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सहायक श्रमायुक्त, अविनाश चन्द्र तिवारी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, सुनील द्विवेदी, तथा अंजनी राय, वरिष्ठ सहायक उपस्थित रहे। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रमुख सचिव के स्वागत में डम्बल एवं लेजियम पीटी प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्राचार्य ने प्रमुख सचिव को पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया। तदुपरान्त उनके द्वारा विद्यालय के प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया। तत्पश्चात प्रधानाचार्य से बातचीत कर विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की संख्या तथा उनकी शैक्षणिक स्थिति एवं विद्यालय के सुचारु संचालन के विषय में आवश्यक जानकारी प्राप्त की तथा अद्यावधि सम्पन्न चार मॉक टेस्ट परिणाम का अवलोकन किया।प्रमुख सचिव ने कक्षा 10 के शैक्षणिक रुप से अपेक्षानुसार प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले छात्र-छात्राओं के साथ बैठक की एवं विस्तार से उनमें से प्रत्येक छात्र-छात्राओं का परिचय प्राप्त करते हुए उनकी अब तक की शैक्षणिक प्रगति की जानकारी प्राप्त की। इस क्रम में उन्होंने गणित, विज्ञान और अंग्रेजी में अपेक्षानुरुप प्रदर्शन नहीं कर पाने के विषय पर बातचीत कर जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित विषयाध्यापकों को बुलाकर विगत 10 वर्षों के बोर्ड परीक्षा में पूछे गए प्रश्नों का समाधान विद्यार्थियों से कराने हेतु निर्देशित किया।

उन्होने यह भी बताया कि कक्षा के उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के साथ कमजोर विद्यार्थियों का छोटा समूह बनाकर तथा रेमिडियल टीचिंग एवं सुपरवाईज्ड स्टडी के दौरान विषय अध्यापक कमजोर विद्यार्थियों की शैक्षणिक समस्याओं का समाधान करें। ताकि अटल आवासीय विद्यालय समिति के विजन के अनुरुप शतप्रतिशत परीक्षाफल प्राप्त किया जा सके।तत्पश्चात कक्षा 10 के सभी विद्यार्थियों के साथ प्रमुख सचिव ने विद्यालय के सभा कक्ष में बैठक की तथा विद्यार्थियों को आगामी परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने हेतु साइंस, स्पोर्टस एवं कला जगत के कई सुप्रसिद्ध एवं सफल व्यक्तित्वों जैसे आरपी सिंह, हरमनप्रीत कौर, अमिताभ बच्चन, मनोज शर्मा (आईपीएस), पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम एवं अल्वर्ट आईस्टीन का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों को कठोर परिश्रम, फोकस, नेवर गिव अप तथा आत्म विश्वास की मनोवृति विकसित करने की सलाह दी।

# गन्ना उत्पादन वृद्धि को लेकर किसानों से संवाद कार्यक्रम

**पायनियर संवाददाता। तुलसीपुर, बलरामपुर**

तुलसीपुर चीनी मिल मिल के सभागार में आयोजित गन्ना उत्पादन वृद्धि हेतु कृषकों से संवाद कार्यक्रम में सम्मिलित होकर अत्यंत हर्ष की अनुभूति हुई। बैठक में जिला गन्ना अधिकारी संजय कुमार , सीनियर गन्ना वैज्ञानिक पद्मश्री डॉ. बख्शी राम ,तुलसीपुर चीनी मिल के युनिट हेड आर एस प्रसाद, एडीएम न्यायिक शिव नारायण सिंह, उपजिलाधिकारी राकेश कुमार जयंत,चीनी मिल मैनेजर ओम पाल, एच आर मैनेजर आशीष प्रताप सिंह उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के माध्यम से क्षेत्र के कृषक भाइयों के साथ उन्नत कृषि तकनीक, बेहतर उत्पादन के उपाय व भविष्य की संभावनाओं पर सार्थक चर्चा हुई। किसानों की मेहनत और समर्पण ही हमारे क्षेत्र की प्रगति की असली शक्ति है। इस अवसर पर भाजपा जिला पूर्व अध्यक्ष प्रदीप सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष रवि कुमार मिश्रा, क्षेत्रीय विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा, सदर विधायक पलटू राम, इकौना विधायक राम फेरन पांडे, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर आरती तिवारी, डॉक्टर आनंद कुमार, रमापति राम त्रिपाठी, धर्मपाल सिंह, डॉक्टर महेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह, राहुल राज रस्तोगी, मिथिलेश त्रिपाठी, विजय बहादुर पाठक, भाजपा जिला मंत्री राम प्रसाद सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# जिला उद्योग बंधु की बैठक संपन्न



**पायनियर संवाददाता। बलरामपुर**

कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में माह दिसंबर, 2025 की जिला उद्योग बंधु की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपयुक्त उद्योग द्वारा पिछले बैठक के अनुपालन में अब तक की गई कार्रवाई का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया।

इस दौरान डीएम ने उद्यमियों से संवाद किया एवं सभी के सुझाव एवं समस्याओं को सुना तथा नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई के निर्देश संबंधित को दिए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम अटल पेंशन योजना, पीएम सूर्य घर योजना, पीएम स्वनिधि योजना, सीएम युवा स्वरोजगार योजना सहित अन्य रोजगारपरक योजनाओं की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप पात्र लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी बैंक में ऋण आवेदन पत्र अनावश्यक रूप से लंबित न रहे। यदि किसी आवेदन में कोई कमी हो तो संबंधित शाखाएं लाभार्थियों से संपर्क कर उसे दूर करें और समयबद्ध ऋण वितरण सुनिश्चित करें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, उपायुक्त उद्योग, बैंकर्स, उद्यमी, व्यापारीगण एवं संबंधित विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डीएम ने एसआईआर कार्यों का किया औचक निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के तहत गणना प्रपत्रों की फीडिंग और मैपिंग के कार्यों का आज जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार द्वारा कटिंग मेमोरियल इंटरमीडिएट कॉलेज का फिर से औचक निरीक्षण किया गया और बुथवार फीडिंग तथा मैपिंग की अद्यतन प्रगति के संबंध में विस्तृत जानकारी ली गई।

उन्होंने विभिन्न कक्षों में जाकर कार्मिकों से आज किए गए गणना प्रपत्रों की मैपिंग और फीडिंग के कार्यों का ब्यौरा लिया। उन्होंने मैपिंग के कार्यों को हर हाल में सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने फॉर्म भरने और सत्यापन प्रक्रिया में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिये। इसके बाद उन्होंने डीएवी पीजी कॉलेज, नरहरपुरा में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित बीएलओ को अगले तीन दिनों के कार्यों के बारे में बताया। कहा कि आपके द्वारा बूथवार गणना प्रपत्र वितरित किये गये, उसे 2003 की मतदाता सूची से मैपिंग कराते हुए जिन मतदाताओं द्वारा अब तक अपने गणना प्रपत्र वापस जमा नही किये हैं या ऐसे मतदाता जो अनुपस्थित थे या दूसरे स्थान पर शिफ्ट हुए हैं या जिसकी मृत्यु हो गयी है या दोहरी प्रविष्ठि है, ऐसे लोगो के गणना प्रपत्र,अनुपस्थित एवं शिफ्टेड तथा मृत्यु डाला गया है, उसके संबंध में निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देश दिया गया है कि सभी एएसडी मार्क मतदाताओं के घर जाकर पुनः चेक कर सत्यापन करा लिया जाय और संबंधित परिवार या किसी बगल के व्यक्ति हस्ताक्षर करवा ले जिससे वास्तविक मतदाता एएसडी श्रेणी में मार्क न हो। उन्होंने कहा कि जनपद में जिन मतदाताओं का गणना प्रपत्र किसी कारणवश डिजिटाइज्ड नही हो पाया है उन मतदाताओं के लिए दिनांक 10, 11,12 तीन दिन विशेष अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि जनपद में एनएसडी मार्क मतदाता को पुनः खोजा जाए तथा जिन मतदाता का नाम त्रुटिवश एनएसडी सूची में पड़ गया है, उन मतदाताओं का क्रॉस चेकिंग करा कर सही मैपिंग किया जाए। इस कार्य हेतु उन्होंने अतिरिक्त अधिकारी लगाकर मैपिंग कार्य कराये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ अपने बूथ से संबंधित बीएलए के साथ बैठक कर एएसडी मतदाता के संबंध में चर्चा कर लें।

# वरिष्ठ भाजपा नेता को प्रांतीय परिषद सदस्य बनाए जाने पर किया सम्मान

**पायनियर संवाददाता। सादुल्लाहनगर**



भारतीय जनता पार्टी द्वारा वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश चंद्र तिवारी को प्रांतीय परिषद का सदस्य बनाए जाने की घोषणा होते ही क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। इसी क्रम में बुधवार को उनके आवास पर पहुँचकर भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला मंत्री सुमित सिंह ने उन्हें अंग-वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया तथा मुँह मीठा कराकर शुभकामनाएं दीं।

जिला मंत्री सुमित सिंह ने कहा कि रमेश चंद्र तिवारी के लंबे राजनीतिक अनुभव और संगठन के प्रति उनकी निष्ठा को देखते हुए पार्टी ने यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उनके नेतृत्व से पार्टी संगठन को और मजबूती मिलेगी। सम्मान समारोह के दौरान कार्यकर्ताओं ने भी नवनियुक्त प्रांतीय परिषद सदस्य को बधाई देते हुए पार्टी के प्रति उनके योगदान की सराहना की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विष्णु प्रताप गुप्ता, महामंत्री राधेश्याम गुप्ता, दीपचंद जायसवाल, प्रमोद त्रिपाठी, बजरंगी प्रसाद यादव, कमलेश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## अन्तर्देशीय जल परिवहन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक

# शहर को प्रमुख हब के रूप में विकसित करने पर दिया जोर

**पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी**



पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के सचिव विजय कुमार की अध्यक्षता में आज वाराणसी में क्षेत्र में चल रही विभिन्न अंतर्देशीय जल परिवहन परियोजनाओं की प्रगति का आकलन करने के लिए एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक कमिश्नरी सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में केंद्र और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया, जिनका उद्देश्य समन्वय को मजबूत करना और परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाना था।मंत्रालय द्वारा वाराणसी को एक प्रमुख हब के रूप में विकसित करने की परिकल्पना के अनुरूप, समीक्षा बैठक में वर्तमान में प्रगति पर विभिन्न परियोजनाओं पर चर्चा की गई,जिनमें मल्टी-मोडल टर्मिनल की कार्गो हैंडलिंग क्षमता का विस्तार, सामुदायिक जेट्टियों का विकास, क्विक पोंटून ओपनिंग मैकेनिज्म में प्रगति, प्रस्तावित फ्रेट विलेज, शिप रिपेयर सुविधा, क्रूज़ टर्मिनल, वाराणसी, शहरी वाटर मेट्रो तथा इलेक्ट्रिक एवं हाइड्रोजन जलयान की शुरुआत शामिल हैं।

सचिव ने विभिन्न एजेंसियों के बीच तालमेल की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा की अवसंरचना निर्माण, फेयरवे विकास, कनेक्टिविटी बढ़ाने और क्षेत्र में अंतर्देशीय जल परिवहन को सुदृढ़ करने के लिए प्रभावी अंतर-एजेंसी का समन्वय अत्यंत आवश्यक है। इन एजेंसियों ने परियोजनाओं की समय सीमा,इस पर चल रहे ड्रेजिंग व फेयरवे रखरखाव कार्य, रेल व सड़क संपर्क परियोजनाओं तथा कई प्रमुख अवसंरचना घटकों के आगामी निविदा कार्यक्रमों पर प्रस्तुति दी।

# अधिवक्ता संघ की बैठक में अधिकारी के कार्य शैली को लेकर बनी रणनीति

**पायनियर संवाददाता। उतरौला(बलरामपुर)**



अधिवक्ता संघ की एक बैठक अध्यक्ष अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में तहसील स्थित संघ भवन में बुधवार को सम्पन्न हुई। बैठक में अधिकारियों की कार्यशैली को लेकर आक्रोश जताया तथा न्यायालयों पर लेखपाल से कार्य लिए जाने का मुद्दा छाया रहा। अधिवक्ताओं की नाराजगी इस बात को लेकर अधिक रही कि पत्रावली आदेश में जाने के बाद आदेश नहीं हो पाता है जिससे अनावश्यक विवाद के साथ साथ वादकारियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।विदित हो करीब एक वर्ष से तहसील न्यायालयों का कार्य लेखपालों के माध्यम से कराया जा रहा है। बैठक में अधिकारियों द्वारा मनमाने तरीके से पत्रावलियों में आदेश करने व बिना प्रक्रिया के आदेश पारित किए जाने पर आक्रोश जताया। बैठक में अधिवक्ताओं को उपजिलाधिकारी के पत्र से अवगत कराया कि समस्या के लिए अधिवक्ताओं से वार्ता करना चाहते है। वार्ता के लिए पहुंचे अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी के अतिरिक्त अन्य अधिकारी के न होने के कारण वार्ता करने से मना कर दिया। वकील व अधिकारियों के बीच वार्ता शुक्रवार को की जाएगी। अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने बताया कि एस आई आर में व्यस्तता के चलते वार्ता शुक्रवार को होगी जिसमें सभी अधिवक्तागण व तहसील के न्यायिक अधिकारी मौजूद रहेंगे। बैठक में पह्लाद यादव, इजहारुल हसन, मुस्तफा हुसैन, लालजी मिश्रा,मार्कण्डेय मिश्र, वासुदेव वर्मा, रवि मिश्र, अमित श्रीवास्तव, देवेंद्र कुमार, सुमित श्रीवास्तव, मोहम्मद असगर, बब्बर अली, मोहिब खान, राधेश्याम, अजय कुमार,रामचन्द्र जायसवाल सहित अन्य अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# सचिवों का अनोखा विरोध, इंजनचालित वाहन छोड़ साइकिल से पहुंचे ड्यूटी



**रेहराबाजार/बलरामपुर।** ग्राम विकास अधिकारी एवं ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के प्रांतीय आह्वान पर बुधवार को विकास खंड रेहरा बाजार के सभी सचिव इंजनचालित/निजी वाहन छोड़कर साइकिल से ड्यूटी करते हुए नजर आए। सचिवों का कहना है कि सरकार द्वारा प्रतिमाह सिर्फ 200 रुपये साइकिल भत्ता दिया जाता है, जबकि हमसे तेजी से कार्य निपटाने की अपेक्षा की जाती है। ऐसे में हम लोग अब प्रतीकात्मक तौर पर केवल साइकिल से ही क्षेत्रीय कार्य करेंगे।

सचिवों ने कहा कि भत्ता कम होने के बावजूद हमसे क्षेत्र में लगातार निरीक्षण, स्थलीय सत्यापन और विभिन्न सरकारी योजनाओं को समय से पूरा कराने का दबाव रहता है। ऐसे हालात में सरकार को सचिवों की वास्तविक समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए। इस दौरान साइकिल रैली में दीपक कुमार गुप्ता, साहब राम यादव, सर्वेश कुमार, महेश वर्मा, अरविंद प्रजापति, अरुण कुमार मौर्य, प्रमोद गुप्ता, शमीम अहमद, अभिनव कुमार, शनी यादव, मनीष राय, मोहम्मद असदुल्ला, जितेंद्र यादव सहित कई कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रोजगार मेले में उमड़ी अभ्यर्थियों की भीड़, 951 में से 737 का चयन

**पायनियर संवाददाता। तुलसीपुर**

डीपीएस डिग्री कॉलेज में बुधवार को आयोजित रोजगार मेले का उद्घाटन तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला व गैसड़ी के पूर्व विधायक शैलेश सिंह शैलू ने किया।

कार्यक्रम में जिला संयोजक अधिकारी मीता गुप्ता ने बताया कि मेले में कुल 951 अभ्यर्थियों का पंजीयन किया गया, जिनमें से 737 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। चयनित युवाओं को आगामी चरण में विभिन्न कंपनियों में नियुक्ति के लिए बुलाया जाएगा। मेले में कुल सात कंपनियां शामिल हुईं, जिन्होंने अलग-अलग पदों के लिए आवेदन करने पहुंचे अभ्यर्थियों के प्रार्थना पत्र प्राप्त किए। मेला 21 से 40 वर्ष आयु वर्ग के बेरोजगार महिला-पुरुषों के लिए विशेष रूप से उपयोगी रहा। केंद्र सरकार द्वारा संचालित स्वरोजगार ऋण योजना के तहत 5 लाख रुपये तक का ब्याजमुक्त लोन उपलब्ध कराने के लिए भी कैंप लगाया गया, जिसमें कई लोगों ने रुचि दिखाई।कार्यक्रम में गोंडा जिला संयोजक गुलाब चंद्र मौर्य, वरिष्ठ सहायक रवि कुमार श्रीवास्तव, वीरेंद्र कुमार, दिव्यांश आनंद, अलौकिक श्रीवास्तव, नागेंद्र नाथ त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# रेहरा बाज़ार क्षेत्र पंचायत की अहम बैठक संपन्न

❖ विकास योजनाओं की समीक्षा, नई कार्ययोजनाओं पर बनी सहमति

**पायनियर संवाददाता। बलरामपुर**



क्षेत्र पंचायत रेहरा बाज़ार की महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को ब्लाक प्रमुख पंकज सिंह चौहन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 की विकास योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार की विविध योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक की शुरुआत खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) विमला चौधरी द्वारा सभी सदस्यों और अधिकारियों के स्वागत से हुई। उन्होंने एजेन्डा बिंदुओं के अनुसार 15वें वित्त आयोग, राज्य वित्त आयोग तथा अन्य विकास कार्यों की अद्यतन स्थिति पर विस्तृत जानकारी दी। बैठक में विभिन्न नई कार्ययोजनाओं को अंतिम रूप देने पर भी विचार-विमर्श किया गया। इनकी रही उपस्थिति बैठक में एडीओ पंचायत इरफानुल्लाह खान सहित क्षेत्र पंचायत सदस्य और अधिकारी मौजूद रहे। प्रमुख रूप से उपस्थित सदस्यों में अरुण मौर्य, आशीष कुमार, अरविंद प्रजापति, शमीम अहमद, असदुल्लाह, साहब राम यादव, महेश वर्मा, डॉ. विजय भान, अतुल कुमार उपाध्याय, अवधेश उपाध्याय, संजय शर्मा, रतिराम यादव, सुरेश वर्मा, महमूद आलम, मोहम्मद एहसान, फैजानुल्लाह, मोहम्मद नईम, अब्दुल माबूद, मोहम्मद काशिफ, मोहम्मद जाफर और सुधाकर सिंह शामिल रहे।

समापन पर ब्लाक प्रमुख पंकज सिंह चौहान ने अधिकारियों व सदस्यों से विकास कार्यों को गति देने और सरकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया।

# अतिक्रमण हटाने के सम्बंध में नगर पालिका सभागार में बैठक सम्पन्न

**पायनियर संवाददाता। उतरौला (बलरामपुर)**



नगर क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने को लेकर बुधवार को नगर पालिका सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी अभय सिंह ने की। बैठक में क्षेत्राधिकारी राघवेन्द्र सिंह तथा नगर पालिका के चेयरमैन प्रतिनिधि अनूप गुप्ता सहित व्यापारी, दुकानदार और सभासद मौजूद रहे।

बैठक में मुख्य बाजार, फक्कड़ दास चौराहा, बस स्टैंड सड़क व अन्य प्रमुख मार्गों पर बढ़ते अतिक्रमण को नगर में जाम की सबसे बड़ी वजह बताया गया। अधिकारियों ने कहा कि अतिक्रमण के कारण आमजन को आवागमन में असुविधा होती है और आपातकालीन सेवाओं पर भी इसका असर पड़ता है। अधिकारियों ने नगर क्षेत्र के दुकानदारों से पांच दिन के भीतर स्वयं अतिक्रमण हटाने की अपील की। इस दौरान विकास गुप्ता, मनोज सिंह, अमरचंद, अंकुर गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, दीपक गुप्ता समेत व्यापारी प्रतिनिधि मौजूद रहे। क्षेत्राधिकारी राघवेन्द्र सिंह ने कहा कि ''निर्धारित समय में अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा। जबकि उपजिलाधिकारी अभय सिंह ने कहा कि ''किसी का अनावश्यक नुकसान नहीं होने दिया जाएगा, प्रशासन पहले संवाद और समझाइश से काम करेगा लेकिन शहर को जाममुक्त कराना सभी की जिम्मेदारी है। बैठक में निर्णय लिया गया कि स्वयं अतिक्रमण हटाने वालों पर कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी, निर्धारित समय के बाद प्रशासन अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाएगा।

# क्विज व मॉडल प्रतियोगिता हुई

**पायनियर संवाददाता। उतरौला/बलरामपुर**

बुधवार को ब्लाक संसाधन केंद्र गैड़ास बुजुर्ग पर राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय क्विज व मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चो में विज्ञान के प्रति रुचि विकसित करने पर बल दिया गया।

इस प्रतियोगिता में ब्लॉक के समस्त उच्च व कम्पोजिट विद्यालय स्तर पर चयनित बच्चो ने प्रतिभाग किया। खंड शिक्षा अधिकारी विनय कुमार चौधरी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता एआरपी मनीष पांडेय, वाचस्पति पांडेय, रामगोपाल शुक्ला, उत्कर्ष श्रीवास्तव, वीरेंद्र बहादुर की देखरेख में संपन्न हुई। क्विज में कम्पोजिट विद्यालय बांक के अखिलेश वर्मा ने प्रथम, उच्च प्राथमिक विद्यालय धौरहरा की मैसरा खान ने द्वितीय, कंपोजिट विद्यालय घिरावनडीह मीना देवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कस्तूरबा गांधी गैड़ास बुजुर्ग विद्यालय की ममता यादव को चतुर्थ, पीएमश्री नगवा के दीपचंद को पांचवें स्थान से संतोष करना पड़ा। मॉडल प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय गैड़ास बुजुर्ग के मनीषा वर्मा व आराध्या श्रीवास्तव, युपीएस बंजरिया की सोनाक्षी मिश्रा व नेहा वर्मा तथा कम्पोजिट विद्यालय बांक भवानीपुर की कटरीना ख़ान का चयन हुआ। बीईओ विनय कुमार चौधरी द्वारा विजय प्रतिभागियों को मेटल ट्रॉफी पेन ज्योमेट्री बॉक्स आदि देकर पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा सभी बच्चों को प्रमाण पत्र देकर उत्साह आवर्धन किया। सुबह 9 बजे से अपराह्न 3 बजे तक चले इस प्रतियोगिता में छात्रों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी।

# स्थापना दिवस के समापन पर बच्चों को पुरस्कार वितरित

**पायनियर संवाददाता। तुलसीपुर, बलरामपुर**




स्थानीय आदि शक्ति माँ पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल, भवनियापुर, तुलसीपुर में संस्थापक सप्ताह समारोह का सातवाँ एवं अंतिम दिवस 10 दिसंबर 2025 को आध्यात्मिक गरिमा और सांस्कृतिक भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन तथा महंत दिग्विजयनाथ जी और अवेद्यनाथ जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया।

विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत-गीत, नृत्य, भाषण और विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मंच को आध्यात्मिक और सौंदर्यपूर्ण आभा प्रदान की। 'ऑपरेशन सिंदूर', 'छावा' और 'हेरा-फेरी' जैसे नाट्य मंचनों ने दर्शकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। प्रधानाचार्य डॉ. डी. पी. सिंह ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों और गणमान्य नागरिकों का बैज पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने सर्व शिक्षा सेवा समिति द्वारा आयोजित टैलेंट सर्च परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों—हार्दिक श्रीवास्तव, निष्ठा शाह, सारंश आर्य,अथर्व, अन्वी सोनी , अभिमान शुक्ला, मानवी,महक श्रीवास्तव (प्रथम), आस्था श्रीवास्तव (द्वितीय) और प्रस्तुति गुप्ता (तृतीय)—को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह की अध्यक्षता माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के कुलपति रवि शंकर सिंह ने की। मुख्य अतिथि विधायक कैलाश नाथ शुक्ला और विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद व जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा तथा एमएलके पीजी कॉलेज, बलरामपुर के भूगोल विभागाध्यक्ष एस. एन. सिंह की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया।

# चोरघटा घाट पुल संपर्क मार्ग न होने से बेकार

**पायनियर संवाददाता। सादुल्लानगर**



कुआनो नदी पर चोरघटा घाट में 13 वर्षों के इंतजार के बाद तैयार हुआ पुल ग्रामीणों के लिए राहत नहीं, उल्टा मुसीबत बन गया है। रेहराबाजार ब्लॉक के रामपुर गिरंट में बनने वाला यह पुल वर्ष 2025 में तो तैयार हो गया। लेकिन संपर्क मार्ग न होने की वजह से आज भी उपयोग के लायक नहीं है।

ग्रामीणों के अनुसार पुल का निर्माण वर्ष 2012 में शुरू हुआ था। शुरुआत में वन विभाग की आपत्तियों के चलते काम रोक दिया गया। इसके बाद धनाभाव ने परियोजना को वर्षों तक लटका दिया। स्थानीय निवासी राजू वर्मा, सगीर मोहम्मद और विनोद कुमार बताते हैं कि पुल की फाइलें विभागों के बीच वर्षों तक अटकी रहीं, जिसके कारण निर्माण कार्य कभी गति नहीं पकड़ सका। लंबी जद्दोजहद के बाद पुल तो तैयार हो गया और ग्रामीणों ने आवाजाही भी शुरू कर दी है, लेकिन अब तक इसका औपचारिक लोकार्पण नहीं हुआ। सबसे बड़ी दिक्कत सिद्धार्थनगर जिले की सीमा में एप्रोच रोड न बनने की है, जो इस पुल को बेकार बना रही है। ग्रामीणों ने बताया कि कच्चे रास्ते कीचड़ में बदल जाते हैं। बरसात या नमी के मौसम में दोपहिया से लेकर चार पहिया वाहन तक धंस जाते हैं। कई बार यात्रियों को धक्का लगाकर वाहन निकालने पड़ते हैं। लोगों का कहना है कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद संपर्क मार्ग न होने से पुल का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा ने बताया कि पुल के एप्रोच मार्ग के निर्माण का प्रस्ताव भेजा जा चुका है। इस विषय पर गंभीरता से प्रयास हो रहे हैं। जल्द ही मुख्यमंत्री से मिलकर दोनों ओर सड़क निर्माण के प्रस्ताव को स्वीकृति दिलाने की बात रखी जाएगी।

# उत्तराखंड के राज्यपाल पहुंचे गोरखनाथ मंदिर, सीएम ने किया स्वागत

❖ गोरखनाथ मंदिर की आध्यात्मिक ऊर्जा अद्वितीयः राज्यपाल

**पायनियर संवाददाता। गोरखपुर**



गोरखनाथ मंदिर का परिसर एक विशेष अवसर का साक्षी बना, जब उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह बाबा गोरखनाथ जी के दर्शन-पूजन के लिए पहुंचे। इस दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं मंदिर परिसर में राज्यपाल का स्वागत किया और उन्हें अंगवस्त्र एवं प्रसाद भेंट कर सम्मानित किया।राज्यपाल गुरमीत सिंह का आगमन गोरखपुर में धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। गोरखनाथ मंदिर जो नाथ संप्रदाय की आस्था का केंद्र है, लंबे समय से उत्तर भारत की धार्मिक परंपराओं का प्रतीक रहा है। राज्यपाल ने मंदिर में पहुंचकर बाबा गोरखनाथ जी के दर्शन किए और विधिवत पूजन-अर्चन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जो स्वयं गोरखनाथ मंदिर के महंत भी हैं, ने राज्यपाल को मंदिर परिसर का भ्रमण कराया। इस दौरान उन्होंने मंदिर की ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्ता से अवगत कराया। मंदिर के विभिन्न स्थलों मुख्य गर्भगृह, सभागार और ध्यानस्थल का राज्यपाल ने अवलोकन किया।सीएम योगी ने राज्यपाल को मंदिर की सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि गोरखनाथ मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और समाजसेवा के क्षेत्र में भी सक्रिय योगदान देता है। मंदिर परिसर में संचालित विद्यालयों, चिकित्सालयों और सेवा कार्यों की झलक राज्यपाल को दिखाई गई।राज्यपाल गुरमीत सिंह ने इस अवसर पर कहा कि गोरखनाथ मंदिर की आध्यात्मिक ऊर्जा अद्वितीय है। उन्होंने बाबा गोरखनाथ जी के दर्शन को जीवन का सौभाग्य बताया और कहा कि यह स्थल भारतीय संस्कृति की गहराई और विविधता का प्रतीक है।

मंदिर परिसर में राज्यपाल के आगमन पर श्रद्धालुओं में उत्साह का वातावरण रहा। बड़ी संख्या में लोग दर्शन-पूजन के लिए उपस्थित थे और उन्होंने राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री का स्वागत किया।इस भेंट को उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के बीच सांस्कृतिक संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने वाला कदम माना जा रहा है। दोनों राज्यों के बीच धार्मिक पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई।

## विधवा को मृत दिखाकर जमीन हड़पने का मामला उजागर

**परतावल, महराजगंज।** श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के परसौना गांव में एक सनसनीखेज़ मामला सामने आया है,जहां एक विधवा की जमीन को फर्जी दस्तावेजों के सहारे हड़प लिया गया। पीड़िता बिंदु देवी ने आरोप लगाया है कि उनके ससुर भागीरथी और देवर राकेश, दिनेश व अमलेश ने सरकारी अभिलेखों में उन्हें मृत दर्शा दिया। इतना ही नहीं, उनके बेटे दयानन्द का नाम भी रिकॉर्ड से गायब कर दिया गया।बिंदु देवी के अनुसार एक दिसंबर को खतौनी निकलवाने पर यह फर्जीवाड़ा उजागर हुआ। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने गुलाबी देवी के नाम दर्ज जमीन को अपने नाम करा लिया है। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो उन्हें और उनके बेटे को धमकी दी गई। पीड़िता ने पुलिस से सुरक्षा की मांग करते हुए जमीन के फर्जी हस्तांतरण की निष्पक्ष जांच की गुहार लगाई है।

# 93वां संस्थापक सप्ताह समारोहः गोरखपुर में शिक्षा, संस्कृति और खेल का संगम

❖ युवाओं को नशे और स्मार्टफोन की लत से दूर रहने की जरूरत, ये प्रवृत्तियां युवाओं के भविष्य के खतरनाकः सीएम

**पायनियर संवाददाता। गोरखपुर**





महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के तत्वावधान में आयोजित 93वां संस्थापक सप्ताह समारोह का मुख्य महोत्सव 10 दिसंबर 2025 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय आरोग्यधाम परिसर में भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की, जबकि उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में युवाओं को नशे और स्मार्टफोन की लत से दूर रहने की सलाह दी।

उन्होंने कहा कि ये दोनों प्रवृत्तियां युवाओं के भविष्य के लिए सबसे बड़े खतरे हैं। मुख्यमंत्री ने मूल्य-आधारित शिक्षा के महत्व पर बल देते हुए कहा कि शिक्षा केवल ज्ञानार्जन का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद जैसी संस्थाओं की सराहना की, जो शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों और नैतिक मूल्यों को भी विद्यार्थियों में विकसित कर रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में शिक्षा संस्थानों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने शिक्षण संस्थानों से अपेक्षा जताई कि वे समाज और राष्ट्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें।

संस्थापक सप्ताह समारोह के दौरान विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक और खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। राज्य स्तरीय बास्केटबॉल और वॉलीबॉल प्रतियोगिताओं में विभिन्न टीमों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समारोह की शुरुआत महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुई, जिसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक जुलूस ने वातावरण को उल्लासमय बना दिया।कार्यक्रम में मेधावी छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह विद्यार्थियों को प्रेरित करने और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की ओर अग्रसर करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास रहा। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद द्वारा संचालित संस्थाओं में संस्थापक सप्ताह एक वार्षिक परंपरा है, जिसमें शिक्षा, संस्कृति और खेल का संगम देखने को मिलता है। यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान करता है, बल्कि उन्हें राष्ट्र निर्माण की दिशा में योगदान देने के लिए प्रेरित भी करता है। मुख्य महोत्सव के दौरान परिसर में उत्साह और उमंग का वातावरण रहा। विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों की बड़ी संख्या ने कार्यक्रम में भाग लिया। समारोह ने यह संदेश दिया कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों, संस्कारों और सामाजिक जिम्मेदारियों को आत्मसात करने का माध्यम है।

# विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह पर गैंगेस्टर एक्ट

**पायनियर संवाददाता। गोरखपुर**

संगठित अपराधों पर नकेल कसने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत गोरखपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। विदेश भेजने का झांसा देकर आम नागरिकों से लाखों रुपये की ठगी करने वाले तीन शातिर अपराधियों के खिलाफ थाना गोरखनाथ पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ के पर्यवेक्षण में की गई।सीओ गोरखनाथ ने बताया कि गिरोह का सरगना शेख हसनैन अपने दो साथियों अमानुल्लाह सिद्दीकी और नाजिम सिद्दीकी के साथ मिलकर लोगों को विदेश भेजने का लालच देता था। तीनों मूल रूप से कुशीनगर जिले के रहने वाले हैं और गोरखनाथ क्षेत्र के हुसैनाबाद में रहकर अपनी गतिविधियां संचालित करते थे। इनके खिलाफ लगातार शिकायतें बढ़ रही थीं, जिससे क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया था।जनहित और कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए थाना गोरखनाथ पुलिस ने तीनों आरोपियों का गैंग चार्ट तैयार कर जिला मजिस्ट्रेट से अनुमोदन के बाद गैंगेस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

# रेलवे स्टेशन व झूलेलाल रैन बसेरे का किया निरीक्षण

❖ आश्रयहीनों से मिले, सुविधा का लिया जायजा – जरूरतमंदों को वितरित किए कंबल भोजन

**पायनियर संवाददाता। गोरखपुर**



कड़ाके की ठंड के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर बने आश्रय केंद्र तथा झूले लाल रैन बसेरे का निरीक्षण कर वहां रह रहे आश्रयहीन लोगों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक व्यक्ति से उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की और उनकी समस्याओं को भी सुना।मुख्यमंत्री ने मौके पर मौजूद जरूरतमंदों को गर्म कंबल भोजन वितरित किए। कंबल वितरण जिला प्रशासन की ओर से किया गया था। उन्होंने कहा कि ''प्रदेश की प्रत्येक तहसील, नगर पंचायत व शहरी क्षेत्रों में कोई भी गरीब व्यक्ति ठंड से परेशान न हो। सरकार ने सभी जिलों में पर्याप्त गर्म कंबलों की व्यवस्था की है।'' मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि रैन बसेरों में ठहरने, भोजन, रोशनी, सुरक्षा एवं गर्म कपड़ों की व्यवस्था हर हाल में सुचारू रखी जाए। नगर निगम और प्रशासन के सहयोग से रैन बसेरों में 24.7 व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।उन्होंने सभी जिलों के प्रशासन को निर्देश दिया कि कस्बों, नगर पंचायतों और शहरी क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर जरूरतमंदों तक तुरंत कंबल एवं राहत सामग्री पहुंचाई जाए।

# पेंशनरों की समस्याओं का निस्तारण करते हुये कार्यक्रम में स्वयं प्रतिभाग सुनिश्चित करें: डीएम

**पायनियर संवाददाता। आजमगढ़**



जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने जनपद के समस्त कार्यालयाध्यक्ष को निर्देशित किया है कि अपने-अपने कार्यालय से सम्बन्धित पेंशनरों की समस्याओं का निस्तारण करते हुये कार्यक्रम में स्वयं प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। उक्त कार्यक्रम 17 दिसंबर को प्रातः 11 बजे हरिऔध कला भवन आजमगढ़ में जिलाधिकारी अथवा जिलाधिकारी द्वारा नामित अपर जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में सम्पादित किया जायेगा जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने बताया है कि राज्य सरकार के पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं की जनपद स्तर पर सुनवाई एवं निराकरण हेतु प्रति वर्ष 17 दिसम्बर को पेंशनर दिवस को प्रभावकारी एवं सार्थक रूप से पूरे प्रदेश में आयोजित किये जाने का निर्देश दिये गये है। विभिन्न पेंशनर संगठनों द्वारा सामान्यतया इस आशय की शिकायत की गयी है कि पेंशन दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रायः विभिन्न कार्यालयों के वरिष्ठ अधिकारीगण प्रतिभाग नहीं करते है, जिससे न केवल पेंशनरों की समस्याओं के निस्तारण में कठिनाई हो रही है, अपितु पेंशनर दिवस आयोजित किये जाने के उद्देश्य की पूर्ति नहीं हो पा रही है।

## भाजपा के संगठन चुनाव में चुने हुए प्रांतीय परिषद के सदस्यों की अहम रहेगी भूमिका

**(लालगंज) आज़मगढ़** । भारतीय जनता पार्टी ने संगठन चुनाव के निमित्त प्रांतीय परिषद के सदस्यों की घोषणा की इस क्रम में संगठनात्मक जनपद लालगंज के विधानसभा वार प्रांतीय परिषद ऋषि कांत राय को निज़ामाबाद से, जितेन्द्र सिंह को अतरौलिया से, चंद्र राम सरोज को लालगंज से, राममनी यादव को फूलपूर से एवं रामस्वार्थ राजभर को दीदारगंज से सदस्य बनाया गया है लालगंज भाजपा जिलाध्यक्ष विनोद राजभर ने नवनियुक्त प्रांतीय परिषद सदस्यों को नवीन दायित्व की शुभकामनाएं ज्ञापित करते हुए भाजपा राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व का आभार प्रकट किया , विनोद राजभर ने कहा नवनियुक्त प्रांतीय परिषद के सदस्य आगामी संगठन की नवीन संरचना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और विधानसभा चुनाव में भाजपा की स्थिति को और बेहतर बनाने का भी कार्य करेंगे।

# मुख्यमंत्री के प्रस्तावित आगमन को लेकर मंथन

**पायनियर संवाददाता। आजमगढ़**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित दौरे के दृष्टिगत बुधवार को पुलिस लाइन में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय ब्रीफिंग सभा आयोजित की गई।

इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने वीवीआईपी आगमन के मद्देनज़र संपूर्ण जनपद में कानून-व्यवस्था को हर स्थिति में सुदृढ़, सुरक्षित एवं नियंत्रित बनाए रखने हेतु विस्तृत निर्देश जारी किए हैं । उन्होंने कहा कि सभी ड्यूटी प्वाइंट पर मुस्तैदी एवं सतर्कता सर्वोच्च प्राथमिकता दें, यातायात व्यवस्था को सुचारू रखते हुए किसी भी प्रकार की भीड़, जाम या अव्यवस्था न होने पाए। सुरक्षा घेरा, एस्कॉर्ट मूवमेंट, रूट डाइवर्जन तथा स्टैटिक ड्यूटी में तैनात पुलिस बल पूर्ण अनुशासन एवं प्रोफेशनलिज़्म के साथ कार्य करें। जनता से शालीन व्यवहार रखते हुए पुलिस की सकारात्मक एवं संवेदनशील छवि को प्रदर्शित करने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन एवं पुलिस के बीच समन्वय को और मजबूत बनाए रखते हुए समस्त व्यवस्थाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने पर बल दिया गया। ब्रीफिंग में जनपद के सभी राजपत्रित एवं अराजपत्रित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पुनः स्पष्ट किया गया कि मुख्यमंत्री आगमन के दौरान जनपद की संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था पूरी तत्परता, शुचिता एवं निष्ठा के साथ संचालित की जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### विद्यार्थियों में गर्म टोपी का वितरण



**बृजमनगंज, महराजगंज।** विकास खण्ड बृजमनगंज के पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय मोहनगढ़ में पढ़ रहे 135 छात्रों में ऊनी टोपी वितरित किया गया। बुधवार को सर्दी की वर्दी -5 यूनियारा फाउंडेशन हर लब पर मुस्कान की ओर से विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों में वितरण किया गया। प्रधानाध्यापक नागेन्द्र कुमार चौरसिया ने बताया कि यूनियर फाउंडेशन सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों को ठंड को देखते हुए गर्म कपड़े और अन्य सामग्री देकर सहायता करती है। इसी क्रम में पीएम श्री विद्यालय में 135 विद्यार्थियों में ऊनी टोपी का वितरण किया गया ' वितरण कार्यक्रम में भरत राम त्रिपाठी, गीता लोधी, ऊषा, सुमित्रा यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### मदर मरियम में इंटर-हाउस खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**कोल्हुई,महराजगंज।** कोल्हुई स्थित मदर मरियम ग्लोबल स्कूल में चार दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ बुधवार को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ हुआ। विद्यालय में मुख्य रूप से बास्केट बाल , वालीबॉल ,क्रिकेट ,कबड्डी ,खो खो, लम्बीकूद ,जैवलिन, शॉट पुट,टेबल टेनिस ,शतरंज ,कैरम आदि खेलों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विद्यालय के प्रबंधक इं. समीर अधमी ने कहा कि खेल हमारे जीवन के अभिन्न अंग हैं। ये हमें स्वस्थ, सक्रिय और संतुलित बनाते हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी दिनचर्या में कुछ समय खेलकूद के लिए अवश्य निकालना चाहिए। बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए अतिथि के रूप में निदेशक मीना अधमी, मो० साद फारूकी उपस्थित रहे। उत्साहित विद्यार्थियों के द्वारा भाव विभोर कर देने वाले 'मार्च पास्ट' का प्रदर्शन किया गया।

### ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न



**(लालगंज) आजमगढ़ ।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन लालगंज तहसील स्तरीय बैठक तहसील अध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए तहसील अध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह ने कहा कि पत्रकारों की किसी भी समस्या के लिए हम कंधे से कंधा मिलाकर चलने के लिए तैयार हैं।सभी पत्रकार एकजुट होकर किसी भी लड़ाई को लड़े सफलता अवश्य मिलेगी।संगठन को मजबूत बनाने एवं पत्रकारों के समस्या पर चर्चा की गई । सदस्यो के नवीनीकरण एवं संगठन को मजबूत करने हेतु चर्चा किया गया।कार्यक्रम का संचालन तहसील महामंत्री राम प्रसाद मिश्र ने किया।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष प्रभात कुमार सिंह, देवेन्द्र नाथ पाण्डेय, रामप्रसाद मिश्र, आनन्द सिंह, संजय गुप्ता, महेश प्रसाद मिश्र,महेन्द्र सिंह,संजीव कुमार सिंह, कार्तिक सिंह, सहित आदि लोग उपस्थित रहे ।

### रजनीश हत्याकांड में पिता सहित तीन पुत्र गिरफ्तार



**आजमगढ़।** जिले के रौनापार क्षेत्र के मार्रा कर्मनाथपट्टी निवासी रजनीश पाण्डेय की हत्या भूमि विवाद में हुई है, इस बात का खुलासा पुलिस ने करते हुए नगीना उर्फ रामनगीना सिंह पुत्र भगवती सिंह, इसके अलावा नगीना सिंह के पुत्र इन्द्रसेन उर्फ संतोष सिंह, भीमसेन उर्फ गुलगुल सिंह उग्रसेन उर्फ लाडो सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, पुलिस ने अदद अवैध तमंचा 315 बोर, अदद खोखा कारतूस, एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया है, पूछताछ में सभी अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि पीड़ित से लंबे समय से जमीन का विवाद व मुकदमेबाजी चल रही थी। रजनीश पाण्डेय द्वारा लगातार नए मुकदमे किए जाने व धमकियों के कारण वे उससे अत्यधिक परेशान थे। इसे हमेशा के लिए समाप्त करने की नीयत से अभियुक्तों ने सामूहिक रूप से योजना बनाकर हत्या की।

### लोकसभा में समस्या को पुरजोर तरीके से उठाया

**आजमगढ़।** समाजवादी पार्टी के नेता लोकसभा में मुख्य सचिव तक लोक लेखा समिति भारत के सदस्य और सांसद आजमगढ़ धर्मेंद्र यादव ने आज लोकसभा में आजमगढ़ रेलवे से संबंधित मूलभूत समस्या को पुरजोर तरीके से उठाया। उन्होंने माननीय मंत्री से सवाल पूछते हुए कहा कि अमृत भारत योजना के तहत रेलवे स्टेशन को दुरुस्त करने के कार्यक्रम में संयोग और सौभाग्य से हमारा आजमगढ़ भी शामिल है, परंतु मंत्री जी स्टेशन को दुरुस्त करने का जो काम चल रहा है वह कब तक पूरा होगा। और उन्होंने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहां की इस सवाल का जवाब आजमगढ़ के स्टेशन अधीक्षक को भी नहीं मालूम कि यह निर्माण कार्य कब तक पूरा होगा उन्होंने माननीय मंत्री जी से आजमगढ़ रेलवे स्टेशन को जल्द से जल्द उच्चीकृत करवाने का अनुरोध किया।

# दो सड़क हादसों में दो गंभीर रूप से घायल, रेफर

**पायनियर संवाददाता। (अतरौलिया)**



आजमगढ़ । थाना क्षेत्र में बीती शाम लगभग 8 बजे दो अलग-अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को स्थानीय अमर शहीद राजा जलाल सिंह सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया गया, जहां हालत नाज़ुक होने पर डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

पहली घटना थाना क्षेत्र के छितौनी की है। जानकारी के अनुसार, गोरखनाथ माली (52) पुत्र राधेश्याम निवासी पूरवा किसी काम से छितौनी बाजार गए थे, तभी एक अज्ञात चार पहिया वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गोरखनाथ गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल सौ शैय्या अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनकी हालत गंभीर बताते हुए सिर में गहरी चोट (हेड इंजरी) की पुष्टि की और जिला अस्पताल रेफर कर दिया। दूसरी घटना सुक्खीपुर गांव के पास हुई। भदेवा मदियापार निवासी मोहम्मद अकरम पुत्र मो0 अकबर अतरौलिया बाजार से बाइक द्वारा अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में सुक्खीपुर के समीप उनकी बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे उनके चेहरे व शरीर पर गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों द्वारा उन्हें भी सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें भी जिला अस्पताल भेज दिया गया। स्थानीय निवासी गणेश दत्त दुबे ने बताया कि पूरवा गांव निवासी गोरखनाथ माली को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर फरार हो गया। घायल को तुरंत अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने स्थिति गंभीर बताई। डॉ. अली हसन ने बताया कि अस्पताल में सड़क दुर्घटना के दो मामले लाए गए थे। ''पहले मरीज मोहम्मद अकरम के चेहरे पर गंभीर चोटें हैं, जबकि दूसरे मरीज गोरखनाथ के सिर में गंभीर चोट है। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है,'' उन्होंने कहा दोनों हादसे शाम करीब 8 बजे के आसपास हुए बताये जा रहे हैं।

## संतराज यादव बने भारतीय जनता पार्टी के प्रांतीय परिषद के सदस्य

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम्य विकास बैंक के सभापति संतराज यादव को भारतीय जनता पार्टी ने प्रांतीय परिषद सदस्य नामित किया है। वे पिपराइच विधानसभा का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह नियुक्ति पार्टी की संगठनात्मक संरचना में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

वरिष्ठ भाजपा नेता कपिल पति त्रिपाठी ने इस मनोनयन पर बधाई देते हुए बताया कि प्रांतीय परिषद भाजपा की संगठनात्मक संरचना में एक महत्वपूर्ण इकाई है।

यह प्रांत या राज्य स्तर पर पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को लागू करने में अहम भूमिका निभाती है। प्रांतीय परिषद के सदस्य के रूप में, संतराज यादव को पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों के निर्माण में योगदान करने का अवसर मिलेगा। उन्हें प्रांतीय स्तर पर महत्वपूर्ण निर्णय लेने में शामिल किया जाएगा, जो पार्टी की दिशा और रणनीति को आकार देंगे।

# पुलिस ने पकड़ा फर्जी आईएएस गिरोह, करोड़ों की ठगी का खुलासा

**पायनियर संवाददाता। गोरखपुर**

पुलिस लाइन वाइट हाउस सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक नगर अभिनव त्यागी ने खुलासा किया कि फर्जी आईएएस अधिकारी बनकर करोड़ों की ठगी करने वाले तीन आरोपियों को थाना गुलरिहा पुलिस ने क्राइम ब्रांच एसओजी, सर्विलांस और साइबर टीम की मदद से गिरफ्तार किया है। यह वही नेटवर्क है, जिससे जुड़ा मामला चुनाव के दौरान जीआरपी गोरखपुर द्वारा पकड़े गए 99.9 लाख रुपए से सामने आया था।गिरफ्तार मुख्य आरोपी ललित किशोर निवासी सीतामढ़ी (बिहार), खुद को आईएएस गौरव कुमार बताकर सरकारी कॉन्ट्रैक्ट, नौकरी और शादी तय कराने के नाम पर लोगों से ठगी करता था। पुलिस जांच में सामने आया कि अब तक 40 से अधिक लोग इस गिरोह के शिकार हुए हैं, जिनमें सबसे ज्यादा मामले बिहार से जुड़े हैं। गिरोह का नेटवर्क उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और मध्य प्रदेश तक फैला हुआ था। पुलिस को शक तब हुआ जब एक ठेकेदार को दिया गया सरकारी टेंडर का फर्जी कॉन्ट्रैक्ट पेपर मिला। जांच में पाया गया कि दस्तावेज में दर्ज अधिकारी काल्पनिक थे और पूरे पेपर को अक तकनीक से तैयार किया गया था। इसी सुराग ने पुलिस को गिरोह तक पहुंचाया। 7 नवंबर को वैशाली एक्सप्रेस की चेकिंग के दौरान जीआरपी ने एक युवक मुकुंद माधव के बैग से 500-500 के नोटों की गड्डियां बरामद की थीं। रकम 99.9 लाख रुपए निकली। पूछताछ में पता चला कि यह पैसा नौकरी दिलाने के नाम पर फर्जी आईएएस अधिकारी को रिश्वत के रूप में दिया गया था। बाद की जांच में यह रकम ललित किशोर उर्फ आईएएस गौरव से जुड़ी पाई गई।ललित किशोर (सीतामढ़ी, बिहार) झमुख्य आरोपी, फर्जी कअर के रूप में सक्रिय।अभिषेक कुमार (रामनगरा, सीतामढ़ी) फर्जी दस्तावेज बनाने में सहायक। परमानन्द गुप्ता (लच्छीपुर, गोरखपुर) अकपेपर और कूटरचित दस्तावेज तैयार करने में शामिल।ललित किशोर ने रौब जमाने के लिए 8 निजी गनर रखे थे, सफेद कार पर भारत का झंडा लगाया था और फर्जी आईएएस आईडी कार्ड व नेम प्लेट का इस्तेमाल करता था। उसके सहयोगी अभिषेक और परमानन्द फर्जी टेंडर पेपर आईडी कार्ड और अन्य दस्तावेज तैयार कर उसे उपलब्ध कराते थे।



# चौपाल में सुभासपा नेता ने क्षेत्र पंचायत के कार्यों पर उठाये सवाल

**पायनियर संवाददाता। माहुल (आजमगढ़)**



सुभास नेता यशवंत चौबे व पार्टी के युवा मंच के प्रदेश मीडिया प्रभारी दीपक सिंह ने बुधवार को क्षेत्र के करनपुर, अहरौला सहित कई गांवों में जनचौपाल के माध्यम से लोगों की समस्याएं सुना। सुभासपा नेता यशवंत चौबे ने जन चौपाल को संबोधित करते हुए कहा कि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर गांव में जनचौपाल लगाया जा रहा। जिसका मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को एसआईआर फॉर्म भरने के लिए प्रेरित और जागरूक करना। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि समय सीमा के अनुसार एक दिन और बचा है एसआईआर फॉर्म को भरकर संबंधित बीएलओं के यहां जमा कर दें।

उन्होंने चौपाल में आगे कहा कि मुख्यमंत्री व पंचायतीराज मंत्री ओमप्रकाश राजभर का फरमान है कि ग्रामीण स्तर पर सरकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति को मिले इसलिए गांव में जाकर ऐसे लोगों की पार्टी के निर्देश पर सूची भी तैयार की जा रही है जिससे योजनाओं का लाभ पात्रों को मिल सके। आवास, शौचालय, पेंशन, वृद्धा पेंशन के लिए पात्र व्यक्तियों की सूची को पार्टी नेतृत्व को भेजी जाएगी।यशवंत चौबे ने अहरौला क्षेत्र पंचायत के विकास कार्यों पर सवाल उठाते हुए कहा कि क्षेत्र पंचायत के कार्यों में विकास के नाम पर सिर्फ धन का बंदर बांट किया गया है कई जगह लगाए गए आरोप्लांट लगने के कुछ दिन बाद ही खराब हो गए हैं ऐसे ही अन्य विकास कार्य है जो होने के बाद से ही निष्प्रयोज्य है। जिसे आने वाले समय में मजबूती के साथ जनता के सामने लाएंगे। गांव में चौपाल के माध्यम से और खुद भ्रमण कर विकास कार्यों की भी सूची बनाई जा रही है। इस मौके पर सुनील चौबे, प्रतीक चौबे, मयंक गौड, उत्तम कुमार, रामनारायण सिंह,मोनू तिवारी आदि उपस्थित रहे ।

# भाजपा प्रदेश महामंत्री ने दो दिवसीय दौरे में किया निरीक्षण व गहन समीक्षा भी की

पायनियर संवाददाता। अंबेडकर नगर

भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं अवध क्षेत्र प्रभारी संजय राय सोमवार की देर रात दो दिवसीय प्रवास पर अंबेडकरनगर पहुंचे। मंगलवार को उन्होंने टांडा और हंसवर मंडल में विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा की। इसके बाद भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी की अध्यक्षता में विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई।



बैठक की शुरुआत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। संजय राय ने कार्यकर्ताओं, जिला पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और मंडल अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान में भाजपा के कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ इछड के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं की सूची अभी से तैयार करके उन्हें मतदाता सूची में शामिल कराया जाए। उन्होंने कहा कि अवैध रूप से बने बांग्लादेशी और रोहिंग्या मतदाताओं के नाम आयोग के अधिकारी सूची से हटाने का कार्य कर रहे हैं। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकारें राष्ट्रहित में बड़ी संख्या में कार्य कर रही हैं।

संजय राय ने कहा कि देश की संपत्ति पर देशवासियों का पहला अधिकार है। विपक्ष द्वारा चुनाव हारने पर ईवीएम और वोट चोरी का आरोप लगाना जनादेश का अपमान है। जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं ने जिस समर्पण के साथ शुद्ध और स्वच्छ मतदाता सूची बनाने में सहभागिता निभाई है, वह सराहनीय है। बैठक का संचालन दिलीप पटेल देव ने किया। बैठक में उपस्थित प्रमुख लोग विधायक धर्मराज निषाद, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. मिथिलेश त्रिपाठी, कपिल देव वर्मा, ज्ञानसागर सिंह, यमुना प्रसाद चतुर्वेदी, रमा शंकर सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा, कीर्ति वर्धन सिंह, चेयरमैन चंद्रप्रकाश वर्मा, पूर्व विधायक त्रिवेणी राम, अनीता कमल, डॉ. राना रणधीर सिंह, मनोज मिश्र, डॉ. रजनीश सिंह, सुमन पांडेय, रमेश चंद्र गुप्ता, विमलेंद्र प्रताप सिंह मोनू, जिला महामंत्री बाबा रामशब्द यादव, अमरेंद्र कांत सिंह, सुरेश कन्नौजिया, जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय, जिला मंत्री दीपक तिवारी, चंद्रिका प्रसाद, विनय पांडेय, पंकज वर्मा, सहित मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे।

## जांच कराने से गुणवत्ता में हो सकता है बड़ा सुधार

**प्रयागराज।** जैसे जैसे लाइफ एक्सपेक्टेंसी बढ़ रही है, अधिक पुरुष सत्तर वर्ष या उससे अधिक उम्र तक पहुंच रहे हैं और उनके सामने नई स्वास्थ्य चुनौतियां आती हैं। जिनमें से कई यूरोलॉजी से जुड़ी होती हैं। अक्सर पुरुष मूत्र संबंधी या यौन स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं पर बात करने से कतराते हैं और मान लेते हैं कि यह बढ़ती उम्र का सामान्य हिस्सा है। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, साकेत के यूरोलॉजी, रीनल ट्रांसप्लांट और रोबोटिक्स विभाग के चेयरमैन डॉ अनंत कुमार ने बताया कि उम्र बढ़ने के साथ बेनाइन प्रोस्टेटिक हाइपरप्लेसिया यानी प्रोस्टेट बढ़ना बहुत आम होता है। जिसमें प्रोस्टेट ग्लैंड बड़ी होकर मूत्रमार्ग पर दबाव डालने लगती है। इसके कारण बार बार पेशाब आना, तुरंत पेशाब लगना, कमजोर धारा, रात में कई बार उठकर पेशाब करना या मूत्र रुक जाना जैसी समस्याएँ हो सकती हैं। यह कैंसर नहीं होता, लेकिन लक्षण परेशान करने वाले हो सकते हैं। जीवनशैली में बदलाव के साथ दवाइयाँ, मिनिमली इनवेसिव प्रक्रियाएँ और जरूरत पड़ने पर सर्जरी जैसे प्रभावी इलाज उपलब्ध हैं जो सुरक्षित और सफल होते हैं।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत भव्य समारोह 581 जोड़ों ने लिया नए जीवन का संकल्प

पायनियर संवाददाता। अम्बेडकरनगर



राजकीय हवाई पट्टी अकबरपुर में उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत जनपद स्तरीय भव्य सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन अत्यंत गरिमामयी वातावरण में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद हरिओम पांडेय ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह में समाज के विभिन्न वर्गों अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, सामान्य तथा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों–के पात्र जोड़ों ने परम्परागत विधि-विधान के साथ विवाह संस्कार पूरा कर नया जीवन आरंभ किया।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में समाज कल्याण विभाग द्वारा जनपद अम्बेडकरनगर के लिए 579 जोड़ों का लक्ष्य निर्धारित था। इसके सापेक्ष इस भव्य समारोह में 645 जोड़ों के विवाह प्रस्तावित थे, जिनमें से 581 पात्र जोड़ों का विवाह सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया गया।

प्रति जोड़ा 1,00,000 की स्वीकृत धनराशि, 25,000 विवाह उपहार सामग्री, 15,000 आयोजन व्यय, 60,000 कन्या के बैंक खाते में सीधे हस्तांतरण किया गया। समारोह के दौरान सभी जोड़ों को उपहार सामग्री भी प्रदान की गई। इस योजना का उद्देश्य गरीब, बेसहारा एवं जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह में आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए सामाजिक समरसता और सर्वधर्म समभाव को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी

सदस्य विधान परिषद हरिओम पांडेय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा (साधू वर्मा), जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला, पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर, मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी न्यायिक रंजीत सिंह, जिला विकास अधिकारी आलोक उपाध्याय, अपर उप जिलाधिकारी अकबरपुर राजेश कुमार, नगर पालिका अकबरपुर के प्रभारी अधिशासी अधिकारी विशाल सारस्वत, जिला समाज कल्याण अधिकारी विक्रम कौशल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखमय एवं सफल वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं।

# हरिनारायण सिंह स्मारक स्टेट वॉलीबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन रोमांचक मुकाबले

पायनियर संवाददाता। अंबेडकर नगर

कटेहरी विधानसभा क्षेत्र के खजावा ग्राम सभा में आयोजित हरिनारायण सिंह स्मारक स्टेट वॉलीबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन खेल उत्साह के साथ आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे राज्य सरकार के पूर्व मंत्री मोती सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।



दिनभर चले मुकाबलों में पहला मैच प्रयागराज व आजमगढ़ के बीच खेला गया, जिसमें प्रयागराज की टीम विजयी रही। इसके बाद दूसरा मैच मुरादाबाद व आई.एन.ई. रेलवे, तीसरा मैच मुरादाबाद व सुल्तानपुर, तथा चौथा मैच एन.ई.आर. बनाम सुल्तानपुर के बीच आयोजित हुआ, जिनमें खिलाड़ियों ने शानदार कौशल और खेल भावना का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में यंग क्लब के सचिव गिजाशंकर सिंह, श्रीपाल सिंह, अशोक सिंह, महेंद्र सिंह, राम बहादुर सिंह, प्रभा शंकर वर्मा सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत डॉ. अनजाने सिंह एवं डॉ. आशुतोष सिंह द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के दौरान खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

# डीएलएड में 56 हजार ऑनलाइन पंजीकरण

- 18 दिसम्बर तक ऑनलाइन होगा आवेदन, 19 को फाइनल प्रिंट कर सकेंगे प्राप्त
- ऑनलाइन आवेदन में अंकित जानकारी में संशोधन का नही मिलेगा कोई मौकाः सचिव

पायनियर संवाददाता। प्रयागराज

डीएलएड प्रशिक्षण 2025 को लेकर ऑनलाइन आवेदन, प्रवेश और चयन की प्रक्रिया 24 नवंबर से शुरू कर दी गई है। बुधवार की शाम तक 56 हजार अभ्यर्थियों ने आनलाइन पंजीकरण किया है, जबकि 49 हजार अभ्यर्थियों ने आनलाइन शुल्क जमा कर दिया है। आनलाइन पंजीकरण अभ्यर्थी 18 दिसम्बर तक कर सकते हैं, जबकि वह 19 दिसम्बर से आवेदन का प्रिंट प्राप्त कर सकते हैं।



सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी उत्तर प्रदेश प्रयागराज अनिल भूषण चतुर्वेदी ने बताया कि अभ्यर्थियों को अपने ऑनलाइन आवेदन में अंकित की गई जानकारी में संशोधन का कोई मौका नहीं मिलेगा। इसलिए अभ्यर्थियों से यह अपील की गई है कि ऑनलाइन आवेदन भरते समय सभी जानकारी को पूरी तरह से चेक करके मूल अभिलेखों के मुताबिक देखते हुए दर्ज करें। उन्होंने बताया कि प्रदेश में डीएलएड की कुल दो लाख 39 हजार सीटें हैं। सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी अनिल भूषण चतुर्वेदी ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि ऑनलाइन आवेदन से पहले अभ्यर्थी वेबसाइट पर उपलब्ध शासनादेश और दिशा निर्देशों का भी अवलोकन अवश्य कर लें। इस मामले में यूपी के अभ्यर्थियों के अतिरिक्त सभी अभ्यर्थी अनारक्षित श्रेणी में माने जाएंगे। ऐसे व्यक्तियों को किसी भी तरह का आरक्षण देय नहीं होगा। डीएलएड प्रशिक्षण के लिए राज्य सरकार से सम्बद्धता प्राप्त अल्पसंख्यक संस्थाओं में भी डीएलएड प्रशिक्षण शासनादेश के तहत ही कराया जाएगा। सचिव अनिल भूषण चतुर्वेदी ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन के लिए अभ्यर्थियों की शैक्षिक अर्हता, आयु, आवेदन शुल्क, चयन का मानक और अन्य शर्तों सहित सभी दिशा निर्देश वेबसाइट पर दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि डीएलएड की कुल 2.39 लाख सीट है। जिसमें 10 600 सीट डायट में और शेष निजी क्षेत्र के कालेजों में सीटें हैं।

## एआई आधारित होगा ग्रामीण इलाकों में प्रचार को अनूठा स्वरूप

**प्रयागराज।** एआई आधारित ग्रामीण इलाकों में प्रचार को अनूठा स्वरूप होगा। टाटा टी अग्नि ने पिछले साल के जोश टू प्वाइंट जीरो अभियान की सफलता को आगे बढ़ाते हुए उत्तर प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में एक शानदार पहल शुरू की है। गौरतलब है कि पिछले साल के प्रचार अभियान में गृहिणियों की जज्बे और असीम ऊर्जा का सम्मान किया गया था। यह अभियान ब्रांड के जोश जगाए हर रोज के वादे पर आधारित है। इसमें हर गृहिणी को प्रेरित करने वाली अंदर की ऊर्जा का सम्मान किया जाता है। यह उन लाखों गुमनाम महिलाओं का सम्मान करता है जिनका अथक समर्पण अक्सर चुपचाप उनके परिवारों के सपनों को सहारा देता है। ब्रांड ने टेक्नोलॉजी को आधार बना कर इस संदेश को आगे बढ़ाने का प्रयास किया है, ताकि हर महिला को यह महसूस हो कि उसे पहचान दी जा रही है, महत्व दिया जा रहा है।

# मध्यांचल की ओटीएस योजना में संशोधन, 31 मार्च बाद भुगतान करने वालों को भी मिलेगा लाभ

पायनियर संवाददाता। अंबेडकरनगर

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम की एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) में किए गए संशोधन से अब जिले के हजारों उपभोक्ताओं को राहत मिलने वाली है। पहले यह योजना केवल ''नेवर पेड'' यानी कभी भुगतान न करने वाले उपभोक्ताओं के लिए थी, लेकिन अब 31 मार्च के बाद किसी भी तिथि को एक या अधिक किस्त जमा करने वाले उपभोक्ता भी योजना के दायरे में आ गए हैं। इसके लिए पंजीकरण 11 दिसंबर से शुरू हो रहा है।

अधीक्षण अभियंता रजनीश श्रीवास्तव ने बताया कि पहले नियमों के कारण अकबरपुर, जलालपुर, टांडा और आलापुर डिवीजन के करीब एक लाख उपभोक्ता योजना से बाहर थे, जबकि उन्होंने अप्रैल से नवंबर के बीच कुछ न कुछ बिल जमा किया था। संशोधन के बाद अब ऐसे उपभोक्ताओं को भी मूलधन में 25 प्रतिशत की छूट और ब्याज की पूर्ण माफी का लाभ मिलेगा। जिले में मंगलवार को सभी बिल जमा काउंटरों और 46 गांवों में लगे शिविरों में सुबह से शाम तक बड़ी संख्या में लोग पंजीकरण कराने पहुंचे। दो दिनों में 800 उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कराया, जिससे निगम को 55 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। अधिशासी अभियंता प्रेमचंद, मीटर एई संजय कुमार और अकबरपुर एसडीओ राममोहन पांडेय ने शिविरों और काउंटरों का निरीक्षण करते हुए उपभोक्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में योजना का लाभ उठाने की अपील की। अधिकारियों ने बताया कि उपभोक्ताओं को इतनी बड़ी राहत देने वाली योजना पहली बार लागू की गई है, इसलिए इसे चूकना नहीं चाहिए।

# शिक्षा के नामांकन लक्ष्य को लेकर प्रतिबद्ध

पायनियर संवाददाता। प्रयागराज

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज और जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया के मध्य बुधवार को ऐतिहासिक समझौते के उपरांत मुक्त विश्वविद्यालय का क्षेत्रीय केंद्र बलिया में स्थापित किया गया। यह केंद्र जननायक विश्वविद्यालय बलिया से संचालित किया जाएगा। मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सत्यकाम और जननायक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजीत गुप्ता की उपस्थिति में दोनों विश्वविद्यालय के मध्य समझौता ज्ञापन पत्र पर हस्ताक्षर किए गए।



कुलपति प्रो सत्यकाम ने बताया कि इसके साथ ही जननायक विश्वविद्यालय में एक अध्ययन केंद्र भी स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में विद्यार्थी दो पाठ्यक्रमों की शिक्षा एक साथ ग्रहण कर सकते हैं ऐसे में मुक्त विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने वाले जननायक विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को हमारा विश्वविद्यालय पाठ्य सामग्री मुफ्त में उपलब्ध कराएगा। प्रो सत्यकाम ने कहा कि जननायक विश्वविद्यालय में क्षेत्रीय केंद्र खुलने से परंपरागत शिक्षा और दूरस्थ शिक्षा का ऐसा समन्वित गठबंधन तैयार होगा जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2035 तक 50 फीसद उच्च शिक्षा के नामांकन के लक्ष्य को पूरा करने में कारगर सिद्ध होगा। कुलपति प्रो सत्यकाम ने आशा व्यक्त की है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति को व्यावहारिक रूप देने में बलिया का यह क्षेत्रीय केंद्र एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## कर्मचारी संघ चुनाव के लिए हुआ नामांकन

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में कर्मचारी संघ चुनाव 2025 के नामांकन जारी कर दिए गए हैं। नाम वापसी 12 दिसंबर को और मतदान 15 दिसंबर को होगा। अध्यक्ष पद के लिए डॉ स्वतंत्र कुमार और वारिंद्र यादव ने नामांकन किया है। उपाध्यक्ष पद हेतु सुशील कुमार प्रजापति, धीरज कुमार श्रीवास्तव, हेमंत कुमार दूबे उम्मीदवार हैं। महामंत्री पद के लिए राधेश्याम सिंह, ऋषि रघुवंशी और जैसलाल यादव ने नामांकन किया हैं। संयुक्त मंत्री के पद के लिए कैलाश नाथ यादव और श्री दूधनाथ यादव मैदान में हैं।

कोषाध्यक्ष पद का एकमात्र उम्मीदवार उमाशंकर यादव हैं। सदस्य पद के लिए 11 उम्मीदवारों ने नामांकन भरा है, जिनमें बृजेश कुमार सिंह, दिनेश कुमार यादव, मनु मिश्रा, विनोद कुमार गौतम, छोटे लाल यादव, विजय कुमार यादव, डॉ दिलगीर हसन, दो बार अनिल कुमार सिंह (वित्त एवं कु. कार्य), डॉ प्रमोद कुमार विश्वकर्मा, और अखिलेश कुमार शुक्ला शामिल हैं।

# प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा की गई ध्वस्तीकरण की कार्यवाही

पायनियर संवाददाता। प्रयागराज

बुधवार को प्रयागराज विकास प्राधिकरण के जोनल अधिकारी के नेतृत्व में जोन पांच के उप जोन पांच ए और पांच बी क्षेत्र के अन्तर्गत अवैध प्लाटिंग निर्माण के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई। जोनल अधिकारी के मुताबिक आजाद मास्टर और अन्य के द्वारा स्थल महेशपुर अन्दावा झूंसी प्रयागराज लगभग 05 बीघा में की गयी प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। सनी यादव और अन्य के द्वारा स्थल हबीबपुर अन्दावा झूंसी प्रयागराज लगभग 07 बीघा में की गई। प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। इसी प्रकार मोहम्मद तारिक, मोहम्मद साजिद, मोहम्मद कासिम व अन्य के द्वारा यहीं पर लगभग 04 बीघा में की गयी प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। संजय मिश्रा उर्फ बनकटा व अन्य के द्वारा लगभग 02 बीघा में की गयी प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। राजीव कुमार यादव, चन्द्रजीत यादव, अरूणेन्द्र यादव, दया शंकर यादव, प्रतीक सिंह, योगेन्द्र सिंह, राघव यादव व विजय कान्त मिश्रा व अन्य द्वारा स्थल अन्दावा इण्डियन आयल के पीछे झूंसी प्रयागराज लगभग 08 बीघा में की गई प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। जोनल अधिकारी ने बताया कि उपरोक्त व्यक्तियों के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने हेतु सम्बन्धित थाने में तहरीर दी जायेगी।



## धोखाधड़ी में दो अभियुक्तों गिरफ्तार

**जौनपुर।** जिला पुलिस प्रमुख डॉक्टर कौस्तुभ के दिशा निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध छेड़े गए अभियान के तहत थानाध्यक्ष खेतासराय प्रदीप कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना खेतासराय की पुलिस टीम द्वारा पंजीकृत मु0अ0सं0 भादवि. में संलिप्त चकबन्दी अधिकारी बदलापुर जौनपुर कार्यालय में नियुक्त कर्मचारी अनुचर कृष्ण मुरारी पुत्र स्व0 रामानन्द निवासी ग्राम सकरदेह थाना करौंदीकला जनपद सुल्तानपुर को कलेक्ट्रेट परिसर जौनपुर से तथा बलराम मौर्य पुत्र स्व0 खुड़भुड़ मौर्य निवासी ग्राम कोड़रा कला थाना जैतपुर जनपद अम्बेडकरनगर तत्कालीन पेशकार चकबंदी अधिकारी बदलापुर को कलेक्ट्रेट परिसर गेट अयोध्या गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।गिरफ्तार शुदा अभियुक्त का चालान सम्बन्धित न्यायालय चालान किया गया ।

## संक्षिप्त समाचार

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत

**अंबेडकर नगर।** बसखारी थाना क्षेत्र के कट्या पहलवान मोड़ के पास रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार बलिया जिले के सराम भारती निवासी 23 वर्षीय सिराज अहमद पुत्र नूर अहमद किसी काम से बलिया से बाराबंकी बाइक से जा रहा था। जैसे ही वह बसखारी थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित कट्या पहलवानपुर मोड़ के समीप पहुंचा, तभी एक अज्ञात चार पहिया वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही आस-पास के लोग घटनास्थल पर जुट गए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष बसखारी सुनील पांडेय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा हादसे में शामिल अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है।

### सेनानायक विशेष सुरक्षा बल ने खेलकूद प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

**प्रयागराज।** पीएससी चतुर्थ वाहिनी धूमनगंज में बुधवार को प्रथम अन्तर्व्यवस्थापन खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। 13 दिसंबर तक चलने वाली चार दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ सेनानायक विशेष सुरक्षा बल तृतीय वाहिनी सर्वेश कुमार मिश्रा ने किया। तीन दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में क्रिकेट, वॉलीबॉल और बैडमिंटन की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में कुल चार टीमें हिस्सा ले रही हैं। एसएसएफ मुख्यालय प्रयागराज, एयरपोर्ट चित्रकूट और कानपुर मेट्रो की टीमें हिस्सा ले रही हैं। विशेष सुरक्षा बल तृतीय वाहिनी प्रयागराज के सेना नायक सर्वेश कुमार मिश्रा के मुताबिक खेल प्रतियोगिताएं हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। पुलिस बल में अनुशासन बनाए रखने और उन्हें फिट रखने के लिए भी खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन समय समय पर किया जाता है। पुलिस कर्मियों की क्षमता का भी विकास होता है। इसी के मद्देनजर नजर इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। क्रिकेट, वॉलीबॉल और बैडमिंटन तीनों प्रतियोगिताओं के फाइनल मैच 13 दिसंबर को खेले जाएंगे। खेल प्रतियोगिताओं के समापन समारोह में विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

### माघमेला के लिए प्रयागराज मण्डल के स्टेशनों पर खानपान की हैं व्यवस्थाएं

**प्रयागराज।** प्रयागराज मंडल मण्डल रेल प्रबन्धक रजनीश अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक कोचिंग हरिमोहन के नेतृत्व में माघ मेला 2026 के दौरान श्रद्धालुओं की विशाल संख्या को देखते हुए खानपान की सेवाओं को उन्नत और सर्वसुलभ बनाया जा रहा है। प्रयागराज के माघ मेला 2026 के दौरान, छह मुख्य स्नान पर्व होते हैं। पौष पूर्णिमा, मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या, बसंत पंचमी, माघी पूर्णिमा और महाशिवरात्रि। प्रयागराज में आयोजित माघ मेला में करोड़ों तीर्थयात्री एवं श्रद्धालु स्नान एवं अपने आराध्य की पूजा अर्चना करते हैं। प्रयागराज मण्डल द्वारा माघ मेला 2026 के दौरान यात्रियों को अच्छा खानपान उपलब्ध कराने के लिए कैटरिंग स्टाल्स, मल्टी पर्पज स्टाल्स एवं रिफ्रेशमेंट रूम की सुविधा को विस्तारित किया जा रहा है और इनकी गुणवत्ता में भी सुधार किया जा रहा है। श्रद्धालुओं को खानपान के लिए असुविधा का सामना न करना पड़े इसके लिए कैटरिंग स्टॉलस और मल्टी पर्पज स्टॉलस पर पैकेज्ड पेयजल, नॉन फार्मेसी आइटम, कॉस्मेटिक सामान, दूध का पाउडर, नैतिकता, इतिहास और साहित्य से संबंधित पुस्तकें, रेलवे का टाइम टेबल, मैगजीन, न्यूज पेपर, खिलौने, तौलिया, तकिया, इमरजेंसी दवा, दूध और खाने पीने के सामानों के साथ अन्य महत्वपूर्ण चीजों जैसे क्षेत्रीय महत्व की कलाकृतियों, किताबें पत्रिकाएं समाचार पत्र, की बिक्री की जाएगी।प्रयागराज जंक्शन पर सिटी साइड की ओर प्लेटफॉर्म संख्या एक पर फूड प्लाज़ा में यात्रियों एवं श्रद्धालुओं के लिए उत्तम खानपान व्यवस्थाएं हैं।

## सीएम योगी आज जौनपुर पहुंचेंगे

**जौनपुर।** प्रभारी अधिकारी प्रोटोकाल ने अवगत कराया है कि मुख्यमंत्री उ0प्र0 श्री योगी आदित्यनाथ 11 दिसम्बर 2025 को जनपद भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। 11 दिसम्बर 2025 को पूर्वान्ह 11.20 बजे हेलीपैड खेल का मैदान ग्राम भकुरा उत्तर का पुरवा थाना सरायख्वाजा जौनपुर में पहुचेंगे। 11.25 बजे राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार खेल एवं युवा कल्याण विभाग श्री गिरीश चन्द्र यादव के आवास समसपुर परियरियॉं, पोस्ट गडैला जौनपुर पहुचेंगे। पूर्वान्ह 11.25 बजे से 11.45 बजे तक आरक्षित, 11.45 बजे से राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार खेल एवं युवा कल्याण विभाग गिरीश चन्द्र यादव के आवास समसपुर परियरियॉं, पोस्ट गडैला जौनपुर से प्रस्थानकर 11.50 बजे हेलीपैड खेल का मैदान ग्राम भकुरा उत्तर का पुरवा थाना सरायख्वाजा जौनपुर हेलीकाप्टर द्वारा रवाना होंगे।



# सचिव डॉ. प्रदीप सिंह साइकिल से पहुँचे क्षेत्र ब्राह्मण भ्रमण

पायनियर संवाददाता। जौनपुर

जनपद में संसाधन उपलब्धता एवं भत्ते बढ़ोत्तरी सहित अन्य मांगों को लेकर चल रहे सचिवों के सत्याग्रह आंदोलन के क्रम में ब्लॉक सिरकोनी के सचिव डॉ. प्रदीप सिंह ने आज अपने कार्यक्षेत्र में साइकिल से भ्रमण कर सरकार तक अपनी आवाज पहुँचाने का प्रयास किया। उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात कर शासकीय योजनाओं की जमीनी स्थिति एवं क्रियान्वयन की जानकारी ली।

साइकिल से भ्रमण के दौरान डॉ. सिंह ने मतदाताओं की विशेष गहन पुनरीक्षण सूची,मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, वृद्धावस्था पेंशन, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा ग्राम स्तर पर चल रहे विकास कार्यों की प्रगति का सर्वे भी किया। उन्होंने बताया कि सचिवों की मांग है कि कार्य निष्पादन के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराए जाएं जिससे ग्रामीण विकास के लक्ष्य को बेहतर तरीके से पूरा किया जा सके। उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीप सिंह ने बताया कि सम्मानजनक वाहन भत्ता प्राप्त करने हेतु सत्याग्रह आंदोलन के तृतीय चरण में आज से प्रदेश के सभी सचिव यंत्र चालित वाहन का प्रयोग नहीं करेंगे तथा वर्तमान में प्राप्त हो रहे साइकिल भत्ता के अनुरूप साइकिल आदि से ही विभागीय कार्यों का संपादन कर के सरकार को संदेश देंगे कि बिना उचित संसाधन या भत्ता दिए कर्मचारी के पारिवारिक वेतन पर बोझ डालकर कार्य कराने की परिपाटी अब बंद होनी चाहिए। तदक्रम में जनपद जौनपुर के सभी विकासखंडों के सचिव सत्याग्रह आंदोलन में सविनय अवज्ञा के तहत यंत्र रहित वाहनों से यात्रा कर क्षेत्रीय विभागीय कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित कर रहे हैं।



# बच्चों ने खो-खो, कबड्डी व दौड़ में दिखाया दमखम

पायनियर संवाददाता। जौनपुर

जनपद के करंजाकला ब्लॉक क्षेत्र के सिद्दीकपुर स्थित इंदिरा गांधी जिला खेल मैदान पर ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपशिक्षा निदेशक,प्राचार्य डायट विनोद कुमार शर्मा रहे, जबकि खंड विकास अधिकारी धर्मापुर कृष्ण मोहन यादव भी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।



कृष्ण मोहन यादव ने फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।उन्होंने कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही हैं। खेलों में भागीदारी बच्चों को आत्मविश्वास देती है और उनके व्यक्तित्व का विकास करती है।अतिथियों को माल्यार्पण और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया।प्रतियोगिता में कलीचाबाद, करंजाकला, पदमपुर, हरदीपुर, काफरपुर, पचेवरा, मल्हनी, रामपुर दवन, डालहनपुर, आदमपुर सहित कुल 11 न्याय पंचायतों के प्राथमिक एवं जूनियर विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। खो-खो, कबड्डी, गोला फेंक और दौड़ स्पर्धाओं में बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।प्राइमरी स्तर पर 50, 100 और 200 मीटर दौड़ हुई, जबकि जूनियर स्तर पर 100, 200 और 400 मीटर दौड़ कराई गई।

कई प्रतिभागियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए उत्कृष्ट स्थान हासिल किए।विजेता खिलाड़ियों को खंड शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार यादव ने मेडल व पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।जयकरन पूर्व माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक नेता वीरेंद्र यादव ने कहा,''इस तरह की प्रतियोगिता ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को बड़ा मंच देती हैं।खिलाड़ियों में जोश, अनुशासन और टीम भावना स्पष्ट दिखाई देती है।

विद्यालय स्तर पर खेलों की निरंतरता से प्रतिभाएं निखरती हैं।खंड स्तर पर मिला यह अवसर बच्चों के भविष्य को दिशा देगा।''कार्यक्रम में एआरपी टीम के दिनेश मौर्य, नीतिश सिंह, मो. हासिम, राजन यादव, श्रीपाल यादव, शैलेन्द्र पाल, अर्चना सिंह, बबीता सिंह, सीमा यादव, मनोज यादव, संजय यादव, डॉ. राम सिंह,वाहिद अहमद, मनोज सिंह सहित कार्यालय का समस्त स्टाफ, खेल अनुदेशक और बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# रामराज्य के उत्सव की एक और गौरव गाथा

## दीपोत्सव अब अमूर्त सांस्कृतिक विरासत



वंदे मातरम और भारत माता के जयकारों की गंज के बीच हम सबके लिए एक और गौरव का क्षण आया है। इतना ही नहीं इससे भारत और दुनिया भर के लोग रोमांचित हैं। यह रोमांचक क्षण उस समय आया जब प्रमुख भारतीय पारंपरित उत्सव दीपावली को यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में जगह मिल गई। दीपावली राम राज्य यानी सुशासन का एक महान उत्सव है। आज इस ख्याति और उपलब्धि से हर भारतीय धन्य है। भारत में धर्म ध्वजा लहराने के साथ ही अब दीप उत्सव के नाम की पताका भी दुनिया में फहराने लगी है। यह वह पल है जब मर्यादा पुरुषोतम भगवान श्री राम की धरा से समूची दुनिया आलोकित होने लगी है और भारत अपनी अपनी पारंपरिक पहचान को पुर्नस्थापित करने की प्रक्रिया में लीन है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दीपावली को यूनेस्को की अमूर्त विरासत सूची में शामिल किए जाने का आभार जताते हुए कहा कि इससे त्यौहार की वैश्विक लोकप्रियता में और वृद्धि होगी। केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि यह मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल होने वाली भारत की 16वीं सांस्कृतिक परंपरा है। भारत की 15 सांस्कृतिक परंपराएं वर्तमान में यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल हैं, जिनमें कुंभ मेला, कोलकाता की दुर्गा पूजा, गुजरात का गरबा नृत्य, योग, वैदिक मंत्रोच्चार की परंपरा और रामलीला - महाकाव्य 'रामायण' का पारंपरिक प्रदर्शन शामिल हैं। प्रकाश का उत्सव दीपावली भारत के उन चिरस्थायी त्यौहारों में से एक है जो अब दुनिया के कई अन्य हिस्सों में भी मनाया जाता है। शेखावत ने कहा, हर भारतीय के लिए दीपावली बेहद भावनात्मक त्यौहार है। भारत की इस प्राचीन परंपरा को पीढ़ियों से हम आत्मसात करते आए हैं। यह नई उपलब्धि भारतवासियों के लिए 'तमसो मां ज्योतिर्गमय' के संस्कृत मंत्र का सार है और राष्ट्रीय सम्मान है। यह सम्मान भारत की सांस्कृतिक प्रतिष्ठा को मजबूत करता है और यह भारत के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण और हर भारतवासी के लिए वैश्विक मंच पर भारतीय संस्कृति का स्वर्णिम अध्याय भी। अब दुनिया दीपावली के बारे में और अधिक गहराई से जानेगी। हर राज्य इस पल को गर्व से मनायेगा।

# बच्चों का कल्याण और यूनिसेफ से बढ़ती उम्मीदें

**योगेश कुमार गोयल**



संयुक्त राष्ट्र की महासभा द्वारा द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान तबाह हुए देशों के बच्चों और माताओं को आपातकालीन स्थिति में भोजन तथा स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 11 दिसम्बर 1946 को न्यूयार्क में यूनिसेफ की स्थापना की गई थी। उस समय इसे 'यूनाइटेड नेशंस इंटरनेशनल चिल्ड्रेन्स इमरजेंसी फंड' के नाम से जाना जाता था। विकासशील देशों में बच्चों और महिलाओं की दीर्घकालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए 1950 में यूनिसेफ के दायरे को विस्तारित किया गया। 1953 में यूनिसेफ संयुक्त राष्ट्र का एक स्थायी हिस्सा बन गया और इस संगठन के नाम में से 'अंतर्राष्ट्रीय' तथा 'आपातकालीन' (इमरजेंसी) शब्दों को हटा दिया गया। 1953 में यूनिसेफ के संयुक्त राष्ट्र का स्थायी सदस्य बन जाने के बाद इसका नाम 'यूनाइटेड नेशंस चिल्ड्रेंस फंड' (संयुक्त राष्ट्र बाल कोष) कर दिया गया लेकिन मूल संक्षिप्त नाम 'यूनिसेफ' को बरकरार रखा गया। यूनिसेफ का गठन करने में पोलैंड के चिकित्सक लुडविक रॉश्मन ने प्रमुख भूमिका निभाई थी। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा बाल अधिकारों के संरक्षण की हिमायत करने, उनकी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में मदद देने तथा उनकी प्रतिभा के पूर्ण विकास के अवसरों का विस्तार करने का दायित्व यूनिसेफ को सौंपा गया है, जो बाल अधिकार समझौते से मार्गदर्शन लेते हुए बाल अधिकारों को चिरंतन नैतिक सिद्धांतों और बच्चों के प्रति व्यवहार के अंतर्राष्ट्रीय मानकों के रूप में स्थापित करने के लिए सदैव प्रत्यनशील रहता है।

अपनी स्थापना के बाद के इन 79 वर्षों में यूनिसेफ ने दुनियाभर में बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए अनेक उल्लेखनीय कार्य किए हैं। विश्वभर में बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कल्याण और विकास के लिए किए जा रहे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए ही यूनिसेफ को वर्ष 1965 में नोबेल शांति पुरस्कार, वर्ष 1989 में इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार तथा वर्ष 2006 में प्रिंस ऑफ अस्तुरियस अवार्ड जैसे प्रतिष्ठित सम्मानों से भी नवाजा जा चुका है। नोबेल पुरस्कार दिए जाने के बाद वैश्विक स्तर पर यूनिसेफ का कार्य और तेज हो गया। आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो यूनिसेफ की शिक्षा इकाई के कारण ही वर्ष 2006 तक विश्वभर में करीब 12 मिलियन बच्चे पढ़ाई के लिए स्कूल वापस जा सके। बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए यूनिसेफ आपात स्थितियों में कार्रवाई करता है और युद्ध, आपदा, घोर गरीबी, हर प्रकार की हिंसा और शोषण तथा विकलांगता से पीड़ित सर्वाधिक वंचित बच्चों के लिए विशेष संरक्षण सुनिश्चित करने के प्रति संकल्पबद्ध है। यह बच्चों को पहला अधिकार दिलाता है और वंचित बच्चों तथा उनके परिवारों के लिए उपयुक्त नीतियां बनवाने और सेवाएं प्रदान करने की देशों की क्षमता का निर्माण करता है।

1946 में यूनिसेफ की स्थापना द्वितीय युद्ध में प्रभावित बच्चों की सुरक्षा के उद्देश्य से ही की गई थी लेकिन अब यह संस्था दुनियाभर में बच्चों के कल्याण के लिए कार्यरत है। वर्तमान में यूनिसेफ के कार्यकर्ता दुनियाभर के 190 से भी अधिक देशों में बच्चों के कल्याण के लिए निरन्तर कार्य कर रहे हैं। भारत में इस संस्था ने वर्ष 1949 में कार्य करना प्रारंभ किया था और अब हमारे यहां यह नई दिल्ली के अलावा उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, असम, उड़ीसा इत्यादि राज्यों में कार्य कर रही है। बाल विकास और पोषाहार, बाल संरक्षण, शिक्षा, बाल पर्यावरण, पोलियो उन्मूलन, प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य, बच्चे और एड्स, सामाजिक नीति, नियोजन, निगरानी एवं मूल्यांकन, हिमायत और भागीदारी, आचरण परिवर्तन संदेश, आपात स्थिति तैयारी और कार्रवाई जैसे क्षेत्रों पर यूनिसेफ का मुख्य फोकस रहता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सहयोग के अलावा यूनिसेफ द्वारा दुनियाभर में मौजूद अनेक स्वास्थ्य सेवा संस्थानों के साथ मिलकर बच्चों को पानी, स्वच्छता, इंफेक्शंस आदि के लिए कैंपेन चलाए जा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की इस संस्था द्वारा प्रतिवर्ष दुनियाभर में नवजात बच्चों के टीकाकरण के लिए तीन बिलियन से भी अधिक टीके प्रदान किए जाते हैं। यूनिसेफ की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि यह संस्था दुनियाभर में बच्चों के कल्याण हेतु कार्य के दौरान किसी भी प्रकार के जाति, धर्म, राष्ट्रीयता, राजनीतिक विचारधारा इत्यादि के आधार पर भेदभाव नहीं करती। यह संस्था 49 से भी अधिक देशों में एचआईवी/एड्स से बचाव की लड़ाई में निरन्तर कार्यरत है। यूनिसेफ का 36 सदस्यों का कार्यकारी दल इसके कार्यों की देखरेख करता है, इसकी नीतियां बनाता है तथा यूनिसेफ के वित्तीय एवं प्रशासनिक योजनाओं से जुड़े कार्यक्रमों को स्वीकृति प्रदान करता है। यूनिसेफ का अधिकांश कार्यक्षेत्र 190 देशों अथवा क्षेत्रों में मौजूद है। 150 से अधिक देशों के कार्यालय, मुख्यालय और यूनिसेफ के नेटवर्क से जुड़े अन्य कार्यालय तथा 34 राष्ट्रीय समितियां मेजबान सरकारों के साथ विकसित कार्यक्रमों के माध्यम से यूनिसेफ के मिशन को पूरा करते हैं। सात क्षेत्रीय कार्यालय आवश्यकतानुसार सभी देशों में स्थित कार्यालयों को तकनीकी सहायता प्रदान करते हैं। वर्तमान में यूनिसेफ फंड एकत्रित करने के लिए विश्वस्तरीय एथलीट और टीमों की सहायता लेता है। इस संस्था का वित्त पोषण विभिन्न सरकारों तथा निजी दानदाताओं द्वारा किया जाता है। संस्था के संसाधनों का दो-तिहाई योगदान विभिन्न देशों की सरकारें करती हैं और शेष योगदान निजी समूहों तथा व्यक्तियों द्वारा राष्ट्रीय समितियों के माध्यम से किया जाता है। यूनिसेफ के लक्ष्यों की एक लंबी सूची है, जिसमें न्यूनतम-लागत हस्तक्षेप के माध्यम से लाखों बच्चों के जीवन को बचाने, बच्चों के अवैध व्यापार और शोषण को रोकने तथा मां-बच्चे के बीच एचआईवी/एड्स के संक्रमण को समाप्त करने में सहायता करना शामिल हैं। अनुमान लगाया जाता रहा है कि यूनिसेफ के राजस्व का करीब 92 फीसदी हिस्सा सेवा कार्यक्रमों के लिए वितरित कर दिया जाता है। वर्तमान में यूनिसेफ द्वारा बच्चों का विकास, बुनियादी शिक्षा, लड़कियों की शिक्षा सहित लिंग के आधार पर समानता, बच्चों का हिंसा से बचाव, शोषण, बाल-श्रम के विरोध में, एचआईवी/एड्स, बच्चों के अधिकारों के वैधानिक संघर्ष इत्यादि के लिए सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। यूनिसेफ इस बात में विश्वास रखता है कि बच्चों का पोषण और देखभाल करना मानव प्रगति की आधारशिला है और उसका मानना है कि अगर दुनिया में फैली असमानता को मिटाया नहीं गया तो वर्ष 2030 तक लगभग 167 मिलियन बच्चे भीषण गरीबी में जीवन जीने को मजबूर होंगे। दरअसल माना जा रहा है कि 2030 तक पांच वर्ष से कम आयु के करीब 19 मिलियन बच्चों की विभिन्न कारणों से मौत हो जाएगी और करीब 60 मिलियन बच्चे प्राथमिक शिक्षा से वंचित हो जाएंगे। रूस-यूक्रेन और इजरायल-फिलिस्तीन युद्ध ने इन चुनौतियों को और बढ़ाया है। ऐसे में बच्चों के कल्याण और सर्वांगीण विकास के लिए कार्यरत यूनिसेफ से उम्मीदें काफी बढ़ जाती हैं, जिसकी नीति है कि कोई अन्य विकल्प नहीं होने पर ही अनाथालयों को केवल बच्चों के लिए अस्थायी आवास के रूप में उपयोग किया जाना चाहिए। दरअसल यूनिसेफ बच्चों के लिए स्थायी अनाथालयों के बड़े पैमाने पर निर्माण का विरोध करता रहा है। उसका कहना है कि जहां तक संभव हो, परिवारों और समुदायों में ही बच्चों के लिए स्थान खोजने अर्थात उन्हें गोद देने को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। यूनिसेफ अनाथ बच्चों को विदेशी माता-पिता को गोद देने के बजाय स्वदेश में ही बच्चों की देखभाल करने पर जोर देता रहा है।

# भारत-रूस की मित्रता लाएगी वैश्विक शांति

**विकेश कुमार बडोला**

पुतिन-मोदी की अध्यक्षता में संपन्न 23वें भारत-रूस वार्षिक सम्मेलन के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य तथा भारतीय विदेश मंत्रालय की प्रेस भेंटवार्ता से स्पष्ट है कि दोनों देश अब आगे भविष्य में सामरिक संबंधों के साथ-साथ आर्थिक-व्यापारिक संबंधों को भी शक्तिसंपन्न करने हेतु संकल्पबद्ध हैं।



दो दिवसीय यात्रा पर भारत पधारे रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन का न केवल भारतीय शासन ने अत्यंत गरिमामयी ढंग से राजकीय सम्मान किया, अपितु देश के लोगों में भी उनके आगमन से अपार हर्ष है। पुतिन की इस यात्रा द्वारा दोनों देशों के ऐतिहासिक पारस्परिक संबंधों को एक नया विश्वसनीय आयाम प्राप्त हुआ है। हालांकि भारत-रूस के संबंध गत नौ-दस दशकों से विभिन्न क्षेत्रों में परस्पर विश्वास तथा सहायता पर आधारित ही रहे हैं, किंतु गत एक दशक में विविध क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों की एक नवायामी दिशा परिलक्षित होती हुई दिखाई दे रही है। इससे विश्व के देशों की नई शक्ति श्रेणी निर्धारित हो रही है। अमेरिका, चीन तथा यूरोपीय देशों की अहितकारी गुप्त नीतियों को भारत-रूस की मैत्री से कठिन चुनौतियां मिल रही हैं। संभवतः विश्व में भारत एवं रूस ही ऐसे दो देश हैं, जिनका संबंध-संयोजन स्वार्थ की भेंट नहीं चढ़ा। इनके मध्य उपभोक्ता उत्पादों के व्यापार में अधिक भागीदारी न होने के बाद भी, दोनों ही राष्ट्रों ने इस कारण कभी एक-दूसरे के प्रति हीनता, अनादर की भावना नहीं रखी।

इसके विपरीत भूराजनीतिक, आर्थिक, युद्धक एवं अन्य संकटों की समयावधि में दोनों ही देशों ने एक-दूसरे की बढ़चढ़ कर सहायता की है, और अभी पुतिन की इस यात्रा के बाद तो सुनिश्चित होता दिख रहा है कि दोनों देश परस्पर विश्वास, सहायता एवं समर्पण की परिधि को सुदृढ़तापूर्वक आगे बढ़ाने के लिए सदैव कटिबद्ध रहेंगे। पुतिन ने इससे पहले सन 2000, 2012, 2014, 2018, 2021 में पांच बार भारत की यात्रा की है। कोरोना काल के बाद उनकी यह पहली भारतीय यात्रा है। हालांकि भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्तारूढ़ होने के बाद सात बार रूस की यात्रा की है, किंतु गत सितंबर में चीन के तियानजिन में एससीओ शिखर वार्ता में रूस के साथ द्विपक्षीय वार्ता के समय दोनों राष्ट्राध्यक्षों के मध्य पुतिन की कार में बैठकर परस्पर व गुप्त संवाद करने का जो चित्र-चलचित्र प्रसारित हुआ था, उससे भलीभांति अवगत हो गया था कि विश्व, विशेषकर दक्षिण एशिया में अमेरिकी कूटनीतिक प्रसारण पर प्रतिबंध हेतु अधि संभवतः रूस-भारत तथा कम संभावित रूप में रूस-भारत-चीन के बीच एक नई वैश्विक राजनीतिक समझ विकसित होने लगी है। पुतिन की भारत यात्रा की समयावधि में यह पहली बार है कि दोनों देशों की ओर से रक्षामंत्रियों, विदेशमंत्रियों एवं सुरक्षा सलाहकारों के स्तर पर टू प्लस टू वार्ता का आयोजन किया गया।

पुतिन-मोदी की अध्यक्षता में संपन्न 23वें भारत-रूस वार्षिक सम्मेलन के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य तथा भारतीय विदेश मंत्रालय की प्रेस भेंटवार्ता से स्पष्ट है कि दोनों देश अब आगे भविष्य में सामरिक संबंधों के साथ-साथ आर्थिक-व्यापारिक संबंधों को भी शक्तिसंपन्न करने हेतु संकल्पबद्ध हैं। दोनों नेताओं की भेंटवार्ताओं से भारत-रूस की कार्यनीतिक सहभागिता को नवदिशा प्राप्त हुई है। हालांकि दोनों ही देशों के मध्य सोवियत संघ के अस्तित्व के समय से ही द्विपक्षीय व्यापार एवं निवेश समझौतों का दीर्घकालिक दृढ़ संबंध रहा है, किंतु विगत कुछ वर्षों में दोनों का द्विपक्षीय व्यापार इनके आर्थिक समन्वयन के साथ नवशिखर तक पहुंचा है। सोवियत संघ के विघटन पर रूस की उत्पत्ति के बाद रूस-भारत का द्विपक्षीय व्यापार 1.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर की तुलना में वर्ष 2024-25 के वित्तीय वर्ष में 68.7 बिलियन डालर तक पहुंच चुका है, और अब इस शिखर वार्ता के उपरांत द्विपक्षीय व्यापार को 2030 तक 100 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। जहां पुतिन ने भारत को निर्बाध ऊर्जा आपूर्ति करते रहने का आश्वासन दिया है, वहां दोनों देशों ने निवेश अनुबंधों के अंतर्गत भारतीय कंपनियों को रूस के तेल एवं गैस, औषधि व सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में, तो रूसी कंपनियों को भारत के ऊर्जा, अवसंरचना निर्माण तथा विनिर्माण क्षेत्रों में पहले से अधिक निवेश करने के लिए प्रेरित किया है। वार्ता में ऐसे ही विभिन्न कार्यक्षेत्रों सहित निर्बाध एवं सुगम पारस्परिक प्रवासन व गतिशीलता के 16 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जिससे दोनों देशों के बीच सहयोग अधिक बढ़ेगा। शिखर वार्ता में यह संभावना प्रकट की गई है कि द्विपक्षीय सहयोग पर आधारित औषधीय उद्योग द्वारा स्वास्थ्य सुरक्षा बढ़ेगी तथा नवीन उद्योग विकसित होंगे। चूंकि जहां एक ओर, भारत में प्राकृतिक फाइबर, कारपेट से लेकर तकनीक आधारित वस्त्रोत्पादन की प्रचुरता, उपलब्धता है, और साथ ही साथ इनकी अभिकल्पना, कारीगरी में भी वैश्विक उपस्थिति है, वहीं दूसरी ओर रूस पॉलिमर और सिंथेटिक कच्ची सामग्री का एक बड़ा उत्पादक है। अतः दोनों देश एक साथ एक स्थायी व लाभकारी वस्त्र कारोबार कर सकते हैं। व्यापार में घनिष्ठता बढने पर दोनों देश उर्वरक, सिरेमिक, सीमेंट, विनिर्माण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में भी सहयोग करते हुए नए आर्थिक आयाम प्राप्त कर सकते हैं। पुतिन ने ब्रिक्स संगठन को सशक्त करने में भारत-रूस के सहयोग पर भी ध्यानाकृष्ट किया। दोनों नेताओं ने आतंकवाद के विरुद्ध शून्य सहनशीलता की अपनी-अपनी राष्ट्रीय कार्यनीति का भी समर्थन किया। भारत ने रूस-यूक्रेन युद्ध पर तटस्थ बने रहने के आरोप का खंडन करते हुए स्पष्ट किया है कि युद्ध किसी भी देश की संतुलित प्रगति में सबसे बड़ा बाधक है, अतः रूस-यूक्रेन ही नहीं, अपितु विश्व में कहीं किन्हीं देशों के बीच युद्ध होना ही नहीं चाहिए।

भारत-रूस के दृढ़ संबंधों में अधिक सुदृढ़ता, डेमोक्रेट्स के राष्ट्रपति जो बाइडेन के कार्यकाल में अमेरिका तथा अमेरिका के नेतृत्व में यूरोपीय देशों द्वारा रूस से कच्चे तेल के आयात पर प्रतिबंध लगाने के बाद, पनपी है। यूक्रेन के साथ युद्ध में उलझे हुए रूस के बारे में अमेरिका, यूरोपीय देशों से लेकर अन्य देशों ने वैरभाव पाल लिया है। ये देश यूक्रेन की संप्रभुता, स्वायत्तता तथा शोषण के लिए तो रूस का विरोध अवश्य करते रहे हैं और निरंतर कर रहे हैं, किंतु साथ ही रूसी संप्रभु, स्वायत्त एवं राष्ट्रीय अधिकारों की उपेक्षा भी कर रहे हैं। अमेरिका ने तो रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए भारत पर व्यापार शुल्क में अतिशय वृद्धि कर दी थी। किंतु चीन, स्वयं कुछ यूरोपीय देशों तथा यहां तक कि अमेरिका ने भी अपने आर्थिक-व्यापारिक हितों के लिए रूस से कच्चा तेल सहित अन्य निर्मित व अर्द्धनिर्मित खनिजों की खरीददारी जारी रखी है। इन विरोधाभासों के बीच भारत-रूस ने पारस्परिक संबंधों, मैत्री तथा विश्वास को गहरा करने पर ही अपना ध्यान केंद्रित रखा। रूस पर अमेरिका तथा यूरोपीय देशों के प्रतिबंध से उत्पन्न व्यापारिक-आर्थिक संकट में भारत ने मित्रता का कर्तव्य निभाते हुए वर्ष 2021 से लेकर 2024 तक बड़ी मात्रा में रूसी कच्चा तेल खरीदा, अपने संशोधन संयंत्रों में उसे खपतयोग्य सीमा तक संशोधित किया तथा वापस यूरोपीय देशों और यहां तक कि यूक्रेन को भी बेचना आरंभ कर दिया। रूस-भारत के इस व्यापारिक सहसंबंध के कारण भारत की अर्थव्यवस्था को पंख लग गए।

## आप की बात

### वैश्विक मंच पर भारतीय संस्कृति का स्वर्णिम अध्याय

दीपावली को यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में जगह मिल गई। दीपावली राम राज्य यानी सुशासन का एक महान उत्सव है। आज इस ख्याति और उपलब्धि से हर भारतीय धन्य है। प्रकाश का उत्सव दीपावली भारत के उन चिरस्थायी त्यौहारों में से एक है जो अब दुनिया के कई अन्य हिस्सों में भी मनाया जाता है। दीपावली बेहद भावनात्मक त्यौहार है। भारत की इस प्राचीन परंपरा को पीढ़ियों से हम आत्मसात करते आए हैं। यह सम्मान भारत की सांस्कृतिक प्रतिष्ठा को मजबूत करता है और भारत के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण है और हर भारतवासी के लिए वैश्विक मंच पर भारतीय संस्कृति का स्वर्णिम अध्याय है। धर्म ध्वजा फहराए जाने के बाद हम सभी के लिए एक नया गौरव का क्षण आया है और राम राज्य की राह भी दिखने लगी है।

राजेश लखनऊ

### समस्याओं से पार पाना है तो सजग रहिए सब कुछ सरकार पर ही मत छोड़िए

सरकार गली-कूचे में क्या कुछ जनसमस्याएं हैं, इसको लेकर कुछ कर नहीं सकती। इसकी वजह भी है और इसकी जिम्मेदारी के लिए प्रशासन स्तर पर तंत्र भी विकसित है लेकिन फिर भी लोगों को तमाम समस्याओं से दो-चार होना पड़ रहा है। अब ऐसे में निचले स्तर की जिम्मादारी तय होनी चाहिए और साथ ही उसकी जवाबदेही भी। लेकिन ऐसा होता नहीं, अफसरान किसी आम आदमी की सुनते नहीं और जनप्रतिनिधि भी कमाल के हैं। उनका मकसद आप बस उनके वोटर बने रहें। आम आदमी क्या झेल रहा है और कैसे गुजर-बसर कर रहा है उनका इससे कुछ लेना देना नहीं। इसके साथ ही सबसे अहम जिम्मदारी हम उन लोगों की बनती है जो समस्याओं से घिरे हुए हैं। आपसी सहयोग और जन सहभागिता अगर हो तो कोई भी दिक्कत आपके लिए पहाड़ नहीं हो सकती। बावजूद इसके सरकार और शासन प्रशासन को इतनी बेरुखी नहीं दिखानी चाहिए। व्यवस्था एसी हो कि किसी भी समस्या को लेकर आम आदमी जब चाहे अपनी बात सरकार तक पहुंचा सके। खास तौर पर नागरिक सुविधाओं से जुड़े तंत्र सक्रि य और सतर्क हो और प्रशासन उनकी निरंतर मानीटरिंग करता रहे। दूसरी ओर आम नागरिकों को भी सजग होना पड़ेगा ताकि किसी भी मुद्दे पर अगर दस्तक दी जाए तो उसकी आवाज सरकारी तंत्र तक जरूर पहुंचे। अगर वीआईपी और खास इलाकों को छोड़ दिया जाए तो समस्याएं इतनी हैं कि फेहरिस्त छोटी पड़ जाए। ऐसे में खुद सजग होकर सरकारी तंत्र को सतर्क रखना होगा और तभी रोज की दिक्कतों से आप पार पा सकते हैं।

**सनी सिंह, लखनऊ**

### गुलदस्ते छोड़ो, फल थमाओ

एक सेब रोज़ डॉक्टर को दूर रखता है, लेकिन मध्य प्रदेश के 50 लाख बच्चे पाँचवीं तक सेब तक नहीं देख पाते। दूध दूर की बात, अंजीर तो उनके लिए किसी परग्रह की चीज़ है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भोपाल में यह कड़वा सच उजागर किया और पूछा झ ''इन बच्चों को पौष्टिक भोजन कौन देगा?'' यह कोई आंकड़ा नहीं, यह पूरे राज्य के भविष्य पर ग्रहण है। भूखा दिमाग किताबें नहीं, रोटी खोजता है। कुपोषित शरीर क्लास में टिकता नहीं, सपने देखने की ताकत खो देता है। मिड-डे मील है, पर घर में रात का खाना नहीं। योजना है, पर पेट भरने की गारंटी नहीं। श्री प्रधान का सुझाव क्रांतिकारी है झ भंडारे कराने वाले नेता हफ्ते में एक दिन बच्चों को काजू, बादाम, बेसन के लड्डू बाँटें। गुलदस्ते छोड़ें, फल थमाएँ। यदि हर विधायक, सांसद, पंच-सरपंच अपने क्षेत्र के 500 बच्चों को हर महीने एक किलो फल-मेवा दें, तो लाखों बच्चे कुपोषण की जंजीर तोड़ सकते हैं। सेब का एक टुकड़ा कलाम बनने की पहली सीढ़ी हो सकता है। समय है गुलदस्ते फेंकने और फल थमाने का, क्योंकि भूखे बच्चे से बड़ा राष्ट्रद्रोह कोई नहीं।

**प्रो. आरके जैन ''अरिजीत'', बड़वानी (मप्र)**

### बच्चों के कल्याण की उम्मीदें

विकासशील देशों में बच्चों और महिलाओं की दीर्घकालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए 1950 में यूनिसेफ के दायरे को विस्तारित किया गया। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा बाल अधिकारों के संरक्षण की हिमायत करने, उनकी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में मदद देने तथा उनकी प्रतिभा के पूर्ण विकास के अवसरों का विस्तार करने का दायित्व यूनिसेफ को सौंपा गया है, जो बाल अधिकार समझौते से मार्गदर्शन लेते हुए बाल अधिकारों को चिरंतन नैतिक सिद्धांतों और बच्चों के प्रति व्यवहार के अंतर्राष्ट्रीय मानकों के रूप में स्थापित करने के लिए सदैव प्रत्यनशील रहता है। 11 दिसंबर वह अहम दिन जब इस मुद्दे पर विस्तार से मंथन करने की जरूरत है। यूनिसेफ ने दुनियाभर में बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए अनेक उल्लेखनीय कार्य किए हैं। विश्वभर में बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कल्याण और विकास के लिए किए जा रहे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए ही यूनिसेफ को कई सम्मान मिल चुके हैं। ऐसे में इन उपलब्धियों से अब बच्चों के कल्याण को लेकर चल रहे प्रयासों को बल मिला है।

अंकित भोपाल

पाठकगण अपने विचार responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# सिधौली में जिलाधिकारी की बड़ी कार्रवाई लापरवाही पर एएनएम की सेवा समाप्त

❖ सचिव निलंबित,कई पर नोटिस, 15 दिन का वेतन काटने के आदेश

पायनियर संवाददाता। सीतापुर



वीएचएसएनडी दिवस पर लापरवाही उजागर होने के बाद जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. सख्त मूड में नजर आए। विकास खंड सिधौली के ग्राम सचिवालय बाड़ी और पंचायत भवन जटहा के औचक निरीक्षण में भारी अव्यवस्था मिलने पर डीएम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए प्रणाली को हिला कर रख दिया। बाड़ी में निरीक्षण के दौरान एएनएम रंजू देवी की अनुपस्थिति पर जिलाधिकारी ने नोटिस जारी कर उनकी सेवा तत्काल समाप्त करने का निर्देश दिया। आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पर भी नोटिस जारी करने के आदेश दिए गए। मौके पर मौजूद प्रभारी चिकित्साधिकारी को डीएम ने लापरवाही पर कड़ी फटकार लगाई। जटहा पंचायत भवन पहुंचते ही डीएम का गुस्सा और भड़का। वीएचएसएनडी दिवस पर देरी से पहुंचने पर एएनएम सोनी शुक्ला की सेवा भी समाप्त करने के निर्देश जारी कर दिए। पंचायत भवन में अव्यवस्थाएं मिलने पर डीएम ने सचिव आरती यादव को निलंबित करने का आदेश दिया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की अनुपस्थिति और खराब कार्यशैली पर जिलाधिकारी ने कड़ा असंतोष जताते हुए सुधार के निर्देश दिए।

वहीं ड्यू रजिस्टर और अन्य अभिलेख अद्यतन न मिलने पर बीपीएम राजू मौर्य पर नोटिस जारी करते हुए 15 दिन का वेतन रोकने का आदेश दिया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। डीएम की इस ताबड़तोड़ कार्रवाई से स्वास्थ्य और पंचायत विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।

# सिंघानिया एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में इंटर हाउस स्पोर्ट्स क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन



पायनियर संवाददाता। सीतापुर

सिंघानिया एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में 10 दिसंबर 2025 को इंटर हाउस स्पोर्ट्स क्विज प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता तीन वर्गोंकृसब-जूनियर, जूनियर और सीनियरकृमें आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने खेल जगत से जुड़े राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय खेलों, खिलाड़ियों, नियमों और खेल इतिहास से संबंधित प्रश्नों का जवाब अत्यंत उत्साह और ज्ञानपूर्ण तरीके से दिया।

कुल 10 राउंड में सम्पन्न इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने तेजी और समझदारी का शानदार प्रदर्शन किया। सभी वर्गों में प्रतिस्पर्धा काफी कड़ी रही। विद्यालय प्रबंधन समिति ने सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ-साथ उनके सामान्य ज्ञान और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को भी मजबूत बनाती हैं। संस्था ने भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियाँ जारी रखने की बात कही।

**परिणाम इस प्रकार रहे**

सब-जूनियर वर्ग
प्रथम स्थान रूबी हाउस
द्वितीय स्थान सफायर हाउस
तृतीय स्थान टोपाज हाउस

जूनियर वर्ग
प्रथम स्थान टोपाज हाउस
द्वितीय स्थान रूबी हाउस
तृतीय स्थान सफायर हाउस

सीनियर वर्ग
प्रथम स्थान सफायर हाउस
द्वितीय स्थान एमरल्ड हाउस
तृतीय स्थान रूबी हाउस

## संक्षिप्त समाचार

### चोरनी गिरफ्तार, गैंग का भंडाफोड़, 6,880 बरामद

**सीतापुर।** महमूदाबाद कोतवाली पुलिस ने चोरी व टप्पेबाजी की वारदातों में शामिल एक शातिर महिला को गिरफ्तार कर पूरे गैंग का भंडाफोड़ कर दिया है। पुलिस ने पकड़ी गई आरोपी महिला से ₹6,880 की नगदी बरामद की है। थाना महमूदाबाद में दर्ज चोरी के मुकदमे की जांच कर रही पुलिस टीम ने संकटा देवी मंदिर, कस्बा महमूदाबाद के पास से अभियुक्ता आरती उर्फ पूजी पत्नी अभिषेक उर्फ अंकित, निवासी भगवन्तपुर रेवाली, थाना रामपुर कलां को दबोचा। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह 3झ4 लोगों के गिरोह के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से अलग-अलग स्थानों पर चोरी व टप्पेबाजी की घटनाएं अंजाम देती है। वारदात के बाद सभी लोग आपस में रुपये बांटकर अपना गुजारा करते थे। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) इठर की बढ़ोत्तरी की गई है। पुलिस ने आरोपी का चालान न्यायालय भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि गिरोह के अन्य 3 महिला सदस्य अभी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए दबिशें जारी हैं और जल्द ही उन्हें भी जेल भेजा जाएगा।

### जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से सुने

**सीतापुर।** महमूदाबाद नगर पालिका कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान चेयरमैन आमिर अरफात ने साफ-सफाई, पेयजल और मार्ग प्रकाश से जुड़ी शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जनता को अनावश्यक दौड़-भाग न करनी पड़े और जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र तीन दिनों के भीतर उपलब्ध कराए जाएँ। चेयरमैन ने निरीक्षण के दौरान मिली साफ-सफाई की लापरवाही पर नाराजगी जताई और संबंधित कर्मियों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए। उन्होंने आईजीआरएस की शिकायतों को गंभीरता से निस्तारित करने तथा कार्यालय समय में बिना सूचना बाहर न रहने का निर्देश दिया। सुबह 10 से 12 बजे तक जनता की समस्याओं की प्राथमिकता से सुनवाई करने को कहा। बैठक में लिपिक रामनरेश, अखिलेश कुमार, रामनरेश आदि मौजूद रहे।

### चोरी करने वाली महिला चोर गिरफ्तार

**सीतापुर।** संकटा देवी धाम में दर्शन के दौरान महिला के पर्स से मंगलसूत्र और नकदी चोरी करने की घटना में शामिल महिला चोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। 28 नवंबर को कटरा बिसवां निवासी सुनीता पत्नी संजय के पर्स से सामान चोरी हुआ था, जिसके बाद मुकदमा दर्ज कराया गया था। बुधवार सुबह गश्त के दौरान कस्बा इंचार्ज दीपक राठौर की टीम ने भगवंतपुर रेवाली (थाना रामपुर कलां) निवासी आरती उर्फ पूजा पत्नी अभिषेक को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से चोरी की 6,880 रुपए नकद बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि तीन-चार महिलाओं का गैंग मिलकर अलग-अलग स्थानों पर चोरी कर जीविकोपार्जन करता है। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि गैंग के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

### नपा में पवन ने संभाला ईओ का कार्यभार

**सीतापुर।** महमूदाबाद नगर पालिका में नए अधिशासी अधिकारी (ईओ) के रूप में पवन किशोर ने बुधवार दोपहर कार्यभार ग्रहण कर लिया। इससे पहले यहाँ बिसवा की ईओ नीलम चौधरी अतिरिक्त प्रभार देख रही थीं। बीते रविवार जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर द्वारा नगर पालिका कार्यालय व संकटा देवी धाम के निरीक्षण में भारी अव्यवस्थाएँ मिलने पर ईओ नीलम चौधरी को कड़ी फटकार लगाई गई थी और उनके खिलाफ चेतावनी पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद नगर विकास विभाग के विशेष सचिव ने आदेश जारी कर झांसी जनपद की नगर पालिका गुरसहाय में तैनात पवन किशोर को महमूदाबाद का नियमित ईओ नियुक्त किया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद पवन किशोर ने लिपिकों के साथ बैठक कर शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# मिशन शक्ति के तहत सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम आयोजित



पायनियर संवाददाता। तंबौर/ सीतापुर

मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत बुधवार को श्री राधा कृष्ण सरस्वती विद्या मंदिर, क्षेत्र सालपुर में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की विशेषता रही कि इसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ गाँव की महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में महिला आरक्षी अनुपमा, प्रभारी हेल्पलाइन 1090, ने कुटुम्ब प्रबोधन के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं से संवाद किया। उन्होंने परिवार में सहयोग, आपसी समझ और खुशहाल दांपत्य जीवन के लिए आवश्यक उपायों पर विस्तार से चर्चा की। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थाना प्रभारी ब्रजेश राय ने सभी को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई और कहा कि स्वच्छ वातावरण बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यालय परिवार और उपस्थित जनों से पर्यावरण संवर्धन में सक्रिय योगदान देने की अपील की। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। कक्षा दशम की छात्राओं ने रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभा दिखाई तथा महिला सशक्तिकरण पर आधारित एकांकी प्रस्तुत की, जिसने सभी मातृ शक्तियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का समापन संचालिका शिवांगी अवस्थी द्वारा सभी को शपथ दिलाकर किया गया। इस अवसर पर राधा शास्त्री सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# हिमांशु नाथ सिंह को राष्ट्रीय सम्मान



**बिसवां/सीतापुर।** जिले के विकासखंड बिसवां के ग्राम जनुवा के मजरा खंभापुरवा निवासी प्रगतिशील गन्ना किसान हिमांशु नाथ सिंह ने अपनी नवाचारपूर्ण खेती और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से पूरे देश में सीतापुर का गौरव बढ़ाया है। नई दिल्ली में आयोजित प्रतिष्ठित कृषि महाकुंभ 2025 में उन्हें नेशनल मिलेनियर फार्मर ऑफ इंडिया 2025, फार्मर आइकॉन 2025 और एसएमएल स्पेशल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। हिमांशु नाथ सिंह लंबे समय से आधुनिक कृषि पद्धतियों, सह-फसल मॉडल और उन्नत गन्ना उत्पादन तकनीकों पर कार्य कर रहे हैं। उनकी मेहनत और नवाचार ने यह साबित किया है कि वैज्ञानिक खेती सिर्फ उपज बढ़ाने का माध्यम नहीं, बल्कि किसान को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का सशक्त आधार भी बन सकती है। उनके सम्मान से क्षेत्र में खुशी की लहर है।

# गोंदलामऊ में अवैध अस्पताल सील, स्वास्थ्य विभाग की बड़ी कार्रवाई

पायनियर संवाददाता। सीतापुर



जिले में झोलाछाप डॉक्टरों और अवैध अस्पतालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोंदलामऊ के अधीक्षक डॉ. धीरज मिश्रा को सूचना मिली कि पहला चैराहा रामगढ़ स्थित श्री बालाजी हॉस्पिटल बिना पंजीयन के संचालित हो रहा है। सूचना मिलते ही सीएचसी अधीक्षक अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान पाया गया कि अस्पताल बिना किसी वैध पंजीकरण के चल रहा था और वहां कोई चिकित्सक या स्टाफ मौजूद नहीं था। स्थिति गंभीर देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने मौके पर ही अस्पताल को सील कर दिया और नोटिस चस्पा कर दिया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. धीरज मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र में बिना पंजीयन कोई भी अस्पताल, क्लिनिक या जांच केंद्र संचालित नहीं होने दिया जाएगा। इस संबंध में नियमित रूप से अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्री बालाजी हॉस्पिटल के खिलाफ यह कार्रवाई स्वास्थ्य विभाग और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा की गई। कार्रवाई के दौरान सीएचसी अधीक्षक डॉ. धीरज मिश्रा, ए.आर.ओ. गौरव गुप्ता, रामगढ़ चैकी इंचार्ज मनोज कुमार सिंह तथा कांस्टेबल संतोष कुमार मौजूद रहे। स्वास्थ्य विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध चिकित्सा संस्थानों पर अंकुश लगाने का सख्त संदेश गया है।

# भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन ने की गोष्ठी

❖ मानवाधिकार संरक्षण पर हुआ व्यापक विचार-विमर्श

पायनियर संवाददाता। सीतापुर



विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन, सीतापुर द्वारा नेहरू हाल में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रवण कुमार बाजपेई ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व बार अध्यक्ष हरीश त्रिपाठी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री दीपक वर्मा ने किया।

गोष्ठी की शुरुआत सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस दौरान जिला अध्यक्ष संजय शर्मा ने मानवाधिकारों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए, ताकि हम किसी दूसरे के अधिकारों का हनन न करें।

उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने आसपास के किसी भी पीड़ित व्यक्ति की मदद के लिए सदैव तत्पर रहें और आवश्यकता पड़ने पर उनकी समस्याओं को सक्षम अधिकारियों तक पहुँचाएं। कार्यक्रम के अध्यक्ष श्रवण कुमार बाजपेई ने कहा कि आज हर व्यक्ति मानवाधिकारों की बात तो करता है, लेकिन अधिकारों का सही ज्ञान कराना एक बड़ी जिम्मेदारी है जिसे भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन प्रभावी ढंग से निभा रहा है। मुख्य अतिथि पूर्व बार अध्यक्ष हरीश त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि सभी नागरिकों को अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहना चाहिए।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सदस्य और समाजसेवी उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से रामचंद्र गौड़, अरुणेश मिश्र, रत्नेश त्रिवेदी, जिला महामंत्री संजय दीक्षित, जिला उपाध्यक्ष दिनेश पाराशर, मिथिलेश वाजपेई, मोहम्मद रेहान खान, निधि वर्मा, आशुतोष शुक्ला, शफकत अली, मोहम्मद अली खान, प्रमोद तिवारी, अमित अग्निहोत्री, रमेश त्रिवेदी, सुमित अग्निहोत्री, मनमोहन सिंह, रामशंकर, मुकुट बिहारी, मनोज शुक्ला, सोनी देवी, अरुण कुमार, राम नारायण श्रीवास्तव, श्रवण त्रिवेदी, मधुलिका मिश्रा, निधि तिवारी, वैष्णवी तिवारी सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

# अवैध कब्जों पर बड़ी कार्रवाई, बिसवां और लहरपुर में कई बीघा भूमि मुक्त

पायनियर संवाददाता। सीतापुर

जिले में अवैध कब्जों के खिलाफ प्रशासन का अभियान लगातार जारी है। बुधवार को बिसवां और लहरपुर तहसील में राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त टीमों ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में सरकारी एवं शत्रु संपत्ति को अतिक्रमण मुक्त कराया। बिसवा कोतवाली क्षेत्र में एसडीएम शिखा शुक्ला के नेतृत्व में करीब 52 बीघा शत्रु संपत्ति से कब्जा हटाया गया। ग्राम लालपुर स्थित गाटा संख्या 69, 92, 148, 271 और 353 पर लंबे समय से अवैध कब्जा था, जिसे राजस्व अभिलेखों की जांच के बाद हटाया गया। कब्जे के लिए ग्राम देवियापुर निवासी रमेश चंद्र जिम्मेदार पाए गए थे। कार्रवाई शांतिपूर्वक संपन्न हुई और भूमि को सुरक्षित रूप से राजस्व अभिलेखों में दर्ज कर लिया गया। उधर, तहसील लहरपुर में तहसीलदार मनीष त्रिपाठी के निर्देशन में गाटा संख्या 982, 983 और 1030 पर किए गए पक्के अवैध निर्माणों को ढहाया गया। गनेशपुर और



सरावां गांवों में मदरसा हुसैनिया तकमिलुल उलूम सहित रईस, सत्तार और अवरार द्वारा किए गए कब्जों को न्यायालय के बेदखली आदेशों के तहत समाप्त कराया गया। विरोध के बावजूद प्रशासन ने सख्ती से कार्रवाई पूरी की। लगातार हो रही इन कार्रवाइयों से क्षेत्र में संदेश गया है कि सरकारी और शत्रु संपत्तियों पर अवैध कब्जा किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आयोजित

❖ अव्यवस्थाओं ने बिगाड़ा रंग,155 जोड़ों ने रचाई शादी

पायनियर संवाददाता। सीतापुर



समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत बुधवार को महोली कस्बे के कृषक इंटर कॉलेज मैदान में भव्य समारोह तो हुआ, लेकिन बदइंतजामी ने पूरे आयोजन पर सवाल खड़े कर दिए। कुल 155 जोड़ों ने दांपत्य जीवन में प्रवेश किया, जिनमें से 150 हिंदू जोड़ों ने वैदिक मंत्रों के बीच अग्नि को साक्षी मानकर विवाह किया, जबकि 5 मुस्लिम जोड़ों ने कुरान की आयतों के बीच निकाह पढ़ा, जिससे गंगाद्दजमुनी तहजीब की मिसाल देखने को मिली। लेकिन इस सांस्कृतिक समागम के बीच अव्यवस्थाएं किसी से छिपी नहीं रहीं। अधिकांश जोड़ों तक श्रृंगार सामग्री अधूरी पहुंची। कई नववधुओं के परिजनों ने बताया कि किट में सिंदूर तक नहीं दिया गया, जिससे शादी की रस्में प्रभावित होती दिखीं। भोजन स्थल पर तो हाल और भी खराब रहा कृ छुट्टा गोवंश अंदर घुस गया, जिससे लोगों को भोजन लेने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद आयोजकों की ओर से स्थिति संभालने में लापरवाही ही नजर आई। कार्यक्रम के दौरान बढैया निवासी बच्चू लाल अचानक बेहोश हो गए, लेकिन काउंटर पर बैनर न होने के कारण किसी को पता ही नहीं चला कि स्वास्थ्य टीम कहाँ है। करीब 15 मिनट की देरी के बाद उन्हें इलाज मिल सका और स्वास्थ्य कर्मियों ने अपने वाहन से सीएचसी भेजा। यह घटना व्यवस्थाओं की पोल खोलने के लिए काफी थी। दोपहर करीब 2:30 बजे पहुंचे स्थानीय विधायक शशांक त्रिवेदी ने उपस्थित हिंदू जोड़ों को प्रमाण-पत्र और उपहार दिए, लेकिन निकाह के लिए लगाए गए अलग पंडाल में वे नहीं पहुंचे। जिला समाज कल्याण अधिकारी मोतीलाल ने बताया कि सभी जोड़ों को 60 हजार रुपये नकद, 25 हजार का उपहार और प्रति जोड़ा 15 हजार रुपये आयोजन पर खर्च किए गए।

किट में बेड के गद्दे, कंबल, बैग, फैन, आयरन व अन्य सामान दिए गए। भले ही कार्यक्रम बड़े पैमाने पर आयोजित किया गया हो, लेकिन अव्यवस्थाओं ने सरकारी दावों व जमीनी हकीकत के बीच का अंतर एक बार फिर उजागर कर दिया।

# भाजपा संगठन चुनाव 2024-25: अवध क्षेत्र से प्रांतीय परिषद सदस्यों के नाम घोषित

## ● सीतापुर से इन नेताओं को मिला स्थान

❖ भाजपा जिलाध्यक्ष ने बताया कि यह पूरी प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से संपन्न हुई है और प्रदेश नेतृत्व द्वारा स्वीकृत सभी नाम अब औपचारिक रूप से प्रांतीय परिषद के सदस्य माने जाएंगे।

पायनियर संवाददाता। सीतापुर

भारतीय जनता पार्टी के संगठन-पर्व के तहत चल रहे संगठन चुनाव 2024-25 में प्रांतीय परिषद सदस्यों की सूची औपचारिक रूप से घोषित कर दी गई है। प्रदेश चुनाव अधिकारी डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय की संस्तुति के बाद प्रदेश नेतृत्व ने यह सूची फाइनल जारी की। भाजपा जिलाध्यक्ष ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि अवध क्षेत्र से चुने गए प्रांतीय परिषद सदस्यों के नाम संगठन को भेज दिए गए हैं, जिन्हें प्रदेश नेतृत्व ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। जिला चुनाव अधिकारी द्वारा जारी सूची के बाद जिले भर में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। संगठन चुनाव 2024-25 के इस महत्वपूर्ण चरण में प्रांतीय परिषद के सदस्य चयनित होने से आगामी संगठनात्मक गतिविधियों में नई ऊर्जा आने की उम्मीद जताई जा रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने बताया कि यह पूरी प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से संपन्न हुई है और प्रदेश नेतृत्व द्वारा स्वीकृत सभी नाम अब औपचारिक रूप से प्रांतीय परिषद के सदस्य माने जाएंगे।

**प्रांतीय परिषद के लिए घोषित नाम इस प्रकार हैं**
**अवध क्षेत्र प्रांतीय परिषद सदस्य (2024-25)**

1. वीरेन्द्र कुमार पुरी, विधानसभा लहरपुर
2. हरीशचन्द्र वर्मा, विधानसभा महोली
3. शंकर दयाल भार्गव, कृ विधानसभा हरगांव
4. श्रीमती सीमा जैन, विधानसभा बिसवां
5. अजय भार्गव, विधानसभा मिश्रिख
6. अनिल यादव, विधानसभा महमूदाबाद
7. मनोज सिंह, विधानसभा सेउता
8. रामबक्श रावत, विधानसभा सिधौली
9. श्रीमती इंदू सिंह चैहान विधानसभा सीतापुर

# दो दिन से लापता आठ वर्षीय आदित्य का शव कुएं से बरामद

**सीतापुर।** जनपद के थानगांव थाना क्षेत्र के चंदौली गांव में दो दिन से लापता आठ वर्षीय बालक आदित्य उर्फ अतिब का शव सोमवार सुबह एक कुएं से बरामद हुआ। बालक रविवार दोपहर घर के बाहर खेलते समय अचानक गायब हो गया था। परिजनों ने पूरी रात उसकी तलाश की, मगर कोई सुराग नहीं मिला। सोमवार सुबह करीब 10:30 बजे आदित्य की छोटी बहन चांदनी ने बुद्धा पुत्र सरजू के घर के पास स्थित कुएं में शव को उतराता हुआ देखा। उसने तुरंत परिजनों को सूचना दी। परिवार और ग्रामीणों ने शव को बाहर निकाला और इसकी जानकारी पुलिस को दी।

थानाध्यक्ष विमल गौतम ने बताया कि बच्चे के लापता होने की तहरीर पीड़ित पिता सुरेश कुमार निषाद (केवट) ने सोमवार को दी थी, जिसके आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होंने पुष्टि की कि आदित्य का शव उसके घर के निकट स्थित कुएं से बरामद हुआ है। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया है।

घटना स्थल का क्षेत्रीय लेखपाल नरेंद्र कुमार ने निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट तहसील प्रशासन महमूदाबाद को भेज दी है। बच्चे की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर व्याप्त है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# आजाद हिन्द भगत संगठन' ने किया विरोध प्रदर्शन, औरंगजेब-बाबर का पुतला दहन

पायनियर संवाददाता। सीतापुर



बुधवार को आजाद हिन्द भगत संगठन के कार्यकर्ताओं ने विदेशी आक्रमणकारियों के प्रतीक स्वरूप औरंगजेब व बाबर का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया। संगठन ने कहा कि देश की संस्कृति और सभ्यता को क्षति पहुँचाने वाले आक्रमणकारियों से जुड़ी स्मृतियों और प्रतीकों को हटाया जाना चाहिए। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि बाहरी आक्रमणकारियों ने भारत की संस्कृति, परंपराओं और धार्मिक स्थलों को नुकसान पहुँचाया था।

उनका कहना था कि जिन व्यक्तियों ने अत्याचार किए, उनके नामों और निशानियों का सम्मान या संरक्षण उचित नहीं है। संगठन से जुड़े सदस्यों ने कहा कि राष्ट्र की पहचान उसकी सनातन संस्कृति और सभ्यता से है, इसलिए उन ऐतिहासिक प्रतीकों को संरक्षित नहीं किया जाना चाहिए जो आक्रमण या अत्याचार की याद दिलाते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा में अतिथि का सम्मान है, लेकिन शत्रु का नहीं। कार्यकर्ताओं ने उदाहरण देते हुए कहा कि भारतीय समाज में रावण का प्रतीकात्मक दहन हर वर्ष किया जाता है, ऐसे में इतिहास में अत्याचार करने वाले विदेशी आक्रमणकारियों के प्रतीकों और स्मृतियों का विरोध भी स्वाभाविक है। विरोध के दौरान कुछ कार्यकर्ताओं ने उन लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग भी की, जो इन आक्रमणकारियों का समर्थन करते हैं। हालांकि यह बयान संगठन का व्यक्तिगत मत था। कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हालिया बयान का हवाला देते हुए कहा कि देश प्रभु श्रीराम, श्रीकृष्ण, महावीर जैन और गुरु गोबिंद सिंह के आदर्शों से चलता है, न कि बाबर या औरंगजेब जैसे आक्रमणकारियों से। संगठन ने मुख्यमंत्री के इस बयान का समर्थन किया। विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्वक संपन्न हुआ और पुलिस व्यवस्था मौके पर मौजूद रही।

# स्पष्ट लक्ष्य व सही मार्गदर्शन सफलता कुंजी : डीएम

पायनियर संवाददाता। गोंडा



❖ जनपद स्तरीय करियर गाइडेंस मेला का आयोजित

राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में जनपद स्तरीय करियर गाइडेंस मेला का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने मेले का उद्घाटन किया तथा विभिन्न स्टॉलों और गतिविधियों का अवलोकन किया।

जिलाधिकारी ने मेले में उपस्थित छात्र-छात्राओं से संवाद स्थापित करते हुए उनके करियर लक्ष्यों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों से पूछा कि वे आगे चलकर क्या बनना चाहते हैं। बच्चों ने आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों को व्यक्त किया। इसमें किसी छात्र ने आईएएस बनने की इच्छा जताई, तो किसी ने पुलिस सेवा में जाने की बात कही। इसी प्रकार एक छात्रा ने आर्टिस्ट बनने का अपना सपना बताया। बच्चों के उत्साह और उनके स्पष्ट लक्ष्यों से जिलाधिकारी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में सफल होने के लिए स्पष्ट लक्ष्य, सही मार्गदर्शन और निरंतर परिश्रम आवश्यक है।

जिलाधिकारी ने बताया कि करियर गाइडेंस मेला छात्रों के भविष्य निर्माण में अत्यंत उपयोगी है क्योंकि इससे बच्चों को विभिन्न क्षेत्रों, प्रतियोगी परीक्षाओं, रोजगार के अवसरों, तथा कौशल विकास की संभावनाओं के बारे में जानकारी मिलती है।

कार्यक्रम में विभिन्न विभागों, शैक्षणिक संस्थानों तथा कौशल विकास केंद्रों द्वारा लगाये गए सूचना स्टॉलों का छात्र-छात्राओं ने उत्सुकता के साथ अवलोकन किया। विशेषज्ञों ने बच्चों को विभिन्न करियर विकल्पों, कोर्सों तथा प्रवेश प्रक्रिय प्रारंभ करने की जानकारी दी।

## हत्याकांड में आरोपियों की तलबी पर हुई सुनवाई

**सुलतानपुर।** प्रॉपर्टी डीलर विजय नरायन सिंह के चर्चित हत्याकांड में नामजद रहे तीन लोगों को तलब करने की याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। वादी पक्ष के वकील अरविंद सिंह राजा ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों की घटना में साजिश होना स्पष्ट है। सात अप्रैल 2024 की शाम शहर के दरियापुर तिराहे पर हुई हत्या में केवल अंबेडकर नगर जिले के शूटर अजय सिंह सिलावट के खिलाफ चार्जशीट दाखिल हुई थी जबकि अन्य आरोपियों के बारे में विवेचना खामोश रही। वादी मुकदमा सतीश नारायण सिंह ने गवाही में विनय तिवारी, दीपक मिश्रा और एक अन्य की संलिप्तता भी बताई। न्यायाधीश संध्या चौधरी ने दोनों पक्षों की सुनवाई कर आदेश सुरक्षित रखा है।

## सराफा डकैती से जुड़े केस में गवाही दर्ज

**सुलतानपुर।** शहर के चौक ठठेरी बाजार में बीते साल हुए सराफा डकैती काण्ड के बाद दर्ज गैंगस्टर केस में बुधवार को गवाह भरत जी सोनी की गवाही दर्ज हुई जिससे बचाव पक्ष से वकील अरविंद सिंह राजा और संतोष पांडेय ने जिरह की। गैंगस्टर की विशेष कोर्ट के जज राकेश ने गुरुवार को भी साक्ष्य जारी रखने का आदेश दिया है। कोतवाली नगर के चौक ठठेरी बाजार में भरत जी सोनी की ज्वैलरी की दुकान में 28 अगस्त 2024 को आरोपियों ने दिनदहाड़े डकैती डाली थी। कोतवाली पुलिस ने आरोपियों पर कार्रवाई कर गैंगस्टर का मुकदमा भी दर्ज किया था। बुधवार को तीसरे गवाह भरत सोनी से करीब दो घण्टे तक बचाव पक्ष के दो वकीलों ने सवाल पूछे। उधर डकैती के मुकदमे में माल मुकदमा नहीं आने से गवाही 15 दिसम्बर के लिए टल गई।

## संक्षिप्त समाचार

### आयोजित रोजगार अप्रेन्टिस मेले में चयनित हुए 27 अभ्यर्थी

**अमेठी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य/नोडल अधिकारी विवेक कुमार ने बताया कि जनपद में आज राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गौरीगंज में रोजगार ,अप्रेन्टिस मेले का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 67 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस क्रम में उन्होंने बताया कि उक्त मेले में हीरो कम्पनी अलवर राजस्थान के एच0आर0 शिव कुमार द्वारा उपस्थित अभ्यार्थियों का साक्षात्कार किया गया तथा साक्षात्कार प्रक्रिया के उपरान्त 27 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस दौरान उक्त आयोजित रोजगार ,अप्रेन्टिस मेले में नोडल प्रधानाचार्य विवेक कुमार, अप्रेन्टिसशिप प्रभारी अनिल कुमार मिश्र, सहायक अप्रेन्टिसशिप प्रभारी भारत भूषण मिश्रा व दिवाकर मिश्र उपस्थित रहे।

### 80 टोटियां चोरी: चौकीदार की तहरीर पर पुलिस ने की जांच शुरू

**अमेठी।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रशासनिक भवन में चोरी की वारदात सामने आई है। अज्ञात चोर देर रात संस्थान परिसर के पीछे की ओर से घुसकर करीब 80 पानी की टोटियां उखाड़ ले गए। घटना का पता सुबह निरीक्षण के दौरान चला।मंगलवार सुबह 10 बजे मिली जानकारी के अनुसार, बीती रात चौकीदार रामबरन पाण्डेय ड्यूटी पर थे। संस्थान में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था न होने के कारण चोरी की भनक रात में नहीं लग सकी। सुबह जब उन्होंने भवन का निरीक्षण किया तो कई जगहों पर लगी टोटियां गायब मिलीं। इसके बाद उन्होंने अमेठी कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई। कोतवाली प्रभारी रवि सिंह ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। परिसर से जुड़े सीसीटीवी फुटेज, आने-जाने के रास्तों और अन्य संभावित सुरागों की गहन पड़ताल की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही चोरों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।स्थानीय लोगों ने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और रात में प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि ऐसे घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

### विधायक खेल प्रतियोगिता का आयोजन 15 व 16 को

**अमेठी।** उपजिलाधिकारी अमेठी आशीष सिंह ने बताया कि विधानसभा स्तर पर उ0प्र0 ग्रामीण खेल लीग के अन्तर्गत महिला बालिका एवं पुरुष ,बालक श्रेणी में विभिन्न आयु वर्ग ,सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर , की मा० विधायक खेल स्पर्धा कराने हेतु जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया है, जिसमें विधानसभा स्तर पर पुरुष,महिला की 08 खेल विधाओं यथा-एथलेटिक्स, कबड्डी, कुश्ती, वालीबॉल, फुटबाल, भारोत्तोलन, जूडो एवं बैडमिन्टन प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि व्यक्तिगत स्पर्धा में एथलेटिक्स विधा में अनिवार्य रुप से प्रतियोगिता का आयोजन कराये जाने तथा कम से कम 04 अन्य खेल विधाओं में खेल प्रतियोगिता का आयोजन कराया जायेगा तथा विधानसभा अमेठी-187 (विकास खण्ड-अमेठी, संग्रामपुर, भेटुआ, भादर) के इच्छुक विद्यालय के खिलाड़ियों व ग्रामीण अंचलों के समस्त खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। इस क्रम में उन्होंने बताया कि उक्त प्रतियोगिता का आयोजन जनपद में 15 व 16 दिसम्बर 2025 को डॉ0 भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम, अमेठी में सम्पन्न कराया जायेगा, जिसमें प्रतिभागी को विधानसभा अमेठी-187 का निवासी होने के साथ ही खिलाड़ियों का युवा साथी पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य होगा तथा खिलाड़ियों द्वारा आधार कार्ड की फोटोकॉपी एवं पासपोर्ट साइज का 01 फोटो क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रा०वि०द० अधिकारी वि०ख०-अमेठी को उपलब्ध कराना होगा। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि उक्त आयोजित प्रतियोगिता हेतु इच्छुक खिलाड़ियों को https://www.yuvasathi.in/sport-registration पर अपना पंजीकरण कराने के साथ ही अधिक जानकारी हेतु क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रा०वि०द० अधिकारी, वि०ख०-अमेठी रीना वर्मा मो0नं0-8112354470 से सम्पर्क किया जा सकता है।

### समाजसेवी ने की अग्नि पीड़ितों की आर्थिक मदद

**तिलोई अमेठी।** समाजसेवी हाजी महताब खान ने गांव बालदास का पुरवा मजरे कमई में बीते गुरुवार को आधी रात्रि में शर्मा परिवार के घर में लगी आग से अग्नि पीड़ितों की आर्थिक सहायता कर उन्हें ढाढस बंधाया। बीते गुरुवार को क्षेत्र के गांव बालदास का पुरवा मजरे कमई में शैलेन्द्र कुमार शर्मा और उनके भाई स्वङ्ग विजय शर्मा के घर में लगी भीषण आग ने सब कुछ जलाकर नष्ट कर दिया था। आग से जलकर घर गृहस्थी का सामान सहित कई पालतू मवेशी भी खत्म हो गए थे। अग्नि पीड़ित किसी तरह से मेहनत मजदूरी कर अपना परिवार चला रहे थे लेकिन आकस्मिक हुए इस घटना ने उन्हें पूरी तरह से तोड़कर रख दिया है। सरकारी मदद के नाम पर बस औपचारिकताएं चल रही हैं वही पर विदेश में बैठे विधानसभा क्षेत्र तिलोई के अकबरपुर फर्शी निवासी समाजसेवी हाजी महताब खान ने अपने प्रतिनिधियों को अग्निपीड़ितों के पास भेजकर दस हज़ार रुपये की आर्थिक मदद की ।

# राजमार्ग पर पलटा टेंपो चार घायल, महिला की मौत

पायनियर संवाददाता। मोतिगरपुर-सुलतानपुर

लखनऊ बलिया हाइवे पर दोपहर तेज रफ्तार वाहन बचाने के चक्कर में मोतिगरपुर चौराहे के पास टैंपो पलट गया। जिसके नीचे दबकर महिला समेत तीन लोग घायल हो गये। स्थानीय लोगों ने सीएचसी मोतिगरपुर में इलाज के लिए ले गए। जहां चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम भेजा।

बुधवार को जौनपुर जिले के गांव जर्रा, थाना सरायख्वाजा के निरंजन अपनी पत्नी कुमारी (60), भतीजी गरिमा (16) व टैम्पो चालक संजय (45) मोतिगरपुर के पहाड़पुर सराय भीषम गांव में रिश्तेदार के घर जा रहे थे। दोपहर में जैसे ही टेम्पो मोतिगरपुर चौराहे के करीब पहुँचा, तेज रफ्तार अज्ञात वाहन को बचाने में अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसके नीचे महिला दब गई, चालक समेत तीन लोग दूर जाकर गिरे। सभी को चोटें आई। तेज आवाज पर आसपास के लोग घटनास्थल पर इकट्ठा हो गए और घायलों को इलाज के लिए धर्मराज पाठक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने कुमारी को मृत घोषित कर दिया। वहीं निरंजन, संजय व गरिमा का इलाज किया। मोतिगरपुर पुलिस अस्पताल पहुँची, थानाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर किशोरियों ने दिखाया दम

पायनियर संवाददाता। दोस्तपुर-सुलतानपुर



विकास खंड दोस्तपुर के ग्राम पंचायत गोसैसिंहपुर के पंचायत भवन में बुधवार को लोक विकास केंद्र कैलाश एवं आरोही संस्था के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरियों को उनके अधिकारों, स्वास्थ्य, शिक्षा और पोषण के प्रति जागरूक करना था।

संस्था के निदेशक भारत भूषण के कुशल मार्गदर्शन में ब्लॉक की 20 ग्राम पंचायतों में चल रहे 40 संसाधन केंद्रों की सैकड़ों किशोरियों ने हिस्सा लिया। किशोरियों ने न सिर्फ अपने अधिकारों की गहरी समझ दिखाई, बल्कि रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, नुक्कड़ नाटक और नृत्य के जरिए पूरे हॉल में तालियाँ बटोरीं। उनके आत्मविश्वास और जोश को देखकर मौजूद हर शख्स प्रभावित हुए बिना नहीं रह सका।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शैलखा ग्राम प्रधान, गोसैसिंहपुर के ग्राम प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, दर्जनों आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां आशा बहुएं और ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं। सभी ने किशोरियों की प्रस्तुति और कार्यक्रम की व्यवस्था की प्रशंसा की।ग्राम प्रधान गोसैसिंहपुर ने कहा, आज की किशोरियां कल का भविष्य हैं। ऐसे आयोजन उन्हें मजबूत पंख देते हैं। वहीं संस्था प्रमुख भारत भूषण ने सभी सहयोगियों व किशोरियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि मानवाधिकार सिर्फ़ कागज़ी बात नहीं, बल्कि हर किशोरी के आत्मसम्मान और सपनों की रक्षा का नाम है।कार्यक्रम के अंत में किशोरियों को प्रमाण-पत्र और छोटे-छोटे उपहार देकर सम्मानित किया गया।

## आपत्तिजनक फोटो वायरल करने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कादीपुर-सुलतानपुर।** सोशल मीडिया पर किसी की छवि धूमिल करने का एक गंभीर मामला सामने आया है। कोतवाली क्षेत्र के सरायकल्याण गांव निवासी शिक्षक शैलेंद्र प्रताप सिंह उर्फ सोनू सिंह, जो अमेठी जनपद के राम नरेश पूर्व माध्यमिक विद्यालय सैठा में अध्यापक हैं, की फेसबुक पर आपत्तिजनक फोटो डालकर भ्रामक एवं झूठे तथ्य वायरल करने के आरोप में पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पीड़ित शिक्षक ने बताया कि बीते 1 फरवरी 2025 को उनके ही गांव के एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर उनकी आपत्तिजनक तस्वीर पोस्ट कर गलत-सालत बातें लिखकर वायरल कर दीं। इससे उन्हें भारी मानसिक पीड़ा के साथ-साथ सामाजिक व आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है।

# देश की आजादी के नायकों का सम्मान मूल कर्तव्य: विधायक

पायनियर संवाददाता। अमेठी

❖ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सम्मान यात्रा का हुआ स्वागत

❖ स्मारक स्थल के लोकार्पण व ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल हुए स्वतंत्रता संग्राम सेनानी

कादूनाला शहीद स्मारक स्थल से शुरू हुई स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सम्मान यात्रा के गौरीगंज ब्लॉक परिसर पहुंचने पर विधायक राकेश प्रताप सिंह व प्रमुख प्रतिनिधि उमेश प्रताप सिंह आदि ने स्वागत किया।

इस दौरान स्वतंत्रता आंदोलन के वीरों के प्रति श्रद्धा और सम्मान का विशेष भाव दिखाई दिया। विधायक ने कहा कि देश की आजादी के नायकों का सम्मान हम सबका मूल कर्तव्य है। साथ ही कार्यालय परिसर में बने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक स्थल का लोकार्पण व ध्वजारोहण कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व उनके आश्रित शामिल हुए। मंगलवार को ब्लॉक कार्यालय सभागार में आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर राजेश सिंह ने कहा कि यह सम्मान यात्रा युवा पीढ़ी को देश की आज़ादी के लिए दिए गए बलिदानों से परिचित कराने का महत्वपूर्ण माध्यम है। वयोवृद्ध सेनानी भइया बहादुर सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता के मूल्य को पहचानते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाली सेनानियों का सम्मान किया जाना बहुत ही जरूरी है।

विधायक राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम की विरासत को बचाना तथा उसे जन जन के मन तक पहुंचाना होगा। आज़ादी की लड़ाई केवल इतिहास का हिस्सा नहीं, बल्कि प्रेरणा का स्त्रोत है, जिसे आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना जरूरी है।गोष्ठी में जितेंद्र रघुवंशी, चंद्रप्रकाश बाजपेई, अशोक कुमार वर्मा आदि ने संबोधित किया। इसके बाद नवनिर्मित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक का लोकार्पण किया गया।

# सड़क हादसे में युवक की मौत, हत्या की आशंका

**कादीपुर-सुलतानपुर।** बीती मंगलवार देर रात कादीपुर-अखंडनगर मार्ग पर अमरेथू डडिया गांव के पास डॉ. अंबेडकर प्रतिमा से महज सौ मीटर दूर सड़क किनारे एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। बुधवार को पुलिस ने शव की शिनाख्त कोतवाली क्षेत्र के रानेपुर कूम्ही डडिया निवासी अनुराग (30) पुत्र राधेश्याम के रूप में की। परिजनों के अनुसार अनुराग मंगलवार को जालंधर (पंजाब) अपनी नौकरी पर जाने के लिए घर से निकला था, लेकिन ट्रेन छूट गई। इसके बाद वह अपनी ससुराल ककना राम तीरथ गौतम पहुंच गया। मंगलवार रात को वह छोटे भाई गोविंद की ससुराल अमरेथू डडिया आया हुआ था। पुलिस का कहना है कि वह पानी लेकर शौच के लिए गया था, तभी किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से उसकी मौत हो गई। हालांकि मृतक के पिता राधेश्याम ने हादसे से इनकार करते हुए अपने साले राजनाथ पर हत्या का शक जताया है।

### बेटी के सिर से उठा पिता का साया

अनुराग तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। बड़ा भाई सुशील (37) राजगीर का काम करता है, छोटा भाई गोविंद (28) मजदूरी करता है। पिता राधेश्याम भी मजदूरी करते हैं।

## अपहरण मामले में कादीपुर कोतवाल से रिपोर्ट तलब

**सुलतानपुर।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नवनीत सिंह ने नाबालिग किशोरी के अपहरण मामले में आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर कादीपुर कोतवाल से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। पीड़िता की मां ने वकील सिद्धार्थ विद्रोही के जरिए कोर्ट में विवेचना की मॉनिटरिंग करने की अर्जी दाखिल की है। मां ने आरोप लगाया है कि उसकी 16 वर्षीय बेटी को शादी का झांसा देकर कटघरा निवासी अमन कुमार ने बीती 13 नवम्बर को अपहरण कर लिया। पीड़ित पक्ष ने आरोपी के करौंदीकला थाना क्षेत्र में रिश्तेदारी में रहने की जानकारी भी पुलिस को दी लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। पुलिस अधीक्षक से शिकायत के बावजूद पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी नहीं कर रही है।

## कुएं में शव मिलने के मामले में तीन गिरफ्तार

**करनैलगंज, गोंडा।** नगर के मोहल्ला बमपुलुस में 40 वर्षीय अकबर अली उर्फ चैधरी की हत्या कर शव को कुएं में फेंकने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि पुलिस टीम ने नामजद आरोपियों मुन्ना, हारून और इम्तियाज को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई पूरी कर न्यायालय रवाना कर दिया है। घटना बीते 4 दिसंबर की है, जब सुबह खेत के कुएं से अकबर अली का शव मिलने पर परिजनों ने हंगामा करते हुए आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की थी। परिवार ने आरोप लगाया था कि मृतक का विवाद 3 दिसंबर की शाम हारून से हुआ था, जिसके बाद ही वह लापता हो गया था। कोतवाल ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य प्रमाणों के आधार पर मामले की विवेचना आगे बढ़ाई जा रही है।

# मानवाधिकार मनुष्य के विकास की नींव : एडीजे



पायनियर संवाददाता। गोंडा

मानव के विकास और प्रगति के लिए मानवाधिकार नींव का काम करते हैं। मानवाधिकार सभी के मानव होने के कारण ही प्राप्त हैं। व्यक्ति को गरिमा के साथ जीने के लिए आवश्यक सभी मूलभूत अधिकार मानवाधिकार के दायरे में आते हैं।

उक्त बातें अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में मीना शाह इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व अपर जिला जज दानिश हसनैन ने कहा। उन्होंने कहा कि मानवाधिकार सार्वभौमिक अधिकार है। यह किसी राज्य अथवा देश द्वारा प्रदान नहीं किए जाते हैं। असिस्टेंट डिफेंस काउंसिल बृजलाल तिवारी ने कहा कि हमारी भारतीय परंपरा का आधार ही मानवाधिकार हैं। उन्होंने कहा कि मानवाधिकारों को भारतीय संविधान में मौलिक अधिकार व नीति निर्देशक तत्व के द्वारा संवैधानिक स्थान प्रदान किया गया है। कार्यक्रम में डीन अजय टण्डन, असिस्टेंट प्रोफेसर संजीव अग्रवाल व अखिलेश पाठक ने भी अपने विचार व्यक्त किये। प्रबंधक हसन सईद ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन पैनल अधिवक्ता अविनाश चंद्र श्रीवास्तव ने किया।

# अनियंत्रित टैंकर ने छह वाहनों को मारी टक्कर, दस घायल

❖ तीन बाइक, एक स्कॉर्पियो, एक डिजायर, एक ऑटो क्षतिग्रस्त

पायनियर संवाददाता। लंभुआ-सुल्तानपुर



लखनऊ से वाराणसी की ओर जा रहे एक अनियंत्रित टैंकर ने बुधवार की देर शाम फोरलेन पर दहशत फैला दी। करीब डेढ़ किमी की दूरी में शीरे भरे टैंकर ने छः वाहन कुचल दिए। हादसे में नौ लोग घायल हुए हैं। जिसमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। हादसे से सुल्तानपुर - वाराणसी फोरलेन पर अफरा तफरी का माहौल हो गया। लंभुआ पुलिस व हाईवे पेट्रोलिंग टीम ने ग्रामीणों की मदद से बचाव कार्य शुरू कराया। पुलिस ने आरोपित टैंकर चालक को पकड़ लिया है। बुधवार की शाम करीब सात बजे वाराणसी की तरफ जा रहे शीरे से भरा एक टैंकर बेदूपारा कट के पास अचानक अनियंत्रित हो गया। टैंकर ने किनारे खड़े एक बाइक को टक्कर मार दी। इसके बाद चांदा की तरफ जा रहे सवारियों से भरे एक ऑटो को भी अपनी चपेट में ले लिया। इसी दौरान बेदूपारा शिवालय के सामने ढाबे के आसपास खड़े दो बाइक, एक स्कॉर्पियो व एक स्विफ्ट डिजायर कार को टक्कर मारते हुए टैंकर खड्ड में जाकर पलट गया। हादसे में चांदा कोतवाली के कोथरा निवासी हीरामती (50), रवि (26), अरुण (21), सराय जुझार (चांदा) निवासी प्रतीक तिवारी (27) व अनुभव तिवारी (21), चांदा निवासी सुशील (28), वाराणसी के पतेर निवासी सुखराम (40), भेलूपुर, वाराणसी निवासी विपिन मौर्य (35) , अरौला, प्रतापगढ़ निवासी रोशन सिंह (32), सौरभ (25) व चितावनपुर, चांदा निवासी अजय दूबे (35) घायल हो गए। राहगीरों की मदद से सभी को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां से छः लोगों सुशील, विपिन मौर्य, रोशन सिंह, सौरभ, सुखराम व अरुण को रेफर कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार राय ने बताया कि टैंकर चालक व सीतापुर निवासी सुधीर (32) को हिरासत में लिया गया है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

## अवैध ब्रेकर से टकराई बाइक, दो महिलाएं जख्मी

**लंभुआ।** बुधवार की रात करीब साढ़े सात बजे इलाज कराने आ रहे बाइक सवार सर्वोदयनगर के पठखौली रोड पर बने अवैध ब्रेकर से टकरा कर जख्मी हो गए। हादसे में पठखौली निवासी खुशबू (20) व कुसुम (45) जख्मी हो गए। बाइक निखिल चला रहे थे। कुसुम की तबियत खराब थी। जिन्हें इलाज के लिए लंभुआ लाया जा रहा था। इसी दौरान हाल ही में हुई मरम्मत के दौरान एक अवैध ब्रेकर बना दिया गया है। इसी ब्रेकर से टकरा कर रोजाना बाइक सवार अनियंत्रित हो जाते हैं।

# राजकीय हाईस्कूल रोहनियां में वार्षिक समारोह का आयोजन



पायनियर संवाददाता। ऊँचाहार, रायबरेली

❖ छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किये गये सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बिखेरी छटा


❖ प्रधानाचार्य साधना सिंह ने मेधावियों को किया पुरुस्कृत, अतिथियों का किया स्वागत

राजकीय हाईस्कूल रोहनिया में पुरस्कार वितरण एवं वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया।

वार्षिक समारोह के अवसर पर निबंध प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता, खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं, गृह परीक्षा व बोर्ड परीक्षा के मेधावी विद्यार्थियों को पुरुस्कृत किया गया। विशिष्ट अतिथियों में सामुदायिक चिकित्सा केंद्र, रोहनिया के डॉ अखिलेश, प्रधान प्रतिनिधि उमरन रणजीत सिंह, समाजसेवी एवं व्यवसाई जितेंद्र बहादुर सिंह उपस्थित रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्या साधना सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। उन्होंने अपने धन्यवाद भाषण में नोडल प्रियंका, इला शुभानंद पटेल, पूजा व संदीप गौतम का आभार व्यक्त किया।

# रायबरेली के शुभम शुक्ला ने बढ़ाया गौरव भारत सरकार के सुप्रीम कोर्ट पैनल में नियुक्त

पायनियर संवाददाता। रायबरेली



रायबरेली के शुभम शुक्ला ने जनपद का नाम रोशन किया है। शहर के रामजी पुरम निवासी राहुल शुक्ला के पुत्र शुभम शुक्ला को केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में सरकारी मामलों की पैरवी के लिए एडवोकेट पैनल में नियुक्त किया है। यह नियुक्ति विधि मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी आदेश के माध्यम से की गई है।

जारी आदेश के अनुसार, राष्ट्रपति द्वारा सुप्रीम कोर्ट के लिए अधिवक्ताओं को तीन वर्ष की अवधि के लिए अथवा अगले आदेश तक नियुक्त किया गया है। गौरतलब है कि शुभम शुक्ला ने वर्ष 2023 में राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, पटियाला से कानून की पढ़ाई पूरी करने के बाद दिल्ली में वकालत की शुरुआत की थी। अब उन्हें केंद्र सरकार के मुकदमों की सुप्रीम कोर्ट में पैरवी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस उपलब्धि से शुभम शुक्ला का परिवार व ईष्ट मित्रों ने उन्हें बधाई दी है। साथ ही शुभम के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

पायनियर संवाददाता। गोंडा



ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता नवाबगंज का शुभारंभ जेम्स हार्वी मेमोरियल इंटर कॉलेज में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष सतेन्द्र सिंह, विशिष्ट अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी हेमलता त्रिपाठी व ब्लॉक अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ सुशील पाण्डेय द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वल कर किया गया।

यह जानकारी देते हुए शिक्षिका कल्पना तिवारी ने बताया कि इस मौके आयोजित 50 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में प्रथम स्थान रुकसार प्राथमिक विद्यालय गोकुला, 50 मीटर और 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में प्रथम स्थान अमित यादव कंपोजिट विद्यालय तुरकौली, 100 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में ज्योति प्राथमिक विद्यालय रेहली, कबड्डी बालक और बालिका जूनियर में कंपोजिट विद्यालय निरिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतियोगिताएं व्यायाम शिक्षक सुशील कुमार के मार्गदर्शन में संपन्न हुईं। इस मौके पर खण्ड शिक्षा अधिकारी हेमलता त्रिपाठी ने विजेता बच्चों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर राम सुंदर, ब्लॉक अध्यक्ष जूनियर राजेश मिश्रा, मंत्री प्रदीप सिंह, सुधीर सिंह, ब्लॉक उपाध्यक्ष अवनीश तिवारी, धर्मेंद्र तिवारी, राकेश पाण्डेय, हंसराज वर्मा, भीमदेव मिश्रा, संजय दूबे, पवन श्रीवास्तव, श्रीमणि श्रीवास्तव, देव प्रकाश भारती, कीर्तिवर्धन सिंह, शिव भजन सिंह, विनोद सिंह, कन्हैयालाल शर्मा, कृष्ण कुमार तिवारी, विनीता कुशवाहा, वंदना पटेल, अनीता पाण्डेय, खुशबू जायसवाल, तानिया हलधर, रेखा सिंह, रोशनी, सविता तिवारी, सुशीला, नीतू पाण्डेय आदि उपस्थित रहीं।

# डीएम ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता। शाहजहांपुर



बुधवार को जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र के साथ टाउन हॉल स्थित गांधी भवन प्रेक्षागृह, शहीद द्वार एवं शहीद उद्यान में राज्य स्मार्ट सिटी योजना तथा मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना अंतर्गत निर्माणाधीन एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण किया।

गांधी भवन प्रेक्षागृह में 462.62 लाख रुपये स्वीकृत धनराशि से मुख्य भवन के रिनोवेशन के तहत फॉल्स सीलिंग, वॉल पैनलिंग, कारपेट फ्लोरिंग, स्टेज पर वुडन फ्लोरिंग, 600ऑडिटोरियम चेयर, लाइट एंड साउंड सिस्टम, एंट्रेंस लॉबी के मरम्मत कार्य, बाहरी फसाड़ का सौंदर्यीकरण, स्टेज साइक्लोरामा व पर्दे का कार्य तथा 75 टन एयर कंडीशनिंग और एलईडी स्क्रीन की स्थापना की जा रही है। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान दोनों तरफ बड़े पंखे लगाने, स्क्रीन को ऊंचाई पर स्थापित करने, बरसात के पानी की निकासी सुनिश्चित करने तथा अंदर और सामने की दीवारों को आकर्षक रंगों से सजाने के निर्देश दिए। उन्होंने सोलर सिस्टम, सीसीटीवी कैमरे और सामने पार्क को हटाकर वाहन पार्किंग विकसित करने के निर्देश भी दिए। यूट्यूब स्टूडियो और ई-लाइब्रेरी के कमरों को उच्च गुणवत्ता के साथ तैयार करने तथा गांधी भवन में चटोरी गली विकसित करने का प्रस्ताव तैयार करने हेतु भी निर्देशित किया। शहीद द्वार पर राज्य स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत 237.37 लाख रुपये की स्वीकृत धनराशि से प्लेनेटोरियम (बी+जी+1), ट्रांसफार्मर, डीजी सेट, सीसीटीवी एवं फसाड निर्माण कार्य प्रगति पर है। वहीं मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के अंतर्गत 1337.139 लाख रुपये की लागत से स्मार्ट पार्किंग का निर्माण तेजी से किया जा रहा है, जिसमें बेसमेंट, ग्राउंड, प्रथम, द्वितीय और तृतीय तल पर पार्किंग, गेमिंग जोन, फूड कोर्ट, कॉमर्शियल स्पेस और अन्य आधुनिक सुविधाएँ शामिल होंगी। जिलाधिकारी ने कार सैलून, बड़े ब्रांड के फूड आउटलेट और कार पार्किंग के ऊपर ओपन एयर थिएटर अथवा रेस्टोरेंट विकसित करने के निर्देश दिए।

## बाग में लटकता मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**निन्दूरा बाराबंकी।** घुघंटेर कोतवाली क्षेत्र में सुबह घर से शौच के लिए निकला युवक का गांव के बाहर बाग में मुफलर से लटका मिला शव सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए मुख्यालय भेजा। घुघंटेर कोतवाली क्षेत्र के मंगल पुरवा मजरे दादेरा गांव निवासी अंकित गौतम 26 पुत्र अयोध्या प्रसाद बुधवार सुबह घर से शौच लिए गया था परिजन इधर-उधर खोज रहे थे। तभी लोगों ने बताया कि गांव के बाहर बाग में अंकित का शव मोफलर के सहारे पेड़ से लटका मिला शव ग्रामीणों का कहना है कि आर्थिक तंगी के चलते युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या किया है। युवक शटरिंग का काम करता इसी के सहारे परिवार चलता था।

# आईजी ने लिया सीएम के कार्यक्रम स्थल का जायजा



- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी

पायनियर संवाददाता। जैदपुर बाराबंकी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित आगमन से पहले, अयोध्या के मंडलायुक्त राजेश कुमार और पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार ने बाराबंकी के जैदपुर स्थित ग्राम दौलतपुर में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।

यह निरीक्षण बुधवार को तैयारियों को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों ने सुरक्षा और व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने विशेष रूप से भीड़ नियंत्रण, पार्किंग प्रबंधन, पुलिस बल की तैनाती, अग्निशमन व्यवस्था, वीआईपी मूवमेंट और हेल्प डेस्क की व्यवस्थाओं पर वरिष्ठ अधिकारियों ने सुरक्षा और व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने विशेष रूप से भीड़ नियंत्रण, पार्किंग प्रबंधन, पुलिस बल की तैनाती, अग्निशमन व्यवस्था, वीआईपी मूवमेंट और हेल्प डेस्क की व्यवस्थाओं पर इस दौरान जिलाधिकारी बाराबंकी शशांक त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय सहित प्रशासन व पुलिस विभाग के कई अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने सुनिश्चित किया कि मुख्यमंत्री के आगमन के दौरान कोई चूक न हो और सभी तैयारियां समय पर पूरी कर ली जाएं।

# भीषण सड़क हादसा, एम्बुलेंस के चालक की मौके पर मौत

पायनियर संवाददाता। रामसनेही घाट, बाराबंकी




सुबह एनएच- 27 लखनऊझअयोध्या हाईवे पर नारायणपुर मोड़ के पास बड़ा सड़क हादसा हो गया। रचित अस्पताल, गोरखपुर की एम्बुलेंस लखनऊ से गोरखपुर की ओर जा रही थी, तभी अचानक वाहन अनियंत्रित होकर बुरी तरह दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

हादसा इतना भयावह था कि एम्बुलेंस के चालक अजीत कुमार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं एम्बुलेंस में मौजूद क्लीनर कयूम गंभीर रूप से घायल हो गया।सूचना मिलते ही कोतवाली रामसनेही घाट पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल कयूम को एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। स्थानीय लोगों के अनुसार, हादसे की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंच गए, लेकिन एम्बुलेंस के आगे वाले हिस्से के परखच्चे उड़ चुके थे। पुलिस हादसे के कारणों की जांच में जुटी है।

# एसडीएम ने की मिड-डे-मील की गुणवत्ता की जांच

पायनियर संवाददाता। हैदरगढ़ बाराबंकी



उप जिला अधिकारी ने स्कूल में मिड-डे मील की गुणवत्ता की जांच की उप जिला अधिकारी राजेश विश्वकर्मा ने उच्च प्राथमिक विद्यालय, दहिला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में मिड-डे मील की गुणवत्ता, स्वच्छता व्यवस्था तथा भोजन वितरण प्रक्रिया की बारीकी से जांच की।

एसडीएम ने रसोईघर, खाद्यान्न भंडारण और भोजन बनाने की व्यवस्था को परखा। बच्चों से बातचीत कर उन्होंने भोजन के स्वाद और उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। तथा बच्चों के साथ बैठकर भोजन का स्वाद लिया और भोजन गुणवत्ता की खूब सराहना की वही इस समय परिषदीय विद्यालयों में संचालित अर्धवार्षिक परीक्षा का भी अवलोकन कर बच्चों से संवाद किया तथा शैक्षिक गुणवत्ता देख कर शिक्षकों की सराहना की तथा शासन की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी ली आई सी टी लैब स्मार्ट क्लास विज्ञान लैब लाइब्रेरी तथा विद्यालय के भौतिक परिवेश विद्यालय स्वच्छता को देखकर भूरि भूरि प्रशंसा की, विद्यालय के शिक्षकों व रसोई कर्मचारियों को मिड-डे मील योजना को और बेहतर ढंग से लागू करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। इस मौके पर खण्ड शिक्षक अधिकारी त्रिवेदीगंज रामनारायण भी मौजूद रहे । निरीक्षण के बाद विद्यालय प्रशासन को और बेहतर करने के लिए सुझाव भी दिए तथा किसी भी प्रकार की समस्या आने पर सहयोग देने की बात कहीं। इस मौके पर प्रधानाध्यापक राजेश कुमार सहायक अध्यापक सुनील कुमार हेमन्त कुमार मृदुला सागर अनिल कुमार नेहा सिंह आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बांगरमऊ नगर पालिका अध्यक्ष के खिलाफ फिर जारी हुआ गैर-जमानती वारंट, पुलिस पर भी कोर्ट की सख्ती

**उन्नाव।** बांगरमऊ नगर पालिका अध्यक्ष राम जी गुप्ता की कानूनी मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। गौतम बुद्ध नगर स्थित विशेष न्यायालय (स्पेशल कोर्ट) NIA एक्ट ने चेक बाउंस मामले में एक बार फिर उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट (NBW) जारी किया है। न्यायालय ने इस मामले में आरोपी के दोनों जमानतदारो अमित कुमार गुप्ता और चंदन गुप्ता को भी नोटिस तामील किया है। कोर्ट का कहना है कि आरोपी लंबे समय से प्रस्तुत नहीं हो रहा है, जबकि इससे पहले भी कई बार बिना जमानती वारंट जारी किए जा चुके हैं परन्तु लगातार आदेशों के बावजूद गिरफ्तारी न होने पर अदालत ने पुलिस पर नाराजगी जताई है। कोर्ट ने मामले को गंभीर मानते हुए संबंधित पुलिस अधिकारियों को पत्र भेजकर आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।अदालत के रुख से स्पष्ट है कि नगर पालिका अध्यक्ष राम जी गुप्ता के खिलाफ कार्रवाई आगे और कड़ी हो सकती है, क्योंकि वारंट जारी होने के बावजूद पुलिस की ओर से प्रभावी कार्रवाई न होने पर न्यायालय ने इसे लापरवाही माना है।

### शाहजहांपुर में महिला से बैग छीनने वाले दो युवक गिरफ्तार

**शाहजहांपुर ।** पुलिस ने एक महिला से बैग छीनने वाले दो स्कूटी सवार युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 2,000 रुपए नकद, एक पर्स, दो मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल की गई स्कूटी बरामद की है। दोनों आरोपियों को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है। यह घटना दो दिन पहले थाना सदर बाजार क्षेत्र में हुई थी। दो महिलाएं बहादुरगंज बाजार से ई-रिक्शा में बैठकर अपने घर जा रही थीं। उन्होंने अपना बैग ई-रिक्शा पर रखा था। तभी बिना नंबर प्लेट की स्कूटी पर सवार दो युवकों ने उनका बैग छीन लिया और मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस हरकत में आई। पुलिस ने तत्काल उस मार्ग पर लगे करीब दो दर्जन से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। सीसीटीवी फुटेज में बिना नंबर प्लेट की स्कूटी दिखी, जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश शुरू की। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने निगोही रोड से स्मार्ट रोड पर जाने वाले मार्ग से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान महमंद हद्दफ निवासी रचित शंखवार और अलीजई निवासी रिजवान अली के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके पास से वारदात में इस्तेमाल की गई बिना नंबर प्लेट की स्कूटी, 2,000 रुपए नकद और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### अनियंत्रित बाइक लोडर से टकराकर पलटी, महिला की मौत, पति गंभीर

**उन्नाव।** कोतवाली बागरमऊ क्षेत्र के लखनऊ मार्ग पर ग्राम सुरसेनी के पास बुधवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। मोड़ पर खड़े ई-रिक्शा लोडर से अनियंत्रित बाइक टकराकर पलट गई, जिससे बाइक सवार दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने महिला कुसुमा देवी (45) को मृत घोषित कर दिया।घटना में गंभीर घायल उसके पति लालता प्रसाद (50), निवासी ग्राम हरिनामखेड़ा मजरा बंजरिया, को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वे अपनी बीमार पत्नी को दवा दिलाने बांगरमऊ आ रहे थे कि सुरसेनी के मेला बाग मोड़ पर हादसा हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के तीन बेटे दिल्ली में मजदूरी करते हैं, जबकि घर पर दिव्यांग पुत्र रामकुमार और दो बेटियां रहती हैं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### पुलिसिया उत्पीड़न के शिकार ढाबा संचालक ने आरोपी पुलिसकर्मियों पर मुकदमे की मांग की

**उन्नाव।** आगरा एक्सप्रेसवे के निकट ढाबा संचालित करने वाले भाजपा कार्यकर्ता अवधेश कटियार के परिवार ने पुलिसिया उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ प्राथमिक सूचना रिपोर्ट दर्ज करने की मांग उठाई है। पीड़ित की पत्नी ममता कटियार ने पुलिस महानिदेशक को पत्र भेजकर कोतवाल अनुराग सिंह, गंजमुरादाबाद चौकी इंचार्ज सतीश द्विवेदी, बांगरमऊ चौकी इंचार्ज अजय यादव सहित संबंधित पुलिसकर्मियों पर केस दर्ज करने की मांग की है।पीड़ित पक्ष का आरोप है कि 6 दिसंबर की देर रात पुलिस टीम ढाबे पर पहुंची और अवैध शराब बिक्री का आरोप लगाते हुए गाली-गलौज की तथा ढाबा संचालक, उसकी पत्नी, पुत्रों, भतीजियों और कर्मचारियों के साथ मारपीट की। उउळश कैमरे तोड़ने और नकदी निकालने का भी आरोप लगाया गया है। परिजनों का कहना है कि कोतवाली ले जाकर पुलिस ने कैमरों की पहुँच से बाहर ले जाकर सभी की बर्बर पिटाई की।मामले में पुलिस अधीक्षक जेपी सिंह ने कोतवाल अनुराग सिंह सहित सभी आरोपित पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है, लेकिन पीड़ित परिवार इस कार्रवाई से संतुष्ट नहीं है और प्राथमिकी दर्ज करने की मांग पर अड़ा हुआ है।

# पुलिस मुड़भेड़ में दो शातिर चोर गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता। श्रावस्ती

- थाना गिलौला व सोनवा क्षेत्र की चोरियों का हुआ अनावरण

अपर पुलिस महानिदेशक महोदय गोरखपुर जोन के निर्देशन में पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन महोदय के पर्यवेक्षण में पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध की जा रही ।

कार्यवाही के क्रम में 09 दिसंबर की रात्रि को थानाध्यक्ष आशीष कुमार मय पुलिस टीम से थाना गिलौला अन्तर्गत लक्ष्मणनगर गिलौला लिंक मार्ग पर चेतियामुरार पुलिया के पास चोरो से मुड़भेड़ हुई जिसमें चोरो द्वारा पुलिस पर जान लेवा हमला करते हुए फायरिंग की गयी जवाबी कार्यवाही में अभियुक्त रोशन लाल पुत्र चन्द्रिका प्रसाद निवासी ग्राम देवानपुरवा दा0 दिगिशपुरवा थाना विशेश्वरगंज जनपद बहराइच के दाहिने पैर में गोली लगी तथा अभियुक्त शिव कुमार उर्फ सुखी पुत्र बुधराम नि0 ग्राम खरगौरा बनकटी थाना विशेश्वरगंज जनपद बहराइच को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में मु0अ0सं0 279/25 धारा 331(4), 305(क) बी.एन.एस थाना गिलौला व मु0अ0सं0 227/25 धारा 305अ, 331(2) बी.एन.एस थाना सोनवा में शटर तोड़कर हुई चोरी की घटनाओं को स्वीकार किया तथा उपरोक्त घटनाओं से संबन्धित चोरी गये जेवरात व रूपये बरामद हुए हैं । नियमानुसार गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 297/2025 धारा 109, 352,351(3),313 बी.एन.एस व 3/25 आयुध अधिनियम में अभियोग पंजीकृत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही हैं। अभियुक्तगण पेशेवर चोर हैं जिनके विरुद्ध दर्जनों मुकदमें अन्य जनपदों में पंजीकृत हैं। इनके कब्जे से चाँदी के जेवरात, नगदी 9400/- रूपये व 01 देशी तमंचा 315 बोर, 01 खोखा कारतूस 315 बोर, 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर व 02 खोखा कारतूस 9 एम0एम0 बरामद किया गया है।

## कुएं में उतराता मिला अज्ञात शव

**श्रावस्ती।** इकौना- थाना इकौना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कंजड़वा में स्थित कुवें मे सुबह 9 बजे कुछ ग्रमीणों ने एक अज्ञात व्यक्ति के शव को उतराते देख इकौना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष इकौना पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे ग्रमीणों की मदद से शव को कुवे से बाहर निकला गया मौके पर उसकी पहचान नहीं हो सकी सूचना पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलन किये है इसके बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया गया है। क्षेत्राधिकारी इकौना भरत पासवान ने बताया है की कुएं में अज्ञात शव की सूचना मिली थी जिसे ग्रमीणों की सहायता से बाहर निकाल लिया गया है फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलन किये हैं अभी तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेजा गया है।

# अनियंत्रित कार चालक ने मोटरसाइकिल सवार को मारी टक्कर, टूटे दोनों पैर

**निंदूरा बाराबंकी।** बुधवार की सुबह लखनऊझमहमूदाबाद मार्ग पर प्रेमपुर गांव के पास एक भीषण सड़क दुर्घटना हो गई। लखनऊ की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार अचानक गलत दिशा में घुस गई और सामने से आ रहे मोटरसाइकिल सवार कल्लू पुत्र स्व. बद्री प्रसाद, निवासी हसुवापारा थाना बड्डूपुर को जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल सवार कल्लू गंभीर रूप से घायल हो गए और उनके दोनों पैर टूट गए। हादसा होते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। टक्कर के बाद कार चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा, जिससे कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित गहरी खाई में जा गिरी। वाहन के गिरने की आवाज सुनते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और घायल को सड़क किनारे से निकालकर मदद का प्रयास किया। देखते ही देखते स्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाल मनोज कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने गंभीर रूप से घायल कल्लू को एंबुलेंस के माध्यम से तत्काल सीएचसी फतेहपुर भिजवाया। वहां मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल की हालत बेहद नाजुक बताते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इधर पुलिस ने दुर्घटना में शामिल कार चालक को हिरासत में लेकर वाहन को कब्जे में ले लिया है। हादसे के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि लखनऊझमहमूदाबाद मार्ग पर तेज रफ्तार वाहन आए दिन दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं।

# कक्षा-2 के छात्र को शिक्षिका ने पीटा, बच्चा बेहोश होकर गिरा, परिजनों में आक्रोश



पायनियर संवाददाता। उन्नाव

- न्यौतनी के आज़ाद नगर प्राथमिक विद्यालय की घटना, बीएसए ने मांगी रिपोर्ट

नगर पंचायत न्यौतनी के आज़ाद नगर बाल प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को कक्षा-2 के छात्र की पिटाई का मामला सामने आने से अभिभावकों और ग्रामीणों में भारी रोष फैल गया। आरोप है कि पढ़ाई के दौरान अध्याय न समझने पर छात्र द्वारा पूछे गए सवाल पर शिक्षिका तबस्सुम ने उसे डंडे और हाथ से कई बार मारा, जिससे बच्चा कक्षा में ही बेहोश होकर गिर पड़ा। बच्चे राज के हाथ-पैर और पीठ पर चोट के स्पष्ट निशान मिले हैं। घायल छात्र को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### ग्रामीणों में नाराजगी, कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों का कहना है कि शिक्षिका तबस्सुम पिछले करीब सात वर्षों से विद्यालय में तैनात हैं और उनका व्यवहार कई बार कठोर रहा है। घटना के बाद कई अभिभावक स्कूल पहुंचे और शिक्षिका के निलंबन व कड़ी कार्रवाई की मांग की।

विद्यालय प्रशासन ने बताया कि मामले की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जा रही है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) शैलेश पांडे ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि बीईओ से विस्तृत रिपोर्ट तलब की गई है और आरोप सिद्ध होने पर शिक्षिका के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## संघ शताब्दी वर्ष पर बैठक का आयोजन

**निंदूरा बाराबंकी।** संघ शताब्दी वर्ष पर आयोजित बैठक भगवान मूर्ति स्वामी मंदिर धाम मूरत पुर में प्रवासी के रूप मे जिला कार्यवाह सुधीर जी के नेतृत्व में आयोजित पांचजन्य एवं घर घर संपर्क अभियान पर विस्तृत चर्चा की गई। लोगों को सामाजिक समरसता,कुटुंब प्रबोधन,नागरिक कर्तव्य,पर्यावरण संरक्षण आदि के बारे मे बताया इस बैठक के आयोजक भानु प्रताप सिंह (भानु) के द्वारा किया गया। इस अवसर पर कुलदीप संह सेवा प्रमुख राम दास,संह खंड कार्यवाह,संजय कुमार,राहुल कुमार माविक प्रमुख,राम लक्ष्मण खंड कार्यवाह लवकुश कश्यप,चेतराम दीक्षित,डीएम सिंह,मुकेश सिंह,राम सेवक वर्मा,आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने पकड़ा वाहन चोर गिरोह पांच चोरी की कई बाइक बरामद

पायनियर संवाददाता। उन्नाव

वाहन चोरी की घटनाओं पर रोक लगाते हुए एक शातिर बाइक चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों के कब्जे और उनकी निशानदेही पर कुल पाँच चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गईं। पुलिस के अनुसार थाना अचलगंज पुलिस ने 9 दिसंबर को उन्नाव फ्लाईओवर के कोरारी मोड़ के पास चेकिंग के दौरान तीन संदिग्ध युवकों को रोका गया। उनकी तलाशी में तीन चोरी की मोटरसाइकिलें मिलीं। पूछताछ में आरोपियों ने दो और बाइक छिपाकर रखने की बात कबूल की, जिन्हें बाद में पुलिस ने बरामद कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान अनुज यादव (26), सत्यम त्रिवेदी (21) और नीरज यादव (30) उन्नाव निवासी हैं। आरोपियों के खिलाफ थाना अचलगंज मे संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय भेज दिया गया। बरामद वाहनों में तीन स्प्लेंडर, एक अपाचे और एक पल्सर मोटरसाइकिल शामिल हैं। कार्रवाई करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार शुक्ला, उपनिरीक्षक अंजनी कुमार सिंह तथा पुलिस बल के अन्य जवान शामिल रहे।

# घर के बरामदे में लहूलुहान मिला महिला का शव

पायनियर संवाददाता। उन्नाव

अचलगंज थाना क्षेत्र के मन्नाखेड़ा मजरे नथई सिंह गांव में बुधवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब 50 वर्षीय महिला नगीना पत्नी रामखेलावन का शव उनके घर के बरामदे में खून से लथपथ मिला। महिला के चेहरे और सिर पर धारदार हथियार से कई वार किए गए थे।

कलाई पर चोट के निशान और पास में टूटी चूड़ियों से संघर्ष की आशंका जाहिर हो रही है।जानकारी के अनुसार, नगीना के पति रामखेलावन रायबरेली जलनिगम में पंप ऑपरेटर के पद पर तैनात हैं और घटना के समय ड्यूटी पर थे। महिला घर पर अकेली रहती थीं। सुबह लगभग 10 बजे पड़ोस का युवक पारस ट्यूबवेल से लौटते समय आवाज लगायी परन्तु दूसरे तरफ से कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर उसने पीछे से छत पर चढ़कर झांका तो महिला को लहूलुहान अवस्था में देख दंग रह गया जिसके बाद गांव में सनसनी फैल गई।सूचना पर पुलिस, फोरेंसिक टीम और परिजन मौके पर पहुंचे। घर की अलमारी, बक्से व ताले सही सलामत मिले, जिससे प्रथमदृष्टया लूटपाट की आशंका कमजोर होती दिखी। शव के पास तख्त पर बिछा बिस्तर और कुछ दूरी पर पड़ी साड़ी देखकर पुलिस का मानना है कि घर के भीतर ही किसी कहासुनी या संघर्ष के बाद हत्या की गई हो सकती है।

# शाहजहांपुर में धान खरीद में फर्जीवाड़ा, दो लेखपाल निलंबित

## फर्जी किसान बनकर धान बेचने वाले तीन लोगों पर एफआईआर

पायनियर संवाददाता। शाहजहांपुर



शाहजहांपुर में धान खरीद में फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। जिलाधिकारी ने दो लेखपालों को निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही, फर्जी किसान बनकर धान बेचने वाले तीन आरोपियों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की जानकारी प्रशासन द्वारा जारी किए गए पत्र में दी गई है।

पिछले काफी समय से धान खरीद में फर्जीवाड़े के आरोप लग रहे थे। दो प्रकरणों की जांच के बाद यह फर्जीवाड़ा सामने आया है। पहला मामला तहसील पुवायां के सिसौरा सिसौरी से जुड़ा है। एडीएम प्रशासन रजनीश मिश्रा को शिकायत मिली थी कि विचित्र कुमार ने फर्जी किसान बनकर धान बेचा है। 3 दिसंबर को एडीएम ने पुवायां के उप जिलाधिकारी न्यायिक को जांच सौंपी। जांच अधिकारी ने 5 दिसंबर को रिपोर्ट सौंपी, जिसमें पाया गया कि लेखपाल ने बिना जांच के किसान का गलत सत्यापन किया था। विचित्र कुमार ने दस्तावेजों में हेरफेर कर अवैध तरीके से धान बेचा। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने संबंधित लेखपाल को निलंबित कर दिया है। विचित्र कुमार, गजेंद्र सिंह और अमन सिंह के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की गई है। इसी तरह का एक और मामला तिलहर मंडी से सामने आया है। एडीएम को व्हाट्सएप पर शिकायत मिली थी कि तिलहर के धर्मपुर कंजा निवासी आकाश गुप्ता ने फर्जी पंजीकरण कराकर धान बेचा है। इसकी जांच जलालाबाद के उप जिलाधिकारी न्यायिक ने की थी। जांच में पाया गया कि लेखपाल ने कागजों का सत्यापन ठीक से नहीं किया था। जिलाधिकारी ने इस लेखपाल को भी निलंबित कर दिया है और फर्जी किसान बने आरोपी पर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का मानना है कि, अभी सिर्फ दो शिकायतों की जांच कराई गई तो उसमे फर्जीवाड़ा सामने आया है। अगर इसी तरह से सभी मंडियों में की गई धान खरीद की बारीकी से जांच कराई जाए तो धान खरीद का एक बहुत बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आ सकता है, स्थानीय लोगों के अनुसार, अगर ठीक तरह से जांच हुई तो धान खरीद में सफेद पोश से लेकर तमाम संबंधित अधिकारी कार्रवाई की जद में आ सकते हैं।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया विधिक जागरूकता कार्यक्रम



पायनियर संवाददाता। उन्नाव

मानवाधिकार दिवस पर तहसील सदर के सभागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर जिला जज एवं सचिव मनीष निगम ने की। उन्होंने मानवाधिकारों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जीवन स्वतंत्रता समानता अभिव्यक्ति शिक्षा सुरक्षित कार्य जैसे अधिकार प्रत्येक व्यक्ति को जन्म से प्राप्त होते हैं।

कार्यक्रम में अधिवक्ता रेनू तिवारी ने निशुल्क विधिक सहायता की पात्रता के बारे में जानकारी दी और बताया कि अनुसूचित जाति-जनजाति, महिलाएं, वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांगजन तथा गरीबी रेखा से नीचे के लोग इन सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं।

# बिना नम्बर प्लेट व ओवरलोड वाहनों पर हो कार्रवाई: डीएम

❖ डीएम ने की जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



**पायनियर संवाददाता। कानपुर देहात**

जिलाधिकारी कपिल सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष, कलेक्ट्रेट में सम्पन्न हुई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, ट्रैफिक प्रबंधन, सड़क अवरोध हटाने, सुरक्षा संकेतक, आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता, ब्लैक स्पॉट सुधार एवं जन-जागरूकता कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। बैठक में बाँट-माप अधिकारी अनुपस्थित होने पर एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि हाईवे किनारे किए गए अवैध अतिक्रमणों को अभियान चलाकर हटाया जाए, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। उन्होंने कहा कि प्रमुख मार्गों, चौराहों व स्कूलों के पास रंबल स्ट्रिप, स्पीड ब्रेकर एवं रिफ्लेक्टर युक्त साइनेज बोर्ड लगाए जाएं, ताकि रात्रिकालीन दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम किया जा सके। ब्लैक स्पॉट वाले स्थानों की पहचान कर सुधार कार्य तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग को निर्देशित किया कि बिना नम्बर प्लेट वाले, ओवरलोड एवं गलत दिशा में चलने वाले वाहनों पर विशेष अभियान चलाकर सख्त कार्यवाही की जाए। साथ ही हेलमेट एवं सीट बेल्ट पहनना पूर्णतः अनिवार्य किया जाए और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर प्रभावी चालान कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जनपद में संचालित सभी स्कूली वाहनों की फिटनेस जांच अनिवार्य रूप से कराई जाए, और जो वाहन फिटनेस मानकों को पूरा नहीं करते, उन्हें तत्काल प्रभाव से संचालन से बाहर किया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही गोल्डन आवर के भीतर राहत व बचाव कार्य सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत स्कूलों, कॉलेजों एवं ग्राम पंचायत स्तर पर सड़क सुरक्षा शपथ, रैली, पोस्टर प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक एवं प्रचार वाहनों के माध्यम से जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों लोक निर्माण विभाग, पुलिस, परिवहन, स्वास्थ्य, शिक्षा, नगर निकाय एवं ऊर्जा विभाग को आपसी समन्वय स्थापित कर सड़क सुरक्षा के प्रति सामूहिक उत्तरदायित्व निभाने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अमित कुमार, पीडी एनएचएआई, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, संभागीय परिवहन अधिकारी, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर ने दिये निर्देश

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी कपिल सिंह की अध्यक्षता में आज माँ मुक्तेश्वरी देवी सभागार कलक्ट्रेट में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के संबंध में महत्वपूर्ण तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम को सफल, सुचारु एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने हेतु सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए। बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि दिनांक 12 दिसम्बर को सिकन्दरा में संदलपुर, राजपुर व डेरापुर ब्लाक अन्तर्गत 121 जोड़ों का विवाह कार्यक्रम है। इसी प्रकार दिनांक 13 दिसम्बर को भोगनीपुर तहसील अन्तर्गत पुखरांया में मलासा, सरवनखेड़ा व अमरौधा ब्लाक के अन्तर्गत 62 जोडो का विवाह कार्यक्रम सम्पन्न होगा। इसी प्रकार दिनांक 14 दिसम्बर को रसूलाबाद तहसील अन्तर्गत ब्लाक रसूलाबाद व झींझक अन्तर्गत 92 जोड़ों का विवाह कार्यक्रम सम्पन्न होगा।

# शिकायत करने पहुंचे व्यापारियों से इंस्पेक्टर की नोक-झोंक



**पायनियर संवाददाता। बरेली**

कोतवाली से दो सो मीटर दूरी पर कुतुबखाना रोड स्थित पंजाबी मार्केट में बीती रात अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा संदीप गारमेंट्स में तोड़फोड़ और चोरी का प्रयास किए जाने से व्यापारी वर्ग में दहशत फैल गई है। दुकान स्वामी शोभित सक्सेना ने बताया कि 8 दिसंबर की रात लगभग 12 बजे दो युवक दुकान का शटर तोड़ने की कोशिश करते दिखाई दिए। घटना के सीसीटीवी फुटेज मिलने की संभावना जताई गई है। घटना में शटर और बोर्ड को करीब 50 हजार रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। व्यापारी वर्ग ने आरोप लगाया कि दुकान के ठीक सामने मौजूद पिंक बूथ पर रात में पुलिस बल तैनात नहीं रहता, जिससे असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हैं। उत्तर प्रदेश उद्योग प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष तथा पीड़ित शोभित सक्सेना ने कहा, ''अगर मैं, व्यापार मंडल का अध्यक्ष होते हुए भी सुरक्षित नहीं हूँ, तो बाकी व्यापारियों की स्थिति समझी जा सकती है।''

## दस परिवार 15 दिन से काट रहे सरकारी कार्यालयों के चक्कर

**औरैया।** मामला ग्राम पंचायत बमुरीपुर तहसील औरैया का है जहां 10 परिवार तहसील, कोतवाली व मुख्यालय के 15 दिन से चक्कर काट रहे हैं। 2020 में इन 10 गरीब परिवारों को जिलाधिकारी महोदय के आदेश पर आवासी प्लान वितरित किए गए थे जिन पर अभिलेख सिंह यादव,अनिल व शिवपूजन यादव ने कब्जा किया था लगभग 15 माह पूर्व जिला अधिकारी महोदय के आदेश पर औरैया सदर एसडीएम व एसपी महोदय अभिजीत और शंकर के नेतृत्व में इन गरीब परिवारों को कब्जा दिलाया गया था और विपक्षी को 8 दिन के लिए जेल भेजा गया था विपक्षी जैसे ही जेल से छूट के आया इन लोगों को काम रुकवा दिया और कहने लगा हमने हाई कोर्ट में मुकदमा दायर किया है परंतु गरीब परिवारों के पास आज दिन तक कोई नोटिस या कोई स्टे का आर्डर नहीं पहुंचा जब यह गरीब परिवार अभी पुनः निर्माण करवाने लगे तो अभिलाख सिंह अनिल,शिवपूजन लाठी, डंडा लेकर आए और काम रुकवा दिया।

## 13 को आयोजित होगी लोक अदालत

**औरैया।** माननीय जनपद न्यायाधीश मयंक चौहान अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देश के अनुसार विकास गोस्वामी विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत तथा महेश कुमार अपर जिला जज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण औरैया के द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारियों अपर जिलाधिकारी तथा अपर पुलिस अधीक्षक के साथ बैठक की गई। जिसका विषय रहा राष्ट्रीय लोक अदालत की भव्य सफलता। उक्त बैठक में जनपद के समस्त न्यायालयों व प्रशासनिक न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु नियत वादों तथा नोटिस तमिला के संबंध में गहनता से विचार विमर्श किया गया साथ ही राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी विकास गोस्वामी के द्वारा कहा गया कि दिनांक 13 दिसंबर 2025 दिन शनिवार को प्रातः 10:00 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आपसी सुलह समझौते से वादों का त्वरित निस्तारण किया जाएगा।

# पत्नी ने पति के साथ मिलकर प्रेमी की हत्या कर दी



❖ तीन दिन में पुलिस ने किया खुलासा

**पायनियर संवाददाता। बरेली**

थाना हाफिजगंज के सैंथल गाँव में 5 दिसंबर को हुई मुकेश उर्फ लालता प्रसाद की हत्या का थाना हाफिजगंज पुलिस ने मात्र तीन दिनों में खुलासा कर दिया है। पुलिस ने हत्या में शामिल प्रेमिका नगमा और उसके पति शानू अली को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पूछताछ में दोनों ने प्रेम-प्रसंग के चलते मिलकर हत्या करना स्वीकार किया है।पुलिस जांच में पता चला कि नगमा और मुकेश के बीच पिछले पाँच वर्षों से प्रेम संबंध थे। करीब डेढ़ महीने पहले नगमा की शादी शानू से हुई थी, लेकिन शादी के बाद भी नगमा और मुकेश का मिलना-जुलना व बातचीत जारी रही। 4 दिसंबर की रात शानू ने अपनी पत्नी नगमा और मुकेश को आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया। इसी के बाद दोनों ने मिलकर मुकेश को समाप्त करने की योजना बनाई। नगमा ने मुकेश को घर बुलाया और वहीं पतिदपत्नी ने मिलकर उसकी हत्या कर दी।

## आरोप: दलितों की 32 करोड़ की जमीन पर कब्जे की कोशिश

**बरेली।** जिला मुख्यालय से एक बड़ी और गंभीर खबर सामने आई है, जहां दलित समाज की लगभग 32 करोड़ मूल्य की 4020 वर्गमीटर जमीन पर एक प्रख्यात बिल्डर सोबती बिल्डर और उनके सहयोगियों द्वारा कब्जा करने के प्रयास का आरोप लगाया गया है। लगातार हो रहे इन प्रयासों से परेशान होकर पीड़ित दलित परिवार आत्मदाह करने को मजबूर हो गया है।गरीब शक्ति दल के साथ सोमवार को जमीन की मालिकाना हक रखने वाले परिवार की महिलाएं जल देवी, नन्हीं देवी, मिथलेश, साथ ही हरिओम और अन्य दर्जनों लोग दोपहर 12 बजे जिला मुख्यालय पहुंचे। पीड़ित परिवार ने संगठन के सचिव संजीव सागर के नेतृत्व में अपर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर बताया कि यदि जिला प्रशासन ने कब्जा रोकने की ठोस कार्रवाई नहीं की, तो पूरा दलित परिवार 20 दिसंबर को जिला मुख्यालय गेट के बाहर आत्मदाह करेगा।

# प्रधानाचार्यों ने डीआईओएस को गिनाईं मूलभूत समस्याएं



**पायनियर संवाददाता। कानपुर देहात**

जनता इंटर कॉलेज बाढ़ापुर में बुधवार को प्रधानाचार्य परिषद की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। जिसमें प्रधानाचार्यों की समस्याओं के निराकरण हेतु विचार विमर्श किया गया। इस दौरान परिषद के पदाधिकारियों ने जिला विद्यालय निरीक्षक से भेंट कर निराकरण करने की मांग की।

प्रधानाचार्य परिषद निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रधानाचार्य परिषद के संरक्षक हरि शंकर तिवारी की अध्यक्षत में बैठक संपन्न हुई। जिसमें जिला सचिव विनोद कुमार द्विवेदी ने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में तैनात लिपिक जीपीएफ भुगतान में देरी करते हैं। यदि जीपीएफ भुगतान में देरी होती है उस देय ब्याज का भुगतान किया जाए। गलुवापुर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य ओमप्रकाश पटेल ने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में डाक प्राप्त करने के लिए प्रधानाचार्य पर दबाव बनाया जाता है जबकि डाक संबंधित विद्यालय के किसी भी कर्मचारी को प्राप्त करायी जा सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### गैरइरादतन हत्या के अरोपी हुए गिरफ्तार

**पायनियर, कानपुर देहात।** वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी व अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, थाना रूरा पर 8 दिसम्बर को अजीत कुमार पुत्र रामनाथ गौतम निवासी ग्राम अडरेपुरवा बनीपारा थाना रूरा जनपद कानपुर देहात द्वारा लिखित तहरीर दी कि 7 दिसम्बर को मेरे भाई मुकेश कुमार को गांव के ही राजकुमार, व कुँवरलाल द्वारा अपने साथ मजदूरी के लिये ले गये थे, पूरे दिन काम कराने के बाद शाम को वादी के भाई मुकेश कुमार को शराब पिलायी गयी, उसके बाद किसी बात को लेकर विपक्षीगण द्वारा मेरे भाई के साथ बुरी तरह मारपीट की गयी, जिससे भाई मुकेश कुमार की दौरानें इलाज 8 दिसम्बर को मृत्यु हो गयी, शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया, मुकदमा उपरोक्त में थानाध्यक्ष अमित शुक्ला व रूरा पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्तगणों राजकुमार, कुँवरलाल पुत्रगण राजनरायन निवासी ग्राम अडरेपुरवा बनीपारा थाना रूरा जनपद कानपुर देहात को वुधवार को सिठमरा नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। रूरा थानाध्यक्ष अमित शुक्ला ने बताया कि आरोपियो को जेल भेजा जा रहा है।

### गुरु के आशीर्वाद से निरंकार की रहमत

**पायनियर, पुखरायां, कानपुर देहात।** अलवर राजस्थान से पधारे निरंकारी महात्मा ओमप्रकाश ने कहा कि गुरु की कृपा प्राप्त होती है तो निराकार प्राप्त हो जाता है। सतगुरु के चरणों से बढ़कर कोई बड़ी भक्ति नहीं है। वह बुधवार को संतु भवन भोगनीपुर में आयोजित निरंकारी आध्यात्मिक सत्संग समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि निरंकारी सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज व राजापिता रमित जी के पावन आशीर्वाद से महात्मा ने कहा कि गुरु चरणों में प्रीत निभ जाये तो जीवन धन्य हो जाता है। कहा कि जितने भी सकल पदार्थ हैं सब गुरु के चरणों में है वहीं से सभी अनुभूतियां दिव्य आनंद प्राप्त होता है और जीवन प्रभु भक्ति की ओर और परमात्मा की भक्ति की ओर चला चला जाता है। संचालन संजय चक ने किया।

### बालिका विद्यालय में लगी शिकायत पेटिका

**पायनियर, बरेली।** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन को सशक्त बनाने की दिशा में थाना सुभाषनगर के महिला शक्ति केंद्र ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, सुभाषनगर में शिकायत पेटिका स्थापित की।



महिला शक्ति केंद्र की प्रभारी एवं उनकी टीम द्वारा विद्यालय पहुंचकर बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और शिकायत निवारण तंत्र को मजबूत करने के उद्देश्य से यह महत्वपूर्ण कदम उठाया गया।टीम ने विद्यालय की छात्राओं को उच्चाधिकारियों के निर्देशों से अवगत कराया तथा उन्हें बिना किसी भय और झिझक के अपनी समस्याएं शिकायत पेटिका में गोपनीय रूप से दर्ज करने के लिए प्रेरित किया। इसी दौरान महिला शक्ति केंद्र की टीम ने विद्यालय स्टाफ व छात्राओं से संवाद कर सुरक्षा उपायों, महिला हित से जुड़ी योजनाओं और पुलिस सहायता उपलब्ध कराने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ भी साझा कीं।महिला शक्ति पुलिस टीम में सहायक पुलिस अधीक्षक ध क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय, प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र कुमार, थाना सुभाषनगर,उप निरीक्षक रामकिशोर सिंह, महिला उप निरीक्षक स्वीटी, थाना सुभाषनगर , महिला हेड कांस्टेबल अंशु, थाना सुभाषनगर, हेड कांस्टेबल सुधांशु कुमार मौजूद थे।

### निर्वाचक नामावलियों का होगा पुनरीक्षण

**औरैया।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश चंद्र मौर्य ने सर्वसाधारण को अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर जनपद एकी समस्त विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण में यदि किसी व्यक्ति का नाम वर्ष 2025 की मतदाता सूची में नहीं है।

# मानव अधिकार दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



**पायनियर संवाददाता। पुखरायां, कानपुर देहात**

स्थानीय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान एवं प्राथमिक विद्यालय हलधरपुर में मानव अधिकार दिवस बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डायट पुखरायां में हुई। जहाँ स्टाफ, नेट्ट स्टाफ तथा प्रशिक्षुओं द्वारा प्रस्तुतियाँ दी गईं। प्रशिक्षुओं ने पोस्टर के माध्यम से मानव अधिकारों पर अपने विचार प्रभावी रूप से व्यक्त किए। डियाना द्वारा मानव अधिकार विषय पर एक महत्वपूर्ण प्रस्तुतीकरण दिया गया। जिसे प्रशिक्षुओं ने ध्यानपूर्वक सुना। प्रस्तुतीकरण से संबंधित एक गतिविधि भी आयोजित की गई। डायट प्राचार्य ने प्रशिक्षुओं का मनोबल बढ़ाते हुए आगामी गतिविधियों में अधिक से अधिक भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया। वहीं वरिष्ठ प्रवक्ता श्री पंकज यादव ने मानव अधिकारों से जुड़े प्रश्न पूछकर प्रशिक्षुओं को जागरूक किया तथा आवश्यक जानकारी भी प्रदान की। कार्यक्रम में समस्त डायट प्रवक्ता एवं नेट्ट स्टाफ उपस्थित रहे। इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय हलधरपुर में भी मानव अधिकार दिवस का आयोजन किया गया।

## 169 वार्डेन्स और स्वयं सेवकों ने किया रक्तदान

**बरेली।** कलेक्ट्रेट स्थित नागरिक सुरक्षा कोर परिसर में नागरिक सुरक्षा कोर स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार को वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 169 वार्डेन्स और स्वयं सेवकों ने रक्तदान कर मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ एडीएम (ई) पूर्णिमा सिंह ने फीता काटकर किया। उन्होंने रक्तदाताओं की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा महादान है और नागरिक सुरक्षा कोर के वार्डेन्स व स्वयं सेवक समाज के प्रति समर्पण का अनुकरणीय संदेश देते हैं।शिविर में पहुंचे सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने भी प्रत्येक रक्तदाता का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि नागरिक सुरक्षा टीम हमेशा सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहती है और उनका यह योगदान सराहनीय है।कार्यक्रम के दौरान उपनियंत्रक नागरिक सुरक्षा राकेश मिश्र ने पूरे समय मौजूद रहकर रक्तदान कर रहे वार्डेन्स का मनोबल बढ़ाया।

# एसडीएम की अध्यक्षता में भट्ठा एसो. के पदाधिकारियों की बैठक संपन्न



❖ भट्ठे से स्कूल तक की राह....हम होंगे क़ामयाब

**पायनियर संवाददाता। घाटमपुर**

तहसील क्षेत्र के भट्ठा एशोसिएशन के पदाधिकारियों की उप जिला अधिकारी अबिचल प्रताप सिंह की अध्यक्षता में उन्हीं के कार्यालय में हुई बैठक में उनके सामाजिक सरोकारों पर चर्चा की गई।

बैठक में 7 बिन्दुओं पर विचार कर उनका पालन करने का निर्णय लिया गया 1 -बेसिक स्कूल में पढ़ रहे भट्ठा मजदूरों के बच्चों के सम्बंध में यह सुनिश्चित करने हेतु की कोई भी बच्चा भट्ठे पर मजदूरी न करे और अनिवार्यतः स्कूल जाए।। 2-हर भट्ठे पर भट्ठा मजदूरों के साथ भट्ठा मालिक की नियमित बैठक हो तथा यह सुनिश्चत करें कि बच्चों के नामांकन शतप्रतिशत हो और ड्राप आउट न हो। 3-यह अपेक्षा की गई है कि प्रत्येक भट्ठा मालिक स्वैछिक रूप से अपने क्षेत्र के कम से कम 01 परिषदीय विद्यालय को गोद लेगा व वहाँ की सुविधाएँ विकसित करने में सहयोग करेगा। 4-जन्म प्रमाणपत्र या अन्य किसी अभिलेख में समस्या आने पर सूची के साथ हमें अवगत कराएंगे ताकि उन्हें सुविधाओं का नियमानुसार लाभ दिलाया जा सके। 5-भट्ठा मजदूरों के लिए शीत लहरी में अलाव,कम्बल व रहन-सहन के लिए समुचित उपाय किये जायें। 6-भट्ठा मालिकों को नियमानुसार रॉयल्टी के साथ ही मिट्टी खनन की अनुमति है।इसका दुरुपयोग किसी तृतीय व्यक्ति की अवैध रूप से मिट्टी विक्रय के लिए न किया जाए। 7-यदि मानक के अनुसार भट्ठा संचालन में किसी अराजक तत्व द्वारा अवरोध उत्पन्न किया जा रहा हो तो उसकी सूचना तत्काल तहसील प्रशासन या पुलिस को दें। उप जिला अधिकारी घाटमपुर ने बताया कि उनके द्वारा भ्रमण किया जा रहा है व बच्चों के साथ समय भी बिताया गया। ताकि उनका मनोबल बढ़े व शिक्षा के महत्व को समझें।

# विकास कार्यों में जनपद लगातार अव्वल

**पायनियर संवाददाता। औरैया**

जिलाधिकारी डा. इन्द्रमणि त्रिपाठी एवं मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार द्वारा शासन की प्राथमिकता वाले विकास कार्यक्रमों की सघन समीक्षा एवं जनपदीय अधिकारियों द्वारा किए गए सतत प्रयासों कि फलस्वरूप शासन द्वारा संचालित विभिन्न विकास योजनाओं का जनपद में सफल क्रियान्वयन किया गया जिसके फलस्वरूप मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर माह नवम्बर, 2025 की प्रदर्शित रिपोर्ट के अनुसार विकास कार्यक्रमों में जनपद औरैया को लगातार तीसरे माह में भी रैक मार्क्स 10 में 9.48 मार्क्स प्राप्त कर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

विकास कार्यक्रमों में विशेषकर दीनदयाल उपाध्याय सोलर स्ट्रीट लाइट, पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना, सोलर स्ट्रीट लाइट बीकेएस ग्राम उन्नति योजना, पर ड्राप मोर क्राप-माइक्रो इरीगेशन, खराब ट्रांसफार्मर की शिकायतों के निस्तारण, विद्युत बिल सुधार हेतु आवेदन, कृषि रक्षा रसायन डी०बी०टी०, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पीएम कुसुम योजना, बीज डीबीटी, दिव्यांग पेंशन, दिव्यांग पेंशन आधार सीडिंग, एसबीएम (जी) फेज-2 व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, पीएम पोषण-विद्यालय निरीक्षण, अण्डा उत्पादन, पशु टीकाकरण, पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान, शादी अनुदान योजना (पिछड़ा वर्ग कल्याण), मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, निराश्रित महिला पेंशन का आधार सीडिंग, पति की मृत्यु उपरान्त निराश्रित महिला पेंशन, प्रोजेक्ट अलंकार, सड़कों का अनुरक्षण कार्य किया जायेगा।

वृद्धावस्था पेंशन का आधार सीडिंग, जिला सहकारी बैंक अल्पकालीन ऋण वितरण एवं वसूली, टेल फीडिंग (खरीफ फसली), दैनिक विद्युत आपूर्ति, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, डे एनआर एलएम आरएफसीआईएफ, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, मनरेगा, भवन निर्माण, ग्रामीण सड़क, एम्बुलेंस सेवाएं 102 व 108, बायोमेडिकल उपकरण रखरखाव कार्यक्रम, सीटी स्कैन, सहकारी दुग्ध समितियां, फैमिली आईडी,5वां वित्त आयोग ग्राम पंचायत, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2, राज्य योजना,नई सड़कों का निर्माण, कन्या विवाह सहायता योजना, मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना, ओडीओपी वित्त पोषण योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, निर्माण कार्य (सीएमआई एस) आदि योजनाओं में जनपद को ₹एए₹ श्रेणी प्राप्त हुई है। जिलाधिकारी द्वारा इस प्रगति के लिए जनपद के समस्त अधिकारियों को बधाई दी गई तथा अपेक्षा की गई कि इसी प्रकार शासन द्वारा संचालित योजनाओं का आम जन को लाभ पहुँचाने हेतु कार्य करते रहें तथा लक्ष्यों के अनुरूप शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करें।

# छेड़छाड़ से परेशान तीन छात्राओं ने मांगी पुलिस की सुरक्षा



**पायनियर संवाददाता। बरेली**

नगर पंचायत शेरगढ़ और थाना शेरगढ़ क्षेत्र में मनचलों की छेड़छाड़ और दबंगई से परेशान तीन स्कूली छात्राओं ने सुरक्षा की मांग की है। ब्राह्मनान वार्ड संख्या-11 निवासी छात्राएँ प्रतिदिन राजकीय इंटर कॉलेज कावर खास पढ़ने जाती हैं, लेकिन रास्ते में ख्यालीराम के पुत्र अर्जुन और अंकित द्वारा आए दिन छेड़छाड़ व मारपीट की घटनाएँ की जाती रहीं। विरोध करने पर मनचलों ने छात्राओं के पिता पर भी जानलेवा हमला कर दिया। परिजनों के अनुसार, 2 नवंबर 2025 को कावर गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने पहुंचे पिता पर सभासद ख्यालीराम व उसके बेटों ने हमला कर दिया।

घटना के बाद परिजनों ने पुलिस थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई, लेकिन आरोप है कि पुलिस ने छेड़छाड़ की धाराएँ शामिल किए बिना सिर्फ हल्की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। परिवार का कहना है कि आरोपी पक्ष की पुलिस से सांठगांठ के चलते तीन दिन बाद उल्टा क्रॉस केस दर्ज करा दिया गया।

## डीएम ने की बोर्ड परीक्षा व्यवस्थाओं के संबंध में दिए निर्देश

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी कपिल सिंह की अध्यक्षता में हाईस्कूल एवं इण्टरमीडियट बोर्ड परीक्षा वर्ष 2026 से संबंधित परीक्षा केंद्रों के निर्धारण एवं व्यवस्थाओं के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि बोर्ड परीक्षा अत्यंत संवेदनशील एवं प्रतिष्ठित परीक्षाएँ हैं, अतः परीक्षा केंद्रों के निर्धारण में पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं शुचिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों, जिला विद्यालय निरीक्षक तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा केंद्रों का चयन निर्धारित मानकों के अनुसार ही किया जाए। केंद्रों पर पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय, फर्नीचर, सीसीटीवी कैमरा आदि आवश्यक सुविधाएँ पूर्व से सुव्यवस्थित हों। बैठक में अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

# कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न के लिए डीएम ने दिए निर्देश



**पायनियर संवाददाता। औरैया**

जिलाधिकारी डा0 इंद्रमणि त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में जूम मीटिंग के माध्यम से कार्यों/योजनाओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत दिनांक 11 दिसंबर को संपन्न होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रम को भव्य और आकर्षक ढंग से संपन्न कराए जाने के लिए सभी संबंधितों को निर्देशित किया कि वह प्रत्येक दशा में आज ही अपने से संबंधित जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराये। उन्होंने अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद/ नगर पंचायत को निर्देश दिए कि वह अस्थाई शौचालय, पेयजलापूर्ति के साथ-साथ साफ-सफाई एवं पानी छिड़काव की व्यवस्था सुनिश्चित करें साथ ही कल सफाई सुनिश्चित रखने के लिए आवश्यकतानुसार सफाई कर्मियों की ड्यूटी भी सुनिश्चित करें जिससे कार्यक्रम स्थल पर किसी प्रकार की कोई गंदगी आदि न प्रदर्शित हो।

# नदी के पुनरोद्धार के लिये डीएम ने शुरु किया प्रयास

❖ डीएम के इस कार्य के लिये सभी ने की सराहना,विना शासकीय बजट के जनसहभागिता से होगा काम

पायनियर संवाददाता। हमीरपुर



कई साल पहले चंद्रावल नदी की फेल हो चुकी पुनरोद्धार योजना को फिर से जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने पटरी पर लाने के लिये ठान लिया है, इसके लिये जनसहभागिता कार्यक्रम संचालित कर अडसठ किलोमीटर नदी का पुनरुद्धोर कर अठारह गांवो को लाभ मिलेगा। जिलाधिकारी के इस भागीरथी प्रयास को सभी ने सराहना की वही विना सरकारी बजट के इस कार्यक्रम को आगे बढाने के लिये स्वयं सेवी संगठनों उद्यमियों, ग्राम प्रधानों व संबंधित विभागों का सहारा लिया गया है।

जानकारी के मुताबिक मौदहा क्षेत्र में चंद्रावल नदी के अस्तित्व को बचाने के लिये जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने पहल शुरु कर दी है।

इसके लिये नोडल अधिकारी एक्शियन मौदहा डैम, लघु सिचाई विभाग को बनाया गया है इसके लिये छह पैच बनाये गये है। जिलाधिकारी ने बताया कि नदी से सिल्ट हटाकर नदी के किनारे डाली जायेगी इसके बाद उसमे वृक्षारोपण किया जायेगा। इसके लिये मौदहा क्षेत्र के ग्राम प्रधान छिमौली, पढोरी, नरायच, बंगरौली व अन्य प्रधानों से अपने सुझाव दिये है। इसका उद्घाटन 17 दिसम्बर को दस बजे किया जायेगा। जिलाधिकारी ने साफ कहा कि नदी की पुनरुद्धोर विना मशीन के संभव नही है,मगर यह पुनीत कार्य सभी के सहयोग से संभव हो रहा है इसलिये मीडिया को पूरा सहयोग करना चाहिये। योजना की पूरी रुपरेखा डीसी मनरेगा राघवेंद्र सिंह ने प्रस्तुत किया।

डीएम ने कहा इस कार्य के लिये कही से भी अवैध खनन की शिकायत न मिले यदि कोई अधिकारी लापरवाही करेगा तो उसके खिलाफ कडी कार्यवाही की जायेगी। नदी का वहाव किसी प्रकार से बाधित नही होना चाहिये। ग्राम प्रधानों ने बताया कि नदी में कुछ लोगो ने अवैध अतिक्रमण कर लिया है जिलाधिकारी ने कहा कि पहले लेखपालों को बुलाकर इसकी जांच करा ली जायेगी। डीएम ने कहा कि यह काम तीन या चार दिन में संपन्न हो जाना चाहिये। इस मौके पर सभी विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## एसडीएम की जांच में दुकानों में रेट से ज्यादा विक्री करते पायी गयी खाद

कुरारा(हमीरपुर)। कस्बा कुरारा के बेरी तिराहा के समीप स्थित जिलाधिकारी के आदेश पर एसडीएम ने दो खाद की दुकानों का निरीक्षण किया जिसमे महंगे दामो में खाद की विक्री करते पाया गया है। एसडीएम ने जिला कृषि अधिकारी को कार्यवाही करने को कहा है। एसडीएम सदर केडी शर्मा ने शांति ट्रेडर्स व न्यू सान्या ट्रेडर्स कुरारा का



निरीक्षण किया सान्य ट्रेडर्स के दुकानदार कन्हैया लाल ने बताया कि उसे कृष्णा एजेसी राठ,गहोई ट्रेडर्स उरई,आरआर इंटरप्राइजेज से महंगे दामो में खाद दी जाती है इसलिये महगे दामों में विक्री करना मजबूरी है। इसी प्रकार शांति ट्रेडर्स ने बताया कि जहा से वह स्टाक उठाते है वही से रेट ज्यादा लगाये जाते है। जांच में स्टाक संबंधी तमाम अनियमितताएं पायी गयी है। क्षेत्र के किसान राजेंद्र, लालाराम, बद्री आदि ने बताया कि प्राइवेट दुकान वाले यूरिया खाद महंगी दर पर चार सौ रूपये में मिल रही है। अधिकारियों के लगा तार निरीक्षण के बाद भी दुकान दार महंगी दर पर खाद की बिक्री कर रहे है। तथा दिन में बिक्री न कर रात में गोदाम से बिक्री करते है। किसान महंगी दर खाद लेने को मजबूर हो रहे है। एसडीएम सदर ने कहा उन्होने कृषि अधिकारी से दोनो दुकानदारो पर विधिक कार्यवाही करने को कहा है।

## एसडीएम की खनन माफियाओं पर चली कार्यवाही की चुंबक

कोंच (जालौन)। एसडीएम व सीओ ने मंगलवार रात को अबैध खनन को रोके जाने को लेकर अभियान चलाया गया जिसमे एक टैक्टर मौरंग भरकर ले जाते हुए रोका तो वाहन चालक टैक्टर छोड़ फरार हो गया आपको बता दे कि एसडीएम ज्योति सिंह ने सीओ परमेश्वर प्रसाद के साथ अवैध खनन पर रोकथाम के लिए कोंच सर्किल में अभियान चलाया गया है जिसकी कार्रवाई हेतु खनन विभाग को पत्र भेज गया है टैक्टर को थाना नदीगांव को सुपुर्द किया गया स बीते दिनों राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों ने ग्राम अंडा के ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत पर ग्राम सतोह में हो रहे अबैध मिट्टी खनन को लेकर धरपकड़ की गई जिसमें 9 वाहनों को सीज कर एट थाना पुलिस को सुपुर्द किया गया तथा खनन विभाग को पत्र भेजा गया है वहीं एसडीएम ज्योति सिंह ने कहा है कि कोंच सर्किल में अवैध खनन किसी भी तरह नहीं होने देंगे खनन माफियाओं पर कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# रिश्वत लेते बीडीओ को विजिलेंस टीम ने रंगे हाथों पकड़ा

पायनियर संवाददाता। उरई (जालौन)

❖ बीडीओ के आवास की कई दिनों से निगरानी कर रही थी टीम

मोटी-मोटी तनख्वाह मिलने के बाद भी विकास कार्यों के भुगतान करने के बदले में नजराना की मांग करना अब अधिकारियों को मुश्किल में डाल रहा हैं। ऐसा ही मामला कदौरा विकासखंड का प्रकाश में आया जहां एक ठेकेदार का भुगतान करने के बदले कथित तरीके से एक लाख रुपये की रिश्वत अपने आवास में लते बीडीओ को विजिलेंस टीम ने रंगे हाथों पकड़ लिया। बाद में विजिलेंस टीम झांसी बीडीओ को पकड़कर कदौरा थाने ले गयी जहां पर आवश्यक कार्यवाही की जा रही थी।

मिली जानकारी के अनुसार कदौरा बीडीओ प्रतिभा शाल्या ने क्षेत्र पंचायत के ठेकेदार विवेक पुत्र योगेन्द्र से भुगतान के बदलते कथित तरीके से एक लाख रुपये की मांग की थी। भारी भरकम रकम मांगने से परेशान ठेकेदार उक्त मामले की शिकायत विजिलेंस टीम झांसी से की थी। इसके बाद विजिलेंस टीम ने पूरी फील्ड तैयार की और बीडीओ के आवास पर गुपचुप तरीके से निगरानी का कार्य पूरा किया और फिर ठेकेदार से संपर्क कर तय रणनीति के बाद एक लाख रुपये लेकर उसे बीडीओ प्रतिभा शाल्या के आवास पर भेजा गया जहां उसने बीडीओ को एक रुपये जैसे ही उनके हाथों में दिये वैसे ही पहले से ही चौकन्ना विजिलेंस टीम के सदस्य बीडीओ के आवास में प्रवेश कर गये और रंगे हाथों रिश्वत लेते बीडीओ प्रतिभा शाल्या को दबोच लिया। उक्त जानकारी जैसे ही बीडीओ कार्यालय में मौजूद लोगों को पता चली तो हड़कंप मच गया। इसी बीच विजिलेंस टीम बीडीओ को पकड़कर कदौरा थाना ले गयी जहां पर कागजी कार्यवाही देर शाम तक चल रही थी।

# गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान में भाजपा ने दिखायी सक्रियता



पायनियर संवाददाता। कोंच (जालौन)

❖ हेल्पडेस्क पर मौजूद रहे विधायक और पालिकाध्यक्ष

कोंच में बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान एसआईआर के तहत व्यापक जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। गांधी नगर स्थित नगर मंत्री शिवसिंह कुशवाहा के आवास पर हेल्पडेस्क स्थापित की गई, जहां स्थानीय लोगों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, संशोधन कराने एवं आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी देने का कार्य किया गया। यह विशेष अभियान नगर के बूथ संख्या 454, 455, 456 और 457 पर संचालित हुआ, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर-घर संपर्क कर लोगों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर विधायक मूलचन्द्र निरंजन ने कहा कि हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर अधिक से अधिक लोगों को फार्म भरवाने और जागरूकता बढ़ाने की अपील की।कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की सक्रिय मौजूदगी रही।

## विश्व मानवाधिकार दिवस पर हुई जागरूकता गोष्ठी

सुमेरपुर। विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित जागरूकता गोष्ठी में वक्ताओं ने कर्तव्य और अधिकारों की जानकारी देते हुए उनको जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। कस्बे के केपी इंटर कॉलेज में आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता कालेज के प्रबंधक राजेश शिवहरे ने की। मुख्य अतिथि थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अनूप सिंह ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी पालन करना अति आवश्यक है। इस मौके पर मुन्नीलाल अवस्थी,गणेश सिंह विद्यार्थी, संतोष कुशवाहा ग्रीनमैन,महिला संरक्षण जिला प्रमुख राहिला परवीन, राजेश शिवहरे ने विचार रखे। युवा संरक्षण जिला प्रमुख एड.विकास सिंह टोनू ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में संगठन के कैलाश माहेश्वरी, ओमप्रकाश लखेरे,जितेंद्र सिंह,बाबूलाल प्रजापति सहित कालेज के छात्र छात्राएं एवं शिक्षक मौजूद रहे।

# अवैध निर्माण को लेकर हिन्दू संगठनों का प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ-खीरी



❖ प्रदर्शन कर डीएम को सौंपा ज्ञापन, राधा स्वामी मंदिर में अवैध निर्माण पर उठाई आपत्ति

राधा स्वामी मंदिर परिसर में विशेष समुदाय द्वारा कराए जा रहे निर्माण को लेकर हिन्दू संगठनों ने बुधवार को जमकर प्रदर्शन किया। विपिन मिश्रा और राम पांडेय के नेतृत्व में नगर और संगठन प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप कर अवैध निर्माण को ध्वस्त करने की मांग की। हिन्दू संगठनों का आरोप है कि लखीमपुर की कस्बे में श्री राधा कृष्ण स्वामी मंदिर प्रांगण में विशेष समुदाय द्वारा कराये जा रहे अवैध निर्माण, छोटी काशी गोला कारिडोर मुख्यद्वार के निकट मुख्य चौराहे पर अतिक्रमण कर बनी अवैध मजार, पलिया में मालगोदाम स्थित हनुमान मंदिर के निकट अवैध कब्जे सहित अन्य धार्मिक सरकारी जमीनों पर हो रहे अवैध कब्जे को ध्वस्त कराने की मांग जिलाधिकारी महोदया को ज्ञापन के माध्यम से की प्रदर्शनकारियों के अनुसार, यह ढांचा सड़क के अत्यधिक निकट होने के कारण भविष्य में यातायात और भीड़भाड़ के समय विवाद की स्थिति उत्पन्न कर सकता है। हिंदू संगठनों ने चेतावनी दी कि यदि संबंधित निर्माण और कथित अतिक्रमणों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई। राम पांडेय जी ने कहा कि खीरी स्थित श्री राधाकृष्ण स्वामी मंदिर के प्रांगण में विशेष समुदाय द्वारा अवैध कब्जा कर निर्माण कराया जा रहा है जिसे प्रशासन जल्द ध्वस्त कराये अन्यथा हिन्दू समाज विवश होकर स्वयं तोड़ने के लिए बाध्य होगा, इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होंगी। इसके अलावा पलिया मालगोदाम स्थित हनुमान मंदिर के निकट विशेष समुदाय द्वारा अवैध कब्जा किया गया है उसे भी प्रशासन कब्जा मुक्त कराकर कब्जा करने वालों पर कठोर कार्यवाही करे।

कार्यक्रम में शिवम सहगल, सूर्यमणि मिश्रा, विनोद गुप्ता, अश्वनी गुप्ता, लवकुश कश्यप, राजकुमार राठौर, नितिन सैनी, ब्रजेश मिश्रा, सर्वजीत सिंह, सुखजिंदर सिंह, वीरेश वर्मा, सिद्धार्थ बाजपेयी, राजीव वर्मा सहित सैकड़ो लोगो ने उपस्थित होकर सनातन धर्म को मजबूत करने सनातन का डंका पूरे विश्व में बजे संकल्प लिया।

# संक्षिप्त समाचार

## कच्ची शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**पानियर, मैगलगंज-खीरी।** पुलिस अधीक्षक खीरी व अपर पुलिस अधीक्षक के द्वारा चलाए जा रहे वांछित वारंटी व अवैध शराब निष्कारण एवं बिक्री की रोकथाम में क्षेत्राधिकार मितौली यादवेंद्र यादव के निर्देशन में व प्रभारी निरीक्षक मैगलगंज इंद्रजीत सिंह चौहान के कुशल मार्गदर्शन में मैगलगंज पुलिस टीम द्वारा बुधवार को अवैध कच्ची शराब निकालते एक नफर अभियुक्त विनोद पुत्र प्रसादी निवासी श्रीपालपुर मैगलगंज को गिरफ्तार कर उसके पास से एक



प्लास्टिक की पिपिया में 10 लीटर अवैध कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण सहित गिरफ्तार किया गया। जिसके विरुद्ध नियमानुसार अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही कि जा रही है। गिरफ़्तारी करने बाली पुलिस टीम मे उपनिरीक्षक शुभम कुमार, हेड कांस्टेबल वीर प्रताप सरोज, कांस्टेबल सतीश कुमार आदि मौजूद रहे।

## बुकिंग केवल पंद्रह दिसम्बर तक चालू

**पानियर, हमीरपुर।** उपकृषि निदेशक डा. प्रमोद कुमार ने बताया कि जिले में छह सौ बीस सोलर पंपों का लक्ष्यप प्राप्त हुआ है। बुकिंग 15 दिसम्बर तक निर्धारित की गयी है। अभी तक 19 पंपों के लिये आन लाइन बुकिंग की गयी है। किसान अपनी आवश्यकतानुसार पंपों का चयन कर आगे बढ सकते है। सोलर पंप स्थापित होने के बाद स्थल चयन नही किया जायेगा। स्थल परिवर्तन किया जायेगा तो किसान से संपूर्ण अनुदान की धनराशि किसान से वसूल कर ली जायेगी।

## स्कूल में गिरा बिजली का खम्भा

**पानियर, मौदहा, हमीरपुर।** बुधवार को एक स्कूल में अचानक बिजली का जर्जर खम्भा गिर गया हालांकि खम्भा छत से ही टिक गया अन्यथा बडा हादसा हो सकता था। मोहल्ला मराठीपुरा स्थित मां गायत्री शिशु मंदिर के सामने लगा बिजली का खम्भा अचानक गिरकर स्कूल की छत पर टिक गया। जिस समय खम्भा गिरा उस समय बच्चे कक्षाओं में पढ रहे थे अन्यथा कोई बडा हादसा हो सकता था। खम्भा गिरने की खबर से जैसे ही हडकंप मचा बिजली विभाग के



कर्मचारियों ने आनन फानन में मौके पर पहुंच कर खम्भा सही कराने का काम शुरू कर दिया हैए जबकि बिजली विभाग की इस बडी लापरवाही पर कोई भी जिम्मेदार अधिकारी कुछ बोलने से बच रहे हैं। कस्वे में पुराने व जर्जर खंभे लगे है जब कि विभाग हर साल अनुरक्षण मद में करोडो रुपये खर्च करता है।

## सायकिल से कार्यालय पहुंचे आंदोलन रत सचिव

**पानियर, मौदहा, हमीरपुर।** सांकेतिक शांतिपूर्ण आंदोलन के दसवें दिन ग्राम विकास अधिकारियों ने सरकारी कार्यों में निजी वाहन से परहेज करते हुए साइकिल व ई. रिक्शा में सवार होकर ब्लॉक परिसर कार्यलय आये।और दस से एक बजे तक शांतिपूर्ण विरोध खंड विकास अधिकारी कार्यालय के सामने बैठकर किया आनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने के विरोध में चल रहे सत्याग्रह आंदोलन बुधवार को सचिवों ने बताया कि 10 तारीख से अब हम अपने कार्य क्षेत्र में साइकिल द्वारा भ्रमण करेंगे सचिवों ने बताया कि दो सौ रुपये साइकिल मरम्मत के नाम पर मिलता है। मौदहा विकास खण्ड कार्यालय में पंचायत सचिवों द्वारा शुरू हुआ आंदोलन दसवें दिन जारी रहा है। विरोध प्रदर्शन में नितेश चंदेल अरविन्द कुमार शिवमूरत सिंह बीरेंद्र कुमार राजू सिंह गिरीश चन्द्र हरी बाबू भगवान प्रसाद प्रियंका देवी व नीरज पटेल अरविंद पाल भूपेंद्र कुमार अरविंद सोनी सहित अन्य सचिव मौजूद रहे हैं।

# श्री रामलीला मेले में सात जोड़ों ने लिये सात फेरे

पायनियर संवाददाता। निघासन-खीरी



झंडी रोड स्थित नंदीश्वर बाबा स्थान पर चले रहे श्री राम लीला मेला के अंतर्गत आदर्श सामूहिक विवाह का आयोजन हुआ। आदर्श सामूहिक विवाह में गायत्री परिवार के दयाशंकर, गूना देवी ने सनातनी परंपरा से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विवाह करवया, वहीं गायत्री परिवार के कार्यकर्ता रविन्द्र यादव ने बताया कि विवाह एक ऐसा स्वैच्छिक बंधन है जिसमें वर, वधू, आज से बंधकर पति पत्नी के रूप में एक हो जाते हैं यह विवाह दो आत्माओं का संगम है शरीर तो दो हैं पर आज से पति पत्नी दोनों को आत्मा मिलकर एक हो गई।

इस आदर्श सामूहिक विवाह में शिवांशु कुमार फूलबेहड़ संग, श्रद्धा फर्रुखाबाद , इतवारी गुलरिया धौरहरा संग अंजली कश्यप सिंगाही, विपिन कुमार औरंगाबाद मोहम्मदी संग सोनी टेहरा पलिया, सुधीर कुमार हरेराम जीतपुरवा संग खुशबू बंगलहा कुटी, मनोज कुमार बोझिया फार्म संग सरिता बोझिया फार्म, विपिन कुमार मुर्गहा संग शांती देवी बेलरायां, पारस राठौर लखीमपुर संग शोभा तिकुनियां,सहित 07 जोड़े परिणय सूत्र में बंधकर एक दूजे के हुए।

जिसमें प्रत्येक जोड़े को एक एक बेड, रजाई गद्दा, एक एक बक्सा , चांदी की बिछिया, पायल सहित गृहस्थ सम्बन्धी आवश्यक सामान दान स्वरूप भेंट किया गया।

इस सामूहिक विवाह के आयोजक के.के. मौर्या (मेला कमेटी महामंत्री) ने बताया कि यह आदर्श सामूहिक विवाह सभी क्षेत्रवासियों के सहयोग से संपन्न हुआ है। इस आदर्श सामूहिक विवाह समारोह में निघासन विधायक पटेल शशांक वर्मा, नागमणि (सीडीपीओ), दयाशंकर मौर्य, पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा, मनोज वर्मा (कोषाध्यक्ष रामलीला मेला कमेटी), दिवाकर त्रिपाठी (महा सचिव रामलीला मेला), आनंद विनोद गुप्ता,राम निवास मौर्य, अनंत राम मौर्य, रामकिशोर मौर्या (बजाज एजेंसी), राकेश मौर्या, सहज राम मौर्य, अवधेश गुप्ता, विनोद वर्मा (सभासद), दामोदर प्रसाद वर्मा, डा. पंकज मौर्या, डा. आशीष गुप्ता, डा. ध्रुव गिरी, बाबू राम मौर्य (सभासद),जय प्रकाश वर्मा, अवधराम मौर्या सहित सैकड़ों क्षेत्रवासियों ने अपनी सहभागिता निभाई।

## समय पर पहुंची 108 एम्बुलेंस ने बचाई बच्चे की जान

लखीमपुर-खीरी। मंगलवार शाम मैगलगंज चौराहे पर हुए सड़क हादसे में समय पर पहुंची 108 एम्बुलेंस सेवा ने सात वर्षीय बच्चे सहित चार घायलों की जान बचा ली। हादसा उस समय हुआ जब एक तेज रफ्तार डीसीएम ने बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी और बाइक को करीब एक किलोमीटर तक घसीटते हुए ले गई। दुर्घटना में बाइक की टंकी फट गई और पेट्रोल सड़क पर फैल गया, हालांकि बड़ा हादसा होने से बाल-बाल बचा। डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर एंबुलेंस सेवा 102/108 कैलाश बिष्ट ने बताया कि हुसैनापुर निवासी कुलदीप अपनी पत्नी महिमा और बच्चों सात वर्षीय सत्यम और पांच वर्षीय काव्या के साथ ससुराल से अपने घर लौट रहे थे। दुर्घटना में चारों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों बच्चों को गहरा आघात लगा, सत्यम का पैर फ्रैक्चर हो गया जबकि काव्या की जांघ फट गई। कुलदीप को कमर और रीढ़ में गंभीर चोट लगी।

# 200 रुपये साइकिल भत्ता मिलने का विरोध

पायनियर संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी

❖ सम्मानजनक वाहन भत्ता न मिलने पर ब्लॉक मुख्यालय पहुंचकर दर्ज कराया विरोध

ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली समाप्त करने और भत्ता बढ़ाने की मांग को लेकर ग्राम विकास अधिकारियों और ग्राम सचिवों ने बुधवार को अपने आंदोलन को तेज कर दिया। उन्होंने विभिन्न गांवों से साइकिल से अपने अपने क्षेत्र से ब्लॉक मुख्यालय पर पहुंचे फिर अपने अपने क्षेत्र में साइकिल से निकले।

सचिवों ने बताया कि पहले उन्होंने काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण विरोध दर्ज कराया था, ताकि शासन का ध्यान उनकी समस्याओं पर केंद्रित हो सके। इसके बाद खंड विकास अधिकारी के माध्यम से मुख्य सचिव को एक पत्रक सौंपा गया था। इस पत्रक में ऑनलाइन उपस्थिति की बाध्यता समाप्त करने, बढ़ते कार्यभार के अनुरूप भत्ता बढ़ाने और कार्य के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने की मांगें शामिल थीं।सचिवों ने कहा कि उनकी मांगें पूरी न होने के कारण उन्हें आंदोलन को तीसरे चरण में लाना पड़ा। इस चरण में उन्होंने साइकिल जुलूस निकालते हुए ब्लॉक मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। यदि जल्द समाधान नहीं मिला तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा आज के जमाने में उनसे क्षेत्र का भ्रमण साइकिल से करने की अपेक्षा की जाती है। वर्षों पहले तय की गई व्यवस्था के तहत उन्हें साइकिल भत्ते के रूप में केवल 200 रुपये मासिक दिए जाते हैं, जो आज के समय में महज प्रतीकात्मक रह गई है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन उपस्थिति, इंटरनेट डेटा, मोबाइल और यात्रा पर भारी खर्च अलग से जुड़ गया है, लेकिन उनके मानदेय में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है।

# मतदाताओं का डाटा उपलब्ध न होने से जारी की जायेगी नोटिस

पायनियर संवाददाता। हमीरपुर

❖ हमीरपुर विधानसभा के सबसे ज्यादा मतदाता,साक्ष्य न देने पर हटाया जायेगा नाम

एसआईआर सर्वे में जिले में एक लाख बीस हजार दो सौ पचास मतदाताओं का वर्ष 2003 में डाटा उपलब्ध न होने से नोटिस जारी की जायेगी ताकि वह इस अवधि का डाटा उपलब्ध करा सके।

जिसमे 67052 मतदाता हमीरपुर विधानसभा के शामिल है। जानकारी के मुताबिक जिले में चल रहा एसआईआर सर्वे का पहला फेज लगभग पूर्ण हो चुका है,जिसमे जिले में 839731 कुल मतदाता थे,जिसमे सभी को मतगणना प्रपत्र वितरित कर दिये गये थे। जिसमे हमीरपुर विधानसभा में 67052 मतदाता व राठ विधानसभा में 53198 मतदाताओं का मैपिंग नही हो पायी है यानी कि एक लाख बीस हजार दो सौ पचास मतदाताओं को कोई डाटा न मिलने पर नोटिस जारी कर उनको साक्ष्य देने को कहा जायेगा। सर्वे में 14782 मतदाताओ की मृत्यु हो चुकी है। 34926 मतदाता ऐसे है जो स्थायी रुप से दूसरी जगह शिफ्ट हो चुके है। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी एसके शुक्ला ने बताया कि जो मतदाता नो मैपिंग के अन्तर्गत आते है उनको नोटिस जारी कर डाटा उपलब्ध कराने को कहा जायेगा,एसडीएम सदर केडी शर्मा ने बताया कि मतदाताओ को डाटा लाने के लिये समय दिया जायेगा वर्ष 2003 की मतदाता सूची को आनलाइन कर दिया गया है उसी को देखकर मतदाता साक्ष्य प्रस्तुत कर सकता है यह कोई कठिन काम नही है। ज्यादातर लोगो का साक्ष्य आ जायेगा जो लोग साक्ष्य नही दे पायेगे तो उनका मतदाता सूची से नाम हटाया जायेगा। क्योकि देश की नागरिकता सिद्ध करनी होगी।

## अपने अधिकारों की रक्षा करने के साथ ही दूसरे लोगों की रक्षा करें

**जालौन।** बुधवार को राजकीय प्रशिक्षण केन्द्र कालपी में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस का प्रधानाचार्य श्रवण कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में विशाल आयोजन किया गया। संस्थान के परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हस्त निर्मित कागज निर्माता समिति के अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी को अंग वस्त्र भेंट कर एवं फूल मालाओं से स्वागत किया गया। संस्थान की छात्राओं एवं अनुदेशकों के द्वारा मानव अधिकार दिवस के विषय पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये। प्रधानाचार्य श्रवण कुमार शुक्ला ने कहा कि मानव अधिकार दिवस पर एक कविता का प्रस्तुतीकरण किया गया उन्होंने अपने उदबोधन में कहा कि हर व्यक्ति को सुरक्षा, सम्मान और स्वतंत्रता के साथ जीने का पूरा अधिकार है। अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी अनुपालन करने के लिए हम लोग तत्पर रहें। कार्यक्रम का संचालन विवेक मिश्रा के द्वारा किया गया।

# सत्याग्रह आंदोलन में साइकिल लेकर पंचायतों को रवाना हुये सचिव

पायनियर संवाददाता। कुठौंद (जालौन)



विकासखंड कुठौंद में ऑन लाइन हाजिरी के विरोध में चल रहे सत्याग्रह आंदोलन में प्रदेशीय आवाहन पर बुधवार को ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम विकास अधिकारी साइकिल लेकर अपनी-अपनी ग्राम पंचायतों के लिये रवाना हुये। उल्लेखनीय हो कि पिछले दिनों प्रदेश सरकार द्वारा ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम विकास अधिकारियों को ऑन लाइन हाजिरी अपने तैनाती विकासखंड कार्यालय में लगाने को अनिवार्य करने के विरोध में सत्याग्रह आंदोलन चरणबद्ध तरीके से चलाया जा रहा है जिसमें बुधवार को ग्राम विकास अधिकारियों ने साइकिल चलाकर अपनी-अपनी ग्राम पंचायत को रबाना देखने को मिले सांकेतिक सत्याग्रह आंदोलन का पालन करते हुए विकासखंड पर सबसे हर ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत अधिकारी साइकिल से रवाना होकर ग्राम पंचायत कार्यालय तक ग्राम सभा के कार्यों के लिए साइकिलों पर जाते देखे गए। ग्राम विकास अधिकारी धीरेंद्र यादव ग्राम विकास अधिकारी वेद प्रकाश, ग्राम विकास अधिकारी जय सिंह यादव, ग्राम विकास अधिकारी अरुण कुमार, ग्राम पंचायत अधिकारी शुभम वाजपेई ग्राम पंचायत अधिकारी शिवम गुप्ता, ग्राम पंचायत अधिकारी विनय कुमार सोनकर आदि ने साइकिल चलाकर सभी साथियों को एहसास दिलाया जिससे सभी ग्राम विकास अधिकारी सभी ग्राम पंचायत अधिकारी साइकिल चलाकर पंचायत कार्यालय तक जाने की मन में ठान चुके हैं।

# बकायेदारी वसूलने के लिए टीमों का हुआ गठन

पायनियर संवाददाता। कालपी (जालौन)



❖ विद्युत विभाग की टीमें अब घर-घर वसूली के लिये देंगी दस्तक

शासन की नीतियों के अनुरूप जल संस्थान के बड़े बकायदार उपभोक्ताओं से राजस्व वसूली के लिए विभागीय अवर अभियंता के नेतृत्व में दो टीमों के द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। नगरीय क्षेत्र के उपभोक्ताओं के ऊपर 8 करोड़ से अधिक की बकायेदारी चल रही है। जिसमें 50 हजार रूपए से अधिक के 114 बकायदार उपभोक्ता शामिल हैं। अवर अभियंता के मुताबिक 20 हजार से अधिक के 693 बकायदारों पर 2 करोड़ से अधिक की बकायेदारी है। जबकि से 10 हजार से अधिक के 655 बकायदार उपभोक्ताओं पर डेढ़ करोड़ से अधिक की धनराशि बकाया चल रही है।

अवर अभियंता ने कहा कि बकायेदारी वसूलने के लिए तीन टीमों का गठन किया गया है। जिसमें जितेंद्र प्रसाद, बलदेव तथा इंद्र कुमार सचान शामिल हैं। टीमों के द्वारा घर-घर जाकर बकायदार उपभोक्ताओं को जागरूक किया जा रहा है तथा नोटिस दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि बकायदार उपभोक्ताओं की आरसी जारी करके कनेक्शन को विच्छेदन किया जाएगा।

**कई सरकारी विभागों के बिल चल रहे बकाया:** नगरीय क्षेत्र में स्थापित कई सरकारी विभागों के कार्यालयों तथा अधिकारियों के आवास में स्थापित कनेक्शनों के जल मूल्य के बिलों को जमा करने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई जा रही है। विभागीय सूत्रों के अनुसार दूरभाष केंद्र, मृदा परीक्षण केंद्र, नगर पालिका, स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग के बिल अरसों से जमा नहीं कराए गए हैं। अवर अभियंता ने बताया कि नियमानुसार तारीख से संबोधित उपभोक्ताओं से संपर्क कर-के बकाया बिल जमा कराए जाएंगे।

**ओटीएस योजना में में 80 बकायेदार उपभोक्ताओं ने कराया पंजीयन:** बुधवार को विद्युत विभाग के द्वारा चलाई जा रही एक मुश्त समाधान योजना (ओटीएस) को लेकर 4 अलग अलग स्थानों में शिविरों का आयोजन किया गया। इस दौरान 80 से अधिक बकायदार उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कराया है। उपखंड अधिकारी धर्मेंद्र सिंह सचान ने बताया कि शासन तथा उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के निर्देश के तहत योजना शुरू की गई है। वुधवार को नगर के मोहल्ला राम चबूतरा नई बस्ती में अवर अभियंता सत्य प्रकाश की मौजूदगी में ओटीएस शिविर आयोजित किया गया।

पायनियर
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 11 दिसंबर 2025



## ‘दलाई लामा 'शांति के सच्चे प्रतीक’

**ईटानगर (भाषा)।** अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने बुधवार को तिब्बती आध्यात्मिक गुरु 14वें दलाई लामा को 'शांति का सच्चा प्रतीक' करार दिया और कहा कि उनकी करुणा, सद्भाव और अहिंसा के संदेश से विश्व आज भी प्रेरित है। आज के ही दिन 36 वर्ष पहले 14वें दलाई लामा को नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

खांडू ने कहा कि 36वीं वर्षगांठ चामलेंग, तवांग मठ में मनाई जा रही है। उन्होंने दलाई लामा की शिक्षाओं की वैश्विक प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ₹चामलेंग, तवांग मठ में 14वें दलाई लामा को नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किए जाने की 36वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है।

उन्होंने अरुणाचल प्रदेश और तिब्बती बौद्ध परंपरा के बीच गहरे आध्यात्मिक व सांस्कृतिक संबंध पर जोर दिया। खांडू ने दलाई लामा को मानवता का मार्गदर्शक बताते हुए कहा, ₹शांति के सच्चे प्रतीक 14वें दलाई लामा की करुणा और सद्भाव का शाश्वत संदेश विश्व भर में फैलता रहे। तिब्बती आध्यात्मिक गुरु की दी शिक्षाएं सीमाओं व धर्मों से परे हैं और तेजी से विभाजित हो रही दुनिया में नैतिक दिशा-निर्देश प्रदान करते हैं।

# ओडिशा: आदिवासी महिला का कटा हुआ सिर मिला

## सरकार ने इंटरनेट सेवाओं का निलंबन 24-24 घंटे के लिए बढ़ाया

**भाषा। मलकानगिरि**

ओडिशा सरकार ने बुधवार को हिंसा प्रभावित मलकानगिरी जिले में इंटरनेट सेवाओं का निलंबन 24 घंटे के लिए बढ़ा दिया। पुलिस ने बताया कि एक आदिवासी महिला का कटा हुआ सिर नदी किनारे से बरामद किया गया। राखेलगुडा गांव की रहने वाली 51 वर्षीय लाके पोडियामी का धड़ चार दिसंबर को मिला था जबकि उसका कटा हुआ सिर लगभग 15 किलोमीटर दूर बरामद किया गया।

पुलिस ने बताया कि कटा हुआ सिर कन्या आश्रम के पास पोटेरू नदी के किनारे मिला। राखेलगुडा और एमवी 25 दोनों गांवों में निषेधाज्ञा बरकरार है जबकि सरकार ने मलकानगिरी जिलाधिकारी की सिफारिश पर इंटरनेट सेवा निलंबन



की अवधि 24 घंटे के लिए बढ़ा दी है। एक अधिकारी ने बताया कि प्रतिबंध पहले बुधवार दोपहर 12 बजे तक लागू था। मंगलवार को कड़ी सुरक्षा और वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में महिला के शव को उसके गांव में दफना दिया गया।

एक अधिकारी ने बताया, ‘कटा हुआ सिर बरामद होने के बाद पुलिस जांच में जुटी है और महिला की हत्या के कारणों का पता लगाने के लिए छानबीन कर रही है।

महिला एक दिसंबर से लापता थी और उसके परिवार वालों ने तीन दिसंबर को गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया था। महिला का शव चार दिसंबर को मिला जबकि सिर बुधवार को बरामद किया गया।

सिर कटा शव मिलने के बाद रविवार दोपहर हिंसा भड़क गयी थी। राखेलगुडा गांव में रहने वाले आदिवासी लोगों ने बड़ी संख्या में जिले के एमवी-26 गांव पर कथित रूप से हमला कर दिया। इस गांव में ज्यादातर लोग बांग्ला भाषी हैं। एमवी-26 गांव में आदिवासियों ने हमला कर लगभग 200 घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया और कुछ में आग लगा दी। इस बीच, पुलिस ने आदिवासी महिला की हत्या के आरोप में सुभा रंजन मंडल (42) को गिरफ्तार कर लिया।

मलकानगिरि जिलाधिकारी सोमेश कुमार उपाध्याय ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ₹प्रशासन ने एमवी-26 गांव में एक निःशुल्क रसोई खोली है और लोगों को भोजन, कंबल और अन्य आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराई गयी हैं। गांव से भागे लगभग 300 लोग लौट आए हैं और एक अस्थायी आश्रय में रह रहे हैं।

# 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर लगा प्रतिबंध

**एजेंसी। मेलबर्न (आस्ट्रेलिया)**

ऑस्ट्रेलिया में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्रतिबंध बुधवार से प्रभावी हो गया है और देश के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने दुनिया में इस तरह के पहले सोशल मीडिया प्रतिबंध का स्वागत किया है।

हालांकि, अल्बनीज ने आगाह किया है कि इसका कार्यान्वयन कठिन हो सकता है।

अल्बनीज ने सार्वजनिक प्रसारक 'ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन' (एबीसी) को बताया, ''आज वो दिन है जब ऑस्ट्रेलिया के परिवार इन बड़ी तकनीकी कंपनियों से अधिकार वापस ले रहे हैं और बच्चों के बच्चे होने के अधिकार और माता-पिता के मानसिक शांति के अधिकार पर जोर दे रहे हैं।''

अल्बनीज ने बाद में सिडनी में सुधार समर्थकों की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, ''यह सुधार जिंदगियां बदल देगा।



■ पीएम एंथनी अल्बनीज ने कहा, यह सुधार जिंदगियां बदल देगा

ऑस्ट्रेलियाई बच्चों के लिए... उन्हें अपना बचपन जीने का मौका देगा। ऑस्ट्रेलिया के माता-पिता के लिए, उन्हें अधिक मानसिक शांति प्रदान करेगा। लेकिन वैश्विक समुदाय के लिए भी, जो ऑस्ट्रेलिया की ओर देख रहे हैं और कह रहे हैं: अगर ऑस्ट्रेलिया यह कर सकता है, तो हम क्यों नहीं?''

इस सभा में वे माता-पिता भी शामिल थे जो अपने बच्चों की आत्महत्या के लिए सोशल मीडिया को जिम्मेदार ठहराते हैं।

फेसबुक, इंस्टाग्राम, किक, रेडिट, स्नैपचैट, थ्रेड्स, टिकटॉक, एक्स, यूट्यूब और ट्विच जैसे सोशल मीडिया मंच अगर 16 वर्ष से कम उम्र के ऑस्ट्रेलियाई बच्चों के अकाउंट को हटाने के लिए उचित कदम उठाने में विफल रहते हैं तो उन्हें बुधवार से 4.95 करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (3.29 करोड़ अमेरिकी डॉलर) तक के जुर्माने का सामना करना पड़ सकता है।

अल्बनीज ने कहा कि सोशल मीडिया प्रतिबंध का कार्यान्वयन कठिन होगा। ऑस्ट्रेलिया क्रिसमस तक यह पुष्टि करेगा कि सोशल मीडिया पर प्रतिबंध कारगर साबित हो रहा है या नहीं।

## कारोबार

### ओमान, न्यूजीलैंड के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर वार्ता अंतिम चरण में : गोयल



**जयपुर।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि ओमान और न्यूजीलैंड के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के लिए बातचीत अपने अंतिम चरण में है और दोनों के जल्द ही संपन्न होने की उम्मीद है। उन्होंने संकेत दिया कि दक्षिण अमेरिकी देश चिली के साथ भी व्यापार समझौते के लिए बातचीत जल्द पूरी हो जाएगी। मंत्री ने कहा कि ओमान के साथ समझौते के लिए बातचीत अंतिम चरण में है और न्यूजीलैंड के व्यापार मंत्री टॉड मैक्ले शुक्रवार को नयी दिल्ली आ रहे हैं। मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत अंतिम चरण में पहुंच रही है। इस बीच, वाणिज्य मंत्रालय ने बयान में कहा कि गहन वार्ता के तीन दौर (नवंबर 2023-मार्च 2024) के बाद दोनों पक्ष सीईपीए (व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता) के सभी घटकों पर एक समझौते पर पहुंच गए हैं जिसमें पाठ्य एवं बाजार पहुंच प्रस्ताव शामिल हैं। इसमें कहा गया कि मार्च 2024 में मंत्रिमंडल द्वारा प्रस्तुत एक प्रस्ताव को स्थगित कर दिया गया, जिसके परिणामस्वरूप आगे की बातचीत की आवश्यकता पड़ी। चौथे दौर (सितंबर 2024) और पांचवें दौर (13-14 जनवरी 2025) में संशोधित प्रस्तावों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

### भारत के नए उड़ान संबंधी नियम कार्यावधि को सीमित करने वाले लगते हैं : आईएटीए



**जिनेवा।** अंतरराष्ट्रीय वायु परिवहन संघ (आईएटीए) के महानिदेशक विली वॉल्श ने कहा कि पायलटों के लिए नए उड़ान 'ड्यूटी' नियम अन्य देशों की तुलना में कार्यावधि को सीमित करने वाले प्रतीत होते हैं और स्थिति सामान्य होने में समय लगेगा। भारत की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो के समक्ष पिछले एक सप्ताह में पेश हुई परिचालन संबंधी बाधाओं की पृष्ठभूमि में वॉल्श ने यह बात कही है। इन व्यवधानों के कारण इंडिगो की सैकड़ों उड़ानें रद्द की गईं और हजारों यात्री प्रभावित हुए। वॉल्श ने कहा कि भारत के नए नियम अन्य देशों के नियमों की तुलना में (कार्यावधि को) सीमित करने वाले प्रतीत होते हैं लेकिन मुझे लगता है कि आपको हमेशा यह स्वीकार करना होगा कि नियामकों की यह जिम्मेदारी है कि वे यह सुनिश्चित करें कि उद्योग सुरक्षित हो। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि ये बदलाव सही कारणों से लागू किए गए हैं। अब बस कुछ समय की बात है जब सब कुछ सामान्य हो जाएगा।

### वाहन कलपुर्जों पर शुल्क रियायत के लिए सोच-समझकर कदम उठाने की जरूरत



**नई दिल्ली।** एसोचैम के अध्यक्ष निर्मल कुमार मिंडा ने यूरोपीय संघ के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते के तहत मोटर वाहन कलपुर्जों पर आयात शुल्क में अंधाधुंध कटौती को लेकर आगाह किया और कहा कि घरेलू विनिर्माताओं खासतौर पर सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को नुकसान से बचाने के लिए ऐसी रियायतें 'सोच-समझकर' दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि प्रस्तावित समझौते के तहत यूरोपीय संघ (ईयू) को दी जाने वाली शुल्क रियायतों से घरेलू कंपनियों को उन्नत प्रौद्योगिकी, बड़े बाजारों एवं स्थिर आपूर्ति श्रृंखलाओं तक पहुंच मिलती है तो उन पर विचार करना सही होगा खासकर उन उत्पादों के लिए जिनमें भारत को लागत के मामले में लाभ मिलता है। मिंडा ने 'पीटीआई-भाषा' को ई-मेल के जरिये दिए साक्षात्कार में कहा, ''हालांकि पूर्ण कटौती से घरेलू आपूर्तिकर्ताओं खासतौर पर एमएसएमई को नुकसान हो सकता है क्योंकि यूरोपीय संघ के घटक अक्सर मजबूत पैमाने, स्वचालन एवं सब्सिडी वाले होते हैं। भारत और 27 देशों का यूरोपीय संघ 2007 से एक व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। नौ दिसंबर को दोनों पक्षों ने समझौते पर एक उच्च स्तरीय बैठक की। यूरोपीय संघ देश के मोटर वाहन एवं घटक क्षेत्रों में आयात शुल्क में रियायत की मांग कर रहा है।

### ट्रूकॉलर ने पूरे परिवार को फ़ोन पर होने वाले स्कैम से बचाने के लिए लॉन्च किया फैमिली प्रोटेक्शन

ट्रूकॉलर ने आज एक नए और बेहद महत्वपूर्ण फीचर, यानी फैमिली प्रोटेक्शन के लॉन्च की घोषणा की, ताकि परिवार अपने अनुभवों को एक-दूसरे से साझा करके इस डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रह सकें। फैमिली प्रोटेक्शन सीधे एंड्रॉइड और॰डर पर उपलब्ध ट्रूकॉलर ऐप में मौजूद है, जिससे यूज़र्स को भरोसेमंद फ़ैमिली ग्रुप बनाने की सुविधा मिलती है ताकि उन्हें स्कैम और अनचाहे कॉल से तुरंत सुरक्षा मिल सके। एंड्रॉइड की बात करें, तो फ़ैमिली एडमिनिस्ट्रेटर को उस फैमिली ग्रुप के दूसरे सदस्यों के फोन पर आने वाले संभावित स्कैम कॉल का अलर्ट मिल सकता, और वो ऐसे कॉल को दूर बैठे ही बंद कर सकता है।

### ग्राम पंचायत चुनाव से पहले कांग्रेस समर्थकों से झड़प में

# तेलंगाना में बीआरएस कार्यकर्ता की मौत

**भाषा। हैदराबाद**

तेलंगाना में ग्राम पंचायत चुनाव के पहले चरण का मतदान शुरू होने से पहले सूर्यापेट जिले में सत्तारूढ़ कांग्रेस और विपक्षी दल के समर्थकों के बीच हुई झड़प में भारतीय राष्ट्र समिति (बीआरएस) के एक कार्यकर्ता की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामाराव ने इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस "हत्या की राजनीति'' कर रही है। उन्होंने कहा, ‘यह सत्तारूढ़ दल के दिवालियापन को दर्शाता है कि लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव का सामना करने में असमर्थ होने के कारण वह हमलों का सहारा ले रही है।’

यह घटना मंगलवार को चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद लिंगमपल्ली गांव में हुई। पुलिस ने बताया कि दो समूहों के बीच हुई कहासुनी के बाद लाठी-डंडों से हमला और पथराव किया गया, जिसमें 57 वर्षीय व्यक्ति के सिर में





■ रामाराव आरोप लगाया, कांग्रेस ''हत्या की राजनीति” कर रही है

चोट आई।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ₹उन्हें पहले सूर्यापेट के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया और फिर हैदराबाद के एक अन्य अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया लेकिन बुधवार तड़के उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।₹

मृतक व्यक्ति की बहू वार्ड सदस्य का चुनाव लड़ रही है।

पुलिस को दी गई शिकायत में मृतक के परिवार वालों ने आरोप लगाया कि कांग्रेस समर्थकों के हमले में उनकी मौत हुई।

पुलिस ने बताया कि गांव में स्थिति शांतिपूर्ण है और अतिरिक्त बल की तैनाती की गयी है।

रामा राव ने एक बयान में कहा, ₹बीआरएस कांग्रेसी गुंडों के अत्याचारों को बर्दाश्त नहीं करेगा।₹

उन्होंने आश्वासन दिया कि बीआरएस नेतृत्व पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता और नेता के साथ खड़ा रहेगा तथा मृतक कार्यकर्ता के परिवार को सहायता प्रदान करेगा।

रामा राव ने पुलिस हमले के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

पुलिस ने बताया कि नुथनकल थाने में मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। तेलंगाना राज्य निर्वाचन आयोग ने इससे पहले राज्य में ग्राम पंचायत चुनावों के लिए तीन चरणों में मतदान कराने की घोषणा की थी।

## उ. कोरिया में सत्तारूढ़ पार्टी के पूर्ण अधिवेशन की तैयारियां शुरू

**सियोल (एजेंसी)।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन और शीर्ष अधिकारियों ने पांच साल बाद होने जा रहे सत्तारूढ़ पार्टी के पहले पूर्ण अधिवेशन की तैयारियों पर चर्चा के लिए बैठक की। सरकारी मीडिया में बुधवार को यह खबर दी गई।

अमेरिका और दक्षिण कोरिया उत्तर कोरिया से वार्ताएं दोबारा शुरू करना चाहते हैं, ऐसे में इस उच्चस्तरीय अधिवेशन में नयी प्राथमिकताएं तय की जाएंगी।

कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने खबर दी कि किम ने मंगलवार को वर्कर्स पार्टी की एक पूर्ण बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान पार्टी के अधिवेशन से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के साथ साथ इस साल की सरकारी नीतियों की समीक्षा की गई। केसीएनए ने इसके अलावा कोई जानकारी नहीं दी। जानकारों के अनुसार पूर्ण बैठक कुछ दिन चलेगी, जिसमें पार्टी के अधिवेशन का आधिकारिक एजेंडा तय किया जाएगा।

# नक्सलियों के विरुद्ध दर्ज मामलों के निराकरण की प्रक्रिया का अनुमोदन

**भाषा। रायपुर**

छत्तीसगढ़ में मंत्रिपरिषद ने आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के विरूद्ध दर्ज आपराधिक मामलों के निराकरण/वापसी संबंधी प्रक्रिया को अनुमोदित कर दिया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज यहां सिविल लाईन स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

उन्होंने बताया कि मंत्रिपरिषद ने आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के विरुद्ध दर्ज मामलों की समीक्षा और जांच के लिए, जिन्हें न्यायालय से वापस लिया जाना है, मंत्रिपरिषद उप समिति के गठन को स्वीकृति दी है।

अधिकारियों ने बताया कि यह समिति जांच के बाद प्रकरणों को मंत्रिपरिषद के समक्ष प्रस्तुत करेगी। यह निर्णय छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण/पीड़ित राहत पुनर्वास नीति-2025 के प्रावधानों के अनुरूप है, जिसके अंतर्गत आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के अच्छे आचरण तथा नक्सलवाद उन्मूलन में दिए गए योगदान को ध्यान में रखकर उनके विरुद्ध दर्ज मामलों के निराकरण पर विचार का प्रावधान है।

उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के खिलाफ दर्ज मामलों की वापसी की प्रक्रिया के लिए जिला स्तरीय समिति के गठन का प्रावधान किया गया है। यह समिति आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली के आपराधिक मामलों की वापसी के लिए रिपोर्ट पुलिस मुख्यालय को प्रस्तुत करेगी। पुलिस मुख्यालय इस पर अपनी राय सहित प्रस्ताव भेजेगा।

शासन द्वारा विधि विभाग की राय प्राप्त कर मामलों को मंत्रिपरिषद उप समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। उपसमिति द्वारा अनुशंसित मामलों को अंतिम अनुमोदन के लिए मंत्रिपरिषद के समक्ष रखा जाएगा।

## अमेरिकी विवि में गोलीबारी, एक की मौत

**फ्रैंकफर्ट (अमेरिका) (एजेंसी)।** अमेरिका की 'केंटकी स्टेट यूनिवर्सिटी' के एक आवासीय हॉल में मंगलवार को हुई गोलीबारी में एक छात्र की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया।

अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध स्कूल का छात्र नहीं है और उसे हिरासत में ले लिया गया है। फ्रैंकफर्ट के सहायक पुलिस प्रमुख स्कॉट ट्रेसी ने मंगलवार शाम एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि दोपहर करीब तीन बजे हुई गोलीबारी का संदिग्ध केंटकी स्टेट का छात्र नहीं है। ट्रेसी ने बताया कि पुलिस ने गोलीबारी पर तुरंत कार्रवाई की। उन्होंने कहा, ''फ्रैंकफर्ट पुलिस का मानना है कि परिसर में सुरक्षा को लेकर इस समय कोई गंभीर चिंता नहीं है।''

# फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति सरकोजी ने जेल में अपने अनुभव साझा किए

**एजेंसी। पेरिस**

फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी ने अपनी एक किताब में उस जेल का वर्णन किया है, जहां उन्होंने 20 दिन बिताए थे। उन्होंने जेल को शोरगुल वाली जगह, कठोर व अमानवीय हिंसा से भरी दुनिया बताया है। सरकोजी की इस पुस्तक का बुधवार को विमोचन किया गया जिसमें इस बारे में राजनीतिक सलाह भी दी गई है कि उनकी कंजर्वेटिव पार्टी को धुर दक्षिणपंथी मतदाताओं को कैसे आकर्षित करना चाहिए।

'डायरी ऑफ ए प्रिजनर' नामक इस पुस्तक में 70 वर्षीय पूर्व राष्ट्रपति ने कहा है कि अपराध के प्रति उनके अपने सख्त रुख ने एक नया रूप ले लिया है। सरकोजी को 2007 के अपने विजयी चुनावी अभियान को लीबिया से प्राप्त धन से वित्तपोषित



करने के मामले में आपराधिक साजिश का दोषी पाया गया था।

अदालत ने सितंबर में सरकोजी को पांच साल की जेल की सजा सुनाई। करीब 20 दिन जेल में बिताने के बाद उन्हें न्यायिक निगरानी में रिहा कर दिया गया। यह पुस्तक पेरिस की ला सैंटे जेल के अंदर की दुर्लभ झलक पेश करती है, जहां सरकोजी को एकांत कारावास में रखा गया था और सुरक्षा कारणों से उन्हें अन्य कैदियों से सख्ती से अलग रखा गया था।

# छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, छह विवि के मध्य 'रक्षक पाठ्यक्रम' के लिए एमओयू

**भाषा। रायपुर**

छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग और राज्य के छह विश्वविद्यालयों के मध्य 'रक्षक पाठ्यक्रम' के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया है। बाल अधिकार और संरक्षण पर आधारित यह पाठ्यक्रम देश में अपनी तरह का पहला शैक्षणिक नवाचार है।

अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग और राज्य के छह विश्वविद्यालयों के मध्य 'रक्षक पाठ्यक्रम' के लिए एमओयू संपन्न हुआ। बाल अधिकार एवं संरक्षण पर आधारित यह अनूठा पाठ्यक्रम देश में अपनी तरह का



पहला शैक्षणिक नवाचार है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने कहा, ''रक्षक पाठ्यक्रम छात्रों के सुरक्षित और जिम्मेदार भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह पाठ्यक्रम युवाओं को न केवल रोजगार के अवसर प्रदान करेगा, बल्कि बाल अधिकार संरक्षण के क्षेत्र में आवश्यक विशेषज्ञता भी विकसित करेगा।'' उन्होंने कहा कि कई बार बच्चे भूलवश या भ्रमित होकर गलत दिशा में चले जाते हैं क्योंकि वे अबोध होते हैं। ऐसे बच्चों को सही मार्ग पर लाना हम सभी का सामूहिक दायित्व है।

अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री साय ने रक्षक पाठ्यक्रम को रिकॉर्ड समय में तैयार करने और विश्वविद्यालयों में इसे लागू करने के लिए आयोग की अध्यक्ष डॉक्टर वर्णिका शर्मा और उनकी पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने बताया कि यह एक वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम 'पीजी डिप्लोमा इन चाइल्ड राइट्स एंड प्रोटेक्शन' पाठ्यक्रम पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर, संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय, सरगुजा, कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर, आंजनेय विश्वविद्यालय, रायपुर, एमिटी विश्वविद्यालय, रायपुर और श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, भिलाई-दुर्ग में शुरू होगा।

# अदाणी समूह 2031 तक भारत में 12 लाख करोड़ निवेश करेगा

**भाषा। धनबाद (झारखंड)**

बंदरगाह से लेकर ऊर्जा क्षेत्र में फैले अदाणी समूह की अगले छह वर्षों में भारत में 12 लाख करोड़ रुपये तक निवेश करने की योजना है। समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने यह जानकारी दी। बुनियादी ढांचे, खनन, नवीकरणीय ऊर्जा व बंदरगाहों समेत अन्य क्षेत्रों में बड़ा निवेश किया जाएगा।

अडाणी ने पीटीआई-भाषा से कहा, "निवेश की अपार संभावनाएं हैं। हम अगले छह साल में भारत में 10 से 12 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेंगे।" उद्योगपति ने कहा कि कोरपोरेट भारत और उद्योगपति पीएम नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भरता के आ''ान के साथ जुड़ रहे हैं, जिसे उन्होंने भारत की नई स्वतंत्रता बताया



है। अदाणी ने कहा, "आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए संघर्ष जारी है... प्रधानमंत्री ने भी इसका आ''ान किया है... यह एक नई आजादी है। हर उद्योगपति और हर समूह इसी पर काम कर रहा है।" वह आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के शताब्दी समारोह में भाग लेने के लिए यहां आये थे। उन्होंने कहा, प्रस्तावित निवेश में बुनियादी ढांचा, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा परिवर्तन, बंदरगाह और अन्य चीजें शामिल होंगी।

# 2023 में एक अरब लोगों ने यौन हिंसा का सामना किया : लैंसेट

**भाषा। नई दिल्ली**

दुनिया भर में साल 2023 में 15 वर्ष और उससे अधिक उम्र के एक अरब से अधिक लोगों ने बचपन में यौन हिंसा झेली और लगभग 60.8 करोड़ महिलाएं अंतरंग साथी द्वारा की गई हिंसा की शिकार हुईं।

उप-सहारा अफ्रीका और दक्षिण एशिया में अंतरंग साथी द्वारा की गई हिंसा और यौन हिंसा दोनों की सबसे अधिक दर पाई गई।

शोधकर्ताओं ने कहा कि इन क्षेत्रों में हिंसा से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव, एचआईवी और अन्य दीर्घकालिक बीमारियों की उच्च दर के कारण और भी गंभीर हो जाते हैं। भारत में अंतरंग साथी द्वारा की गई हिंसा की शिकार महिलाओं की दर 23 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा अनुमान है कि



15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु वर्ग की 30 प्रतिशत से अधिक महिलाओं और 15 वर्ष या उससे अधिक आयु के लगभग 13 प्रतिशत पुरुषों ने बचपन में यौन हिंसा झेली।

शोधकर्ताओं ने 'ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज' (जीबीडी) शोध 2023 के आंकड़ों का विश्लेषण किया जिसे ₹विभिन्न क्षेत्रों और समय के आधार पर स्वास्थ्य को होने वाले नुकसान को मापने का अब तक का सबसे बड़ा और व्यापक प्रयास₹ माना जाता है। इस जीबीडी अध्ययन का समन्वय अमेरिका की वाशिंगटन यूनिवर्सिटी ने किया था।

लेखकों ने शोध में लिखा, ₹विश्व स्तर पर, हमने अनुमान लगाया कि 2023 में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की 60.8 करोड़ महिलाएं कभी न कभी अंतरंग साथी की हिंसा का शिकार हुई हैं, और 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के 1.01 अरब व्यक्तियों ने बचपन में यौन हिंसा का अनुभव किया। अध्ययन में ऐसे नए प्रमाण सामने आए हैं जिनसे पता चलता है कि बच्चों के खिलाफ यौन हिंसा और अंतरंग साथी द्वारा की जाने वाली हिंसा का संबंध पहले से माने ्जा रहे दायरे से कहीं अधिक स्वास्थ्य समस्याओं से है। इसके कारण स्वास्थ्य समस्याओं और अक्षमताओं के मामलों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### विधायक खेल स्पर्धा में खिलाड़ियों ने दिखाया दम, जीते पदक



**लखनऊ,पायनियर।** युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के तत्वावधान में केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित विधायक खेल स्पर्धा, लखनऊ मध्य विधानसभा की दो दिवसीय प्रतियोगिता बुधवार को संपन्न हुई। एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, कबड्डी, भारोत्तोलन और बैडमिंटन में सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग के पुरुष व महिला खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। समापन समारोह में पूर्व उपसभापति लखनऊ नगर निगम रजनीश गुप्ता बॉबी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और विजेताओं को मेडल व प्रमाणपत्र प्रदान किए। प्रतियोगिता प्रभारी युवा खेल अधिकारी आशीष मिश्रा ने बताया कि यहां विजयी खिलाड़ी आगे सांसद खेल प्रतियोगिता से होते हुए जोन व राज्य स्तर तक पहुंचेंगे। प्रतियोगिता में एथलेटिक्समें ओशीन, ललिता, सुप्रिया, शाक्षी, आशीर्य, आयुषी आदि खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पधाओं में शीर्ष स्थान हासिल किए। भारोत्तोलन में पुरुष वर्ग के निखित कुमार, प्रवीर कुमार, सतपाल मौर्य सहित 9 खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि महिला वर्ग में सपना, नेहा, सुनीता सहित 8 खिलाड़ियों ने स्वर्ण अपने नाम किए। कबड्डी में पुरुष वर्ग में चौक स्टेडियम विजेता रहा, जबकि महिला वर्ग में 7 वेंडर टीम ने खिताब जीता। बैडमिंटन में शिवम जोशी, बृजराज, लोनी बॉन तथा महिला वर्ग में ओजस्वी, अपर्णा और शानवी ने स्वर्ण पदक जीता। प्रतियोगिता के सफल संचालन में विभागीय अधिकारियों व प्रशिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अतुल कुमार सिन्हा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### चार पदकों के साथ एनईआर महिला टीम रही उपविजेता



**लखनऊ।** ऑल इंडिया इंटर रेलवे चैंपियनशिप में नॉर्थ ईस्टर्न रेलवे (एनईआर) की महिला टीम ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए चार पदक जीतकर उपविजेता रही। लखनऊ डिवीजन की खिलाड़ियों ने विभिन्न वर्गों में शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में उषा ने स्वर्ण पदक, भावना ने रजत, जबकि वीरजीत कौर और अंजली जोशी ने कांस्य पदक जीते। लगातार प्रदर्शन से टीम ने चैंपियनशिप में मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। टीम की कोच स्वाति सिंह ने बताया कि सभी पदक विजेता खिलाड़ी लखनऊ डिवीजन से हैं। उन्होंने खिलाड़ियों की उपलब्धियों का श्रेय मुख्यालय से मिले सहयोग को देते हुए जनरल सेक्रेटरी पंकज सिंह, स्पोर्ट्स ऑफिसर राहुल सिंह, स्पोर्ट्स ऑफिसर चन्द्र विजय सिंह और सेक्रेटरी उदित मिश्र के प्रति आभार जताया।

### महिला वॉलीबॉल चैंपियनशिप: पहले दिन 11 टीमों की शानदार जीत

**लखनऊ।** इंटेग्रल यूनिवर्सिटी लखनऊ पहली बार नॉर्थ-जोन इंटर-यूनिवर्सिटी महिला वॉलीबॉल चैंपियनशिप 2025-26 की मेजबानी कर रही है। एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज नई दिल्ली के तत्वावधान में बुधवार को विश्वविद्यालय परिसर में भव्य उद्घाटन हुआ, जिसमें उत्तर भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों से आई 40 से अधिक महिला टीमें भाग ले रही हैं। चैंपियनशिप के पहले दिन 11 मुकाबले खेले गए। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी ने इंटेग्रल यूनिवर्सिटी को 3-0 से पराजित किया, जबकि चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ ने डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या को 3-0 से मात दी। गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर ने चंडीगढ़ विश्वविद्यालय, मोहाली को 3झ0 से हराया और चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय, भिवानी ने श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय, टिहरी गढ़वाल को 3-0 से पछाड़ दिया। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर ने वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय, देहरादून को 3-0 से मात दी, जबकि भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, सोनीपत ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय को 3-1 से हराया। डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा ने इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, रेवाड़ी को 3-0 से हराया। इसके अतिरिक्त महाराजा भूपिंदर सिंह पंजाब स्पोर्ट्स विश्वविद्यालय, पटियाला ने ग्राफिक एरा (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी), देहरादून को 3-0 से हराया। सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मंडी ने गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, दिल्ली को 3-0 से परास्त किया, जबकि अंतिम मुकाबले में उत्तराखंड विवि, देहरादून ने प्रो. राजेंद्र सिंह (राज्जू भैया) विश्वविद्यालय, प्रयागराज को 3-0 से हराकर दिन का समापन किया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के माननीय चांसलर एवं संस्थापक प्रो. सैयद वसीम अख्तर ने की। उन्होंने खेलों की भावना को सर्वोपरि बताते हुए सभी टीमों को शुभकामनाएं दीं और प्रतियोगिता को औपचारिक रूप से उद्घाटन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध खिलाड़ी एवं अर्जुन पुरस्कार प्राप्त रणवीर सिंह (पूर्व कप्तान, भारतीय वॉलीबॉल टीम) रहे।

### इलेक्ट्रॉनिक मीडिया व एसटी के बीच खेला जायेगा उद्घाटन मैच

**लखनऊ।** एसबीआई कप लखनऊ मीडिया प्रीमियर लीग 2025 की शुरूआत 13 दिसंबर को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में होगी। उद्घाटन मैच पिछले विजेता इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एकादश और हिंदुस्तान टाइम्स के बीच सुबह 9 बजे खेला जाएगा। दूसरा मुकाबला दोपहर 12 बजे एलएसजेए एकादश और मान्यता प्राप्त पत्रकार एकादश के बीच होगा।लीग का ड्रा पूर्व भारतीय क्रिकेटर ज्ञानेंद्र पांडेय ने निकाला। आठ टीमों की इस लीग के मैच केडी सिंह बाबू व चौक स्टेडियम पर होंगे। सेमीफाइनल 18 दिसंबर और फाइनल 19 दिसंबर को शाम 4 बजे दूधिया रोशनी में खेला जाएगा।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरा टी20 आज रात 7 बजे से,भारत सीरीज में 1-0 से आगे

# फार्म की तलाश में उतरेंगे शुभमन गिल

**एजेंसी। मुल्लांपुर (न्यू चंडीगढ़)**



अभी तक सबसे छोटे प्रारूप में अपनी छाप छोड़ने में नाकाम रहे शुभमन गिल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गुरुवार को यहां होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अपने घरेलू मैदान पर फॉर्म में वापसी करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। पांच मैचों की इस श्रृंखला के पहले दो मैचों के बीच केवल एक दिन का अंतराल है और ऐसे में गिल को सीधे मैदान पर उतरकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारत ने पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका को 101 रन से करारी शिकस्त दी लेकिन सितंबर में एशिया कप में टी20 टीम में वापसी करने वाले गिल का औसत प्रदर्शन अभी भी चर्चा का विषय बना हुआ है।

गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में कप्तान के रूप में शानदार प्रदर्शन किया था लेकिन टी20 में वह अपनी इस सफलता को नहीं दोहरा पाए हैं जिससे उन पर दबाव बनना स्वाभाविक है।संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा शीर्ष क्रम में अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे, फिर भी टीम प्रबंधन ने गिल की टी20 सलामी बल्लेबाज के रूप में क्षमता पर अधिक भरोसा दिखाया। इसके बाद संजू की टीम में जगह अनिश्चित हो गई।टेस्ट और वनडे कप्तान गिल आसानी से वह भूमिका निभा सकते हैं जो विराट कोहली ने पिछले साल टी20 विश्व कप तक भारत के लिए निभाई थी। भारतीय टीम में आठवें नंबर तक बल्लेबाजी के विकल्प मौजूद हैं और उसने अब अपने निडर दृष्टिकोण को और मजबूत कर लिया है, जिससे एक सूत्रधार के लिए बहुत कम जगह बची है।गिल निश्चित रूप से पावरप्ले में अभिषेक शर्मा की तरह आक्रामक बल्लेबाजी नहीं कर सकते हैं और इसलिए उन्हें यह पता लगाना होगा कि वह अपनी भूमिका कैसे अच्छी तरह निभा सकते हैं। गिल के अलावा कप्तान सूर्यकुमार यादव का प्रदर्शन भी अगले साल फरवरी मार्च में होने वाले विश्व कप से पहले चिंता का विषय बना हुआ है। उनका विश्व कप से पहले फॉर्म में लौटना भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।न्यू चंडीगढ़ के ठंडे वातावरण में भारत का अपने विजयी संयोजन में कोई बदलाव करने की संभावना नहीं है। चोट से उबरकर राष्ट्रीय टीम में वापसी करते हुए हार्दिक पंड्या ने अदद ऑलराउंडर के रूप में अपनी स्थिति को फिर से साबित कर दिया। कटक में पहले मैच में उनकी 28 गेंदों में खेली गई 59 रन की पारी ने मुश्किल विकेट पर बहुत बड़ा अंतर पैदा किया। वह अपने इस प्रदर्शन को यहां भी जारी रखने के लिए उत्सुक होंगे। पहले मैच में खेलने वाली टीम से यह भी संकेत मिला कि दो प्रमुख गेंदबाज अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव एक साथ अंतिम एकादश का हिस्सा नहीं हो सकते हैं क्योंकि टीम प्रबंधन आठवें नंबर तक अच्छे बल्लेबाज को रखने के पक्ष में है। पहले मैच में अर्शदीप को मौका मिला और इस प्रारूप में भारत की तरफ से सर्वाधिक विकेट लेने वाले इस तेज गेंदबाज ने जसप्रीत बुमराह के साथ गेंदबाजी करते हुए एक बार फिर टीम को शुरुआती विकेट दिलाए।दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका के लिए बल्लेबाजी चिंता का विषय होगा क्योंकि उसकी टीम 176 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए केवल 74 रन पर आउट हो गई। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्क्रम ने भी स्वीकार किया कि उनके बल्लेबाज परिस्थितियों के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाए। मार्क्रम ने पहले मैच के बाद कहा,आजकल टी20 क्रिकेट में चीजों को समझने का ज्यादा समय नहीं मिलता। लेकिन सबसे बड़ा कारण स्पष्ट रूप से साझेदारी न बना पाना, विकेट गिरने के बाद संभल न पाना और लय न बना पाना था। हमें इस पर गौर करना होगा। सितंबर में दो महिला वनडे मैचों की मेजबानी करने के बाद इस मैदान पर पहली बार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला जाएगा। मैच के दौरान युवराज सिंह और हरमनप्रीत कौर के नाम पर बने स्टैंड का भी अनावरण किया जाएगा।

## वनडे रैंकिंग: कोहली दूसरे स्थान पर पहुंचे,रोहित शीर्ष पर बरकरार

**एजेंसी। दुबई**



भारत के महान क्रिकेटर विराट कोहली सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय बल्लेबाज का स्थान फिर हासिल करने की कवायद में आगे बढ़ते हुए बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए। कोहली अप्रैल 2021 में पाकिस्तान के बाबर आजम द्वारा शीर्ष से हटाए जाने के बाद से दोबारा एकदिवसीय बल्लेबाजों सूची में नंबर एक स्थान हासिल नहीं कर पाए हैं। हालांकि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल में संपन्न तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन की बदौलत दाएं हाथ का यह बल्लेबाज एक बार फिर शीर्ष स्थान हासिल करने के करीब पहुंच गया है। सैंतीस साल के कोहली को तीन मैच में 302 रन बनाने के लिए श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया और वह नवीनतम रैंकिंग में दो स्थान के सुधार से टीम के अपने साथी रोहित शर्मा के बाद दूसरे स्थान पर आ गए।रोहित ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला में 146 रन बनाकर रैंकिंग के शीर्ष पर अपनी जगह बरकरार रखी। कोहली विशाखापत्तनम में श्रृंखला के आखिरी मैच में नाबाद 65 रन की पारी की बदौलत रोहित से सिर्फ आठ रेटिंग अंक पीछे हैं। रोहित के 781 जबकि कोहली के 773 अंक हैं।शुभमन गिल चोट के कारण तीन मैच की श्रृंखला में नहीं खेल पाने के बावजूद पांचवें स्थान पर बने हुए हैं। उनकी गैरमौजूदगी में टीम की अगुआई करने वाले लोकेश राहुल दो स्थान के फायदे से 12वें पायदान पर हैं। बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव गेंदबाजों की सूची में तीन स्थान के फायदे से तीसरे नंबर पर आ गए हैं। दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डिकॉक (तीन पायदान ऊपर 13वें स्थान पर), एडेन मारक्रम (चार पायदान ऊपर 25वें स्थान पर) और तेम्बा बावुमा (तीन पायदान ऊपर 37वें स्थान पर) को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है। टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में अक्षर पटेल (दो पायदान ऊपर 13वें स्थान पर), अर्शदीप सिंह (तीन पायदान ऊपर 20वें स्थान पर) और जसप्रीत बुमराह (छह पायदान ऊपर 25वें स्थान पर) की भारत की तिकड़ी ने कटक में पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 101 रन की जीत के बाद रैंकिंग में सुधार किया। यशस्वी जायसवाल टेस्ट रैंकिंग में आठवें स्थान के साथ शीर्ष भारतीय बल्लेबाज बने हुए हैं। गिल और ऋषभ पंत एक-एक पायदान आगे बढ़कर क्रमशः 11वें और 13वें स्थान पर हैं।ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में फायदा हुआ है।

जूनियर महिला विश्व कप हॉकी

## निधि के गोल से भारत ने उरुग्वे को 3-1 से हराया

**सैंटियागो (चिली)।** गोलकीपर निधि के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने पेनल्टी शूटआउट में उरुग्वे को 3-1 से हराकर जूनियर महिला विश्व कप हॉकी टूर्नामेंट में में नौवें स्थान पर रहने की अपनी उम्मीदों को कायम रखा। नौवें से 12वें स्थान के लिए खेले गए इस क्लासिफिकेशन मैच में दोनों टीम निर्धारित समय तक 1-1 से बराबरी पर थी। भारत की तरफ से मनीषा ने 19वें मिनट जबकि उरुग्वे के लिए जस्टिना अरेगुई ने 60वें मिनट में गोल किया। पेनल्टी शूटआउट में भारत की तरफ से पूर्णिमा यादव, इशिका और कनिका सिवाच ने गोल किए, जबकि गोलकीपर निधि ने उरुग्वे के तीन गोल का बचाव करके अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। पहले क्वार्टर में भारत का दबदबा रहा और उसने शुरुआत में ही कई मौके बनाए। हालांकि उरुग्वे को पांचवें मिनट में पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाया।भारत ने 18वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन साक्षी राणा का शॉट विपक्षी गोलकीपर ने रोक दिया। इसके कुछ क्षण बाद ही मनीषा ने हालांकि भारत को बढ़त दिला दी।

# भारत ने नौ साल बाद जूनियर हॉकी विश्व कप में जीता कांस्य

- भारत ने 2021 की चैम्पियन अर्जेंटीना को कांस्य पदक के प्लेआफ मुकाबले में 4-2 से हराया

**एजेंसी। चेन्नई**



आखिरी 11 मिनट में चार गोल करके भारत ने 2021 की चैम्पियन अर्जेंटीना को बुधवार को कांस्य पदक के प्लेआफ मुकाबले में 4-2 से हराकर नौ साल बाद जूनियर पुरूष हॉकी विश्व कप में पदक जीत लिया ।दो बार (होबार्ट 2001 और लखनऊ 2016) में चैम्पियन रही भारतीय टीम ने आखिरी बार नौ साल पहले कोई पदक जीता था । पिछले दो बार टीम कांस्य पदक का मुकाबला हारकर चौथे स्थान पर रही थी । भारत के लिये अंकित पाल (49वां), मनमीत सिंह (52वां), शारदानंद तिवारी (57वां) और अनमोल इक्का (58वां) ने गोल दागे । वहीं अर्जेंटीना के लिये निकोलस रौद्रिगेज (पांचवां) और सैंटियागो फर्नांडिस (44 वां) ने गोल किये। तीन क्वार्टर तक दो गोल से पिछड़ने के बाद भारत ने शानदार वापसी करते हुए आखिरी क्वार्टर में दनादन चार गोल कर-के खचाखच भरे मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में मानो जान फूंक दी । पहले 49वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर को अंकित ने गोल में बदलकर भारत का खाता खोला। वहीं 52वें मिनट में भारत को फिर पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर अनमोल इक्का के शॉट पर गेंद डिफ्लैक्ट होकर मनमीत की स्टिक से टकराकर गोल के भीतर गई। स्कोर 2-2 से बराबर होने के बाद लग रहा था कि मैच शूटआउट में जायेगा लेकिन आखिरी सीटी बजने से तीन मिनट बाकी रहते भारत को अहम पेनल्टी स्ट्रोक मिला जिसे शारदानंद तिवारी ने गोल में बदलकर पहली बार भारत को बढत दिलाई ।

अर्जेंटीना को अगले मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन इस टूर्नामेंट की खोज रहे गोलकीपर प्रिंसदीप सिंह ने एक बार फिर शानदार बचाव किया । भारत को 58वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर को अनमोल इक्का ने गोल में बदला ।पहले तीन मिनट में ही गोल गंवाने से स्तब्ध भारतीय टीम पहले पूरे क्वार्टर में दबाव में नजर आई । टूर्नामेंट के राउंड रॉबिन चरण में 29 गोल करने वाली मेजबान टीम कठिन प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ गोल करने के लिये जूझती दिखी । पिछले मैच में जर्मनी ने उसकी फॉरवर्ड पंक्ति को बांधे रखा तो वहीं इस मुकाबले में पहले हाफ में अर्जेंटीना के गोल में ज्यादा घुस नहीं पाये और एक भी पेनल्टी कॉर्नर हासिल करने में नाकाम रहे ।

# ब्लेयर के आगे नहीं टिक सकी वेस्टइंडीज

**एजेंसी। वेलिंगटन**



**दूसरा टेस्ट: विंडीज की पहली पारी 205 रन ढेर, न्यूजीलैंड के टिकनर ने चार विकेट लिए**

न्यूजीलैंड ने तेज गेंदबाज ब्लेयर टिकनर के चोटिल होने से पहले किए गए शानदार प्रदर्शन की मदद से वेस्टइंडीज को दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन बुधवार को यहां पहली पारी में 205 रन पर आउट कर दिया।

टिकनर ने 32 रन देकर चार विकेट लिए लेकिन क्षेत्ररक्षण करते समय वह गिर गए और उनके कंधे में चोट लग गई। इसके बाद उन्हें स्ट्रेचर पर मैदान से बाहर ले जाया गया। टिकनर को अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे माइकल रे से अच्छा सहयोग मिला। उन्होंने 65 रन देकर तीन विकेट लिए जिससे वेस्टइंडीज की टीम 75 ओवर में ही सिमट गई।न्यूजीलैंड ने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी पहली पारी में बिना किसी नुकसान के 24 रन बनाए हैं। उस समय डेवोन कॉनवे 16 और कप्तान टॉम लैथम सात रन पर खेल रहे थे। न्यूजीलैंड इस तरह से वेस्टइंडीज से पहली पारी में 181 रन पीछे है।टिकनर की चोट से न्यूजीलैंड के चोटिल खिलाड़ियों की सूची में एक और नाम जुड़ गया है। उसकी टीम पहले से ही मैट हेनरी, विल ओरूर्क, बेन सियर्स, नाथन स्मिथ और काइल जैमीसन जैसे तेज गेंदबाजों के बिना खेल रही हैं। विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल भी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण इस मैच में नहीं खेल रहे हैं। उनकी जगह मिशेल हे को टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण का मौका मिला।कुछ विषम परिस्थितियों के बावजूद पहले टेस्ट को ड्रा कराने वाली वेस्टइंडीज की टीम आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरी लेकिन उसके बल्लेबाज क्राइस्टचर्च में दूसरी पारी की तरह प्रदर्शन नहीं कर पाए।वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद अच्छी शुरुआत की। जॉन कैंपबेल (44) और ब्रैंडन किंग (33) ने पहले विकेट के लिए 66 रन जोड़े, जो 21 पारियों में वेस्टइंडीज की तरफ से पहले विकेट के लिए सर्वश्रेष्ठ साझेदारी है।लंच के समय वेस्टइंडीज का स्कोर दो विकेट पर 92 रन और चायकाल तक चार विकेट पर 175 रन था लेकिन इसके बाद उसकी पारी लड़खड़ा गई। उसने अपने आखिरी छह विकेट 29 रन के अंदर गंवाए।

## मेस्सी एमएलएस के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने

फोर्ट लॉडरडेल (फ्लोरिडा), 10 दिसंबर (एपी) इंटर मियामी के स्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेस्सी को मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में लगातार दूसरी बार साल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।अर्जेंटीना के इस 38 वर्षीय दिग्गज खिलाड़ी के शानदार प्रदर्शन से उनकी टीम इंटर मियामी वर्ष की सर्वश्रेष्ठ टीम का पुरस्कार हासिल करने में सफल रही।एमएलएस कप चैंपियन टीम के कप्तान मेस्सी एमएलएस के इतिहास में लगातार दो बार सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (एमवीपी) का खिताब जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। मंगलवार को उन्हें लीग के इस साल के सर्वोच्च व्यक्तिगत सम्मान का विजेता घोषित किया गया।मेस्सी ने अपने साथियों का आभार व्यक्त किया ।

## ग्लोबल स्टार, गुरुकुल,स्पोर्ट्स क्लब, इकाना टाइटंस, सीडीएस सिंद्रा अकादमी व जयपुरिया जीते

**पायनियर संवाददाता। लखनऊ**

ग्लोबल स्टार क्लब,गुरुकुल क्रिकेट क्लब,रॉकॉन स्पोर्ट्स क्लब,प्लेफिट क्रिकेट क्लब,सिंद्रा क्रिकेट अकादमी,इकाना टाइटंस, इंटर नेशनल स्पोर्ट्स , जयपुरिया क्रिकेट अकादमी, सीडीएस सहारा बीकेटी अकादमी ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए 21वीं बाबू बनारसी दास क्रिकेट लीग सी के मुकाबलों में बुधवार को जीत दर्ज की और पूरे अंक बटोरे।

डीजीआइ क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए मैच में ग्लोबल स्टार क्लब ने राहुल कपूर क्रिकेट अकादमी को 190 रनों करारी शिकस्त दी। ग्लोबल स्टार क्लब ने पहले बल्लेबाजी की और सात विकेट खोकर 238 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में राहुल कपूर क्रिकेट अकादमी महज16.4 ओवर में ही 48 रन पर ढेर हो गई। विजयी टीम से मैन ऑफ द मैच अमर चन्द्रा ने 96 रन के बाद 5 विकेट विकेट भी चटकाए।

गुरुकुल क्रिकेट क्लब ने इंडियन क्रिकेट क्लब को 179 ने पराजित किया। गुरुकुल क्रिकेट क्लब ने निर्धारित 40 ओवर में सभी विकेट खोकर 228 रन बनाए। जवाब में इंडियन क्रिकेट क्लब सिर्फ 12.2 ओवर में 49 रन पर ही आलआउट हो गई। विजयी टीम से आदित्य 6.2 ओवर में चार मेडन और दो रन देकर सात विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच चुने गये। रॉकॉन स्पोर्ट्स क्लब ने अवध टाइगर क्रिकेट अकादमी को 141 रन से हराया। रॉकॉन स्पोर्ट्स के 221 रनों के जवाब में अवध टाइगर क्रिकेट अकादमी सिर्फ 27 ओवर में 80 रन पर सिमट गयी। मैन ऑफ द मैच रहे शिवांक यादव ने चार विकेट चटकाये जबकि अमिन सिंह ने तीन विकेट झटके। सिन्द्रा क्रिकेट अकादमी ने ग्रेस क्रिकेट अकादमी को छह विकेट से हरा दिया।ग्रेस क्रिकेट अकादमी ने निर्धारित 40 ओवर में पांच विकेट खोकर 248 रन बनाए। जवाब में सिन्द्रा क्रिकेट अकादमी चार विकेट पर 251 रन बनाकर मुकाबला छह विकेट से अपने नाम कर लिया। विजयी टीम के अर्पित गोस्वामी ने शानदार 110 रन की शतकीय पारी के बाद तीन विकेट लेकर मैन ऑफ द बने। प्लेफिट ने अरमान क्रिकेट अकादमी को 139 रन से करारी शिकस्त दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए प्लेफिट की टीम ने 40 ओवर में चार विकेट पर 261 रन का स्कोर खड़ा किया। टीम से इशान श्रीवास्तव 75,अभिषेक 58 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। जवाब में अरमान क्रिकेट अकादमी ने 28.2 ओवर में 122 रन पर ही आल आउट हो गई। प्लेफिट से आर्यन चौहान ने आठ ओवर में दो मेडन,25 रन देकर छह व़िकेट लिए। और मैन ऑफ द मैच चुने गये। एलेना क्रिकेट क्लब ने लखनऊ स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब को 164 रन से पराजित किया है। एलेना के 315 रन के जवाब में लखनऊ स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब महज 32.2 ओवर में 151 रन पर ऑल आउट हो गयी। विजयी टीम से मैन ऑफ द मैच साक्षम वर्मा ने पांच विकेट लिए। सीएसडी सहारा बीकेटी अकादमी ने एसआरके अकादमी को छह विकेट से मात दी। एसआरके ने निर्धारित 40 ओवर में 197 रन बनाए। जवाब में सीएसडी सहारा बीकेटी अकादमी ने 38.1 ओवर में 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। सौरभ वर्मा मैन ऑफ द मैच बने। मैन आफ द मैच आनंद के आलराउंडर प्रदर्शन से (चार विकेट, नाबाद 25 रन) जयपुरिया अकादमी ने यूनिटी क्रिकेट क्लब को 9 विकेट से करारी शिकस्त दी। शिवा सिंह की धारदार गेंदबाजी (4 विकेट) के बाद मैन ऑफ द मैच अद्वितीय दुबे (नाबाद 87) के अर्धशत से दिव्युग आश्रम को 10 विकेट से हराया।

# महिला वर्ग में हिमाचल, पुरुष वर्ग में पंजाब बना चैंपियन

**पायनियर संवाददाता। लखनऊ**

हिमाचल प्रदेश ने 37वीं फेडरेशन कप हैंडबॉल चैंपियनशिप के महिला वर्ग के खिताबी मुकाबले में मेजबान उत्तर प्रदेश का सपना तोड़ते हुए 33.19 से दमदार जीत दर्ज की। वहीं पुरुष वर्ग में पंजाब की टीम ने राजस्थान को 32.23 से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की।

**37वीं फेडरेशन कप हैंडबॉल (पुरुष व महिला)चैंपियनशिप में यूपी महिला टीम रही उपविजेता**

हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन द्वारा केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी बहुउद्देश्यीय हाल में खेला गया। समापन व पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि एमएलसी विजय पाठक एवं विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिजीत सरकार ने विजेताए उपविजेता व तीसरे स्थान पर रही टीमों को ट्रॉफी व पदक प्रदान कर सम्मानित किया।




**हिमाचल प्रदेश ने उत्तर प्रदेश को 33.19 से हराकर जीती ट्रॉफी**

महिला वर्ग के फाइनल में हिमाचल प्रदेश ने मेजबान उत्तर प्रदेश को 33.19 से शिकस्त देकर खिताब अपने नाम कर लिया। मैच में शुरू में दोनों ही टीमों के मध्य कांटे की टक्कर हुई। इस दौरान मेजबान लड़कियों ने भी खासी फुर्ती दिखाई लेकिन हिमाचल प्रदेश की खिलाड़ियों ने अपने अनुभव व तालमेल के सहारे दबाव बनाया और मध्यांतर तक 18.9 की मजबूत बढ़त बना ली। मध्यांतर के बाद हिमाचल की खिलाड़ियों ने आक्रामक अंदाज अपनाया जबकि यूपी की खिलाड़ियों ने वापसी की कोशिश की लेकिन महत्वपूर्ण मौकों पर चूक टीम पर भारी पड़ी। हिमाचल प्रदेश से शिवानी ने सर्वाधिक 8 गोल दागे। शालिनी, भावना, गुलशन व कृतिका ने 3.3 गोल जबकि प्रियंकाए जागृतिए वंशिका व शिक्षा ने 2.2 गोल किए। मितालीए रिधिमाए कनिष्काए गरिमा व पायल ने एक.एक गोल जोड़े। उत्तर प्रदेश से रेशमा ने आठ गोल किए जबकि राजपति व खुशबू ने 4.4 गोल दागे। नैना, प्रीति व सुमन ने एक.एक गोल साझा किए।

**पंजाब ने राजस्थान को 32.23 से हराकर कब्जाया खिताब:** पुरुष वर्ग की चैंपियन पंजाब बनी जिसने फाइनल में राजस्थान को 32.23 से शिकस्त दी। पहले हॉफ में दोनों ही टीमों ने तेजतर्रार आक्रमण किए जिसके चलते पंजाब मध्यांतर तक 13.11 की मामूली बढ़त पर था। दूसरे हॉफ में प्रतिद्वंद्वी के अटैक का जवाब पंजाब के खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल की बदौलत दिया और मैच पर पकड़ मजबूत करते हुए नौ गोल के अंतर से विजेता ट्रॉफी जीत ली। पंजाब से जगमीत ने सबसे अधिक 10 गोल किए। जसमीत 7, संजू 6 गुरजिंदर 3 गौरव व इंदर ने 2.2 हरमन व रविंद्र पाल ने 1.1 गोल किए। राजस्थान से रोहताष ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 11 गोल किए। लोकेंद्र सिंह ने 5ए करन सिंह ने 2ए रविंद्रए अनिल व कुलदीप ने 1.1 गोल किए।


समापन पर हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक डॉ.आनन्देश्वर पाण्डेय ने विजेताओं सहित प्रतिभागी टीमों में शामिल खिलाड़ियों को बधाई दी और आयोजन में सहयोग के लिए सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। हैंडबॉल के कोषाध्यक्ष विनय कुमार सिंह, संयुक्त सचिव डॉ.सुमंत पाण्डेय,कोच मो.तौहीद सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# उतरौला का दिव्य धामः श्री दुःख हरण नाथ मंदिर

## हनुमान जी के चमत्कारी मुखोटे और माता बाला सुंदरी महारानी की असीम कृपा का पावन संगम

**उतरौला कस्बे के मध्य स्थित श्री दुःख हरण नाथ मंदिर वर्षों से लोगों की आस्था, अध्यात्म और सांस्कृतिक जुड़ाव का प्रमुख केंद्र रहा है। अपने नाम के अनुरूप यह मंदिर भक्तों के दुख हरने वाले मंदिर के रूप में विख्यात है। यहां स्थित हनुमान जी का अलौकिक मुखोटा और गर्भगृह में विराजमान मां बाला सुंदरी महारानी का दिव्य स्वरूप भक्तों के मन में अपार श्रद्धा का संचार करता है। यह मंदिर न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पड़ोसी राज्यों और नेपाल के तराई क्षेत्र तक आस्था का प्रमुख स्थल है। वर्षभर यहां धार्मिक आयोजन होते रहते हैं, किंतु शारदीय और चैत्र नवरात्रि के दौरान यह स्थान आध्यात्मिक ऊर्जा से अद्भुत रूप से आलोकित हो उठता है। इन नौ दिनों में यहां आने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ और वातावरण में व्याप्त दिव्यता मंदिर को एक अद्वितीय धार्मिक केंद्र बनाती है।**





**हनुमान जी के अलौकिक मुखोटे की अनोखी महिमाः** श्री दुःख हरण नाथ मंदिर की पहचान सिर्फ उसकी प्राचीनता में ही नहीं, बल्कि यहां स्थापित हनुमान जी के चमत्कारी मुखोटे में भी छिपी है। मंदिर प्रशासन के अनुसार यह मुखोटा सदियों पुराना है और अनेक दिव्य अनुभवों का साक्षी रहा है।

भक्तों का मानना है कि मुखोटे के दर्शन मात्र से मानसिक शांति प्राप्त होती है। संकट और बाधाएं दूर होने लगती हैं। जीवन में नई ऊर्जा और हिम्मत का संचार होता है।

हर मंगलवार और शनिवार यहां भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है। कई श्रद्धालु बताते हैं कि जब वे मुखोटे के पास खड़े होते हैं तो उन्हें ऐसा अनुभव होता है जैसे हनुमान जी प्रत्यक्ष रूप से उनकी ओर देख रहे हों। यही अनुभूति इस मुखोटे को अलौकिक और चमत्कारी बनाती है।

**नवरात्रि में भक्ति-भावना का अद्भुत वातावरणः** नवरात्रि वह समय है जब श्री दुःख हरण नाथ मंदिर में अध्यात्म अपने चरम पर होता है। गर्भगृह में स्थापित मां बाला सुंदरी महारानी की पिंडी का नवरात्रि के नौ दिनों तक विशेष वैदिक विधि-विधान से पूजन किया जाता है।

हर दिन सुबह और शाम आरती, दुर्गा सप्तशती पाठ, अखंड ज्योति पूजन, भजन कीर्तन के साथ पूरा वातावरण भक्तिरस से सराबोर रहता है। अष्टमी और नवमी का इन नौ दिनों में विशेष महत्व माना गया है। अष्टमी पर मंदिर प्रांगण में आयोजित विशेष यज्ञ में मंत्रोच्चार के बीच अग्नि में आहुतियां दी जाती हैं और हजारों श्रद्धालु इस पुण्य अवसर के साक्षी बनते हैं। नवमी की मध्य रात्रि का पूजन रहस्यमयी, शक्तिपूर्ण और अलौकिक अनुभूतियों से भरपूर होता है। इस दौरान मंदिर की आध्यात्मिक ऊर्जा अपनी चरम सीमा पर मानी जाती हैं। इन अनुष्ठानों के कारण नवरात्रि के दिन यहां आने वाले भक्तों को अद्भुत शांति, भक्ति और शक्ति का अनुभव होता है।

**सदियों पुरानी परंपरा, जो आज भी जीवंत हैः** श्री दुःख हरण नाथ मंदिर की नवरात्रि परंपरा सैकड़ों वर्षों से निरंतर चली आ रही है। मंदिर के महंत मयंक गिरी बताते हैं यह मंदिर उतरौला की आत्मा है। मां बाला सुंदरी महारानी की कृपा से यहां आने वाला हर भक्त अपने जीवन की कठिनाइयों से मुक्ति पाता है। स्थानीय बुजुर्ग बताते हैं कि पुराने समय में जब उतरौला छोटा कस्बा हुआ करता था, तब भी नवरात्रि के अवसर पर यहां धूमधाम से अनुष्ठान होते थे और दूर-दूर से भक्त पहुंचते थे। आज भी यह परंपरा अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ निभाई जाती है।

**सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर का अनुपम उदाहरणः** मंदिर केवल पूजा-अर्चना का स्थान ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक विरासत का केंद्र भी है। नवरात्रि के दौरान कलश स्थापना, कन्या पूजन, देवी जागरण, भजन मंडलियों का कीर्तन, पारंपरिक वाद्ययंत्रों की ध्वनि पूरी रात मंदिर परिसर को आध्यात्मिक संगीत से भर देती है। महिलाओं का पारंपरिक परिधानों में आरती करना नारी शक्ति के सम्मान और सांस्कृतिक मूल्यों की जीवंत मिसाल है। नगरवासी, व्यापारी, बुजुर्ग और युवा सभी मिलकर नवरात्रि में मंदिर की सेवा और आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं, जिससे यह उत्सव सामूहिक आस्था का प्रतीक बन जाता है।

**उतरौला से नेपाल तक फैली आस्था की अटूट श्रृंखलाः** श्री दुःख हरण नाथ मंदिर की ख्याति केवल बलरामपुर जिले तक सीमित नहीं है।

गोंडा, श्रावस्ती, बहराइच, सिद्धार्थनगर, महराजगंज, नेपाल का तराई क्षेत्र से भी हजारों श्रद्धालु यहां नवरात्रि के दौरान माता के दर्शन करने पहुंचते हैं। कई श्रद्धालु ऐसे हैं जो हर वर्ष बिना चूके यहां आते हैं और बताते हैं कि इस स्थान की दिव्य ऊर्जा उनके जीवन को नई दिशा प्रदान करती है।

**व्यवस्थाओं में प्रशासन की महत्वपूर्ण भूमिकाः** नवरात्रि के दौरान भक्तों की बढ़ती संख्या को देखते हुए नगर पालिका और स्थानीय प्रशासन द्वारा सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पुलिस सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं, यातायात नियंत्रण जैसी व्यवस्थाएं की जाती हैं। बैरिकेडिंग, पेयजल, पार्किंग और महिलाओं के लिए सुरक्षित मार्ग जैसी सुविधाएं भी सुनिश्चित की जाती हैं।

**श्री दुःख हरण नाथ मंदिरः आस्था, आध्यात्मिकता और संस्कृति का दीपस्तंभः** नवरात्रि के नौ दिवस यहां का वातावरण किसी आध्यात्मिक विश्वविद्यालय जैसा प्रतीत होता है जहां हर दिन नए अनुभव, नई श्रद्धा और नया उत्साह मिलता है।



मंदिर की दिव्यता, हनुमान जी के मुखोटे की चमत्कारी शक्ति और माता बाला सुंदरी महारानी का अलौकिक आशीर्वाद इन तीनों के संगम ने श्री दुःख हरण नाथ मंदिर को उतरौला का आध्यात्मिक हृदय बना दिया है। महंत मयंक गिरी के शब्दों में नवरात्रि केवल उत्सव नहीं बल्कि हमारी संस्कृति, श्रद्धा और आत्मिक शक्ति का जीवंत पर्व है। यह परंपरा सदियों से चली आ रही है और आने वाली पीढ़ियों को भी इसी रूप में मिलती रहेगी।

नवरात्रि का यह पर्व यहां केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि आस्था, भक्ति, संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना का अद्भुत उत्सव है। श्री दुःख हरण नाथ मंदिर क्षेत्र भर में आशा, शांति और श्रद्धा का दीप जलाता है।

यही कारण है कि उतरौला का यह मंदिर आज भी भक्तों की पहली आस्था और अंतिम शरण बना हुआ है।

# इन पांच लोगों को खिलाएं खाना, स्थिर रहेंगी लक्ष्मी



**हिंदू धर्म के शास्त्रों में कई ऐसे उपाय बताए गें है जिनका आमरण करे तो हम सफलता ही हर ऊचांई को छूते चले जाएगे। शास्त्रों में दी गई बातें हमें कभी निराश नही कर सकती है। इसी प्रकार शास्त्रों में भोजन के बारें में की बातें बताई गई है। इसके अनुसार जब भोजन करते है तो उससे पहले हमें इन लोगों के लिए भोजन जरूर निकालना चाहिए क्योंकि ऐसा करने से माता लक्ष्मी हमारें घर से कभी नही जाएगा।**

### किन लोगों को खिलाना चाहिए खाना...

**गाय को खिलाएं रोटीः** हिंदू धर्म में गाय को माता समान माना जाता है। यह पुज्नीय भी है। हमारें शास्त्रों में कहा गया है कि जब भी हम खाना बनाएं उसके बाद सबसे पहले एक रोटी गाय को खिलाएं। माना जाता है कि अगर कोई व्यक्ति किसी गाय को रोटी या हरी घास रोज खिलाता है तो उसे जल्द ही कोई अच्छा फल मिलता है साथ ही कई गुना पुण्य भी मिलता है। साथ ही कुंडली में लगे कई दोष ही शांत हो जाते है।

**कुत्तें को खिलाएं रोटीः** अगर आपको अपने शत्रु का भय सता रहा हो जिसके कारण आप उससे डर कर रह रहे है। तो रोज एक रोटी कुत्ते को खिलाएं। इससे आपका शत्रु का भय खत्म हो जाएगा। और आप निडर हो कर रह सकेगे। साथ ही अगरा पकी कुंडली में शनि का दोष है तो शिवार के दिन काले रंग के कुत्तें को रोटी खिलाएं। इससे आपको जल्द फायदा मिलेगा। और शनि दोष शांत होगा। माता लक्ष्मी आपके घर हमेशा के लिए आ जाएगी।

**मछली को खिलाएं आटे की गोलीः** शास्त्रों के अनुसार माना जाता है कि अगर आपकी पुरानी संपत्ति हाथ से निकल गई हो या फिर कोई मुल्यवान चीज खो गई हो तो रोज तालाब या नदी में जाकर मछलियों को आटे की गोलियां बनाकर खिलाएं। ऐसा करने से आपकी पुरानी संपत्ति वापस मिल जाएगी।

**चीटियों को डालें आटाः** अगर आप बहुत ज्यादा परेशान है। आपको हर काम में असफलता मिल रही है जिसके कारण आप कर्ज में डूबते चले जा रहे है। जिसके कारण आप तनाव में चले जाते है। शास्त्रों में माना जाता है कि अगर आप अपने घर में निकलने वाली चीटियों को आटा या चीनी डालेगे। जो इससे आपको अधिक फायदा होगा। इससे हमें सभी कर्ज से मुक्ति मिल जाएगी। साथ ही घर में कभी भी धन की कमी नही होगी।

**पक्षियों को खिलाएं अनाजः** शास्त्रों के अनुसार माना गया है कि अगर आपके घर में आर्थिक लाभ न हो रहा हो। हर काम में असफलता प्राप्त हो रही हो तो इस समस्या से निजात आपको पक्षी दिला सकते है। इसके लिए रोज पक्षियों को दाना डालें जिससे महालक्ष्मी की कृपा आप पर बनी रहेगी। और काम में आपको सफलता प्राप्त होगी।

# आखिरी प्रदोष व्रत कब, जानें पूजा का मुहूर्त व उपाय



प्रदोष का व्रत देवों के देव महादेव को समर्पित है। हर महीने के शुक्ल पक्ष और कृष्ण पक्ष में प्रदोष व्रत किया जाता है। विधिवत प्रदोष का व्रत करने से संतान प्राप्ति और सुखी जीवन का वरदान मिलता है। इस साल दिसंबर का आखिरी प्रदोष व्रत बुध प्रदोष व्रत के नाम से जाना जाएगा, जो पौष मास की कृष्ण त्रयोदशी के दिन रखा जाएगा। बुधवार को पड़ने वाला प्रदोष व्रत ज्ञान, वाणी और बिजनेस के क्षेत्र में तरक्की दिला सकता है। बुध प्रदोष का व्रत करने से व्यक्ति को भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त होता है। बुध प्रदोष के दिन शाम में शिव पूजन करने का विधान है। आइए जानते हैं कब रखा जाएगा दिसंबर का आखिरी प्रदोष व्रत-

हिन्दू पंचांग के अनुसार, 16 दिसंबर 2025 को 11:57 पी एम पर त्रयोदशी तिथि प्रारम्भ होगी। तिथि का समापन 18 दिसंबर 2025 को 02:32 एएम तक होगा। ऐसे में 17 दिसंबर को प्रदोष काल में शिव पूजन व व्रत किया जाएगा।

प्रदोष पूजा का मुहूर्त- 05:27 पी एम से 08:11 पी एम बजे तक रहेगा, जिसकी अवधि - 02 घण्टे 44 मिनट्स की है।

# भगवान को नैवेद्य चढ़ाने के 12 खास नियम

**देवताओं का नैवेद्य यानी देवी-देवताओं के निवेदन के लिए जिस भोज्य द्रव्य का प्रयोग किया जाता है, उसे नैवेद्य कहते है। उसे अन्य नाम जैसे भोग, प्रसाद, प्रसादी आदि भी कहा जाता है। यहां पाठकों के लिए प्रस्तुत है देवताओं को नैवेद्य अर्पित करने के कुछ नियम, जिन्हें अपना कर आप भगवान की कृपा प्राप्त कर सकते है।**

### नैवेद्य चढ़ाने के नियम...



- देवता को निवेदित करना ही नैवेद्य है। सभी प्रकार के प्रसाद में निम्न पदार्थ प्रमुख रूप से रखे जाते हैं-दूध-शकर, मिश्री, शकर-नारियल, गुड़-नारियल, फल, खीर, भोजन इत्यादि पदार्थ।
- तैयार सभी व्यंजनों से थोड़ा-थोड़ा हिस्सा अग्निदेव को मंत्रोच्चार के साथ स्मरण कर समर्पित करें। अंत में देव आचमन के लिए मंत्रोच्चार से पुनः जल छिड़कें और हाथ जोड़कर नमन करें।
- पीतल की थाली या केले के पत्ते पर ही नैवेद्य परोसा जाए।
- प्रत्येक पकवान पर तुलसी का एक पत्ता रखा जाता है।
- नैवेद्य की थाली तुरंत भगवान के आगे से हटाना नहीं चाहिए।
- शिव जी के नैवेद्य में तुलसी की जगह बेल और गणेश जी के नैवेद्य में दूर्वा रखते हैं।
- नैवेद्य देवता के दक्षिण भाग में रखना चाहिए।
- कुछ ग्रंथों का मत है कि पक्व नैवेद्य देवता के बाईं तरफ तथा कच्चा दाहिनी तरफ रखना चाहिए।
- भोग लगाने के लिए भोजन एवं जल पहले अग्नि के समक्ष रखें। फिर देवों का आह्वान करने के लिए जल छिड़कें।
- नमक, मिर्च और तेल का प्रयोग नैवेद्य में नहीं किया जाता है।
- नैवेद्य में नमक की जगह मिष्ठान्न रखे जाते हैं।
- भोजन के अंत में भोग का यह अंश गाय, कुत्ते और कौए को दिया जाना चाहिए।

# कहीं आप भी तो नहीं कर रहे लड्डू गोपाल की सेवा में ये भूल

कई घरों में रोजाना पूरे श्रद्धाभाव से लड्डू गोपाल की पूजा-अर्चना की जाती है। ऐसे में अगर आपको घर में भी लड्डू गोपाल जी की सेवा की जाती है, तो आपको इन बातों का ध्यान जरूर रखा चाहिए।



**कितना होना चाहिए मूर्ति का आकारः** सबसे पहले आपको लड्डू गोपाल की जी की मूर्ति के आकार का ध्यान रखना चाहिए। मूर्ति न तो बहुत ज्यादा बड़ी नहीं होनी चाहिए और न ही बहुत ज्यादा छोटी। हाथ के अंगूठे के आकार की या फिर लगभग 3 इंच की मूर्ति घर में रखना शुभ माना गया है। इसके साथ ही अपनी श्रद्धा के अनुसार, घर में लड्डू गोपाल की पीतल, तांबा, कांसा, चांदी या फिर सोने से बनी मूर्ति स्थापित की जा सकती है। सबसे अधिक शुभ लड्डू गोपाल की अष्टधातु से बनी मूर्ति को माना जाता है।

**स्थापना की सही दिशाः** वास्तु शास्त्र में लड्डू गोपाल की मूर्ति को स्थापित करने के लिए सही दिशा का भी वर्णन किया गया है, जिसका ध्यान रखना जरूरी है। वास्तु के अनुसार लड्डू गोपाल जी की मूर्ति को हमेशा घर की उत्तर-पूर्व दिशा यानी ईशान कोण में स्थापित करना चाहिए। इस दिशा में लड्डू गोपाल जी की मूर्ति स्थापित करने से आपको कई तरह के आधात्मिक लाभ मिल सकते हैं। इस बात का भी ध्यान रखें कि मूर्ति को हमेशा किसी ऊंचे स्थान पर या फिर चौकी पर रखना चाहिए। साथ ही लड्डू गोपाल जी का मुख पूर्व दिशा की ओर होना चाहिए।

**इन गलतियों को करने से बचेंः** घर में कभी भी लड्डू गोपाल जी की खंडित मूर्ति नहीं रखना चाहिए, इससे नकारात्मकता बढ़ सकती है। ऐसे में आपको शुभ तिथि पर नई मूर्ति लाकर स्थापित करनी चाहिए और क्षमायाचना करते हुए पुरानी मूर्ति को किसी बहते जल में विसर्जन कर देना चाहिए। इसके साथ ही लड्डू गोपाल को कभी भी पुराने या फिर गंदे वस्त्र नहीं पहनाने चाहिए। इससे भी लड्डू गोपाल आपसे रुष्ट हो सकते हैं।

**भोग से जुड़े नियम जरूरी नियमः** लड्डू गोपाल का भोग हमेशा स्नान के बाद ही तैयार करना चाहिए और भोग पूरी तरह से सात्विक होना चाहिए। इसके साथ ही लड्डू गोपाल के भोग में हमेशा तुलसी दल जरूर डालें, क्योंकि इसके बिना लड्डू गोपाल जी का भोग अधूरा माना जाता है। भोग लगाने के लिए हमेशा चांदी, पीतल, तांबा, या फिर कांसे आदि धातुओं से बने बर्तनों का इस्तेमाल करना चाहिए। प्लास्टिक के बर्तनों में भोग लगाना बिल्कुल भी शुभ नहीं माना गया। इसके साथ ही लड्डू गोपाल को भोग लगाते समय आप इस मंत्र का जप कर सकते हैं।

त्वदीयं वस्तु गोविन्द तुभ्यमेव समर्पये।

गृहाणे सम्मुखो भूत्वा प्रसीद परमेश्वर ।।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. देवेन्द्र सिंह द्वारा द इंडियन एक्सप्रेस प्रा.लि. सी-26 अमौसी इंडस्टियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ (फोन : 0522-4036600) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादकः डॉ. देवेन्द्र सिंह। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।